3 राजधानी
टैक्सी चालक की संदिग्ध हालात में मौत

6 अभिमत
मोदी ने सुधारों को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

10 स्पोर्ट्स
भारतीय टीम एक साथ सिडनी जाएगी

12 कॅरियर
कैसे प्राप्त करें उत्तम स्कोर



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 75
लखनऊ, सोमवार, 4 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





ब्रिटेन में लॉकडाउन को और कड़ा किया जा सकता है
विदेश-11


www.dailypioneer.com

# गाजियाबाद के मुरादनगर में हादसा: श्मशान घाट में छत गिरने से 23 लोगों की मौत

- दर्जनों घायल, अभी और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका, देर रात तक चलता रहा बचाव कार्य
- मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता का किया ऐलान, जांच के आदेश
- अंतिम संस्कार में भाग लेने आए थे दुर्घटना में शिकार सभी लोग
- प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने भी जताया हादसे पर दुख

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद

**जिला** मुख्यालय से करीब 14 किलोमीटर दूर मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित उखलारसी गांव के समीप रविवार को बारिश के दौरान श्मशान घाट में एक निर्माणाधीन गलियारे का लेंटर भरभरा कर गिर गया जिसके मलबे में दबकर 23 लोगों की मौत हो गई तथा 15 लोग घायल हो गये। मरने वालों में 22 की शिनाख्त कर ली गई है।

समाचार लिखे जाने तक मौके पर एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम द्वारा बचाव कार्य जारी था। मलबे में अभी और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के शिकार सभी लोग एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख प्रकट किया। मोदी ने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश के मुरादनगर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे की खबर से अत्यंत दुख पहुंचा है। राज्य सरकार राहत और बचाव कार्य में तत्परता से जुटी है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मेरठ के संभागीय आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (क्षेत्र) को इस घटना के बारे में रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है। केंद्रीय मंत्री और गाजियाबाद के सांसद वीके सिंह तथा पुलिस एवं नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। जिलाधिकारी अजयशंकर पाण्डे ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब उखरालसी गांव के समीप स्थित दयानन्द कालोनी के लोग 62 वर्षीय यादराम के शव का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पहुंचे थे।



हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य में जुटी एनडीआरएफ की टीम व डॉग स्क्वायड।

घायलों को जिला सरकारी एमएमजी अस्पताल के अलावा कई अन्य निजी अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया है। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है उस पर नगर पालिका द्वारा यह निर्माण कार्य कराया गया था। मरने वालों में पत्रकार मुकेश सोनी का 22 वर्षीय पुत्र दिग्विजय सोनी भी शामिल हैं। हादसे का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि जब छत ढही, तो बारिश से बचने के लिए कई लोग इमारत के नीचे खड़े थे जिसे हाल ही में बनाया गया था।

इस हादसे में जिन लोगों की मौत हुई, वे सभी पुरुष और यादराम के रिश्तेदार या पड़ोसी थे, जिनका उस वक्त वहां अंतिम संस्कार हो रहा था। घटना के बाद श्मशान घाट पर सबसे पहले स्थानीय लोग पहुंचे। उसके बाद पुलिस पहुंची और फिर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की इकाई पहुंची। सभी मलबे से मृतकों एवं घायलों को निकालने में जुट गये।

# कोवैक्सीन व कोविशील्ड को हरी झंडी


- भारत बायोटेक के स्वदेशी और सीरम इंस्टीट्यूट के टीकों के आपात इस्तेमाल का रास्ता हुआ साफ
- कैडिला को उसके वैक्सीन के तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल के लिए मिली अनुमति
- प्रधानमंत्री ने बताया गर्व का क्षण, कहा-इससे कोविड मुक्त भारत की मुहिम को मिलेगा बल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के औषधि नियामक ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके 'कोवैक्सीन' के देश में सीमित आपात इस्तेमाल को रविवार को मंजूरी दे दी, जिससे व्यापक टीकाकरण अभियान का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 संबंधी विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की अनुशंसा के

## टीके के लिए खत्म हुआ भारत का इंतजार




नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते भारत के औषधि महानियंत्रक वीजी सोमानी और प्रेस सूचना ब्यूरों के प्रधान महानिदेशक केएस धतवालिया (दाएं)

आधार पर भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने यह मंजूरी प्रदान की है। डीसीजीआई डॉ वीजी सोमानी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीडीएससीओ ने पर्याप्त अध्ययन के बाद विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने का फैसला किया है और तदनुसार मेसर्स सीरम और मेसर्स भारत बायोटेक के टीकों के आपात स्थिति में सीमित उपयोग के लिए स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इससे आने वाले दिनों में भारत में कम से कम दो टीकों के जारी होने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि सीरम और भारत बायोटेक के टीके की दो खुराक लगाई जाएंगी।

इन टीकों का भंडारण दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान पर करना होता है। दुनिया की सबसे बड़ी टीका निर्माता कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने 'कोविशील्ड' के उत्पादन के लिए एस्ट्राजेनेका के साथ साझेदारी की है। भारत बायोटेक ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर 'कोवैक्सीन' का विकास किया है। भारत में कोविड-19 रोधी दो टीकों के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने को कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ भारत की जंग में निर्णायक क्षण (शेष पेज 9)

# भारत बायोटेक की वैक्सीन को मंजूरी पर कांग्रेस ने जताई चिंता

- अनिवार्य तीन परीक्षणों और डेटा को लेकर किया सवाल, लेकिन आधिकारिक रूप से वैज्ञानिकों को दी बधाई
- भाजपा का पलटवार, कहा-उम्मीद के अनुरूप व्यवहार कर रही है विपक्षी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** बायोटेक के कोविड-19 वैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कई वरिष्ठ कांग्रेस ने जिस तरह से इसे इजाजत दी है उसको लेकर चिंता जताई है। पार्टी के नेताओं ने आधिकारिक तौर पर वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, जयराम रमेश तथा शशि थरूर ने स्वास्थ्य मंत्री से यह समझाने के लिए कहा कि अनिवार्य प्रोटोकॉल तथा डेटा के सत्यापन का पालन क्यों नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने शनिवार को कोविड वैक्सीन को 'भाजपा की वैक्सीन' करार देते हुए कहा था कि वे इसे नहीं लगावाएंगे।

रविवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम 'संवेदनशील प्रक्रिया' है और सरकार को इसे 'दिखावे' वाले कार्यक्रम में रूप में नहीं लेना चाहिए क्योंकि यह जिंदगियों का सवाल है। हालांकि कांग्रेस में इसको लेकर अलग रुख भी सामने आये। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने स्वदेशी टीके के लिए वैज्ञानिकों और भारत बायोटेक के अनुसंधानकर्ताओं की प्रशंसा की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी और कहा कि कांग्रेस नेता 'वास्तव में उसी तरह (शेष पेज 9)

## अभी और होगी बारिश, ठंड से कुछ राहत दो दिन बाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली**-एनसीआर में रविवार तड़के शुरू हुई बारिश दोपहर तक भिगोती रही। इससे ठंड और बढ़ गई। पहले से ही कड़ाके की सर्दी का सामना कर रहे लोगों को बारिश के बाद की ठिठुरन ने घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। मौसम विभाग ने उत्तर भारत के कई हिस्सों में अगले दो दिन कहीं तेज तो कहीं हल्की वर्षा होने का अनुमान जताया है। विभाग ने उत्तर भारत के कई हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया और कहा है कि अगले दो से तीन दिनों तक दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में अगले दो से तीन दिनों में (शेष पेज 9)

# कोरोना का टीका तैयार कराने का श्रेय प्रधानमंत्री को: योगी

- भारत पहला देश जिसने कोविड की दो वैक्सीन एक साथ लांच की हैं: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कोविड-19 का टीका तैयार कराने का श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के वैज्ञानिकों ने कोरोना वैक्सीन तैयार कर ली है।

भारत पहला देश है जिसने कोविड की दो वैक्सीन एक साथ लांच की है। योगी ने यहां 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाली 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह से कहाकि मोदी जी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने कोविड19 के वैक्सीन के लिए लैब का स्वयं भ्रमण किया, जिसका परिणाम है कि भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। आज भारत ने दुनिया के सामने साबित कर दिया है। दुनिया में एक वैक्सीन आई है, मगर भारत में एक साथ दो-दो (शेष पेज 9)



गोरखपुर में गोशाला में गायों को गुड़ खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## प्रथम चरण में 51 हजार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लगेगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** टीकाकरण ड्राइ रन के लिए चिन्हित स्थलों की आवश्यक तैयारियों पर जिलाधिकारी द्वारा बैठक कर गयी। बैठक में तीनों चरणों में होने वाले टीकाकरण पर योजना तैयार की गयी। पहले चरण में 51 हजार हेल्थ वर्कर्स को चिन्हित किया गया है। इनमें हेल्थ वर्कर्स के साथ फ्रंटलाइन वर्कर्स और वरिष्ठ नागरिकों को टीका लगाया जाएगा। वहीं, कोल्ड चेन प्वाइंट्स से सेशन साइट तक वैक्सीन को पुलिस सुरक्षा में ले जायेगा। कोविड टीकाकरण ड्राइ रन के लिए चिन्हित स्थलों की आवश्यक तैयारियों, कार्ययोजना पर जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक डीके ठाकुर, नगर आयुक्त अजय कुमार (शेष पेज 9)

# ट्रायल से गुजर रही कोवैक्सीन का होगा अभी सीमित इस्तेमाल

- वायरस के बदलते स्वरूप से संक्रमण के मामले में ज्यादा विकल्प होने के मद्देनजर दी गई इजाजत

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**ट्रायल** के तीसरे दौर से गुजर रही स्वदेशी विकसित भारत बायोटेक की को-वैक्सीन को भले मंजूरी मिल गई हो, लेकिन इसका इस्तेमाल अभी सीमित स्तर पर ही होगा।

को-वैक्सीन की प्रभावकारिता के बार में विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर भी की थी। डीसीजीआई ने स्पष्ट किया है कि कोरोना के नए स्ट्रेन के दस्तक देने के बाद भारत में टीकाकरण के लिए ज्यादा विकल्प मौजूद रहें, इसलिए जनहित में वैक्सीन को इजाजत दी गई है, लेकिन इसका प्रयोग बेहद सावधानी के साथ सीमित मामलों में ही होगा।



डीसीजीआई ने यह भी कहा कि यदि सुरक्षा को लेकर थोड़ी भी समस्या पैदा हो तो हम कभी भी किसी दवा को मंजूरी नहीं देंगे। यह वैक्सीन 110 फीसदी सुरक्षित है। हल्का बुखार, दर्द और एलर्जी जैसे कुछ सामान्य दुष्प्रभाव हर टीका लेने से होते हैं, जो आम बात है। यह पूरी तरह बकवास है कि टीका लगवाने से लोग नपुंसक हो सकते हैं। हालांकि, डॉक्टरों और अनुसंधान विशेषज्ञों ने इसे एक खतरनाक कदम बताया कि जिस वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल के अंतिम नतीजे न मिले हों और उसे मंजूरी मिल गई।

उन्होंने तर्क दिया कि समस्या यह है कि सरकार ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के अपने उतावलेपन के चक्कर में मानक दवा और वैक्सीन-विकास प्रोटोकॉल के प्रमुख तत्वों को भी दरकिनार कर दिया है। विशेषज्ञों ने वैक्सीन को 110 फीसदी सुरक्षित बताने वाले डीसीजीआई के दावों पर भी सवाल उठाया है। विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी कि सरकार के (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 47,746 | |
| निफ्टी | 13,981 | |
| सोना | 49,675 | /10g |
| चांदी | 67,983 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश में कोरोना वायरस के मामलों में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का संक्रमण घट रहा है और इसके चलते मृतकों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी हो रही है। रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 18,177 नए मामले सामने आने के बाद अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 1,03,23,965 हो गई है, जिनमें से 99,27,310 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। देश में संक्रमण से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 96.15 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 217 और लोगों की मौत होने के बाद देश में संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या 1,49,435 हो गई है। देश में कोविड-19 के कारण मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में इस समय 2,47,220 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है। जो कुल मामलों का 2.39 प्रतिशत है।

# एलएसी पर तनाव के बीच चीनी कंपनी को रेपिड रेल का ठेका

- आरआरटीएस के अशोक नगर से साहिबाबाद हिस्से का निर्माण करेगी शंघाई टनल इंजीनियरिंग कंपनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एलएसी** पर नौ महीने से चले आ रहे टकराव के कारण जब देश भर में 'बायकाट चीन' की आवाज बुलंद हो रही है, उस समय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस परियोजना के न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक 5.6 किलोमीटर के भूमिगत ट्रैक के निर्माण का ठेका चीनी कंपनी शंघाई टनल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दिया है।

पिछले साल जून में उस समय भारी विवाद खड़ा हो गया था जब आरआरटीएस न्यू अशोक नगर-साहिबाबाद खंड के निर्माण के लिए शंघाई टनल कंपनी ने सबसे कम 1,126 करोड़ की बोली लगाई थी। लोग सवाल उठा रहे थी कि चीन लद्दाख में एलएसी पर भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है और भारत उसकी कंपनी को रेल प्रोजेक्ट के निर्माण का ठेका दे रहा है।

देश की पहली रैपिड रेल परियोजना को बनाने वाली नेशनल कैपिटल रिजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ने कहा कि चीनी कंपनी को यह ठेका निर्धारित प्रक्रिया और दिशा-निर्देशों के तहत दिया गया है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता ने कहा कि बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित बोलियों के लिए विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति लेनी होती है। निर्धारित प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के बाद ही यह ठेका दिया गया है।' प्रवक्ता ने कहा कि अब 82 किलोमीटर लंबे (शेष पेज 9)

# अलापुझा के आरकेके में है कलाकृतियों का अद्भुत संग्रह

- मशहूर पर्यटन स्थल का मुख्य आकर्षण है बेट्टी करुणाकरण का यह संग्रहालय

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**केरल** के अलापुझा को पूर्व का वेनिस का कहा जाता है और यह विशेषण उसे यूं ही नहीं मिला है। प्रकृति ने दिल खोलकर उसे उपहार दिया है। नदियां, शांत बांधों और झीलों से सजा यह क्षेत्र बरबस ही किसी को आकृष्ट कर सकता है। यहीं नहीं अरब सागर का खूबसूरत तट और शहर से सटकर निकलती नहरों ने इसे सैलानियों का पसंदीदा पर्यटन स्थल बना दिया है। अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि अलापुझा भारत के नारियल उद्योग का मुख्य केंद्र है। यहां पर प्राचीन कलाकृतियों का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है तथा हाथी दांत और स्फटिक की कलाकृतियां, दुर्लभ विदेशी पौधे भी इसके आकर्षण में चार चांद लगाते हैं। बेट्टी करुणाकरण के पास दुनिया के किसी भी व्यक्ति से ज्यादा कला संग्रह है। यदि उन्हें केरल की सांस्कृतिक साम्राज्ञी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। रवि करुणाकरण मेमोरियल म्यूजियम में आने वाले लोग यहां की डायरी में जो कुछ लिखकर जाते हैं, वह इस बात को बल देती है। बोस कृष्णमचारी जैसे विख्यात कलाकार इस संग्रहालय को देखकर हैरत में पड़ गए जिसे बेट्टी ने बनाया और साकार किया है। यह संग्रहालय बेट्टी ने अपने प्रिय पति स्वर्गीय रवि करुणाकरण की याद में बनाया है जो आधुनिक नारियल उद्योग के अगुआ थे। पायनियर से बातचीत में बेट्टी ने कहा कि उनके दादा कृष्णन और पिता करुणाकरण भी नारियल व्यवसाय में थे। रवि ने वहां से शुरुआत की जहां से उन्होंने कारोबार को छोड़ा था। कृष्णा और करुणाकरण नारियल कारोबार के चलते दुनिया भर में यात्रा करते थे। करुणाकरण की पढ़ाई यूरोप. ब्रिटेन और अमेरिका में हुई थी और वे केरल के पहले ग्लोबल सिटीजन थे। रवि की भी पढ़ाई यूरोप और अमेरिका में हुई थी। बेट्टी कहती है ' मैं रवि के साथ उनके बिजनेस टूर पर जाती थी। वे जब अपने ग्राहकों से बातचीत करते थे तो उस समय मैं शॉपिंग करती थी और उन प्रसिद्ध संग्रहालयों में जाती थी तो अपने कलाकृतियों के संग्रह के लिए प्रसिद्ध थे। उनके संग्रहालय में स्वारोवस्की और ललारडो कलेक्शन में कुछ शानदार कलाकृतियां हैं। पुन्नामाडा नदी में नावों की रेस कब की खत्म हो गई है लेकिन इन कमियों को आरकेके म्युजियम पूरा कर देता है।




आरकेके म्यूजियम में बेट्टी करुणाकरण

# यूपी दिवस पर दिखेगी आत्मनिर्भरता की झलक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा
- विभिन्न क्षेत्र में मिसाल बनी प्रतिभाओं को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान
- 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेश भर में होंगे समारोह



**स्थापना** की वर्षगांठ पर आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के समारोह में इस बार आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की छवि देखने को मिलेगी। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने जा रहा यह समारोह इस बार उन लोगों के नाम होगाए जिन्होंने अपनी अनूठी सोच, अद्भुत हौसले और कर्मठता से प्रदेश का मान बढ़ाया है। तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी समारोह में, श्री राम की यात्रा और महाभारत के प्रेरक प्रसंगों का चित्रण तो होगा ही, भविष्य की जरूरतों के मुताबिक छोटे.छोटे प्रयासों से आत्मनिर्भरता की कहानी लिख रहे नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर भी दुनिया दिखेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के हर नागरिक का समारोह है। इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। बीते पौने चार साल में एक नए उत्तर प्रदेश ने आकार लिया है, यह उत्तर प्रदेश चुनौतियों को अवसर के रूप में लेता है। यह आत्मनिर्भर हो रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस इस आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से स्वावलम्बन की मिसाल पेश कर रहीं महिलाएं हों या खेती.किसानी में नवाचारों का प्रयोग करने वाले प्रगतिशील किसान हों अथवा अपने कौशल से सफलता की नई परिभाषा लिखने वाले शिल्पकार, प्रदेश सरकार ऐसे प्रयासों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान कर सार्वजनिक अभिनन्दन करेगी। कार्यक्रमों में स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। आगामी 24 जनवरी को राजधानी लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में उद्घाटन समारोह होगाए जबकि 25 को गौतमबुद्ध नगर स्थित नोएडा हाट में विशिष्ट आयोजन होगा। इसके अलावा सभी 75 जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय लोककला, लोक संस्कृति पर आधारित गीत.संगीत के कार्यक्रम होंगे तो ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) कार्यक्रम और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूल किट भी बांटे जाएंगे। इस दौरान शिल्प मेला, विभिन्न प्रदर्शनियां भी लगेंगी, साथ ही शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

## चौरीचौरा काण्ड के सौ साल होने पर आयोजनों के लिए समिति गठित करने के निर्देश

**लखनऊ( पीएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौरीचौरा काण्ड के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य व जनपद स्तर पर विभिन्न प्रकार के आयोजन करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह समिति साल के अंत तक चलने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, जिनमें विद्यालयों में चौरीचौरा काण्ड पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, नाटिकाएं, कविताएं, निबन्ध लेखन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं इत्यादि जैसी गतिविधियां शामिल होंगी, पर विचार करेगी। सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में श्री योगी ने कहा कि अगले वर्ष देश के स्वाधीनता संग्राम के दौरान घटित चौरीचौरा काण्ड के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। अत: ऐतिहासिक तथ्यों से युवा पीढ़ी तथा जनमानस को अवगत कराने से सम्बन्धित कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी अभी से शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई को चौरीचौरा काण्ड ने एक नई दिशा दी। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और आजादी के भाव के परिप्रेक्ष्य में आयोजनों की परिकल्पना करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा काण्ड अंग्रेजों के विरोध में हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में किसान और मजदूर शामिल थे।

# अखिलेश की सोच नकारात्मक: डॉ. शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीन को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि वैक्सीन को लेकर उनकी सोच नकारात्मक है। वैक्सीन को बनाने में लगे वैज्ञानिकों की सराहना होनी चाहिए थी। यह वैक्सीन किसी जाति.धर्म विशेष को देखकर नहीं बनाई गई है। लेकिन दलगत राजनीति करते लोग इस तरीके से बयान दे रहे हैं।

रविवार को गोमतीनगर में नीरज चौक के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि वैक्सीन को लाने में केंद्र सरकार ने जिस तरीके से तत्परता दिखाई है, इसकी तारीफहर किसी को करनी चाहिए। लेकिन दलगत राजनीति करते लोग ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे अफवाह जैसी स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का बयान नकारात्मक सोच है। वैक्सीन कैसे लगाना है और नहीं लगाना है, यह उनकी विचारधारा सोच हो सकती है। वहीं, बोर्ड परीक्षा को लेकर दिनेश शर्मा ने कहा कि इस पर कोई निर्णय पंचायत चुनाव के बाद लिया जाएगा।

# ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से प्रदेश में उद्यमियों की राह होगी और आसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- निवेश मित्र पोर्टल से जुड़े 10 नए विभाग, बढ़ी 166 ऑनलाइन सेवाएं

**यूपी सरकार** ने राज्य के विकास के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। पिछले वर्षों की तुलना में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में 12 स्थानों की लंबी छलांग लगाने के बाद सरकार ने इस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने और निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र पर विभागों की संख्या बढ़ाकर 24 कर दी है जो 166 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करा रही हैं। अभी तक 14 विभाग पोर्टल से जुड़े हुए थे।

उद्यमियों की पहली पसंद बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार हर कदम पर कामयाब नजर आ रही है। सरकार की ओर से उद्यमियों को दी जा रही सहूलियतों की बदौलत सैमसंग समेत कई बड़ी कंपनियां प्रदेश में अपने कदम जमा चुकी है। उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इनवेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल को और प्रभावी बनाने का काम शुरू हो गया है। पोर्टल से कृषि, रेशम समेत अन्य विभाग भी जुड़ गए हैं। पोर्टल पर विभागों के लिए एक डैशबोर्ड विकसित किया गया है। इस पर उद्यमी अपने सुझाव व शिकायत दर्ज करा सकते हैं। असल में भारत सरकार की ओर से हर साल ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के आधार पर प्रदेशों की रैंकिंग की जाती है। आवेदनकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर इसका मूल्यांकन किया जाता है। निवेश मित्र पोर्टल पर कोई उद्यमी किसी प्रकार से असंतुष्ट है तो उच्च स्तर पर उसके असंतुष्ट होने के कारणों का मूल्यांकन किया जाएगा। समस्या का समाधान होने के बाद इसकी जानकारी संबंधित आवेदनकर्ता को दी जाएगी।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया नवनिर्वाचित एमएलसी का स्वागत



**लखनऊ।** बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह स्वागत किया। पूर्व संयोजक कैंट विधान सभा स्वाती सिंह के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कैंट विधायक सुरेश तिवारी, महापौर संयुक्ता भाटिया का भी स्वागत किया गया। संयुक्ता भाटिया ने कहा कि स्वाती सिंह ने लखनऊ कैण्ट विधान परिषद चुनाव क्षेत्र के संयोजक का प्रभार संभालते हुए न सिर्फ लखनऊ कैण्ट के कार्यो को संचालित किया बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी भारी संख्या में मतदातओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया। महापौर ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अवध क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी सतबीर सिंह राजू ने कहा कि कार्यक्रम में तहरी भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेन्द्र पटेल, आलोक मिश्रा, मनीष मिश्रा, कुमारी अर्चना, राकेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# किसानों के लिए किसान बनेंगे रोलमॉडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- हर जिले से रोलमॉडल के रूप में खेतीबाड़ी से जुड़े 100 प्रगतिशील किसानों का चयन करेगा कृषि विभाग

**अपनों** से अपनों की बात ज्यादा असरदार होती है। योगी सरकार इसी फार्मूले पर खेतीबाड़ी के उन्नत तौर-तरीकों के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रगतिशील किसानों की मदद लेगी। किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर होने वाले किसान मेलों और किसान गोष्ठियों में यही प्रगतिशील किसान बाकी किसानों को अपनी सफलता के बारे में बताएंगे।

सरकार को उम्मीद है कि उनकी कहानी से प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी बेहतर करके खुशहाल होंगे। इसके लिए कृषि विभाग हर जिले से रोलमॉडल के रूप में 100 प्रगतिशील किसानों का चयन करेगा। 6 जनवरी से 350 ब्लाकों पर आयोजित होने वाले किसान कल्याण मिशन के कार्यकमों में अपनी बात रखने के लिए इनको मंच देने के साथ सम्मानित भी किया जाएगा। सरकार इन सबका डाटाबेस भी तैयार करेगी।

महिलाओं के सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए सरकार शारदीय नवरात्रि से मिशन शक्ति अभियान चला रही है। कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी के अनुसार एक्सपोजर न मिलने के मद्देनजर मिशन किसान कल्याण में महिलाओं की भी पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। इस बाबत मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी की ओर से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। आयोजन में ब्लॉक स्तर पर गठित फार्मर्स प्रोड्यूसिंग ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) के पदाधिकारी भी आमंत्रित किए जाएंगे। उनको प्रमाणपत्र देने के साथ, उनके लिए मंजूर फॉर्म मशीनरी बैंक,बीज विधायन संयंत्र भी बाटे जाएंगे।

पूरे अभियान की शासन स्तर से मॉनिटरिंग होगी। इसके कृषि विभाग किसान कल्याण माइक्रो साइट बनाएगा। सभी सूचनाएं विभाग के पोर्टल पर डाली जाएंगी। सूचना विभाग प्रचार के हर माध्यम पर इस आयोजन का प्रचार.प्रसार सुनिश्चित कराएगा। जिलेवार ये सूचना भी एकत्र की जाएगी कि अभियान के दौरान कितने किसानों से संपर्क किया गया, कितनों से वार्ता हुई। सम्बंधित किसानों के मोबाइल/व्हाट्सएप नंबर भी एकत्र किए जाएंगे। अभियान के संचालन के लिए शासन स्तर पर एपीसी (कृषि उत्पादन आयुक्त) की अद्यक्षता में एक समिति गठित होगी। इसमें आयोजन से जुड़े सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव इसके संयोजक होंगे। मीडिया का एक प्रतिनिधि भी समिति में शामिल होगा।

# सरकार ने शुरू किया वरासत अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में जमीन के झगड़ों को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वरासत अभियान शुरू किया गया है। बिना किसी विवाद के उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने के लिए सभी ग्राम सभाओं में इस अभियान की शुरुआत की गई है। आपकी जमीन, आपका अधिकार, सबको मिले अपना उत्तराधिकार के संकल्प के साथ दो महीने तक यह विशेष अभियान चलेगा। इसके तहत प्रदेश के एक लाख आठ हजार राजस्व गांवों में कई सालों से अटके हुए वरासत के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। अभियान के तहत कोई भूलचूक न होने पाए इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अभियान के तहत विवादों के निपटाने के बाद शासन के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इनका सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया है। प्रदेश में वरासत अभियान की शुरुआत 15 दिसंबर से की गई है। इससे जहां तहसील कर्मियों की मनमानी पर रोक लगेगी, वहीं भूमि विवादों पर भी काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। वरासत अभियान के तहत वरासत दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की सुविधा है।

# दस जनपदों में खाद्य प्रसंस्करण के बारे में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल दिशा निर्देशन में शिक्षित बेरोजगारों को खाद्य प्रसंस्करण के बारे में दक्ष और सक्षम बनाने के लिये बेहतर प्रशिक्षण उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दिया जा रहा है । उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैटरिंग संस्थानों एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को प्रदेश के 10 बड़े नगरों .आगरा, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, वाराणसी, कानपुर, झांसी, प्रयागराज, अयोध्या एवं गोरखपुर में स्थापित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है । वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 1 वर्षीय ट्रेड डिप्लोमा कोर्स,. खाद्य संरक्षण में 609, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी ट्रेड डिप्लोमा में 596, पाक कला ट्रेड डिप्लोमा में 598 ,एक मासीय अंशकालीन बेकरी एवं कन्फेक्शनरी में 1029,एक मासीय अंशकालीन पाक कला में 858 , एक मासीय समेकित कुकरी बेकरी एवं कन्फेक्शनरी तथा खाद्य संरक्षण पाठ्यक्रम में 1597 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

# लगातार किसानों का तिरस्कार कर रही है भाजपा: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमा पर आंदोलनरत तीन दर्जन किसानों की मृत्यु पर गहरा शोक जताते हुए उनके संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अखिलेश यादव ने कहा देश के अन्नदाता की मौतें विचलित कर देने वाली अत्यंत दु:खद घटनाएं है। शहीद किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन असंवेदनशील भाजपा सरकार टस से मस नहीं हो रही है। किसान अपने भविष्य को बचाने के लिए अपनी जान दे रहा है लेकिन भाजपा नेतृत्व अपने बेतुके तर्कों एवं झूठे तथ्यों से काले कृषि कानून थोपना चाहती है।

श्री यादव ने कहा कि किसानों के मौत की जिम्मेदार भाजपा सरकार ही है। घने कोहरे और ठण्ड में किसान लगातार हक और इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं लेकिन सत्ताधारी हृदयहीन बने बैठे है। भाजपा जैसा सत्ता का इतना दम्भ एवं इतनी निष्ठुरता अब तक कभी देखी नहीं गई। श्री यादव ने कहा बेहतर होगा भाजपा सरकार चंद अमीर मित्रों के फायदे के लिए पूरे देश के किसान को न ठगे, कृषि कानूनों को वापस ले। हर जमीनी कार्यकर्ता, वह चाहे जिस पार्टी में हो, यही चाहता है। भारत का राजनीतिक नेतृत्व इतना बंजर कभी न था। भाजपा लगातार किसानों का तिरस्कार कर रही है। किसान ही इस सरकार को सड़क पर ले आएंगे। अखिलेश यादव ने कहा झूठ और धोखा भाजपा सरकार की आदत में शुमार हैं। किसानों को लागत से ड्योढ़ा मूल्य दिलाने, सन् 2022 तक आय दुगनी करने का वादा करने वाले इन्हें तो भूल गए, गन्ना किसानों को बकाया भी नहीं दे रहे हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य को अनिवार्य किए जाने की मांग पर भी चुप्पी मारे बैठे हैं। उत्तर प्रदेश में तो योगी सरकार ने किसानों को घरो में कैद करने के अलावा पुलिस और प्रशासन के अफसरों को भेजकर डराने धमकाने का अलोकतांत्रिक काम भी किया है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई सावित्री बाई फुले की 189वीं जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाज** सुधारक एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 189वीं जयंती रविवार को समाजवादी पार्टी में सादगी से मनाई गई। श्रीमती फुले के चित्र पर समाजवादी पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की और उनके रास्ते पर चलने का संकल्प दुहराया। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने की पहल की थी। उन्होंने विधवा विवाह कराने, छुआछूत मिटाने को अपना मिशन बनाया। जब लड़कियों पर पढ़ने लिखने की पाबंदी थी तब कट्टरवादी लोगों से टकराकर उन्होंने पुणे में 3 जनवरी 1848 में 9 छात्राओं के साथ विद्यालय की स्थापना की जो उस समय बड़े साहस का कार्य था। श्री यादव ने कहा कि श्रीमती सावित्री बाई फुले को समाज सुधार के काम में रूढ़िवादी समाज से विरोध में बहुत कुछ सुनना और सहना पड़ा।

# लाकडाउन में चुनावी बिसात पर बीजेपी का पलड़ा भारी रहा

अभिषेक रंजन। लखनऊ

- राज्यसभा, विधान सभा और शिक्षक निर्वाचन चुनाव में भाजपा सब पर रही हावी
- किसान संवाद कार्यक्रम के जरिए गांव में पहुंची पार्टी

**बीता हुआ** साल कोविड के लिए कभी नहीं भूलाया जा सकता है। इस साल में महामारी ने कई लोगों को उनके परिवार से छीन लिया लेकिन अगर बात सियासत की जाए तो बीता हुआ बीजेपी के लिए कई मायनों में अहम रहा। चुनावी बिसात पर भाजपा का पलड़ा भारी तो विपक्ष को नुकसान उठाना पड़ा, राज्यसभा का चुनाव हो या विधान सभा के उप चुनाव और या फिर शिक्षक निर्वाचन चुनाव में बीजेपी ने हर जगह अपना झंडा गाड़ दिया। अब बीजेपी नए साल की शुरूआत के साथ तेजी से पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट गई है क्योंकि फरवरी में यूपी में पंचायत चुनाव की डुगडुगी बज जाएगी।

बीते साल के कुछ पन्नों को अगर पलट कर देखा जाए तो बीते मार्च में यूपी में लाकडाउन की शुरूआत हुई। शुरूआत के एक माह तक सख्ती के कारण बीजेपी संगठन ने अपनी गतिविधियों को धार नहीं दी लेकिन अप्रैल के अंत तक बीजेपी ने इस लाकडाउन में सेवा सत्कार के जरिए संगठन की गतिविधियों के जरिए जनता के बीच में पहुंची और बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने इस लाकडाउन के बीच आवश्यक सेवाओं को पहुंचाकर अपनी उपसिथिति दर्ज कराई। इसमें बीजेपी के पार्षद से लेकर बूथ अध्यक्ष और फिर मंडल से लेकर जिलाध्यक्षों को जुटाया गया। विधायक, सांसद, मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों ने भोजन-पानी व दवाओं की व्यवस्था कर जरूरतमंदों की मदद की, इस बीच दूसरे राज्यों से जो लोग यूपी में पैदल आ रहे थे उसमें भी सरकार व संगठन ने सेवा अभियान के जरिए जनता में उपस्थिति दर्ज कराई। इस बीच कोविड के कारण कई विधायकों और योगी सरकार के मंत्रियों ने अपनी जान गवाई, यह सबसे दु:खद रहा जब सरकार के कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान, कमल रानी वरूण समेत कई मंत्री कारोना से लड़ाई हार गए। सरकार ने जब कोविड पर नियंत्रण किया तो नवंबर में यूपी की सात विधान सभा सीटों पर उप चुनाव हुआ। इस चुनाव के लिए बीजेपी ने वेबिनार के जरिए बैठकों का आयोजन किया।

# फिर से सियासी जमीन मजबूत करने के प्रयास में कांग्रेस

- विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोधी पार्टियों से आगे नजर आई पार्टी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में पिछले तीन दशक से अधिक समय से सत्ता से दूर चल रही कांग्रेस पार्टी लगातार अपनी सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी हुई है। साल 2020 में भले ही करोना के चलते राजनीतिक गतिविधियां सुचारू रूप से नहीं चल पाईं बावजूद इसके प्रदेश में कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर सड़कों पर संघर्ष करते नजर आई। सीएए का मुद्दा हो या फिर सोनभद्र हत्याकांड में मारे गए लोगों के परिवार से मिलने का मामला हो, हाथरस में दलित बेटी को न्याय दिलाने या किसानों से लेकर नौजवानों तक के अन्य मुद्दे कमजोर संगठन होने के बावजूद अन्य विरोधी पार्टियों की अपेक्षा कांग्रेस सबसे आगे नजर आई।

प्रियंका गांधी के सक्रिय राजनीति में आने के बाद से ही कांग्रेस सूबे में फ्रंटफुट पर है लेकिन चुनावी लिहाज से देखा जाए तो उसे अभी तक कोई फायदा नहीं हो पाया है। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका उत्तर प्रदेश में कोई कमाल नहीं दिखा सकी थीं और कांग्रेस प्रदेश में एक सीट पर ही सिमट कर रह गई थी। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी ही अपनी जीत दर्ज करा पाई थीं जबकि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी तक अपनी परपंरागत अमेठी सीट को नहीं बचा पाए थे। लोकसभा चुनावों से सबक लेते हुए प्रियंका ने इस साल अपना पूरा ध्यान मिशन 2020 पर केंद्रित किया। उन्होंने सर्वप्रथम कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। प्रियंका उत्तर प्रदेश के सिसायी रण में उतरने से पहले अपना संगठन दुरुस्त कर लेना चाहती हैं। ऐसे में कांग्रेस का लक्ष्य है कि प्रदेश की 60 हज़ार ग्राम सभाओं पर ग्राम कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाए। सूबे के 75 जिले और 823 ब्लाक कमेटी के अलावा 8300 न्याय पंचायत में से 2300 न्याय पंचायत में कांग्रेस अपना संगठन बना लेने का दावा करती नजर आ रही है। कांग्रेस ने एक न्याय पंचायत में 21 सदस्यीय कमेटी बनाई है। प्रियंका गांधी को जिम्मेदारी मिलने और अजय कुमार लल्लू के अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस का जर्जर पड़ चुका सांगठनिक ढांचा एक बार फिर से जिंदा होने लगा है। हालांकि अजय कुमार लल्लू और उनकी टीम को लेकर पार्टी के अंदर ही जबरदस्त विरोध भी चल रहा है।

विरोध के स्वर को दबाने के लिए एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ नेताओं को निष्कासित करने के बाद भी प्रियंका गांधी नेताओं को एकजुट नहीं कर पा रही हैं। आंतरिक कलह के इतर 2020 में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरे साल संघर्ष किया। कोरोना काल के दौरान जब हजारों की संख्या में मजदूर पैदल यूपी की ओर चल पड़ेण् उनसे सिम्पैथी दिखाते हुए कांग्रेस ने अप्रवासियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए राजस्थान राज्य सरकार की बसें यूपी सरकार को देने की पेशकश की। बड़ी संख्या में बसें राजस्थान और यूपी बार्डर पर पहुंचीं। मगर योगी सरकार ने इन बसों को लेना स्वीकार नहीं किया। इस मुद्दे पर कांग्रेस और योगी सरकार में कई दिनों तक रस्साकशी चली। कांग्रेसी विरोध को थामने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के साथ कई अन्य गिरफ्तारियां हुई । प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर सीएम योगी पर ट्वीट और पत्र के जरिए हमले किए । राज्य में हाशिए पर पड़ी कांग्रेस को विपक्षी राजनीति की धुरी बनाने की नीयत ही कही जाएगी कि प्रियंका गांधी ने मिर्जापुर जिले में जमीन को लेकर हुए गोलीकाण्ड के मुद्दे पर दिल्ली से अचानक वहां पहुंच प्रदेश सरकार को घेरा। इस घटनाक्रम के मद्देनजर सरकार ने प्रियंका की सांकेतिक गिरफ्तारी कर डाली। यही नहीं हाथरस काण्ड को लेकर प्रियंका और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली से घटनास्थल तक जाने को कूच किया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना


सूचित किया जाता है कि मेरे छोटे पुत्र अतुल सिंह का सैन्य अभिलेख में जन्म की तारीख 02–05–2006 अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक एवं शैक्षिक अभिलेख के अनुसार जन्मतिथि 02–05–2004 है। अतः जन्मतिथि वास्तविक अनुसार समझा जाय। इन्द्रावती देवी पत्नी स्व0 विनोद कुमार सिंह ग्राम, पोस्ट पचवस, जिला बस्ती (उ0प्र0) 272127

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## राजधानी में दूसरे ड्राई रन का खाका तैयार

# 300 लाभार्थियों को लगेगा टीका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के सभी जनपदों में कोरोना वैक्सीन को लेकर चल रही तैयारियों के बीच आगामी 5 जनवरी से सभी जनपदों में शुरू हो रहे ड्राई रन का खाका राजधानी के स्वास्थ्य महकमे ने तैयार कर लिया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा पुलिस व प्रशासन के भी नोडल अधिकारियों की इसके लिए नियुक्ति कर दी गई है। दूसरे चरण में 12 अस्पतालों के कुल 300 लाभार्थियों पर ड्राई रन के जरिये अभ्यास किया जाएगा।

ड्राई रन को लेकर तैयारियों की रविवार को हुई समीक्षा बैठक के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय भटनागर ने बताया कि दूसरे चरण के पूर्वाभ्यास में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। अब सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दोपहर 1 बजे बैठक बुलाई गई है, जिसमें पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों का बंटवारा भी किया जाएगा। ताकि वैक्सीन के पूर्वाभ्यास को बेहतरीन तरीके से अंजाम दिया जा सके। उन्होंने कहा कि उसी स्थान पर अपराहन 3 बजे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की एक अलग से बैठक भी होगी, जिसमें सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को वैक्सीन के पूर्वाभ्यास हेतु निर्देशित किया जाएगा। एसीएमओ व वैक्सीनेशन प्रभारी डॉक्टर एमके सिंह ने बताया कि पहले दिन शनिवार को हुए पूर्वाभ्यास के दौरान स्वास्थ्य विभाग को कई कमियां भी नजर आई हैं। विभाग इन कमियों को दूर करने का प्रयास कर रहा है। ताकि इसकी पुनरावृत्ति ना हो।

**दूसरे चरण में यह अस्पताल होंगे शामिल:** दूसरे चरण में मेदांता, लोकबंधु कोविड अस्पताल, राम सागर मिश्र अस्पताल, एरा मेडिकल कॉलेज के साथ ही साथ काकोरी और इंदिरानगर सीएचसी में यह पूर्वाभ्यास किया जाएगा। साथ ही पहले चरण में जिन छह अस्पतालों में पूर्वाभ्यास हो चुका है, उन्हें भी दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा।

**ड्राई रन में शामिल होंगे 25.25 स्वास्थ्यकर्मी :** सीएमओ ने बताया कि सभी 12 अस्पतालों में 25.25 स्वास्थ्य कर्मियों पर पांच जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा। दूसरे चरण में जिन स्वास्थ्य कर्मियों पर यह वैक्सीन प्रयोग की जानी है, उनकी लिस्ट भी तैयार कराई जा रही है। ताकि सभी निर्धारित समय पर मौजूद रहें और पूर्वाभ्यास में किसी प्रकार की देरी या असुविधा ना हो।

## कल से सूबे के सभी जनपदों में चलेगा ड्राई रन

### शहरी व ग्रामीण इलाके होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वैक्सिनेशन प्रोग्राम को संचालित करने से पूर्व सरकार अपनी तैयारियों को ठोस तौर पर परख लेना चाहती है। ड्रग्स कन्ट्रोलर आफ इण्डिया द्वारा 2 कोविड वैक्सीन को मंजूरी मिलने के बाद वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश में 5 जनवरी से ड्राई रन चलाया जायेगा। यह अभियान प्रत्येक जनपद के 6 स्थानों पर जिनमें 3 शहरी क्षेत्र तथा 3 ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जायेगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि लखनऊ में 6 स्थानों पर ड्राई रन चलाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही है, जिसके अन्तर्गत कोविड चेन का विस्तार, स्टोरेज की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वैक्सीन रखने वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे है। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ.साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को चरणबद्ध तरीके से लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

ड्राई रन का उद्देश्य: ड्राई रन को लेकर हर सेंटर से एक रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसका रिव्यू स्टेट लेवल पर बनी टास्क फोर्स करेंगी। ये रिव्यू रिपोर्ट केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर अगर जरूरत महसूस हुई तो वैक्सीनेशन प्रोग्राम के प्लान में बदलाव किया जा सकता है और अगर सबकुछ ठीक रहा तो मौजूदा प्लान के हिसाब से वैक्सीनेशन प्लान फाइनल होगा।

## राजधानी में कोरोना के 134, सूबे में 769 नए केस मिले

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। रविवार को राजधानी में कोरोना के 134 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 769 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 12858 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2562 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8403 मरीजों की और राजधानी में 1116 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,31,890 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,43,48,477 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 769 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 12,858 कोरोना के एक्टिव मामले में से 5269 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1,321 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल.1, एल.2 तथा एल.3 के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 1179 लोग तथा अब तक कुल 5,66,910 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी प्रतिशत 96ण्39 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,80,567 क्षेत्रों में 5,01,724 टीम दिवस के माध्यम से 3,10,56,949 घरों के 15,10,41,445 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4649 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है।

## दोस्तों के साथ शराब पी रहे टैक्सी चालक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में स्तिथ तिराहा पर दोस्तों के साथ एक वैन में बैठकर शराब पी रहे एक युवक की हालत गंभीर हो गई। साथ में मौजूद दोस्तों ने उसे उसके घर के बाहर छोड़ दिया और फरार हो गए। घर वालों ने उसे तत्काल राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस ने फरार दोस्तों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार डूडा कालोनी चिनहट निवासी 28 वर्षीय रोहित गुप्ता पत्नी व एक बेटे के साथ रहता था और टैक्सी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर अपने तीन दोस्तों के साथ शराब पी रहा था तभी रोहित की तबियत बिगड़ गई तो साथी उसे लेकर उसके मल्हौर स्तिथ डूडा कालोनी पहुंचे और उसे छोड़कर फरार हो गए। घर में कोहराम मच गया और पुलिस कंटरोल रूम को सूचना देने के बाद राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव


युवक की फाइल फोटो

**निगोहां।** निगोहा के शेरपुर लवल गांव के बाहर स्थित रेलवे ट्रैक पर रविवार की दोपहर सदिग्धं परिस्थितियों मे एक युवक का क्षत विक्षत शव पड़ा मिला।लखनऊ से रायबरेली जा रही मालगाड़ी के चालक ने रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देख निगोहा रेलवे स्टेशन पर सूचना दी एजिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी व निगोहा पुलिस जहाँ घटनास्थल आउटर के बाहर होने के कारण निगोहा पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर कुछ दूर पर पड़े मृतक के मोबाइल से परिजनो को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंचे शेरपुर लवल गांव निवासी सन्तराम पाल ने मृतक की शिनाख्त अपने बेटे सुशील पाल;27वर्षद्ध के रूप में की।पिता सन्तराम ने बताया रविवार की सुबह बेटा सुशील घर से बाइक लेकर निकला थाएदोपहर को रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना मिली।पुलिस को शव घटना स्थल से कुछ दूरी पर मृतक की बाइक भी खड़ी मिली।परिजनो ने बताया मृतक सुशील पीजीआई में पान की गुमटी चलाता जिससे होने वाली आमदनी से परिवार का खर्च चलता है।परिजनो को सुशील की मौत का पता चला तो घर में कोहराम मच गया निगोहा पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा है। वही सी ओ निगोहा सैय्यद नाइमूल हसन घटनास्थल पर पहुँच कर जांच पड़ताल किया ।व परिवारी जनों से पूछताछ कर मृतक के बारे में भी जानकारी हासिल की है।

## ठंड से बचाव के लिए मलिन बस्ती में हुआ कम्बल वितरण



**लखनऊ।** राजधानी सहित यूपी के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात में ठंड का तापमान नीचे ही गिरता जा रहा है। ऐसे में निर्धन वर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी के महानगर क्षेत्र की स्लम बस्ती पंतनगर एवं इंद्रप्रस्थ नगर के निर्धन वर्ग के परिवारों में रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में गर्म कम्बल का वितरण किया गया। इस स्लम बस्ती के निवासी घरों में काम करने वाले, रेहड़ी दुकानदारी एवं मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते है। कार्यक्रम आशा वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस दौरान बच्चो को बिस्किट एवं केले भी दिए गए। वितरण कार्यक्रम में आशा वेलफेयर फ ाउंडेशन के उपाध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर मौर्य, संस्था की सचिव ज्योति मेहरोत्रा मीडिया प्रभारी अजंली पांडे, युवा संगठन सचिव अभिषेक सिन्हा एवं सदस्य अनीता सिंह, पूजा सिंह, मीनाक्षी श्रीवास्तव, विमला रावत एवं शीबा खान उपस्थित रहे।

## बंद मकान को निशाना बना कर चोरों ने पार किए लाखों

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने मकान में घुसकर नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इससे पुलिस की गश्ती पर सवाल खड़े हो गए। पीड़ित जब घर वापस आया तो चोरी देख होश उड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश में जुट गई है । पुलिस के मुताबिक थाने पर शाहिद हुसैन पुत्र यावर हुसैन निवासी पिक्चर गैलरी के पीछे शीश महल ठाकुरगंज ने सूचना दी कि वह शनिवार को ही शाम करीब रात करीब 8.बजे अपने घर में ताला बंद करके परिवार के साथ अपनी साली के घर सीतापुर रोड गए थे और चाबी पड़ोसी को दे गए थे।

# नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

### बेरोजगार महिलाओं को बनाता था शिकार
### शारीरिक शोषण कर बनाता था वीडियो, अलग-अलग नाम से करता था जालसाजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नाम** बदलकर मुख्यमंत्री कार्यालय में काम करने का और नए-नए बेरोजगारों को ठगने नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारो महिलाओं को अपनी जाल में फंसा कर ठगी और शरीरिक शोषण करने वाले ठगबाज को सर्विलांस सेल व पारा पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी अब तक अलग.अलग नाम बदल कर कई लोगों को लाखों का चूना लगा चुका है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रवि कुमार के मुताबिक बीते वर्ष 18 नवम्बर को थाना पारा पर एक महिला ने दुष्कर्म समेत जालसाजी के मामले में उदित कुमार अवस्थी पुत्र अज्ञात हालपता जन सुनवाई केन्द्र पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उदित कुमार अवस्थी से राह चलते मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों में बीतचीत होने लगी। उदित अपने को अच्छे विभाग में नौकरी करना बताया गया। इतना ही नहीं महिला और उसके अन्य परिचितों को भी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि प्रलोभन में आकर पीड़िता ने अपने परिचित लोगों का पैसा उदित कुमार अवस्थी को दिलवाया। इसी दौरान फार्म भरवाने के बहाने से पीड़िता को आगरा ले गया जहां चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया और वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने लगा। आरोप है कि जून 2017 से अब तक लगातार अलग.अलग तरीकों से पीड़िता से लगभग 22 लाख रुपये और सोने व चांदी के जेवरात हड़प लिए। साथ ही पीड़िता से शारीरिक सम्बन्ध अलग.अलग जगहों पर बनाता रहा। तंग आकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस पीड़िता के द्वारा उपलब्ध कराये गये उदित के मोबाइल नम्बर और फोटो के माध्यम से तफ्तीश में जुट गई। इसी दौरान सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी उदित को आलमबाग बस स्टैन्ड से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संजय दूबे उर्फ बब्लू दूबे निवासी नटवर नगर धौली प्याऊ थाना हाईवे जनपद मथुरा बताया है। प्रभारी निरीक्षक पारा त्रिलोकी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अलग.अलग नाम बदल कर महिलाओं और बेरोजगारों को जाल में फंसा कर रुपये हड़पता था। आरोपी के पास मिले कागजात में उसका एक नाम मुदीत मोहन चौरसिया, दूसरा नाम मुदीत मोहन चौहान भी मिला है। छानबीन से यह पता चला है कि वह कई महिलाओं से बातचीत कर पैसों की ठगी करता है।

**छापेमारी के दौरान पकड़ी अवैध शराब, एक गिरफ्तार:** सहादतगंज अंसारनगर में रविवार को पुलिस ने छापे मारी में अवैध शराब पकड़ी गई तथा मौके से एक युवक को हिरासत में भी लिया गया है। छापेमारी में बरामद अवैध शराब को थाना सहादतगंज लाया गया। मोण् जुनैद के मकान में लंबे समय से किराए पर रह रहे कटरा आजम बेग निवासी मोण् शुऐब पुत्र जमील को हिरासत में ले लिया गया है।

## आवारा जानवरों के आने से ट्रक दरोगा के घर में जा घुसा

**निगोहां।** लखीमपुर से चीनी लादकर रायबरेली जा रहा ट्रक निगोहां कस्बे में अचानक आवारा जानवरों के झुंड आ जाने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और नाला पटरी और सड़क किनारे लगे हैंडपम्प तोड़ते हुए हाइवे किनारे बने एक रिटायर्ड दरोगा के घर से टकराते हुए पलट गया। घटना में ट्रक चालक और क्लीनर चोटिल हो गए। जिनका उवचार पास के निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं दरोगा के दमाद द्वारा निगोहां थाने पर मकान दरक जाने की तहरीर दी पुलिस जांच कर रही। कसौटी रायबरेली के ट्रक चालक प्रवीण ने बताया की वह अमेठी निवासी ट्रक क्लीनर मनीष के साथ लखीमपुर से चीनी लादकर रायबरेली जा रहा था तभी निगोहां कस्बे में अचानक आवारा जानवरों का झुंड हाइवे पर आ गया जिससे उनका ट्रक अनियंत्रित हो गया और नाला पटरी तोड़ते हुए हाइवे किनारे लगे हैंडपम्प को तोड़ते हुए एक मकान से टकरा कर जा पलटा। वहीं ट्रक की टक्कर लगने से रिटायर्ड दरोगा जवाहर राम का पूरा घर दरक गया। घटना में चालक प्रवीण और क्लीनर मनीष चोटिल हो गए। व ट्रक में लदी चीनी की बोरिया फटकर क्षतिग्रस्त हो गयी। जवाहर राम दरोगा के दमाद राजेश ने घर दरक जाने की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व तीन अदद ई रिक्शा की बैटरियां बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर आशियाना ने बताया कि शनिवार की रात उनकी पुलिस टीम गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में दो शातिर चोर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं और उसे बेचने के फिराक में हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम बाजारखाला निवासी दीपक चौबे व उपरोक्त निवासी गुड्डू बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पैशन मोटरसाइकिल व तीन अदद ई रिक्शा की बैटरियां बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कोरोना काल में सामने आया पुलिस का मानवीय चेहरा

**वार्षिकी**

## अपराधियों के डाली नकेल

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**गुजरा** साल 2020 कई मायनों में उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए काफी अहम रहा। करोना महामारी के संकट काल के दौर में जहां पुलिस का एक नया मानवीय चेहरा समाज के सामने आया वहीं अपराध के मोर्चे पर पूरी मजबूती के साथ लड़ते हुए माफियाओं व संगठित अपराधियों की कमर तोड़ने और उनके आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने में वह सफल रही। हालांकि अपनी कारगुजारियों के लिए बदनाम खाकी इस साल भी हरकतों से बाज नहीं आई। हाथरस, कानपुर और महोबा में हुई घटनाओं ने खाकी के दामन को तो दागदार किया ही साथ ही साथ प्रदेश सरकार की भी जमकर फजीहत कराई।

कोरोना संक्रमण की शुरुआत के दौरान लॉकडाउन लगने पर जब लोग पूरी तरह से अपने घरों में कैद हो चुके थे उस दौर में पुलिस ने पूरी मुस्तैदी के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर न सिर्फमोर्चा संभाला बल्कि आपदा में फंसे लोगों की पूरी तन्मयता के साथ मदद करते हुए मिसाल पेश की। पुलिस अफसरों ने लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने और बीच रास्ते में फंसे लोगों और विशेषकर प्रवासी मजदूरों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में भी कोई कोर कसर नहीं रख छोड़ी। फ्रंट लाइन पर ड्यूटी कर रहे सैकड़ों पुलिसकर्मी न सिर्फ करोना के शिकार हुए बल्कि कई को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। बावजूद इसके पुलिस की मुस्तैदी में कोई कमी नहीं दिखाई पड़ी। पुलिस की आपात सेवा यूपी 112 के जवानों ने तो लॉकडाउन के दौरान लोगों को उनकी जरूरत की वस्तुएं और दवा आदि पहुंचाकर जो मिसाल कायम की उसकी सोशल मीडिया से लेकर समाज के हर वर्ग में जमकर तारीफ हुई।समाज के लिए नासूर बन चुके अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस ने जो एनकाउंटर अभियान चलाया उसका नतीजा यह निकला कि शातिर से शातिर अपराधी न सिर्फ अपनी जमानत कटा कर जेल चले गए बल्कि कईयों ने तो गले में तख्ती टांग कर और खुद थाने पहुंचकर पुलिस के सामने समर्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस साल पहली बार पुलिस ने संगठित तौर पर माफिया और अपराधियों के आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने का बीड़ा उठाया। जिसके तहत पूर्वांचल के बाहुबली माफिया सरगना मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद सरीखे अपराधियों की करोड़ों की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर दी गई। उनकी अवैध अचल संपत्तियों पर पुलिस ने बुलडोजर चलवा दिया। 1 जनवरी 2020 से 26 दिसम्बर 2020 तक चिन्हित माफिया अपराधियों तथा उनके सहयोगियों की गैंगेस्टरवादों में धारा 14 के अन्तर्गत 733 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्ति कुर्क की गयी।

एक तरफ तो पुलिस ने माफियाओं व अपराधियों पर कार्रवाई का कीर्तिमान स्थापित किया वहीं दूसरी ओर वह अपने दामन को दागदार होने से नहीं बचा सकी। कानपुर के बिकरू कांड में खाकी और अपराधियों के बीच मजबूत गठजोड़ के नतीजतन एक सीओ सहित आठ पुलिसकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। घटना का सबसे गंभीर पहलू तो यह रहा कि पुलिसकर्मियों की जान लेने वाला शातिर अपराधी विकास दुबे खाकी की सरपरस्ती में ही अपना अपराधिक साम्राज्य पिछले 2 दशकों से अधिक समय से कायम किए हुए था। हालांकि बाद में पुलिस ने विकास दुबे सहित घटना में शामिल सभी अपराधियों को बारी बारी मुठभेड़ के दौरान मार गिराया लेकिन उसके दामन पर जो दाग लगा वह आसानी से नहीं धुल पाएगा। घटना में संलिप्तता के आरोप में थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी जेल भेजे गए व निलंबित किए गए। इतना ही नहीं थाना अध्यक्ष विनय तिवारी को संरक्षण देने के आरोप में तत्कालीन एसएसपी अनंत देव को भी निलंबित किया गया। हाथरस कांड में भी पुलिस की लापरवाही योगी सरकार पर भारी पड़ी। एक दलित लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हुई हत्या की घटना में पुलिस ने कदम कदम पर जो लापरवाही दिखाई उसका नतीजा यह निकला कि मामले ने राजनीतिक रंग धारण कर लिया। विरोधी पार्टियां योगी सरकार पर पूरी तरह से हमलावर हो गईं और इतना ही नहीं इस घटना की आड़ में जातीय दंगा भड़काने की भी पूरी कोशिश की गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हाथरस के एसएसपी को निलंबित करने के साथ ही सरकार को घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित करनी पड़ी। इस पर भी मामला शांत न होने पर सरकार ने प्रकरण की सीबीआई जांच के आदेश जारी किए। शुरुआती जांच में ही पुलिस का झूठ सामने आया और जिन अभियुक्तों को निर्दोष ठहराया जा रहा था उनके खिलाफसीबीआई को मजबूत साक्ष्य हाथ लगे। जिनके आधार पर वह अपनी चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।

इस साल पुलिस महकमे को आईपीएस अधिकारियों की करतूतों के चलते भी काफी शर्मसार होना पड़ा। महोबा में एसपी रहे मणिलाल पाटीदार ने तो अवैध वसूली में अपराधियों को भी पीछे छोड़ दिया। वसूली देने से मना करने पर पाटीदार ने एक व्यापारी को इस कदर प्रताड़ित कराया कि उसने मजबूर होकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पाटीदार को निलंबित किया गया और एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ केस भी दर्ज हुआ। पाटीदार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई राज्यों की खाक छान रही है। उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी होने के साथ ही 50000 का इनाम भी घोषित किया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात रहे डीआईजी अरविंद सेन तो करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के मददगार निकले। पशुपालन विभाग में ठेका दिलाने के नाम पर हुई ठगी में उन्होंने न सिर्फ अपराधियों का साथ दिया बल्कि उनके ऊपर घूस लेकर पीड़ित को ही धमकाने का आरोप लगा। इस प्रकरण में अरविंद सेन के साथ ही एक अन्य आईपीएस दिनेश चंद दुबे को भी निलंबित किया गया। अरविंद सेन भी फरार चल रहे हैं। कोर्ट द्वारा उन्हें भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। नोएडा के पूर्व एसएसपी वैभव कृष्ण का वीडियो कांड रहा हो या फिर आईपीएस अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर जारी हुए पत्र का मामलाण् इन सभी ने पुलिस महकमे की छवि को दागदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।


सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ
राजकुमार यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत– गंगेरवा,
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी।


सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ
बृजेश यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत– भद्दौर
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी।



सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ

विनोद कुमार सिंह
समाजसेवी
अरुणा सिंह
पूर्व–प्रमुख
विकास खण्ड –मुसाफिरखाना, अमेठी।
निवेदक– प्रदीप सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य

सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ
भानु प्रताप सिंह
रजिस्टार
उपनिबंधन– कार्यालय
तहसील– मुसाफिरखाना, अमेठी।


सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ
किस्मतुलनिशां
ग्राम प्रधान–हरगांव,
विकास खण्ड–जामों, अमेठी।

सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2021 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ


शिवसरन सिंह
प्रबंधक
बेंचू सिंह कनपुरिया इण्टर कालेज
जनापुर, विकास खण्ड–जामों, अमेठी

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 4 जनवरी, 2021



# विजय संकल्प के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरेगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- चुनाव के लिए जिले स्तर पर बीजेपी करेगी बैठकें
- 7 से 17 जनवरी तक आयोजित होंगी बैठकें

**नए साल** में बीजेपी ने पंचायत चुनाव को तैयारी तेज कर दी है। पंचायत चुनाव को लेकर जिले स्तर पर बीजेपी बैठके करेगी जिसके लिए क्षेत्रीय प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी मुख्यालय पर प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह की उपस्थिति व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल, प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा एव संजीव चौरसिया सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में तय किया गया कि पंचायत चुनाव को लेकर जिला स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएगीं। राधा मोहन सिंह, स्वतंत्र देव सिंह, सुनील बंसल व प्रदेश सहप्रभारियों सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में आगामी 7 से 17 जनवरी तक बैठकें सम्पन्न होगी। पार्टी ने स्वामी विवेकानंद जयन्ती 12 जनवरी को युवा मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना तैयार की है।

राधामोहन सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सर्वे और रिसर्च करने वाली फर्म मॉनिंग कंसल्ट के नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेट अप्रूवल रेटिंग 55 प्रतिशत है जो सबसे अधिक है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार गांव, गरीब, किसान के विकास को ध्यान में रखकर काम कर रही है। पार्टी के लिए पंचायत चुनाव महत्वपूर्ण है। क्योकि केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद ग्राम




पंचायत हो या शहरी निकाय सभी का बजट बढ़ाया गया है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले और गांवों का भी विकास हो। उन्होंने कहा पंचायत चुनाव में योग्य व कुशल नेतृत्व चुनाव जीतकर आये इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओ को निचले स्तर तक योजनापूर्वक कार्य करना चाहिए। पंचायत चुनाव में योग्य व कर्मठ लोगो के विजयी होने से गांवों के चहुमुखी के लक्ष्य को गति मिलेगी। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना से गांव, गरीब, किसान के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन की खुशहाली का संकल्प लिया है। इस संकल्प की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ईमानदार, निष्ठावान एवं गांव के विकास के लिए संकल्पित लोगों के चुनकर आने से ही पूर्ण सार्थकता प्राप्त होगी। इसलिए पंचायत चुनाव भाजपा की प्राथमिकता है। मोदी सरकार एवं योगी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पार्टी योग्य उम्मीदवारों का चयन करेगी जो अन्त्योदय के विचार को साकार रूप देंगे। सुनील बंसल ने कहा कि विजय के संकल्प के साथ पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरेगी। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता मोदी और योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं का संवाहक बनकर जनता के दरबार में पहुंचेगें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर को पश्चिम क्षेत्र, गोविन्द नारायण शुक्ला को प्रदेश मुख्यालय, अश्वनी त्यागी को ब्रज, अमरपाल मौर्य को अवध, सुब्रत पाठक को काशी, अनूप गुप्ता को गोरखपुरख प्रियंका सिंह रावत को कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र का प्रभारी घोषित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अब तक हुए कार्यों का व्यौरा रखा।

## डीसीपी ने पदोन्नत हुए आरक्षियों को लगाई तीन फीती

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त दक्षिणी रईश अख्तर ने रविवार को जानकीपुरम थाना परिसर में आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत हुए जानकीपुरम के आरक्षी शैलेन्द्र कुमार, गजेंद्र सिंह व यूपी.112 के अनस खान, आसिफ अली के तीन फीती लगाई। पुलिस आयुक्त ने सभी को लगन के साथ काम करने की सीख दी। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त राजेश श्रीवास्तव, एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह व इंस्पेक्टर रणजीत सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने गाजियाबाद हादसे पर दुःख व्यक्त किया

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद गाजियाबाद के मुरादनगर में शमशान घाट की छत गिरने के हादसे में हुई अनेक लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

## दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गाजियाबाद के मुरादनगर कस्बे में लिंटर गिरने से हुए हादसे में 18 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा के गम्भीर घायल होने की दुर्घटना ह्रदय विदारक है। उन्होंने मृतक आश्रितों से शोक संवेदना व्यक्त की है। मुरादनगर के श्मसान घाट में गैलरी की छत गिरने से यह दुर्घटना होना स्थानीय प्रशासन की लापरवाही भी जाहिर करती है। घटना के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

## कोरोना को लेकर स्वदेशी टीके का मायावती ने किया स्वागत

**लखनऊ।** कोरोना वैक्सीन को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के उलट बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोरोना टीके का स्वागत किया है। डीजीसीआई से दो कोरोना वैक्सीन की मंजूरी मिलने के बाद रविवार को बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट कर स्वागत करते हुए इसके लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। साथ ही मायावती ने साथ ही केंद्र सरकार से देश में सभी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ.साथ समाज के अति गरीब लोगों के लिए भी इस टीके की निशुल्क व्यवस्था करने का भी अनुरोध किया। बसपा सुप्रीमो ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अति.घातक कोरोनावायरस महामारी को लेकर आए स्वदेशी वैक्सीन ;टीकेद्ध का स्वागत व वैज्ञानिकों को बहुत.बहुत बधाई। साथ ही, केन्द्र सरकार से विशेष अनुरोध भी है कि देश में सभी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ.साथ सर्वसमाज के अति.गरीबों को भी इस टीके की मुफ्त व्यवस्था की जाए तो यह उचित होगा।

## पीजीआई कर्मचारी महासंघ का चुनाव 26 फरवरी को

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव 26 फरवरी को होगा। महासंघ के महामंत्री धर्मेश कुमार ने बताया कि गुप्त मतदान के जरिए वोट पड़ेंगे। चुनाव को लेकर अभी पूरे संस्थान में कर्मचारियों को वोटर बनाने का काम चल रहा है। चुनाव में वही कर्मचारी वोट डाल सकेंगे। जो कि महासंघ की सदस्यता ग्रहण करेंगे। अन्य कर्मचारियों को वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने बताया कि चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। अध्यक्ष और महामंत्री समेत कुल 21 पदों पर चुनाव होगा। चुनाव कराने के बारे में पीजीआई के निदेशक, उपश्रमायुक्त, रजिस्ट्रार आदि को जानकारी दे दी गई है।

## पीजीआई ने माइग्रेन की नई स्टेप हेडक की खोज की

**लखनऊ।** पीजीआई ने माइग्रेन के नए लक्षण की खोज की है। इस खोज में सामने आया है कि पैदल चलने या दौड़ते वक्त पैर के कदम जमीन पर पड़ते ही सिर में धम्म के साथ तेज दर्द उठता है और यह दर्द तेज हो जाए, यह स्टेप हेडक हो सकता है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। यह खोज पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. सुनील प्रधान ने की है। डॉ. सुनील प्रधान के मुताबिक ओपीडी में करीब दो हज़ार से अधिक सिर दर्द के मरीज़ों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें से 150 मरीजों के लक्षण दूसरों से अलग थे। इन मरीजों के अध्ययन में माइग्रेन के नए लक्षण का पता चला। मरीजों और उनके घरवालों से बातचीत में पता चला कि इनके पैदल चलने पर सिर में तेज दर्द उठता है। हर कदम के जमीन पर पड़ते ही सिर में तेज धमक महसूस होती है। सिर में असहनीय पीड़ा होती है। दर्द उठने पर मरीज का मन लेटने को करता है। डॉ. प्रधान के इस शोध को जर्नल ऑफ न्यूरो साइंस इन रूरल प्रैक्टिस ने स्वीकार किया है।

# लखनऊ से गोण्डा तक मदद के लिए बढ़े हाथ तब जागा प्रशासन

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कम्बल की** आस में ठिठुरते हुए पिछले 15 दिन से तहसील की चौखट पर एड़ियां घिस रही बुजुर्ग महिलाओं की मदद के लिए लखनऊ से गोण्डा तक के लोगों ने हाथ बढ़ाया तब जाकर तहसील प्रशासन की नींद खुल सकी। अफसरों की फटकार के बाद रविवार को बुजुर्ग पियारा को तहसीलदार आवास लाकर राजस्वकर्मियों ने कम्बल ओढ़ाकर ठिठुरन से राहत दिलाई। फिर पहनने के लिए स्वेटर और खाने के लिए कुछ रुपये भी दिए। हालांकि सब्जी मण्डी के पीछे मोहल्ले में रहने वाली रामपति को अब तक राजस्वकर्मी कम्बल मुहैया नहीं करा सके हैं।



मोहनलालगंज कस्बे में रेलवे क्रासिंग के निकट रहने वाली 105 वर्ष की पियारा और सब्जीमण्डी के पीछे मोहल्ले में रहने वाली रामपति पिछले 15 दिन से कम्बल की आस में तहसील की चौखट पर कड़ाके की सर्दी में ठिठुरते हुए सुबह से ही आकर डट जातीं हैं। दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने तहसीलदार आवास के सामने उस रास्ते को चुना है जिधर से तहसील अधिकारियों का आवागमन रहता है। रविवार को पायनियर में दोनों बुजुर्ग महिलाओं की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद उप्र पंचायतीराज ग्रामीण सफाईकर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव और गोण्डा में नौकरी कर रहे कस्बे के ही अभय बाजपेई ने पायनियर संवाददाता को फोन कर बुजुर्ग महिलाओं की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उधर तहसील प्रशासन ने भी मातहतों को फटकार लगाकर जवाब-तलब किया। जिसके बाद राजस्वकर्मियों ने बुजुर्ग पियारा को तहसीलदार आवास लाकर मदद दी। हालांकि पता नहीं चलने का बहाना बनाकर बुजुर्ग रामपति को अब भी कम्बल नहीं दिया जा सका है।

### कमलेश की मदद में लापरवाही का रोड़ा

मोहनलालगंज के दहियर निवासी भूमिहीन कमलेश की मदद में राजस्वकर्मियों और पंचायत सचिव की लापरवाही ने रोड़ा अटका दिया है। बारिश में ढ़ही कमलेश की कोठरी की हकीकत देखकर भी राजस्वकर्मियों की ओर से अब तक आपदा में नुकसान की रिपोर्ट अधिकारियों के माध्यम से ब्लाक प्रशासन को आवास मुहैया कराने के लिए नहीं दी जा सकी है। लिहाजा कमलेश को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने की संभावना क्षीण होती जा रही है। उधर ग्राम पंचायत सचिव और आपूर्ति अधिकारियों की लापरवाही से कमलेश के परिवार को अब तक राशन कार्ड मुहैया नहीं कराया जा सका है। लिहाजा गरीब परिवार को खाद्यान्न के अभाव में किसी-किसी दिन भूखे रहकर गुजारा करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पायनियर में गरीब कमलेश के परिवार की हकीकत उजागर होने के बाद एसडीएम ने टीम भेजकर जांच कराने के साथ परिवार को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए कम्बल मुहैया कराए हैं। लेकिन बेबस परिवार को दूसरी योजनाओं का लाभ देने के लिए मातहतों ने अब तक एसडीएम को रिपोर्ट नहीं दी है।

# नए स्ट्रेन की दहशत में राजधानी, स्वास्थ्य विभाग ने किया खंडन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में रविवार को कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के दो मरीजों में पाए जाने की अफवाह से दहशत फैल गई। हालांकि राजधानी के सीएमओ ने इसका खंडन करते हुए नए स्ट्रेन के मरीज के पाए जाने से इनकार किया है।

दरअसल पुलिस और प्रशासन की ओर से राजधानी के कुछ इलाकों में यह अनाउंसमेंट किया गया कि आप लोगों को 11 जनवरी तक घर से बिल्कुल बाहर नहीं निकलना है। लॉकडाउन की तरह तब तक आप सभी के घर जरूरी सामानों को मुहैया कराया जाएगा। इसके बाद नए स्ट्रेन के मरीज सामने आने की अफवाह फैल गई। सीएमओ डॉ संजय भटनागर ने बताया कि नए स्ट्रेन का कोई मामला सामने नहीं आया हैएबल्कि हाई कंटेन्मेंट जोन में और अधिक सख्ती बरती जा रही है। ताकि पूरी तरह संकमण पर काबू पाया जा सकेए हालांकि वह यह नहीं बता सके कि हाई कंटेन्मेंट जोन में क्या कुछ ऐसा नियम बनाया गया है कि आसपास के लोग भी बिल्कुल घर से बाहर नहीं निकल सकते। उन्होंने कहा कि इस बारे में प्रशासन के अधिकारी ही बता सकते हैं।

### इन इलाकों पर विशेष फोकस

कानपुर रोड की मानसरोवर कॉलोनीए अलीगंजए चिनहटए इंदिरा नगर पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इन इलाकों में बैरिकेडिंग के साथ ही लाउडस्पीकर से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। 5 से अधिक मरीज मिलने पर संबंधित परिवार और अगल.बगल के लोगों को बाहर निकलने से रोका जा रहा है। उन्हें जरूरत की चीजों के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वालों की सूची भी सौंपी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जहां ज्यादा मरीज हो वहां चौकसी उतनी ही अधिक रखी जाए।

# सुशांत गोल्फ सिटी में अनियंत्रित स्कार्पियो मकान में घुसी, महिला घायल

## पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, दी तहरीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सुशांत** गोल्फ सिटी इलाके में रविवार की दोपहर गाड़ी को लापरवाही से चलाते हुये सरस्वती पुरम में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित हो गई। स्कार्पियो अनियंत्रित होने के दौरान एक मकान की दीवार तोड़कर घर मे घुस गईए जिससे एक महिला गंभीर रुप से लहूलुहान होकर चोटिल हो गई। पीड़ित जितेंद्र के मुताबिक सरस्वती पुरम निवासी मां रानी यादव 45वर्ष अपने मकान में बैठी थी। तभी दोपहर करीब ढाई बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियो बिना नम्बर हूटर बजाते हुए अनियंत्रित होकर उनके घर मे गुस गई। जिससे घर की दीवार टूट गई दीवार टूटने से मां को लहूलुहान हाकर उन्हे गंभीर चोट आ गई। पीड़ित ने घायल मां को क्षेत्र के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने अज्ञात में स्कार्पियो मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। स्कार्पियो में सत्ता पक्ष का झंडा भी लगा हुआ था। ऐसा पुलिस का कहना है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस मामले को समझौता कराने का दबाव बना रही है। पुलिसिया सूत्रों का कहना है कि किसी रसूखदार कर फोन आने के बाद समझौता कराने का दबाव है।

### दक्षिण भारत दर्शन के लिए विशेष ट्रेन का संचालन

**लखनऊ।** नव वर्ष के उपलक्ष में आईआरसीटीसी द्वारा दक्षिण भारत दर्शन हेतु विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान स्टैचू ऑफयूनिटी के साथ 4 ज्योतिर्लिंग एवं साबरमती आश्रम भ्रमण कराया जाएगा। यात्रियों की भ्रमण मांग पर इंडेन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा जनवरी में दक्षिण भारत दर्शन यात्रा आयोजित की जा रही है। यह यात्रा ट्रेन 28 जनवरी से 6 फरवरी तक 9 रात्रि 10 दिन की होगी। इस यात्रा पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति ?9450 है। इसके अंतर्गत कांचीपुरमए कन्याकुमारीए रामेश्वरम ;रामनाथ स्वामी मंदिरद्ध एवं मदुरई ;मीनाक्षी मंदिर दर्शनद्ध यात्रा कराई जाएगी इस ट्रेन में बैठने की सुविधा गोरखपुरए देवरिया सदरए मऊए वाराणसीए जौनपुरए फैजाबादए बाराबंकी लखनऊए कानपुर और झांसी से उपलब्ध है। दक्षिण भारत दर्शन यात्रा के इस पैकेज में नाश्ता दोपहर और रात्रि का शाकाहारी भोजन स्थानी यात्रा बसों द्वारा तथा धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था आईआरसीटीसी करेगा।उक्त यात्राओं की बुकिंग आईआरसीटीसी कार्यालय वआईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा सकती है

# लॉजिस्टिक्स सेक्टर की पहली निवेश परियोजना को यूपी सरकार ने दी हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने लखनऊ में वेयरहाउसिंग इकाई की स्थापना के लिए राज्य की वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति-2018 के तहत पहले निवेश प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्राधिकार प्राप्त समिति की संस्तुति पर औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने मेसर्स नानक लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निवेश प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। उक्त वेयरहाउसिंग इकाई को लखनऊ के सरोजनी नगर के भउकापुर गाँव में 86000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में लगभग 85 करोड़ की लागत से स्थापित किया जा रहा है। एसीएस इंडस्ट्री आलोक कुमार ने बताया कि वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश के लिए राज्य सरकार को लगभग 438 करोड़ के 6 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से अनुमोदित इकाई राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने वाली पहली परियोजना है। राज्य सरकर ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को उद्योग का दर्जा प्रदान करने के अतिरिक्त लॉजिस्टिक पार्कों के विकास के लिए पात्रता सीमा को 50 एकड़ से घटाकर 25 एकड़ कर दिया है। निर्धारित मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन के निष्कर्षों के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रतिस्पर्धी दरों पर लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था में सुगमता तथा लॉजिस्टिक्स अवस्थापना की गुणवत्ता के मापदंडों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

# सेमेस्टर परीक्षा बाद स्टूडेंट्स दे सकेंगे मूल्यांकन को चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- चैलेंज इवैल्यूएशन में 20 फीसदी से अधिक मार्क्स में परिवर्तन आने पर शिक्षकों पर कार्रवाई तय

**जनवरी के** अंत से शुरू हो रही सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम को लेकर स्टूडेंट्स मूल्यांकन को चुनौती दे सकेंगे। परीक्षा परिणाम से नाखुश स्टूडेंट्स की मांग पर अगर दोबारा मूल्यांकन होने पर 20 फीसदी से अधिक मार्क्स में परिवर्तन आने पर शिक्षकों पर कार्यवाही की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय ने चैलेंज इवैल्यूएशन को प्रभावी बना दिया है। चैलेंज इवैल्यूएशन में एक स्टूडेंट्स के 20 फीसदी मार्क्स बढ़ने पर इवैल्यूएशन करने वाले टीचर को नोटिस, 3 स्टूडेंट्स के मार्क्स में परिवर्तन आने पर इवैल्यूएशन करने वाले टीचर का पारिश्रमिक काटने और 5 स्टूडेंट्स के मार्क्स में परिवर्तन आने पर इवैल्यूएशन करने वाले टीचर को परीक्षा से डिबार कर दिया जाएगा।

स्टूडेंट्स ऐसे कर सकते हैं चैलेंज इवैल्यूएशन के लिए आवेदन: चैलेंज इवैल्यूएशन के लिए आरटीआई के शुल्क 300 रुपये रखा गया है। इसमें 30 दिन के अंदर स्टूडेंट्स को ऑनलाइन स्कैन कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। यदि कॉपी देखने के बाद स्टूडेंट्स इवैल्यूएशन से संतुष्ट नही है तो वह इवैल्यूएशन का शुल्क 2500 जमा कर चैलेंज कर सकता है। इवैल्यूएशन चैलेंज होने पर सम्बंधित विभाग प्रमुख चार सदस्यों की कमेटी का नाम कुलपति को भेजेंगे। जिनमे दो के नाम पर कुलपति का एप्रूवल होगा। एप्रूवल के बाद पूर्व में प्राप्त अंको को छिपा कर मूल्यांकन कराया जाएगा। मूल्यांकन के बाद दोनों नम्बरों का आंकलन किया जाएगा। यदि स्टूडेंट्स के नम्बर बढ़ते हैं तो जमा 2500 रुपये शुल्क में से 1000 रुपये वापस कर दिए जाएंगे।

# निराश्रित गोवंश के लिए चारे और गोपालकों को मानदेय का संकट

## सवा दो करोड़ बकाया

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सवा दो** करोड़ की बकाएदारी ने मोहनलालगंज तहसील के 32 निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में कैद पांच हजार से अधिक गोवंश के लिए चारे और गोपालकों के लिए मानदेय का संकट ला दिया है। अधिकतर पंचायतों में राज्य वित्त आयोग की धनराशि भी उपलब्ध नही है लिहाजा गोपालकों को महीनों से मानदेय नहीं मिल पा रहा है। उधर प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद धनाभाव से प्रशासक और सचिवों के लिए आश्रय केन्द्रों का संचालन करना बेहद मुश्किल होने लगा है। समस्या बढ़ती देख ब्लाक अधिकारी पशुपालन विभाग के अफसरों से लगातार धनराशि मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं।



मोहनलालगंज तहसील के गोशाईगंज ब्लाक में संचालित 11 निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में तकरीबन 1300 और मोहनलालगंज ब्लाक के 21 निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में लगभग 4000 निराश्रित गोवंश रखे गए हैं। आंकड़ों की मानें तो अक्टूबर माह से ग्राम पंचायतों में चारे के लिए धनराशि नहीं भेजी गई है। इस तरह तहसील भर के तकरीबन 5300 निराश्रित गोवंश के लिए तीन माह में लगभग सवा दो करोड़ की धनराशि बकाया है। बकाएदारी बढ़ने से हरा चारा और भूसा तो दूर गोवंश के लिए पुआल का इंतजाम भी मुश्किल होने लगा है। वहीं आश्रय केन्द्रों में गोवंश की देखरेख कर रहे गोपालकों को तीन माह से मानदेय नही मिल पाने से उनके परिवार की आजीविका चलना मुश्किल हो रहा है। हाल ही में गोशाईगंज दौरे पर आए अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास और पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह से भी अधिकारियों ने चारे के लिए धनराशि की समस्या बताई थी। फिर भी समस्या का अब तक समाधान नहीं हो सका है। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया मोहनलालगंज ब्लाक में तकरीबन पौने दो करोड़ और गोशाईगंज ब्लाक में लगभग 45 लाख चारे की बकाया धनराशि के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया जा रहा है। धनराशि मिलते ही चारे और गोपालकों के बकाया का भुगतान कराया जाएगा।

**बैंक एकाउण्ट संशोधित कराने के निर्देश:** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब पंचायतों में निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में चारे की धनराशि के लिए खुला बैंक एकाउण्ट संशोधित कराने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने सभी सचिवों को प्रशासक के साथ खाता संचालन की प्रक्रिया पूरी कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

आश्रय केन्द्रों में गोवंश की सत्यापन रिपोर्ट भी तलब: मोहनलालगंज तहसील के निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में रखे गए गोवंश की संख्या की गिनती कर सत्यापन करने में लापरवाही की शिकायतें सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को हिदायत देने के साथ ही क्रास चेकिंग कराने की तैयारी भी शुरु की है। सूत्रों की मानें तो जल्द ही अधिकारियों को जुटाकर गोवंश की संख्या का नए सिरे से सत्यापन कराने की तैयारी है।

## सी.एम.एस. छात्रा को एक लाख अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्रा अंजली तिवारी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सैन फ्रांसिस्को द्वारा 1,00,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अंजली को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर उच्चशिक्षा हेतु विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अंजली को बधाई देते हुए विद्यालय के विद्वान व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

## यूपी महोत्सव: अवधी लोकगीतों व राजस्थानी नृत्य ने बांधा समां



**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव.2020 की 11वीं सांस्कृतिक संध्या में अवधी लोकगीतों व राजस्थानी नृत्य ने समां बांधा। वही जादू के हैरतअंगेज कारनामे देख सभी दंग रह गए। सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। फिर नन्ही स्वरा त्रिपाठी ने गणेश वंदना आओ गजानन आके भक्तों का मान बढाओंण् पर भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य से सभी को भक्ति के सागर में डुबो दिया। इस प्रस्तुति के उपरान्त सरिता सिंह के नृत्य निर्देशन में नव्या सिंह ने ओ री चिरैया गीत पर नृत्य कर लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ के लिए प्रेरित किया। संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में वागीशा पन्त ने हमरी अटरिया पे पर अवधी लोकनृत्य और नेहा तिवारी ने मेरा 80 किलो का लहंगा गीत पर आकर्षक राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता लिया। इसी क्रम में षौर्य सिंह ने माई तेरी चुनरिया और स्वरा त्रिपाठी ने क्या क्या नजारे दिखाती है अंखिया अंखिया गीत पर थिरक कर लोगों का मन मोहा।

# चार विधान सभा क्षेत्रों में होंगे करोड़ों से विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर क्लब में आयोजित गोरखपुर शहर, ग्रामीण, पिपराइच तथा चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में कुल लगभग रू. 575 करोड़ की लागत की 35 परियोजनाएं जिसमें 14 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 21 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

कुल रू. 14997.26 लाख की लागत से लोकार्पित परियोजनाओं में रू. 217.65 लाख की लागत से शहीद स्मारक चौरी चौरा के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य, रू. 4192.15 लाख की लागत से वित्तीय वर्ष 2017-18 में राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत गोरखपुर-महराजगंज-निचलौल मार्ग (झुंगिया चुंगी) से फर्टिलाइजर गेट तक मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व नव निर्माण का कार्य, रू. 96 लाख की लागत से जिला चिकित्सालय में एम.आर.आई. मशीन की स्थापना के लिए अतिरिक्त कक्ष/भवन का निर्माण, रू. 210 लाख की लागत से जिला महिला चिकित्सालय में ओ.टी. उच्चीकरण माडयुलर ओ.टी. की स्थापना, रू. 80 लाख की लागत से कन्सट्रक्शन आफ मल्टी परपज सीड स्टोर एण्ड टैक्नोलोजी डिसमिनेशन सेन्टर राजकीय कृषि विद्यालय, रू. 311 लाख की लागत से राजकीय बौद्ध संग्रहालय के सुदृढ़ीकरण का कार्य, रू. 763.14 लाख की लागत से बी.आर.डी. मेडिकल कालेज में वार्ड संख्या 1, 2, 4, 8 एवं ट्रामा सेन्टर का जीर्णोद्धार/रेनोवेशन के कार्य, रू. 63.00 लाख की लागत से ए.डी. राजकीय कन्या इंटर कालेज परिसर में इंटरलाकिंग एवं क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य, 1886 लाख की लागत से रामगढ़ताल के सौन्दर्यीकरण की योजना (नया सवेरा), रू. 100 लाख की लागत से राजकीय उद्यान के बाउंड्रीवाल जीर्णोद्धार प्रथम चरण में 540 मीटर एवं कर्मचारियों हेतु टाइप-2 आवास 2नग का कार्य, रू. 593.20 लाख की लागत से संकेत राजकीय मुकबधिर विद्यालय छात्रावास एवं आवासीय भवन निर्माण, रू. 80 लाख की लागत से कन्सट्रक्शन आफ मल्टी परपज सीड स्टोर एण्ड टैक्नोलोजी डिसमिनेशन सेन्टर राजकीय कृषि बीज भण्डार, रू. 6217 लाख की लागत से महेवा चुंगी से मलौली बंधा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तथा रू. 188.12 लाख की लागत से मण्डलीय कारागार गोरखपुर में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल शहीद स्मारक के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का लाभ सभी को प्राप्त होगा। विकास हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए, विकास हम सबके जीवन में परिवर्तन लाने के साथ रोजगार सृजन एवं अनेक सम्भावनाओं को लायेगा। आने वाली पीढ़ी के लिए विकास एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना है। इस अवसर पर महापौर सीता राम जायसवाल, सदर सांसद रविकिशन, विधायक सदर डा. राधा मोहन दास अग्रवाल, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह, पिपराइच महेन्द्रपाल सिंह, चौरी चौरा संगीता यादव ने स्वागत उद्बोधन किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद एवं अन्य जन प्रतिनिधि गण के साथ मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन आदि उपस्थित रहें।

## सीएम ने किया 83.65 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सहजनवा के मुरारी इंटर कालेज में रू. 83.65 करोड़ से अधिक लागत की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने शहीद स्मारक डोहरिया कला का सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य, जैतपुर बोक्टा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, महामाया आई.टी पालीटेक्निक हरिहरपुर, सीड स्टोर नगर पंचायत संग्रामपुर, ग्राम तिघरा में तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं ग्राम रूदाईन उर्फमझगाव में राजकीय इंटर कालेज का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने तहसील बासगांव, तहसील सहजनवा में अधिवक्ता चेम्बर, गीडा में नया थाना भवन, आई.टी.आई खजनी एवं आई.टी.आई. बासगांव में कार्यशालाओं, थ्योरी कक्षों एवं अन्य निर्माण कार्य, गगहा गजपुर में नगवा नर्रे में किमी. 01 से 8 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, उरूवा बाजार में चचईराम मठ का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास के कार्यों का शिलान्यास भी किया।

### सभी को मिलेगा परियोजनाओं का लाभः योगी आदित्यनाथ

**इस अवसर** पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का लाभ सभी को मिलेगा। अधिवक्ता चेम्बर के निर्माण से अधिवक्ता गण को सुविधा होगी तथा गरीबों को न्याय दिलाने के लिए अच्छा माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता स्वामित्व योजना एवं पैमाइश योजना का लाभ आम जन को दिलाने के लिए अपनी पूरी क्षमता एवं उर्जा का प्रयोग करें और समाज के निचले तबके को इसका लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि सहजनवा विधानसभा में पूर्व में उनवल उर्फकस्बा संग्रामपुर को नगर पंचायत बनाया गया था। अब घघसरा को भी नगर पंचायत बनाया जायेगा जिससे वहां पर तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच से ही विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का उद्देश्य गरीबों के चेहरे पर खुशहाली लाना है, गांव तक विकास की योजनाओ को पहुंचाना, नवजवानों को रोजगार के साथ जोड़ना और हर एक नागरिक के लिए न्याय को सरल एवं सुलभ बनाये की दिशा में सरकार और भी प्रभावी कदम उठा सके इसलिए सभी कार्यक्रम एवं अभियान चलाये जा रहे है। पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे से इस क्षेत्र को जोड़ा जा रहा है, औद्योगिक इकाइयों का गठन किया जा रहा है जिससे उद्योग लगेगा और रोजगार सृजन होगा और लोग पलायन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के इस दौर में अभी सावधानी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लिए धन की कमी आड़े नही आने दी जायेगी। विगत 6 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर बदल दी है। आज शहीद स्मारक डोहरिया कला के कार्य का लोकार्पण भी हुआ है। सन् 1942 में डोहरिया कला में भारत छोड़ों आन्दोलन में क्रांतिकारियों ने क्रांति का अलख जगाने का कार्य किया था, क्रांतिकारियों के बलिदान हमे निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास के सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण किये जायें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर सदर सांसद रविकिशन, राज्य सभा सांसद जयप्रकाश निषाद, विधायक सहजनवा शीतल पाण्डेय, विधायक खजनी संत प्रसाद आदि उपस्थित रहें।

# समाज में फैली बुराइयों पर कटाक्ष भी करते हैं चित्र

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर




**बनाए गए** चित्र सिर्फ कला के प्रति उसके हुनर का प्रदर्शन ही नहीं करते हैं बल्कि उसके चित्र रंगों के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों पर कटाक्ष भी करते हैं और यह रंगीन, काले सफेद चित्र इन बुराईयों को दूर करने का संदेश भी देते हैं। चित्रकला के माध्यम से कुछ ऐसा ही संदेश स्मृति शेष डा. राजीव कुमार श्रीवास्तव 'केतन' को समर्पित संस्कार भारती द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में दिया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स सम्मिलित है। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग दुर्गाबाड़ी स्थित सभागार में यह अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय रक्षा अध्ययन के वरिष्ठ आचार्य प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, ललित कला संगीत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर भारत भूषण, संस्कार भारती के राष्ट्रीय नाट्य प्रमुख रविशंकर खरे, प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर शरद मणि त्रिपाठी, हरिप्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कैटलॉग का विमोचन भी किया गया। प्रदर्शनी में देश के अलावा 38 विदेश के 575 प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए चित्र प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में कलाकारों ने प्रकृति, बचपन को बचाने, बालश्रम, महाभारत युद्ध आदि चित्रों के माध्यम से दिए। प्रदर्शनी में आनलाइन उपस्थित राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष सीताराम कश्यप ने कहा कि जब कोई कलाकार हमे असमय छोड़कर चला जाता है तब उसकी रचनाएं उसे जिंदा रखती है। बहरीन के शुबो सरकार ने कहा कि संस्कार भारती ने जिस कलाकार की स्मृति में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया है उस कलाकार को ईश्वर ने असमय ही हमसे दूर कर दिया। इसके पूर्व संस्था का ध्येय गीत नूपुर सरकारी, उर्वशी श्रीवास्तव, तनिष्का श्रीवास्तव, पूजा निषाद, अनु, ऐश्वर्या आदि ने प्रस्तुत किया। महामंत्री प्रेमनाथ ने अथितियों का परिचय कराया। आभार ज्ञापन संयोजक डॉ. रेखा रानी शर्मा, संचालन रीता श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. आशीष, कन्हैया श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, त्रिपुरारी मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव ,डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, विश्व मोहन तिवारी, सुधा मोदी, रीना जयसवाल आदि उपस्थित रहें।

## 12 जनवरी को होगा उपजा का चुनाव

**अयोध्या।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अयोध्या इकाई की एक आवश्यक बैठक सेनानी भवन में हुई जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी को अयोध्या इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य प्रदीप श्रीवास्तव को चुनाव संयोजक भी बनाया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उपजा की एक टेलीफोन डायरेक्टरी प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित के निर्देशन में तैयार की जाएगी। संगठन का सदस्यता फार्म भी भरा जाएगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। अयोध्या इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता के जन्मदिन कार्यक्रम का भी निर्णय लिया गया जो होटल स्टार सिटी के सभागार में किया जाएगा तथा उसी दिन चुनाव भी संपन्न होगा। बैठक में संगठन के संरक्षक व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप श्रीवास्तव महामंत्री डीके तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता संगठन मंत्री मोहम्मद तुफैल उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया संगठन मंत्री राकेश तिवारी उदयन आर्य सुबोध श्रीवास्तव कृपा शंकर तिवारी रवि मौर्य उमेश सिंह रज्जू सिंह नौशाद आलम आशुतोष सिंह ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

# सद्गुरु बधाई भवन में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ संपन्न

**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या सिद्ध संतों की तपस्थली रही है और अयोध्या को तपस्या और वैराग्य के लिए ही जाना जाता है। स्वर्गद्वार स्थित सिद्ध पीठ सद्गुरु बधाई भवन मंदिर के द्वितीय आचार्य सिद्ध संत महंत आचार्य जानकी शरण जी महाराज की 18वीं पुण्यतिथि पर उनके मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम 3 दिन तक चला और विधिवत पूजन अर्चन और अभिषेक के बाद श्री महाराज जानकी शरण जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई और इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर अयोध्या के संतो महंतों की श्रद्धांजलि सभा और बृहद भंडारा भी किया गया। सद्गुरु बधाई भवन के महंत राजीव लोचन शरण जी महाराज ने बताया कि श्री महाराज जी सिद्ध संत थे गौ सेवा संत सेवा आश्रम से निरंतर चलता रहता था और ठाकुर जी के जन्म महोत्सव पर उल्लास के साथ ठाकुर जी का बधाई गीत गाया जाता था और श्री गुरुदेव भगवान निरंतर बधाई गीत गाते रहते थे। श्री महाराज जी ने बताया कि गुरुदेव भगवान के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर परिसर में उनके 18वें पुण्यतिथि महोत्सव पर विधिवत पूजन अर्चन के साथ किया गया यह महोत्सव पिछले 3 दिन से चल रहा था तीनों दिन गुरुदेव भगवान का पूजन अभिषेक किया गया और आज अयोध्या के सभी संत महंत सद्गुरुदेव भगवान को पुष्पांजलि अर्पित कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भागीदार बने। मूर्ति प्राण.प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य रूप से बावन मंदिर महंत वैदेहीवल्लभ शरण, रंगमहल महंत रामशरण दास, जगतगुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य, आचार्य रत्नेशए दशरथ महल विंदुगाद्याचार्य के कृपापात्र रामभूषण कृपालु, हनुमत निवास महंत सियाशरण, हनुमत हरिराम सदन महंत रामलोचन शरण, महंत अवधकिशोर शरण, रमैया बाबा स्थान महंत रविशंकर शरण, मोतिहारी मंदिर महंत रामप्रवेश दास, चौबुर्जी महंत बृजमोहन दास, जानकी कुंज महंत वीरेंद्र दास, रामानंद महंत प्रभुनारायण दास, महंत पवनकुमार शास्त्री, केके नायक, राकेश तिवारी, लल्ला दूबे, सुधीर गौर आदि उपस्थित रहे।

# बाइक से गिरकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री की दुखद मौत

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**इनायत** नगर थाना क्षेत्र के बरम बाबा देवस्थान के सामने सड़क पर हुए गड्ढे में अनियंत्रित होकर बाइक सवार आंगनबाड़ी कार्यकत्री गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन.फानन में घायल कार्यकत्री को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान कार्यकत्री की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिल्कीपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती वंदना सिंह उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी अवधेश सिंह उर्फ कल्लू बीते शनिवार को अपने बड़े बेटे के साथ बाइक से फैजाबाद गई थी। जहां से वह देर शाम करीब 6 बजे अपने घर वापस लौट रही थी। वह इनायत नगर थाना क्षेत्र के फैजाबाद रायबरेली रोड स्थित बरम बाबा देवस्थान के पास पहुंची थी कि सड़क पर हुए बड़े.बड़े गड्ढों में बाइक अनियंत्रित हुई जिसके चलते उनके हाथ में पकड़ा गया सामान गिरने लगा जिसे बचाने के चक्कर में वह बाइक से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने आनन.फानन में घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख लखनऊ रेफर कर दिया परिजन लखनऊ स्थित सहारा हॉस्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान कार्यकत्री वंदना सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती वंदना सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठन की ब्लॉक नेत्री भी थी।

# 11 अप्रैल को आयोजित सर्व धर्म समूह विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

- पीके ट्रस्ट करा रहा रजिस्ट्रेशन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


पंजीकरण के दौरान मौजूद पदाधिकारी — पायनियर

**प्रभावती** कैलाश (पीके) चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा निर्धारित आगामी 11 अप्रैल को होने वाले सर्व धर्म समूहिक विवाह समारोह के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत अभिनंदन मैरिज हॉल में रविवार को शुरू कर दी गई। जिसमें पहले दिन जनपद के विभिन्न स्थानों से आए हुए कुल 7 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया। गरीब असहाय परिवार की बेटियों के लिए होने वाले इस सर्व धर्म समूह विवाह आयोजन के उपलक्ष में ट्रस्ट के संरक्षक व हिंदुस्तान एंव अभिनंदन मैरिज हॉल के मालिक शुजात अली खान ने 11 अप्रैल तक अपनी बेटियों एवं बेटों के विवाह के लिए मैरिज हॉल की बुकिंग करने वाले अन्य सभी परिवारों को बुकिंग राशि में 25: छूट करने की भी घोषणा की। बता दे कि प्रभावती कैलाश चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लाकडाऊन से ही समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए गरीब असहाय परिवारों को राशन वितरण, 78 बच्चों को पुलिस अधीक्षक के संयुक्त प्रयास से शिक्षा देने का कार्य, वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने सहित कई कार्यक्रम गरीबों के हित में चलाए जा रहे हैं। उसी क्रम में इस ट्रस्ट के द्वारा गरीब असहाय परिवारों की बेटियों के हाथ पीले करने का सबसे पुनीत कार्य आगामी 11 अप्रैल को इन्हीं मैरिज हाल में किया जाना है। जिसके लिए ट्रस्ट के द्वारा हिंदुस्तान मैरिज हॉल में बाकायदे एक समारोह आयोजित कर रजिस्ट्रेशन का कार्य रविवार को शुरू किया गया। समारोह में मौजूद वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश यादव,संरक्षक शुजात अली खान, डॉक्टर हिमायतुल्लाह खान, डॉक्टर शोएब अख्तर का मौजूद लोगों ने ताली बजाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक एवं हिंदुस्तान व अभिनंदन मैरिज हाल के मालिक शुजात अली खान सर्व धर्म समूह विवाह आयोजन को सबसे पुनीत कार्य एवं ट्रस्ट के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए संस्थापक/अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव की तारीफकरते हुए कहा कि सर्व धर्म समूह विवाह के रजिस्ट्रेशन के उपलक्ष में आज की तारीख से 11 अप्रैल तक मैरिज हॉल की बुकिंग करने पर उन्हें बुकिंग राशि में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।इस दौरान जनपद के महरुआ, बिरहाड़, अजमेरीबादशाहपुर, पैंहतीपुर, जैदपुर आदि क्षेत्रों से आए हुए कुल 7 जोड़ों ने विवाह के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया। समारोह का संचालन ट्रस्ट से जुड़े सदस्य एवं पत्रकार सुभाष गुप्ता ने किया। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जावेद राईन, इरफान खान ,विशाल उर्फ गप्पू चौधरी ,अमित कुमार यादव, मोहम्मद आफ्ताब राइन,शोएब अख्तर राइन, आरिफ खान,आत्माराम पटेल ,नितिन वर्मा, सरस पटेल, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता के निधन से शोक की लहर


शोक संवेदना व्यक्त करतीं विधायक व अन्य लोग — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**तहसील** क्षेत्र आलापुर अंतर्गत ग्राम देवरिया बुजुर्ग निवासी पान व्यवसायी रामदेव चौरसिया एवं ग्राम समडीह निवासी भाजपा नेता केशरी सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर छा गयी। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक अनीता कमल दोंनो मृतक परिवारों से मिलकर शोकसम्वेदना व्यक्त किया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। मालूम हो रामदेव चौरसिया बहुत ही हँसमुख स्वभाव एवं सामाजिक रहे । वहीँ केशरी सिंह भी सामाजिक व्यक्ति रहे दोनों के निधन पर विभिन्न दल के नेताओं व गणमान्य लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया । भाजपा नेता एवं चौरसिया घनिष्ट मित्र रहे दोनों के निधन पर पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, विधायक अनीता कमल,विधायक प्रतिनिधि अवधेश कमल, भाजपा नेता समशेर सिंह राजपूत, अभय सिंह मोनू , श्रीकान्त कन्नौजिया, लालमणि गोंड़, सानू मिश्रा, पूर्व विधायक भीम प्रसाद सोनकर त्रिभुवनदत्त ,विकास तिवारी आदि लोगों ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है ।

# राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों का कोटा अन्यायपूर्ण


बैठक करते राजकीय इण्टर कालेजों के शिक्षक — पायनियर

- सांसदों व विधायकों को ज्ञापन देगा राजकीय शिक्षक संघ

**अम्बेडकरनगर।** राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजकीय इण्टर कालेज अकबरपुर के प्रांगण में की गई जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारियों में से लगभग 50 प्रतिशत पदोन्नति किया जाना अन्याय पूर्ण है ।शासन/विभाग द्वारा प्रस्तावित पदोन्नति के संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारियों की लगभग 50 प्रतिशत मांगी गई गोपनीय आख्या को निरस्त करवाने के लिए राजकीय शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जनपद के विधायक/ सांसदो से मिलेगा । प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त किये जाने वाले तीन दिवस का विवेकाधीन अवकाश को बहाल करवाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त शिक्षकों का तीन माह से बाधित बेतन को अतिशीघ्र दिलवाये जाने का अनुरोध विभाग से किया जाएगा। बैठक में उक्त प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष यदुनाथ यादव, जिलामंत्री इन्द्रजीत यादव, जिला मुख्यायुक्त स्काउट तारा वर्मा, प्रधानाचार्या स्नेहलता वर्मा, शकुन्तला देवी, रंजना देवी, निरंकार पाण्डेय, अनिल कुमार, राम अजोर, श्रीमती कल्पना, श्रीमती साधना, श्रीमती सपना यादव आदि मौजूद रहे।

# तीन ब्लॉकों की सामूहिक विवाह योजना ब्लॉक हैरिंगटन गंज में हुई संपन्न

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मिल्कीपुर ब्लॉक अमानीगंज ब्लाक और हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की सामूहिक विवाह हैरिंग्टनगंज ब्लाक परिसर में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 135 जोड़ें हैरिंग्टनगंज ब्लॉक परिसर में विवाह के बंधन में बंधे। ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित किए गए विवाह कार्यक्रम में लोगों का उत्साह दिखाई पड़ा और लोगों ने अपनी सहभागिता भी दिखाई। ब्लॉक परिसर में चहल.पहल का एक माहौल दिखाई पड़ा ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मिल्कीपुर के विधायक गोरखनाथ बाबा उपलब्ध रहे। मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार के साथ में आगामी जीवन हेतु मंगल कामना भी प्रदान की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हैरिंग्टनगंज अमित कुमार सिंह और खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा भी उपलब्ध रही। मुख्यमंत्री की सामूहिक विवाह योजना में एडीओ पंचायत मिल्कीपुर विनोद कुमार सिंह और एडीओ पंचायत हैरिंग्टनगंज आदित्य यादव भी कार्यक्रम में में उपलब्ध रहे। 135 नवविवाहित जोड़ों को पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत फलदार वृक्ष और प्रत्येक जोड़ें को एक निश्चित उपहार जिसमें साड़ी पेटीकोट, पैंट शर्ट, ज्वेलरी पैकिंग, गैस चूल्हा एक सेट पायल, एक सेट बिछिया, तीन लीटर का यूनाइटेड प्रेशर कुकर एलमुनियम की कढ़ाई, स्टील की बाल्टी, दैनिक उपयोग के बर्तन और बैग तथा फेशियल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था। लोगों की उपस्थिति यह बता रही थी कि लोग कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं और कार्यक्रम स्थल पर विवाह समारोह में शामिल होने वाले लोगों के खाने.पीने की भी व्यवस्था रही।

# सेक्टरवार परिचयात्मक बैठकें आयोजित कर रही भाजपा

- पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर रहे वरिष्ठ नेता
- कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के केदारनगर मण्डल में आयोजित हुईं बैठकें

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी का स्वागत करते शिव शंकर तिवारी — पायनियर

**पंचायत** चुनावों व 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन को गतिशील बनाने में जुट गई है। इसी क्रम में पार्टी द्वारा विधानसभावार प्रभारियों की तैनाती कर संगठन को सक्रिय किया जा रहा है। विधानसभा प्रभारी स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सेक्टर वार परिचयात्मक बैठक कर रहे हैं। इन बैठकों में विधानसभा प्रभारियों व कार्यकर्ताओं के मध्य सीधा संवाद किया जा रहा है। रविवार को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में परिचयात्मक बैठकें आयोजित की गयीं। इन बैठकों में विधानसभा प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह टिल्लू व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कटेहरी अवधेश द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के केदारनगर मण्डल में आयोजित परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई। इनमें लक्ष्मनपुर, ऐनवा, सेवागंज, नैपुरा, पकड़ी, फूलपुर, दुर्गापुर, यादवपुर, पूराबक्शराय, केदारनगर, गुवांव, बिहरा, नन्दापुर, जगनपुर, रायपुर, विद्युत नगर, धर्मूपुर, सरदार पटेलनगर, ईश्वर नगर, दानपुर सेक्टर में पंहुचे पार्टी नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष आनन्द श्रीवास्तव, राहुल देव शर्मा, राकेश शर्मा, अनुज शर्मा, अभिनव पाण्डेय, राम सिंहासन पाण्डेय के अलावां जिला मंत्री दीपक तिवारी भी मौजूद रहे।

# परिवर्तनशील भारत

## हाशिए पर विपक्ष

**वर्तमान** समय में सरकार का सारा ध्यान महामारी से निपटने पर है तथा बाकी चीजों पर संभवत: उतना ध्यान नहीं दिया गया है। वर्ष 2021 में उसे लंबित मुद्दों के समाधान की ओर बढ़ना होगा। कोविड प्रबंधन में आने वाली परेशानियों के बावूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक छवि बहुत ऊंची बनी हुई है। प्रवासी कामगारों को आर्थिक पैकेज के माध्यम से प्रधानमंत्री ने काफी उपलब्धि प्राप्त की है और वे अपनी पार्टी को चुनावी जीतें दिलाने में सफल हुए हैं। अब प्रधानमंत्री की परीक्षा टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता पर निर्भर करेगी। इस वर्ष की पहली छमाही पर कोविड-19 की काली छाया मंडराती रहने की संभावना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यरक्षा ढांचे को मजबूत करने तथा उसके लिए बजटीय आबंटन बढ़ाने की आवश्यकता सामने आएगी। हालांकि, अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है, पर साल के अंत में उसमें सुधार शुरू होने की उम्मीद है। पहली छमाही में टीकाकरण पर खर्च के कारण बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव व मंदी जैसी स्थितियां सामने आ सकती हैं। बेरोजगारी एक कटु यथार्थ है जिसके कारण उपभोक्ता उत्पादों की मांग नहीं बढ़ रही है। संसाधन एकत्र करना भी एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक रूप से उथलपुथल समस्या समाधान के लिए मध्यमार्गी दृष्टिकोण की मांग करती है। वास्तव में संसद द्वारा पारित नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों ने इसे राजनीति से अलग रखा है और ये सरकार के लिए बहुत कठिन चुनौती बने हुए हैं। ऐसे में यह देखना भी महत्वपूण्र होगा कि क्या इससे विपक्ष की प्रासांगिकता और कमजोर तो नहीं होती है। क्या यह नेतृत्वविहीन आंदोलन हमारे समय में नेता-संचालित राजनीति का एक विकल्प पेश करता है। इस आंदोलन ने जनता में मौजूद गुस्से की भावना प्रदर्शित की है जो धर्म-आधारित नागरिकता कानून तथा राष्ट्रीय नागरिक पंजी-एनआरसी के विरोध के समय सामने आई थी। देखना होगा कि क्या जनता में छिपा गुस्सा एक बार पहले की तरह सड़कों पर उतरना है तथा केंद्रीय मंत्रियों द्वारा जनता से सीधे संवाद करने का क्या नतीजा निकलता है। विगत लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से बनी मोदी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तथा जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा में लाने का अपना एजेंडा पूरा किया है तथा इस दिशा में उसने संसदीय प्रक्रियाओं का समुचित उपयोग किया है। अब वर्तमान समय में उसे जनता में स्थिरता लाने का प्रयास करते हुए विकास के मुद्दों को पुन: केन्द्र में लाना चाहिए।



भाजपा चुनावी लाभ के लिए मतदाताओं का ध्रुवीकरण कराने में सफल रहती है। अगले साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में इसी फार्मूले का प्रयोग होने की उम्मीद है। उस समय तक वैक्सीन लगाना शुरू हो जाएगी तथा टीकाकरण संबंधी संभावित समस्यायें मुख्य बन सकती हैं। हालांकि, भाजपा के लिए राज्यों में सत्ता हेतु संघर्ष करना महत्वपूर्ण है, पर उसे महामारी के बाद वाली दुनिया का यथार्थ समझते हुए परिवर्तनकारी राजनीति की दिशा में भी कदम बढ़ाने चाहिए। विपक्ष में बिखराव से प्रधानमंत्री मोदी की छवि और निखर कर सामने आती है, लेकिन जनता की समस्याओं पर समुचित रूप से ध्यान देना आवश्यक है। ऐसे में विपक्ष की कमजोरी के बावजूद स्थितियों को यहां तक खराब होने देने से बचना उचित होगा कि जनता को विरोध में सड़कों पर उतरना पड़े। यह सच है कि वर्तमान समय में विपक्षी पार्टियां अल्पसंख्यकों व किसानों संबंधी विमर्श के मामले में हाशिए पर आ चुकी हैं। हालांकि, राज्यों में स्थानीय निकाय चुनावों से संकेत मिलते हैं कि भाजपा के प्रति अब उतना समर्थन नहीं है जितना 2019 में था। इससे यह भी सिद्ध होता है कि जमीनी स्तर पर परंपरागत पार्टियों का संजाल अब भी मजबूत बना हुआ है। लेकिन विपक्ष राष्ट्रीय विकल्प बनने में विफ्ल हो रहा है। इस प्रयास में योगदान देने वाली मुख्य विपक्षी पार्टी दिशाहीन है। सत्तारूढ़ दल व विपक्ष को समझना चाहिए कि महामारी ने सामाजिक-राजनीतिक व आर्थिक बेचैनी बढ़ा दी है और भारत परिवर्तन चाहता है।

# मोदी ने सुधारों को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

**भारत में, जहां हर क्षेत्र में परिवर्तन कछुए की गति से आगे बढ़ता है, आक्रोश विशेष रूप से मोदी की ओर मुड़ जाता है जो असलियत में यह मानते हैं कि उन्हें बड़े बदलावों हेतु जोर देने के लिए आवश्यक राजनीतिक जनादेश प्राप्त है।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार हैं)






वर्ष 1991 से, सुधार भारत की राजनीति में एक लोकप्रिय शब्द बन गया है। अधिकर दायरों में सह महसूस किया गया जाता था कि जवाहरलाल नेहरू तथा विशेष रूप से, इंदिरा गांधी के समय से निरंतर उद्विकसित हुई चीजों को करने की व्यवस्था अब उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं रह गई है। केवल इतना ही नहीं है कि कथित समाजवादी व्यवस्था ने भारतीय उद्यमिता का गला घोंट दिया था। साथ-साथ यह माना जाता था कि जिस तरह सरकार काम करती थी उसने अदक्षता, बर्बादी और सबसे ऊपर तो भ्रष्टाचार पनपने में योगदान दिया। अगर भारत ने एक गरीबी में डूबे तीसरी दुनिया के राज्य बने रहने के लिए स्वयं को तैयार नहीं कर लिया है, संकट से संकट बड़ी गलतियां करते रहता है और अनावश्यक रूप से अंतरराष्ट्रीय दान पर निर्भर बना रहता है, तो फिर सुधार अनिवार्य हो जाते हैं।

आसान हिस्सा होता था परिवर्तन की आवश्यकता पर एक बौद्धिक आम सहमति प्राप्त करना और ऐसी दिशा में बढ़ना जो देश की पूर्ण क्षमता का संदोहन करता हो। अधिक कठिन काम है उन राजनीतिक शक्तियों को सक्रिय बनाना जो सुधारों को यथार्थ रूप दे सकें। सुधारों की प्रक्रिया की प्रत्येक अवस्था पर जो प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव के समय से प्रारम्भ हुई थी और नरेंद्र मोदी के अधीन जारी है, यह दो कदम आगे बढ़ने और कम से कम एक कदम पीछे जाने का मामला रहा है। कभी-कभी, पीछे हटना महान कार्य होता है जिससे कि सुधार लगभग अदृश्य हो जाएं।

सोते हुए श्वानों को पड़े रहने देने का दबाव मनमोहन सिंह के 1991 के ऐतिहासिक बजट के समय से नजर आने लगा है। जो लोग निर्णय क्रिय के इतिहास का अनुसरण करते हैं वे याद करेंगे उस संघर्ष को जो कथित भारतीय उद्योगपतियों के बंबई क्लब द्वारा छेड़ा गया जो लाइसेंस-परमिट-कोटा राज के अपने विशेष सुरक्षित विशेषाधिकारों को संरक्षित रखने के लिए व्याकुल थे। उन्होंने स्वदेशी के आवरण तले भारतीय बाजारों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा हेतु खोले जाने का विरोध किया था। उनकी साजिश कारगर नहीं हो पाई लेकिन उसने सुनिश्चित किया कि उग्र सुधारों का सपना प्रसुप्तावस्था में रखा जाए। इसके बजाए, राजनीतिक आम सहमति यह थी कि जहां तक संभव हो, परिवर्तन धीरे-धीरे एवं राजनीतिक विमर्श से ढका हुआ होना चाहिए। इसका अर्थ है कि प्राथमिकता चोरी-चोरी सुधारों को लाने को दी गई थी। 1990 के दशक के मध्य में, कथित कांग्रेस वाम द्वारा प्रस्तुत भारी-भरकम चुनौती का सामना करते हुए जिसके नए मसीहा अर्जुन सिंह थे, कांग्रेस ने आर्थिक सुधार को नेहरूवादी सृजनात्मकता के सर्वोच्च चरण में रखा। हास्यास्पद था लेकिन, दुखद रूप से, राजनीतिक वर्ग हंसा नहीं। वे तब भी नहीं हंसे जब कांग्रेस की 1996 और 1998 के चुनावों में शर्मनाक पराजय हुई थी। लोकतांत्रिक जगत में सराहे गए ऐतिहासिक सुधारों का आगाज़ करने के बावजूद, राजनीतिक वर्ग ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजग की अनापेक्षित पराजय पर ध्यान दिया। पश्चदृष्टि से, वो नरेंद्र मोदी ही थे जो सुधारों को राजनीति में वापस सबसे आगे लेकर आए। वर्ष तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने प्रदेश में शासन की संस्कृति को बदल दिया। राज्य प्रशासन को निवेशकों बिजनेस की आवश्यकताओं के प्रति प्रतिक्रियाशील बनाना ऐसे प्रांत में ज्यादा कठिन नहीं था जहां पैसा अर्जित करना हमेशा से ही एक पसंदीदा लक्ष्य रहा है। जो क्रांतिकारी था वो यह तथ्य कि इसके साथ-साथ दक्षता, पारदर्शिता व ईमानदारी का भी समावेश किया गया था। सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार का ग्राफ गिरने के पीछे बड़ा कारक है 2014 के चुनावों में मोदी की जीत होना। उन्हें एक भिन्न प्रकार का राजनेता माना गया।

अनतिक्रमणीय सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण व्यक्ति वाली मोदी की छवि सुधारों को आगे बढ़ाने के पीछे एक ऐसा कारक है जिसे कम करके नहीं आंका जा सकता। 2016 में लिए गए विमुद्रीकरण के निर्णय को राजनीतिक पंडितों व अर्थशास्त्रियों ने विनाशकारी तथा भाजपा को राजनीतिक रूप से नष्ट करने वाले कदम के तौर पर देखा। उनका सोचना गलत था क्योंकि उस कदम को जनता ने काले धन के खिलाफ एक निर्णयात्मक कदम माना। उसके उद्देश्य जो भी हों, अब जो स्पष्ट हो गया है वो यह है कि नोटबंदी ने बैंकिंग सेवाओं के विलक्षण रूप से विस्तार हेतु जमीन तैयार की और परिणामत: सरकार द्वारा बिचोलियों के बगैर असली लाभार्थियों के लिए कल्याणकारी खर्चों के भुगतान करने की क्षमता बढ़ गई है। विमुद्रीकरण के परिणामस्वरूप नकदीविहीन लेन-देन में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस अवसंरचना कोविड-19 लाकडाउन के दौरान लोगों को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की है। हालांकि, यह एक निरुद्देशित परिणाम था।

सुधारों का प्रतिरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों के आंदोलन के रूप में सामने आया। सभी कृषि सुधारनों को नकारने के लिए किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उन लोगों की प्रधानता को बनाए रखना है, जिन्हें वामपंथियों द्वारा कुलक कहा जाता है। इस बार, क्योंकि निशाने पर मोदी सरकार है, तो वामपंथ ने शाहीन बाग की बाधाओं से आगे बढ़कर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर लंगरों में प्रवेश किया है। उस उद्देश्य की तलाश में जो मोदी सरकार को अपंग बना सके और, इस प्रक्रिया में, कृषि विपणन के आधुनिकीकरण को, उन्होंने उन सभी का समर्थन जुटाया है जो पूर्व के वर्षों में उस बात पर विलाप करते थे कि उत्तरोत्तर सरकारों ने भारतीय कृषि को सुधारों से अछूता रखा है। उनका अचानक पलट जाना राजनीतिक कारणों से हे और किसी न किसी तरह पीछे हटने को मजबूर करने का उद्देश्य है। उन्हें लगता है कि यदि मोदी पीछे हटते हैं तो भावी सुधार असंभव हो जाएंगे। और यदि सुधार की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है तो मोदी सरकार अपना संवेग खो देगी और अपने दूसरे कार्यकाल में केवल शासन चलाने तक सीमित रह जाएगी।

परिवर्तन का विरोध लंबे समय से लोकतांत्रिक राजनीति का लक्षण रहा है। भारत में, जहां किसी भी क्षेत्र में परिवर्तन कछुए की गति से आगे बढ़ता है, आक्रोश विशेष रूप से मोदी की ओर मुड़ जाता है जो असलियत में यह मानते हैं कि उन्हें बड़े बदलावों हेतु जोर देने के लिए आवश्यक राजनीतिक जनादेश प्राप्त है। मोदी यथास्थिति पर आधारित जगत तथा जड़ता से लाभान्वित होने वालों के लिए खतरा बन जाते हैं।

# स्वास्थ्यरक्षा में सुधार की उम्मीद

> नए दशक में स्वास्थ्यरक्षा ढांचे और सेवाओं के ज्यादा डिजिटलीकरण की उम्मीद है जिससे वह बेहतर बनेगा



**गुरप्रीत संधू**
(लेखक हेल्थकेयर एवं फार्मा परिषद के अध्यक्ष हैं)

वर्ष 2020 स्वास्थ्यरक्षा और दवा उद्योग तथा पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। दुनिया ने हालिया इतिहास की सबसे भयानक महामारी का सामना किया जिसमें दुनिया भर में 18,00,000 से अधिक लोग मारे गए और इसके 2021 में भी जारी रहने की आशंका है। नए वर्ष में प्रवेश करते समय हमें कुछ प्रवृत्तियों पर गौर करना चाहिए जिनका स्वास्थ्य तकनीकों, संगठनों, बिजनेसों, नियामक संस्थाओं, उत्पादों व सेवाओं में वर्चस्व बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग-एमएल, बिग डेटा, रोबोटिक्स व क्लाउड कंप्यूटिंगआदि के माध्यम से इस क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तनों की शुरुआत हो गई है।

नए दशक में स्वास्थ्यरक्षा ढांचे व सेवाओं का ज्यादा उत्कृष्ट डिजिटलीकरण हो सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र इस मामले में लीगेसी इन्फार्मेशन टेक्नोलोजी-आईटी व्यवस्थाओं में पूर्ण परिवर्तन के लिए काफी निवेश कर रहे हैं जिनका प्रयोग अब तक मुख्यत: बिलों का भुगतान दर्ज करने में होता था। अगले दशक में स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र की ज्यादातर सुविधायें आईटी आधारित व्यवस्थाओं के माध्यम से होंगी। डिजिटल चिकित्सा विज्ञान से सुदूर निदान और इलाज के साथ ही एलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड-ईएचआर व एलेक्ट्रानिक मेडिकल रिकार्ड-ईएमआर आम हो जाएंगे। ढांचागत दृष्टिकोण से परंपरागत रूप से इमारतों में बने अस्पतालों के बजाय स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं और सामुदायिक स्वास्थ्यरक्षा केन्द्रों का नया स्वरूप सामने आएगा। परंपरागत अस्पताल इमारतों के साथ ही स्वचालित रिसेप्शन सुविधायें, चेहरा पहचानने वाली व्यवस्थायें व स्वत: बीमारियों का पता लगाने वाले कियोस्क सामने आ सकते हैं।



अस्पतालों में रोबोटिक व स्वचालित स्वास्थ्य सहायक दिख सकते हैं। यह परिघटना खासकर विकसित देशों में सामने आएगी जहां स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों की भारी कमी है। इसके साथ ही रिमोट से संचालित टेली-आईसीयू व स्मार्ट आईसीयू ज्यादा आम हो सकते हैं। हमारे देश में भी फोल्डेबल व पोर्टेबल अस्पताल इकाइयों का विकास किया गया है, पर वे आने वाले दशकों में और संवेदनशील हो जाएंगी। आने वाले दशक में रिमोट मानीटरिंग उपकरण तथा पहनने वाले उपकरण ज्यादा सामान्य हो जाएंगे जो एप व साफ्टवेयर से जुड़े होंगे। इसके परिणामस्वरूप इंटरनेट आफ मेडिकल थिंग्स-आईओएमटी परिवर्तनकारी भूमिका अदा करेंगे। वाईफाई व ब्लूटूथ तकनीकों से चौबीसों घंटे व सातों दिन मरीजों से संपर्क बना रहेगा जो स्थिर चिकित्सा उपकरणों, इम्प्लांटों या पहनने वाले उपकरणों से जुड़े होंगे। चिकित्सक तथा देखभाल करने वाले विजुअल व रिमोट देखभाल करेंगे। ब्लड प्रेसर, पल्स आक्सीमीटर, ब्लड ग्लूकोज़ मानीटर जैसे उपकरण स्वास्थ्य पर स्वत: निगरानी रखने में सहायता करेंगे। एआई आधारित मानसिक बेहतरी व चिकित्सा-स्तरीय चैटबोट लोगों की सहायता करने में प्रयोग हो रहे हैं जो बेचैनी व तनाव जैसी मानसिक स्थितियों से निपटने में सहायक हैं। वे आने वाले दशक में आम प्रयोग की चीजें बन जाएंगे। बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ एडवांस्ड एनालिटिक्स मूल्य श्रृंखला को शोध एवं विकास, विनिर्माण गुणवत्ता, बिक्री, फार्मा उद्योग आदि में बढ़ावा देंगे। इससे औषधीय उत्पाद सभी स्थानों पर समय पर पहुंचाये जा सकेंगे तथा कंपनियां अपनी सप्लाई श्रृंखलाओं को अस्पतालों व देखभाल केन्द्रों से सीधे ई-फार्मा के माध्यम से जोड़ेंगी। आने वाले दशक में बड़े पैमाने पर डिजिटल मार्केटिंग टूल्स जैसे वीडियो, मोबाइल मार्केटिंग, डिजिटल कंटेंट, सोशल मीडिया, हाई इंपैक्ट विजुअल्स व फार्मा उत्पादों व सेवाओं के सोशल मीडिया पर लाइव सेशन्स के रूप में दिखाई देंगे।

इसके लिए दवा कपंनियों व स्वास्थ्य तकनीक फर्मों के बीच सहयोग बढ़ेगा। एआई, बिग डेटा व एमएल जैसी तकनीकों से औषधि शोध व उत्पाद विकास में लगने वाला समय बहुत कम हो जाएगा। इसमें क्लीनिकल ट्रायल व परीक्षण भी शामिल हैं। आरएंडडी के लिए इतना डेटा मिल जाएगा जिसकी अब तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। इससे दवाओं का आरएंडडी जीन-आधारित प्रयोगों में बदल सकता हे। जीनोमिक्स व एआई तथा बिग डेटा के समन्वय से विशिष्ट लक्षणों वाले रोगियों का इलाज उनके जीन्स के आधार पर किया जा सकेगा। अगले दशक में इन तकनीकों से कैंसर, तंत्रिका तंत्र रोगों आदि की चिकित्सा आसान हो जाएगी। एआई व बिग डेटा का प्रयोग महामारी संबंधी शोध में बड़े पैमाने पर अनुमान लगाने के लिए हो सकेगा तथा बायोटेक्नोलोजी व बायोफार्मा की तेज प्रगति होगी।

वैक्सीन निर्माण, चिकित्सा व निदान में इससे तेज गति संभव होगी। आने वाले दशक में और ज्यादा देश मेडिकल मैरीजुआना को वैध ठहरा सकते हैं। कोविड-19 से पैदा चुनौतियों ने मानवजाति व दवा उद्योग के सामने महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश की हैं। इससे सबक लेते हुए दुनिया भर की दवा नियामक संस्थाओं ने किसी भावी महामारी से निपटने के लिए ज्यादा सहयोगी दृष्टिकोण अपनाने में सहयोग की रूपरेखा बनाई है।

## आप की बात

### गोवंश संरक्षण

**उप्र** सरकार ने आवारा गो वंशीय पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिये हर जिले के गांवों में गो शालाओं के निर्माण के लिये धन उपलब्ध कराया। लेकिन आवारा पशुओं से लोगों को राहत नही मिली। किसानों ने जानवरों को अन्न चारे और चरागाह के अभाव के कारण छोड़ दिया। लोग पूरी तरह से मशीनीकरण पर आश्रित हो गए है। खेतों की जुताई से लेकर आनाज घर तक लाने का काम मशीनों से हो रहा है। खेतों की कटाई और मड़ाई के लिये कम्बाइन मशीनों की खरीद सरकार ने ऋण देकर कराया। जो जानवरो को वर्ष भर चार देता था।चरागाहों पर कब्जे और तालाबो का पट्टा। किसान के सामने जानवरो के खिलाने और पानी पिलाने का संकट सामने है। योगी सरकार द्वारा 900 रु प्रति जानवर लोगों को जानवरों को गोद लेने का फैसला उत्तम विचार है। इससे जानवरों की समस्या से निजात मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने 21562 लोगों को 87 करोड़ रुपये सीधे उनके खाते में हस्तांतरित किये। उप्र सरकार द्वारा गो शालाओं के प्रबंधन पर खर्च धन पर निगरानी की जरूरत है। जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। जिनके कारण योजनाओं का सही क्रियान्वयन नही हो पा रहा है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### नववर्ष में उम्मीदें

**बीते** वर्ष के कड़वे अनुभवों को भूल कर अब हमें नए वर्ष में सकारात्मक आशाओं, उम्मीदों के साये में जीना होगा। इसमे कोई दो मत नही वक्त की ये भागादौड़ी हमें बहुत कुछ नए रास्ते दिखाती है। कोरोना संक्रमण पर वैक्सीन तो आ रही है पर हमें सतर्कता को अनदेखी नही करना है। हताशा भरा जीवन कोरोना में जरूर रहा परन्तु अब हमें अपने आप को आगे रखकर हमारे उत्तरदायित्व ओर कर्तव्यों को निभाना होगा।प्रशाशन से आम जनता को मूलभूत आवश्यकताओं की अपेक्षाओं को भी ध्यान रखना होगा। आज हरवर्ग महंगाई की मार झेल रहा क्या प्रशाशन इसमे कोई कारगर कदम उठाएगी? दो जून की रोटी और भूखे पेट की ज्वाला को हमारी सरकार शांत करने में कोई प्लान तैयार करेगी? मजदूरों की दर्द भरी दास्तान को अपने कर्ण पटल पर जगह देगी? सिर्फ चुनावी दौर और कुर्सी मोह से परहेज कर के जनता जनार्दन की जरूरतों को पूरा करेगी? ये सवाल आम सवाल है जिनके उत्तर का इंतजार हर नागरिक को है। नए वर्ष में और भी उम्मीदें हैं। कारगर नीतियों की जरूरत है। संकल्प की जरूरत है। तभी भारत मे जनता को सकून का अहसास होगा।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### भविष्यवाणी निरर्थक

**जीवन** में उन्नति करने के आसार हैं। आगामी जीवन सुखमय होगा। कारोबार में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास और पुरुषार्थ से बिगड़े काम भी पूर्ण होंगे। ऐसा ही कुछ अखबारों और चैनलों के भविष्यवाणी कलम में प्रकाशित होता रहता है। इतना ही नहीं ये तो अक्सर सुनने और देखने में भी आया है कि कई लोग कर्म से ज्यादा धर्म और भविष्यवाणी में अन्धाविश्वास रखते हैं। जिससे कि अन्धविश्वास उनपर इतना हावी हो जाता है कि वे खुद उसके शिकार हुए फिरते हैं। भारत और भविष्यवाणी की अनंत गाथा तब तक चलती रहेगी, जब तक शिक्षा का प्रसार पर्याप्त रूप से सभी तक नहीं होगा व इसको बढ़ावा देने वाले लोग रहेंगे। ऐसी ही कुछ भविष्यवाणी 2020 में पंडितो और बुद्धिजीवियों ने की थी। गौरतलब है कि इस बार भी कुछ ऐसा ही भविष्यवाणी की गई होगी। जरूरत है विज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए, अन्यथा हम उसी अन्धविश्वास में लिपटे रहेंगे। कड़ी मेहनत और धैर्य के दम पर, कौनसी बुलंदी को नहीं छुएं होंगे।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कोविड** टीकाकरण के प्रथम चरण में प्राथमिकता पर उन लोगों को मुफ्त वैक्सीन मुहैया होगी जिनमें स्वास्थ्यरक्षाकर्मी व दो करोड़ अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता शामिल हैं।

– **डॉ. हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**अधिवक्ताओं** को तकनीक से जुड़ना चाहिए क्योंकि इसके द्वारा लोगों को त्वरित न्याय मुहैया कराने में सहायता मिलेगी।

–**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**बूटा** सिंह के निधन से देश ने सर्वाधिक लंबे समय तक सेवा प्रदान करने वाले सांसदों में से एक तथा प्रचुर प्रशासनिक अनुभव से परिपूर्ण नेता खो दिया है।

–**राम नाथ कोविंद**
राष्ट्रपति

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 4 जनवरी, 2021



# वैज्ञानिक के घर पर बम फेकने वाला गिरफ्तार

## ● थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र व महमूरगंज चौकी प्रभारी ने मिलकर किया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भेलूपुर थाना** क्षेत्र के विरदोपुर स्थित एक कृषि वैज्ञानिक के आवास पर बम फेंकने वाले एक आरोपी को पुलिस ने रविवार की दोपहर में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र व महमूरगंज चौकी प्रभारी ईश चन्द्र यादव ने की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है।

भेलूपुर थानाक्षेत्र के बिरदोपुर में शनिवार की देर रात दहशत फैलाने के



लिए एक नकाबपोश बदमाश ने भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान अदलपुरा में कार्यरत कृषि वैज्ञानिक डाण् इंदीवर के घर पर देसी बम से हमला कर दिया। हालांकिए घर के बाहर हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पिछले साल भी अप्रैल माह में गाली.गलौज कर रहे अवाछंनीय तत्वों को रोकने पर वैज्ञानिक के साथ मारपीट हुई हुई थी। उस मामले में पुलिस ने कारवाई भी की थी। दो जनवरी की रात को इस बीच हमलावर ने उनके घर पर बम धमाका किया तो पीड़ित ने पुलिस को वारदात की बाबत सूचना दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने स्थानीय थाने पर तहरीर देने की बात कही। वहीं शिकायत पर दो संदिग्ध को हिरासत में लिया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। पीडित के अनुसार पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। बताया कि बदमाशों की हरकत से पूरा परिवार घर छोड़ने को मजबूर है। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दे दी गई है। वह आनलाइन प्राथमिकी भी दर्ज कराएंगे। भेलूपुर थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि विरदोपुर स्थित एक कृषि वैज्ञानिक के घर कुछ अराजकतत्वों ने देशी बम फेंक दिया था। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहा है, जल्द ही मुख्य अभियुक्त भी गिरफ्तार हो जाएगा।

## इलेक्ट्रानिक की दुकान से चोरों ने किया लाखों का माल पार

**वाराणसी।** जंसा थाना क्षेत्र के वाराणसी भदोही मार्ग पर स्थित परमंदापुर पेट्रोल पंप के बगल में आशीष इंटरप्राइजेज में बीती रात लाखों के विद्युत उपकरण पर चोरों ने हाथ साफ किया।जिसमे गार्ड की भूमिका संदिग्ध लग रहा है। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची डाग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने घटना का निरीक्षण किया। जंसा थाना क्षेत्र के कुंडरीया गांव निवासी भागवत सिंह का परमंदापुर वाराणसी भदोही मार्ग पर पेट्रोल पंप के बगल में भागवत बजाज बाइक एजेंसी है जिसके दूसरे तल पर आशीष इंटरप्राइजेज के नाम से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है।शनिवार को दुकान मालिक आशीष कुमार सिंह दुकान बंद कर अपने घर चले गए और रात में नसीम नामक गार्ड वहीं पर रहता है। चोरों ने शोरूम के पीछे से सीढ़ी के सहारे दूसरे तल पर प्रवेश किया और शोरूम में रखा 9 फ्रिज, 5 कूलर, टीवी 12, वाशिंग मशीन 10 एस्प्रिड एसी 2, पाँच हजार रुपए नगद सहित लाखों के विद्युत उपकरण पर हाथ साफ कर दिया।

# अखिल भारतीय संत समिति की कार्यकारिणी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का किया दर्शन-पूजन, कॉरिडोर देखने के बाद मां गंगा से आशीर्वाद लिया

## ● संत-महात्माओं ने मुस्लिम समाज से अपील किया कि जो हिन्दुओं की सम्पत्ति है उसे दे दें

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**अखिल भारतीय** संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन रविवार की सुबह संतों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया और कारीडोर के निर्माण को भी देखा। गंगा दर्शन पूजन के बाद आयोजन स्थल की ओर रवाना हो गए। इस दौरान अखिल भारतीय संत समिति के सदस्य बाबा दरबार सर्वप्रथम श्रीकाशी विश्वनाथ का विधिवत दर्शन.पूजन किया और विश्वनाथ कॉरिडोर को बारीकियों से देखा और भ्रमण किया। अपने गंतव्य प्रस्थान से पहले मीडिया से बात करते हुए सन्तों ने बाबा के दर्शन के बाद मुस्लिम समाज से अपील किया कि जो हिंदुओ की संपत्ति है उसे दे दें नहीं तो जिस तरह अयोध्या ली है वैसे ही लेंगे। कहा कि इसके लिए अगर मुस्लिम समाज नहीं मानेगा तो आंदोलन होगा। अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का रविवार को दूसरा दिन है। सुबह सन्तों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार मे मत्था टेककर बाबा के कॉरिडोर को देखा। सन्तों ने भव्य कॉरिडोर को देखकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही सन्तों ने काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मुक्ति के संकेत दिए। सन्तों ने कहा कि हमारी मुस्लिम समाज से अपील है कि जो हिंदुओ का है उसे दे दें नहीं तो आंदोलन करके लेंगे। कोरोना वैक्सीन को लेकर गर्म हुयी राजनीति के बीच ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर वासुदेवानन्द ने भी कोरोना वैक्सीन के परीक्षण की बात कही है शंकराचार्य की माने तो कोरोना वैक्सीन का पहले परीक्षण होना चाहिए जब किसी प्रकार की हानि संभव न हो तब लगाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि शासन को चाहिए कि वैक्सीन का अध्ययन करके तब समाज को दिया जाय। इस दौरान जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राजेश्वरचार्य मावली सरकार; संरक्षक अखिल भारतीय संत समितिद्धए अविचल दास जी ;राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समितिद्धए महंत बालकदास ;अध्यक्ष व्यास संघद्ध स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती;महामंत्री अखिल भारतीय संत समितिद्ध सहित आयोजन से जुड़े तमाम संत मौजूद रहे।

श्री करपात्री धाम, केदार घाट में-

## स्वामी वेदांती महराज के 13वें निर्वाणोत्सव पर पूजन व संस्मरण किया गया



**वाराणसी।** वेद शास्त्रानुसंधान केन्द्र श्री करपात्री धाम, केदार घाट, वाराणसी में धर्मसम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महराज के प्रधान शिष्य ब्रहलीनभूत स्वामी श्री वेदांती जी महराज के 13वें निर्वाणोत्सव का आयोजन रविवार को श्री सर्वेश्वरानंद जी महराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर यति आराधना और ब्रह्लीन स्वामी जी का विशेष पूजन हुआ। पीठाधीश स्वामी सर्वेश्वरानंद जी सरस्वती के कृतित्व और निरंतर सनातन धर्म के उन्नयन में योगदान करने वाले विशिष्ट महापुरूष के रूप में संस्मरण किया। स्वामी श्री वेदांती जी महराज धर्मप्रचारार्थ और अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के कार्यार्थ सम्पूर्ण भारत में परिभ्रमण किया। यति आराधना के इस अवसर पर दंडी महात्माओं का पूजन, भिक्षा के कार्यक्रम समागत सभी भक्तजनों को समुचित प्रसाद वितरण किया गया। आये हुए साधु एवं संत-समाज का स्वागत पवन ब्रह्मचारी ने किया।

# अमित के नाबाद अर्द्धशतक से ईश्वरदेव मिश्र एकादश की जीत

## ● कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट में लालजी एकादश को आठ विकेट से हराया

**वाराणसी।** मैन ऑफ द मैच अमित दत्ता (60 रन-तीन छक्के, सात चौके) के शानदार अर्धशतकीय प्रहार की मदद से गत चैंपियन ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने लालजी एकादश को आठ विकेट से हराकर 33वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट में अपने अभियान का आगाज किया। प्रारंभ में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की औपचारिकता पूरी की।

शनिवार को सिगरा स्टेडियम में सुबह टॉस जीतकर पहले खेलते हुए लालजी एकादश की टीम ने 18ण्2



ओवरों में 109 रन बनाए। रविकर दुबे ने 5 चैके की मदद से 31ए आर ? संजय ने 15 और संदीप शुक्ल ने 14 रनों का अंशदान किया। रविए विपिन सिंह और विकास गौड़ ने दो.दो विकेट चटकाए। अमित दत्ताए दीपक बिन्द और पुरुषोत्तम चतुर्वेदी को एक.एक कामयाबी हाथ लगी।

जवाब में 110 रनों के विजय लक्ष्य को ईश्वरदेव मिश्र एकादश 7.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल किया। अमित दत्ता ने 24 गेंदों पर तीन छक्के और 7 चैके की मदद से नाबाद 60 रन बनाए। विकास गौड़ 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। रविकर दुबे को दोनों कामयाबी हाथ लगी। आरपी गुप्ता और अनिल अस्थाना ने अंपायरिंग और नंदकिशोर यादव ने स्कोरिंग की प्रारंभ में काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजनाथ तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। संघ के महामंत्री मनोज श्रीवास्तव ने आगतों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन खेल आयोजन समिति के संयोजक रोहित चतुर्वेदी ने किया।

## आयोजनों की तैयारियों को लेकर बनी योजना

**प्रयागराज।** वर्तमान ट्रैक में काकू और हंसमुख का अनंत प्यार दिखाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इसकी तुलना रोहन और चीनू के बिगड़े हुए रिश्तों से की जा रही है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पुराने विचारों वाली जोड़ी आज के जमाने के प्रेमियों को किस तरह मिलाएगी।पुरुष भले ही जीवनसंगिनी से कितना भी प्यार करें लेकिन तारीखें याद रखने में कमजोर होते हैं। चाहे जन्मदिन हो एनिवर्सरी हो या फिर कोई भी महत्वपूर्ण दिन। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खास तारीखें भूल जाते हैं। लेकिन हंसमुख नितेश पांडेय न सिर्फ काकू सुचिता त्रिवेदी के साथ शादी की वर्षगांठ याद रखते हैं बल्कि वह इसे हर तरीके से काकू के लिए स्पेशल बनाने की कोशिश भी करते हैं। इसके लिए इंडियावाली मां सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर देखिए। जिंदगी के प्यार काकू के लिए बेंगलुरु स्टाइल में फेरे लेने की योजना बनाई।

## क्विक न्यूज

### मानकों और तकनीक का रखना होगा ध्यान

**प्रयागराज।** कोविड 19 के चलते सेहतमंद एवं पोषक खाद उत्पादों के प्रति जागरुकता बढ़ रही है। आज के लोग खुले डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे खुले दूध और खुले पनीर के बजाए पैक्ड प्रोडक्ट्स को पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि भरोसेमंद डेयरी ब्राण्ड्स के लिए पैक्ड डेयरी प्रोडक्ट्स खास तौर पर पैक्ड पनीर की मांग तेज़ी से बढ़ी है। इसी मांग को पूरा करने के लिए ज्ञान डेयरी ने लखनऊ प्लांट की उत्पादन क्षमता को पांच गुना बढ़ा लिया है। अब आधुनिक तकनीक और मशीनरी के चलते ब्राण्ड पांच टन दिन पनीर का उत्पादन कर सकेगा। हाइजीन के सर्वोच्च मानकों को ध्यान में रखते हुए पैक किए गए पनीर को हाथों से छुआ नहीं जाता और इसकी शेल्फलाइफभी अधिक होती है। वेंकटरमानी संथानम वाइस प्रेज़ीडेन्ट सेल्स एण्ड मार्केटिंग ज्ञान डेयरी के अनुसार कोविड के चलते अब लोग सुरक्षा इम्युनिटी को पहले से कहीं अधिक महत्व दे रहे हैं।

### युवक का फांसी पर लटकता मिला शव

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महाराजापुर स्थित अपनी बुआ के घर आये युवक का शव आज प्रातः मृत अवस्था में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। युवक मां-बाप का इकलौता पुत्र था। खबर मिलते ही मां-बाप सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते महाराजापुर गांव पहुंचे। परिजनों के अनुसार युवक के शरीर में चोट के निशान हैं। जिससे लगता है कि सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है। पड़ोसी थाना फतेहपुर चौरासी अंतर्गत ग्राम लौकिहा वादेपुर निवासी रूपलाल का एकलौता पुत्र प्रमोद 20 वर्ष बीते शनिवार की शाम अपने फूफा लल्लन पुत्र चेतराम निवासी ग्राम महाराजापुर के घर आया था। रविवार प्रातः प्रमोद अपने फूफा के घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला। जबकि उसके साथ रहा उसका साथी गोविंद कहीं गायब हो गया। फूफा लल्लन ने घटना की सूचना मृतक के पिता को दी।

### मालगाड़ी से टकरा कर की आत्महत्या


**चकलवंशी उन्नाव।** गिल्ली डंडा के खेल में बच्चों के विवाद में उलाहना देने से छुब्ध किशोर ने मालगाड़ी से टकरा कर आत्महत्या कर ली। बालामऊ-कानपुर रेलमार्ग माखी थाना क्षेत्र के कोरारी कलां निवासी सुरेश राठौर पुत्र रमाशंकर का बारह वर्ष का इकलौता बेटा नयनसू शनिवार सायं गांव के बच्चों के साथ गिल्ली डंडा खेल रहा था। खेल खेल में गिल्ली साथी को लग गई जिससे दोनो बच्चो में विवाद हो गया। साथी बच्चों ने मारपीट की शिकायत उसके घर पर की। परिजनों द्वारा डांट के भय से उसने शनिवार को देर शाम बालामऊ-कानपुर रेलमार्ग बालामऊ की ओर जा रही मालगाड़ी के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि संदिग्ध मौत की आशंका पर फील्ड यूनिट से नमूने एकत्र कर लैब भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

### किसान गोष्ठी में कंबल वितरण कर सपा ने किसानों के हित में संघर्ष करने की कही बात



**मौरावां उन्नाव।** हिलौली में समाजवादी पार्टी ने किसान गोष्ठी व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। किसान गोष्ठी में वक्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं के साथ ही किसान कानूनों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के लिए संघर्स करके कानूनों को वापस कराकर ही दम लेगी। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उदयराज ने कहा कि मोदी सरकार किसानों को उसके ही खेत में बंधुआ बनाना चाहती है। कृषि विधेयक काला कानून जब तक वापस नहीं होता तब तक समाजवादी पार्टी किसानों के समर्थन में सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी और पुरजोर विरोध करती रहेगी। भाजपा सरकार पूंजीपति और धन्ना सेठों के हाथों की किसानों को कठपुतली बनाना चाहती है किसान अपना हक मांग रहा है जो उसे मिलना चाहिए। सपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि किसान बिल सरकार जब तक वापस नहीं लेती है तब तक विरोध में समाजवादी पार्टी का धरना प्रदर्शन गोष्ठी व किसानों का जनसंपर्क करके जागरूक किया जाएगा, और सरकार की नीतियों को उजागर किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निवासी ब्रजकिशोर पाल ने किया। वही उन्होंने अपने निजी कोस से 400 कंबल बिधवा महिलाओं को वितरित किया। उक्त कार्यक्रम में सुरेश पाल, वीरेन्द्र शुक्ल, नियाज अहमद, गंगा सागर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### वैदिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी में गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ



**वाराणसी।** वैदिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी द्वारा राष्ट्रकल्याण एवम विश्वशांति हेतु वेदमाता मंदिर छित्तूपुर में आयोजित गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में जारी विद्वत् चर्चा एवम विद्वान सम्मान कार्यक्रम के 20वें दिन रविवार को भारत के सुप्रसिद्ध सन्त एवम सरस कथावाचक जगद्गुरु रामानुजाचार्य मारुति किंकर पधारे। उन्होंने ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताया कि उनकी स्मृति में राष्ट्र के कल्याण हेतु इस तरह के गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का यह प्रथम आयोजन है। यह आयोजन अत्यंत ही लाभदायक और समुपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने गायत्री माता को सभी वसुधावासियों की प्रथम माता के रूप में प्रतिपादित किया और कहा कि कोई व्यक्ति गायत्री की आराधना से सभी सदुद्देश्यों की पूर्ति एवं मनवांछित लाभ प्राप्त कर सकता है। यह सभी शंकाओं से परे वेदप्रमाण है। उन्होंने अर्चन में निरत वैदिक ब्राह्मणों को त्रिकाल संध्या.गायत्री का महत्व विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम के संयोजक पंडित शिवपूजन चतुर्वेदी के नेतृत्व में वैदिक वटुकों ने महाराज जी एवं आमंत्रित अतिथियों का सामगान से स्वागत किया एवं उन्हें सम्मानित किया। पंण् चतुर्वेदी ने कहा कि वेदमाता की कृपा अमोघ है। अपने चार दशकों के गायत्री साधना संस्मरणों का उल्लेख करते हुए सबको गायत्री गंगा के अवगाहन की प्रेरणा दी।

# धर्म परिवर्तन पर क्यों नहीं रोक लगाते अखाड़ा परिषद के अध्यक्षः कौशल्यानंद

## ● किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा- विवादों के बजाए कोई अच्छा काम करे परिषद

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**किन्नर अखाडा** प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना मां ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि महाराज द्वारा किन्नर अखाड़ा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर रविवार को कहा कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि प्रयागराज में हो रहे धर्म परिवर्तन को क्यों नही रोक रहे हैं। एक तरफ ईसाई मिशनरिया धर्म परिवर्तन करा रही हैं तो दूसरी ओर इस्लाम के लोग इसमें मशगूल हैं। उन्होंने कहा कि किसी के बारे में विवादित बयान देने से अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि को बचना चाहिए। महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को चाहिए की वह सनातन धर्म की मजबूती के लिये कुछ अच्छा करने की सोचें। कहा कि सनातन धर्म के गरीब और निर्बल लोगों का धर्म परिवर्तन इस्लाम और ईसाई मिशनरिया तेजी से करा रही हैं। इसे लेकर महंत नरेंद्र गिरि का कभी बयान नही आता। यह धर्म



टीना मां

परिवर्तन प्रयागराज से लेकर देश के सभी प्रदेशों और विदेशों तक में चल रहा है। इसको रोकने के लिये अखाड़ा परिषद कोई कदम नही उठा रहा है। इतना ही नही कोविड 19 जैसी महामारी में भी अखाड़ा परिषद ने सनातन धर्म के लोगों की कोई मदद नही की। महामण्डलेश्वर किन्नर अखाड़ा ने मांग की है कि कुछ विरोधी लोग आज भी किन्नरों को लेकर अपनी संकुचित मानसिकता से ऊपर नहीं उठ सके हैं। हर वर्ष की भाँति जब जब माघ मेला और कुंभ मेला आता है तब तब किन्नर अखाड़ा का विरोध कर उसे विवादित करने की गहरी साज़िश रची जाती है। यह ऐसे लोग हैं जो न तो किन्नरों के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं और न ही वह उनको सनातन धर्म से जुड़ने देना चाहते हैं। बल्कि उनकी कोशिश रहती है कि किन्नर समाज हमेशा हासिये पर ही रहे और सनातन धर्म से न जुड़ सके। जबकि किन्नर अखाड़ा की स्थापना ही किन्नरों को सनातन धर्म से जोड़ने के लिये ही हुई है। उन्होंने कहा कि इन विरोधी लोगों को यह समझ में नहीं आता है कि दुनिया कहाँ से कहाँ पहुँच रही है। मनुष्य चन्द्रमा पर बस्ती बसा रहा है परन्तु यह सब आदिम युग में ही जी रहे हैं जो सबसे शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि किन्नरों को भारत के संविधान में बराबरी का हक है और इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय ने नालसा जजमेंट द्वारा किन्नरों को पूरा हक और अधिकार प्रदान किया है। महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि आज से नहीं बल्कि जबसे किन्नर अखाड़ा की स्थापना हुई है तब से हर वर्ष किन्नर अखाड़ा को लक्षित करके अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि विवाद उत्पन्न किया है ताकि किन्नरों की छवि ख़राब की जा सके और उन्हें विवादित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब देश बहुत भयंकर परिस्थितियों से जूझ रहा था तब पूरे देश के किन्नर संतों ने सड़कों पर उतर कर अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की सभी प्रकार से सेवा की तब यह विरोधी अपने घरों पर बैठे थे परन्तु आज जब स्थित सही हुई है तब उन्हीं किन्नर संतों और उनके अखाड़ा का विरोध शुरू कर दिया गया है। कहा कि किन्नर अखाड़ा ऐसे बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

## अधीनस्थों पर निष्प्रभावी बीएसए के निर्देश, निरंकुशता या मिलीभगत?

### ● आदेश कई दिए पर नहीं हुआ अमल, विभागीय चेतावनियों को ठेंगा दिखा रहे बीईओ

**पाटन, उन्नाव।** जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में बीएसए के आदेशों की नाफरमानी की वजह अधीनस्थों की निरंकुशता है या फिर किसी दुरभिसंधि का परिणाम! इस बात का बेहतर जवाब शायद खुद बीएसए साहब ही दे पाएं। किंतु उनकी ढुलमुल नीति से विभागीय व्यवस्था पर सवालिया निशान जरूर लग रहे हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले में विभागीय निर्देशों के इतर एफआईआर व जांच आख्या लंबित रखा जाना बड़ी सांठगांठ का हिस्सा बताया जा रहा है। विभागीय जानकारों का मानना है कि बारंबार चेतावनियों के बाद अब तक एफआईआर की कार्यवाही पर अमल हो जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हुआ। बीईओ द्वारा कार्यवाही जानबूझकर लंबित रखी जा रही है। मामले में बीएसए ने पूर्व सह समन्वयक गंगा कृष्ण को गत 15 दिसंबर को निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए थे। शिक्षकों के मुताबिक एफआईआर हेतु यह तीसरी बार आदेश था। जब बीएसए ने कार्यवाही हेतु 1 सप्ताह की समयसीमा निर्धारित करते हुए बीईओ को अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने मामले की जांच बीईओ पुरवा प्रवीण दीक्षित को सौंपी थी। किंतु एक पखवाड़ा बाद भी न ही मामले की जांच आख्या प्रकाश में आई और ना ही एफआईआर की कार्यवाही ही अमल में लाई गई। उनके आदेशों के एक बार फिर निष्प्रभावी साबित होने पर महकमें से जुड़े लोग तमाम तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। विभागीय जानकारों का कहना है कि पूरे मामले में बीईओ की संलिप्तता के बावजूद पहले तो उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। और अब बीएसए धरातल पर कार्यवाही के बजाय महज कागजी खेल कर रहे हैं।जबकि उनकी मूल योजना प्रकरण को रफा दफा करने की है।

# कायस्थ परिवार की उन्नति करना संकल्पः आशुतोष सिन्हा

## ● सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र खण्ड वाराणसी आशुतोष सिन्हा का हुआ अभिनंदन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राष्ट्रीय इकाई द्वारा सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र खण्ड वाराणसी आशुतोष सिन्हा का अभिनंदन समारोह शंकर लाल श्रीवास्तव मेमोरियल हॉल में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व महापौर एवम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। अभिनंदन समारोह का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण एवम आरती से हुआ। कायस्थ परिवार की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर एवम वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने किया। संचालन अनिल कुमार श्रीवास्तव पूर्व जिलाध्यक्ष अभाकाम ने किया। पूर्व महापौर एवम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि आशुतोष सिन्हा की जीत से पूरे प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई। आशुतोष सिन्हा से कायस्थ परिवार को काफी आशाएं हैं। बड़ी कम उम्र में विधान परिषद का सदस्य पद जीता है। निश्चय ही यह गौरव की बात है। आशुतोष सिन्हा कायस्थ पाठशाला के सदस्य हैं तथा युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। निश्चित ही यह एक संदेश कायस्थ परिवार के युवाओं को जाता है। कार्यक्रम के संयोजक नवीन सिन्हा ने कहा कि आशुतोष की जीत पूरे कायस्थ परिवार की जीत है। आशुतोष जीते वाराणसी क्षेत्र से थे परंतु खुशी पूरे प्रदेश में मनाई गयी। अधिवक्ता अवधेश श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं



की तरफ उनका स्वागत एवम अभिनदंन किया। अभिनदंन समारोह में पूर्व महापौर एवम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने शाल पहनाकर सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर एवम माला पहनाकर कर उनका अभिनदंन किया। मुख्य अतिथि आशुतोष सिन्हा ने कहा कि छात्र जीवन से राजनीति करने का मुझे शौक था। अभिनदंन समारोह का समापन अनिल कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। उन्होंने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिनंदन समारोह में सह संयोजक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव रमेश चन्द्र श्रीवास्तव सभासद एवम कार्यकारिणी सदस्य चौधरी कौशलेंद्र नाथ सिंह एडवोकेट अरुण कुमार श्रीवास्तव शशि प्रकाश श्रीवास्तव पंकज कुमार अतुल गोपाल श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव के सी श्रीवास्तव अखिलेश कुमार श्रीवास्तव अनूप कुमार नीरज कुमार श्रीवास्तव शिव प्रताप श्रीवास्तव अजय कुमार श्रीवास्तव अशोक कुमार श्रीवास्तव वीरेंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**स्थानीय तहसील** कार्यालय स्थित सभागार में आज विधायक श्रीकांत कटियार की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने कुल 225 गरीब एवं बेसहारा वृद्धों को भीषण ठंड से निजात हेतु कंबल वितरित किए।

कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक श्री कटियार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बुजुर्ग किसानों और कामगारों को किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन व निशुल्क विद्युत कनेक्शन आदि सहायता करती रही है। इसी कड़ी में आज बेसहारा और बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को उन्हें भूषण ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए जा रहे हैं उन्होंने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की



हितैषी है और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए भरपूर प्रयास करने में जुटी हुई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो बुजुर्ग आज यहां तक पहुंच पाए हैं, उन्हें कंबल वितरित किया गया है जबकि अन्य बुजुर्गों को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कंबल वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सोमवती, शिवरानी, सियादुलारी, रामदेवी, बेलादेवी,शंकर व नूरजहां सहित कुल 225 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार और तहसीलदार रश्मि सिंह सहित सौरभ सिंह, हिमांशु साहू, विनोद साहू, प्रवीण पटेल, चन्द्र भूषण व प्रशान्त मिश्रा आदि सभी लेखपाल के अलावा सतीश कुमार हरीश विकास गुप्ता व मनीष सिंह चंदेल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मप्र में भोपाल को छोड़कर प्रदेश के सभी कोविड-19 केयर सेंटर बंद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने भोपाल के एक कोविड-19 केयर सेंटर को छोड़कर प्रदेश के ऐसे सभी केन्द्रों को बंद कर दिया है। इस पर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकार के इस निर्णय को सही ठहराया है। ये केन्द्र लक्षण रहित या बहुत हल्के लक्षणों वाले कोविड-19 के मरीजों के ठहरने एवं उपचार के लिए स्कूलों, कॉलेजों एवं लोगों के निजी भवनों में स्थापित किए गए थे। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त निदेशक डॉ. वीना सिन्हा ने रविवार को बताया कि भोपाल के कोविड-19 केयर सेंटर को छोड़कर प्रदेश के समस्त कोविड केयर सेंटरों को बंद करने का यह आदेश 31 दिसंबर को राज्य के समस्त कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को जारी किया गया था। वर्तमान में अब केवल एक ही कोविड-19 केयर सेंटर चल रहा है और वह भोपाल में है। सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में अब कोविड-19 के मरीज अपने ही घरों में पृथक-वास पर रह रहे हैं। इसलिए अब इनकी जरूरत नहीं रह गई है। कोविड-19 की वर्तमान स्थिति तथा अधिकतर कोविड केयर सेंटर में बहुत ही कम लोग आने के मद्देनजर नीतिगत निर्णय लेते हुए इन्हें बंद किया गया है। सिन्हा ने बताया कि भविष्य में कोविड-19 के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने पर जिलों द्वारा कोविड केयर सेंटर खोले जाने की विशेष अनुमति राज्य स्तर से प्राप्त की जाएगी।

इस आदेश के आने के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को ट्वीट किया, प्रदेश में कोरोना से मौतें जारी। संक्रमण का आँकड़ा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। (मप्र) विधानसभा का सत्र तक कोरोना के भय से निरस्त और शिवराज सरकार ने भोपाल को छोड़कर प्रदेश के सभी कोविड केयर सेंटर बंद किए।

कमलनाथ के इस ट्वीट के जवाब में मुख्यमंत्री चौहान ने यहां मीडिया से कहा, कमलनाथ जी का काम ट्वीट करना रह गया है। क्या वह चाहते हैं कि कोविड केयर सेंटर हमेशा ही खुले रहें। कोविड पूरी तरह से नियंत्रण में है। पॉजिटिव मरीजों की संख्या काफी कम हुई है। जो कोरोना पॉजिटिव होते हैं उनके इलाज की पूरी व्यवस्था है। घर में पृथक-वास की भी व्यवस्था है। कभी जरूरत पड़ेगी तो फिर खोल देंगे। लेकिन खोलने के लिए खोलना, इसका कोई औचित्य नहीं है। चौहान ने कहा, कोरोना टीका का भोपाल में सफलतापूर्वक पूर्वाभ्यास (ड्राइ रन) हुआ है। कोविड का टीक लगाने की पूरी तैयारी मध्यप्रदेश सरकार की हैं।

## पंजाब के जालंधर में छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार, हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर जिले में शनिवार शाम से लापता छह साल की एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसका शव रविवार को जालंधर-होशियारपुर मार्ग पर स्थित एक गाँव में गन्ने के खेत में मिला। पीड़िता के माता-पिता बिहार के रहने वाले हैं और यहां मजदूरी करते हैं। उन्होंने शनिवार को अपनी लापता बच्ची के बारे में शिकायत दर्ज कराई। उनके घर के पास ही रहने वाले और उनके दूर के रिश्तेदार संतोष ने उन्हें बताया कि वह उसे बिस्कुट दिलाने के लिए साइकिल पर ले गया और बाद में उसे वापस घर पर छोड़ दिया था। पुलिस ने बताया कि जब बच्ची के माता-पिता ने आस-पास के इलाकों में उसे खोजना शुरू किया, तो संतोष फरार हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में, परिवार ने संतोष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी घाटी में सीडीएएस बिपिन रावत वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भारत की सुरक्षा चौकियों का निरीक्षण करते हुए

## पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन साइबर तकनीक से भर्ती करने में जुटे

**श्रीनगर।** भारतीय सुरक्षा बलों की कड़ी चौकसी के चलते पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकवादी समूह अब साइबर और मोबाइल स्पेस में एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हुए जम्मू कश्मीर में भर्ती करने में जुट गए हैं। सुरक्षा बलों की चौकसी के कारण उनके लिए प्रत्यक्ष रूप से आमने-सामने संपर्क करना कठिन हो गया है। उन्होंने खुफिया सूचनाओं रिपोर्टों और तकनीकी निगरानी के हवाले से बताया कि नए लोगों को शामिल करने के लिए उनकी भावनाओं को भड़काने के वास्ते पाकिस्तान के आईएसआई हैंडलर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों के फर्जी वीडियो का अक्सर इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। इससे पहले आतंकवाद समर्थक ए लोग आतंकवादी संगठनों में नए लोगों को शामिल करने के लिए उनसे भौतिक रूप से संपर्क साधते थे। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी के बाद इन लोगों को अपने तौर-तरीके बदलने को मजबूर होना पड़ा।

सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 2020 में 24 से अधिक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया और 40 से अधिक इस तरह के आतंकी समर्थकों या इनसे सहानुभूति रखने वालों की गिरफ्तारी हुई। पिछले महीने दो आतंकवादियों तवर वाघेई और अमीर अहमद मीर ने 34 राष्ट्रीय राइफल्स के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इन लोगों ने आतंकी माड्यूल्स में अपने शामिल होने के संबंध में गहन जानकारी दी जिससे पता चला था कि साइबर तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बड़े पैमाने पर लोगों को शामिल किया जा रहा है। दोनों आतंकवादी फेसबुक के माध्यम से पाकिस्तान के एक हैंडलर के संपर्क में आए थे, जिसने उन्हें भर्ती होने के लिए राजी किया और एक भर्ती करने वाले के हवाले कर दिया जिसका नाम खालिद और मोहम्मद अब्बास शेख था। दोनों आतंकवादियों को यूट्यूब जैसे मंचों पर उपलब्ध विभिन्न लिंकों का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया था।

## किन्नर अखाड़े को फर्जी बताए जाने के निर्णय से अखाड़ा परिषद में विवाद

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की प्रयागराज में हुई बैठक में किन्नर अखाड़े को फर्जी बताए जाने के निर्णय से अखाड़ा परिषद में ही विवाद पैदा हो गया है। अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरिगिरि महाराज ने यहां रविवार को इस निर्णय पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किन्नर अखाड़े का साथ किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा और वह जूना अखाड़ा के साथ ही इस साल होने वाले हरिद्वार कुंभ में स्नान करेगा। यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए हरिगिरि महाराज ने जोर देकर कहा, किन्नर अखाड़ा हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा, भले ही इसके लिए हमें अखाड़ा परिषद से निकाल दिया जाए। वह खुद महामंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। वह भले ही अखाड़ा परिषद का हिस्सा ना रहें पर किन्नर अखाड़ा को नहीं छोड़ेंगे। हरिगिरि महाराज कहा कि उन्होंने किन्नर अखाड़ा को साथ स्नान का वचन दिया है। उनका काम वचन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने साल 2010 में भी स्नान छोड़ दिया था और एक बार फिर संकल्प लेते हैं कि अगर पूरी जिंदगी भी कुम्भ स्नान का अवसर नहीं मिले तो कोई दु:ख नहीं होगा लेकिन वह पूरी तरह से किन्नर अखाड़े के साथ हैं।

## जनरल रावत ने अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य तैयारियों की समीक्षा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस)** जनरल बिपिन रावत ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के अपने दौरे के दूसरे दिन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास कई अग्रिम अड्डों पर भारत की सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच करीब आठ महीने से जारी गतिरोध के बीच उनका यह दौरा हो रहा है। जनरल रावत ने सुबनसिरी घाटी में सबसे अग्रिम चौकी पर तैनात सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों के साथ बातचीत की। सेना के एक अधिकारी ने जनरल रावत के हवाले से कहा, सीडीएस ने कहा कि वह सभी स्तर के कर्मियों के उच्च मनोबल से संतुष्ट हैं, जो मौका दिए जाने पर या चुनौती मिलने पर जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने स्थानीय रूप से विकसित प्रौद्योगिकी के माध्यम से निगरानी के अभिनव तरीके अपनाने और किसी चुनौती से निपटने की रक्षा तैयारियों के लिए सैनिकों की प्रशंसा की। सूत्रों ने कहा कि जनरल रावत ने अग्रिम ठिकानों पर सशस्त्र बलों की समग्र तैयारियों का जायजा लिया और उनसे चौकन्ना रहने को कहा।

सीडीएस ने शनिवार को अग्रिम क्षेत्रों में कुछ इलाकों का हवाई मुआयना किया और अनेक एयर बेस का भी दौरा किया। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के मद्देनजर चीन के साथ करीब 3,500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सेना और वायु सेना उच्च स्तर की तैयारियां रख रही हैं। पूर्वी लद्दाख में अनेक पर्वतीय क्षेत्रों में भारतीय सेना के करीब 50,000 सैनिक तैनात हैं। मई में शुरू हुए गतिरोध के समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच अनेक दौर की वार्ता का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

चीन ने भी इतनी ही संख्या में सैनिक तैनात कर रखे हैं। छह नवंबर को दोनों पक्षों के बीच आठवें दौर की पिछली वार्ता हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों की वापसी पर व्यापक रूप से बातचीत की थी। जनरल रावत शुक्रवार को असम के चाबुआ में दिनजान वायु सेना केंद्र पहुंचे थे और दो दिन के दौरे पर शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना हुए। उनकी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा भारत के पहले सीडीएस के रूप में उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के मौके पर हो रही है।

### क्विक न्यूज

### निम्न रक्त शर्करा के कारण केंद्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा बेहोश हुए, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरू।** केंद्रीय मंत्री डी. वी. सदानंद गौड़ा रविवार को शिवमोगा से बेंगलुरू आते समय चित्रदुर्ग में निम्न रक्त शर्करा के कारण बेहोश हो गए और उन्हें यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। उन्होंने बताया कि गौड़ा (67) की हालत स्थिर है और उनका अस्पताल में इलाज जारी है। मंत्री को पहले चित्रदुर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में शून्य यातायात प्रबंधन कर उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से यहां के एक निजी अस्पताल में लाया गया। शून्य यातायात प्रबंधन के तहत अन्य वाहनों को अस्थाई रूप से रोक कर वीवीआईपी के काफिले को गुजारा जाता है। गौड़ा राज्य भाजपा की एक बैठक में शामिल होने के बाद शिवमोगा से बेंगलुरू आ रहे थे। सूत्रों ने बताया कि चित्रदुर्ग में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं का अभिवादन करने के बाद वह बेहोश हो गए। वह वहां दोपहर के भोजन के लिए एक होटल में ठहरे थे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री गौड़ा को तुरंत चित्रदुर्ग के बासावेश्वर चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के बाद वह ठीक हो गए और भाजपा नेताओं तथा परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की। इसके बाद उन्हें बेंगलुरू के अस्पताल में भर्ती कराया गया। गौड़ा के बेटे कार्तिक ने संवाददाताओं से कहा, ... निम्न रक्त शर्करा के कारण ऐसा हुआ... वह अब ठीक है।

### महाराष्ट्र से सैकड़ों किसान एवं विद्यार्थी दिल्ली के लिए रवाना

**नागपुर।** महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो किसान, विद्यार्थियो एवं अलग- अलग क्षेत्रों के लोग रविवार शाम को नागपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुए। ए लोग कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर एक महीने से अधिक समय से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर डेरा डाले कृषकों का साथ देंगे। किसान सभा के एक नेता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र एवं मराठवाड़ा में जिन किसानों ने कर्ज या अन्य संबंधित मुद्दों के कारण खुदकुशी कर ली, उनकी विधवाएं भी इस चलो दिल्ली वाहन मार्च में शामिल है। दिन में कोल्हापुर, सांगली, सतारा, नासिक, औरंगाबाद और अहमदनगर एवं अन्य जिलो के युवक एवं अन्य पेशो के लोग महाराष्ट्र राज्य किसान सभा के तत्वाधन में नागपुर में इक्ट्ठा हुए। उन्होंने दोपहर को मार्च निकाला एवं शाम को संविधान चौक पर उनकी सभा हुई। किसान सभा के नागपुर जिला सचिव अरुण वानकर ने कहा, ए किसान और अन्य लोग बसों, चार पहिया गाड़ियों समेत 40 वाहनों में दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य किसान सभा के करीब 800 सदस्य भी प्रदर्शनकारी किसानों का साथ देने के लिए दिल्ली जा रहे है। हम उन किसानों का साथ देना चाहते है जो तीन कृषि कानूनों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे है। ए तीनों कानून केंद्र सरकार ने तानाशाही तरीके से संसद से पारित कराए।

### मंत्री राजीव बनर्जी सड़क हादसे में बाल-बाल बचे

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा क्षेत्र मे एक मिनी ट्रक ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मंत्री राजीव बनर्जी की कार को टक्कर मार दी। हादसे में वह बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बताया कि वन मंत्री घायल नही हुए हैं, लेकिन उनका चालक मामूली रूप से घायल हुआ है। मिनी ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बनर्जी ने पत्रकारों को बताया कि उनकी कार रासबिहारी कनेक्टर से रूबी क्रॉसिंग की ओर जा रही थी कि इसी दौरान पत्थरों से लदा एक मिनी ट्रक अचानक दाईं ओर मुड़ा और उनके वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया, मैंने ट्रक को रोका और पुलिस को सूचना दी। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उसने हमारे सामने दावा किया कि वाहन का ब्रेक फेल हो गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में प्रायोगिक आधार पर शुरू होगी सेब की खेती

**जशपुर।** काजू, मिर्च, आलू और अन्य नकदी फसलों की खेती के लिए पहचाने जाने वाले छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल जशपुर जिले में अब प्रायोगिक आधार पर सेब की खेती की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह प्रायोगिक खेती यहां से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित पंद्रापथ में 10 एकड़ सरकारी भूमि पर की जाएगी और परिणामों के आधार पर खेती का विस्तार किया जा सकता है। जशपुर के जिलाधिकारी महादेव कावरे ने बताया, समुद्र तल से लगभग 1200 मीटर की ऊंचाई पर पहाड़ियों में बसे पंद्रापथ की कृषि-जलवायु की स्थिति सेब की कुछ किस्मों को उगाने के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा, पड़ोसी जिले सरगुजा के मैनपाट में सेब की इस किस्म की खेती के अच्छे परिणामों को देखते हुए, हमने इसे यहां दोहराने का फैसला किया है जहां की भू-जलवायु परिस्थितियां पंद्रापथ के ही समान हैं। बागवानी परियोजना के तहत, जिला प्रशासन पंद्रापथ में 100 एकड़ में फैला हुआ एक हरा-भरा पार्क विकसित कर रहा है, जहां सेब के साथ नाशपाती, लीची, सब्जियां आदि उगाई जाएंगी। उन्होंने कहा, हम जनवरी के अंत में सेब के 1600 पौधे लगाएंगे और प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को भी खेती में शामिल किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 22 लाख रुपए का फंड रखा गया है।




अमृतसर में कृषि सुधार कानून के विरोध में उतरे किसानों के समर्थन में आंदोलन के दौरान उनके परिवार के सदस्यों के साथ छात्रों ने दिया धरना।

## चावल मिल मालिकों ने धान के आयात पर पाबंदी हटाने की मांग की

**गोंडिया (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गोंडिया जिले में चावल मिल मालिकों ने आरोप लगाया है कि अन्य राज्यों से धान की ढुलाई पर रोक लगाने के जिला प्रशासन के कदम से कारोबार प्रभावित हुआ है और यह किसान उपज व्यापार एवं वाणिज्य अधिनियम, 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन भी है। इन आरोपों का खंडन करते हुए जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि धान के आयात पर पाबंदी स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा एवं मुनाफाखोरी रोकने के लिए लगाई गई है।

अधिकारी ने महाराष्ट्र सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्रालय की ओर से अन्य राज्यों से गोंडिया में धान की ढुलाई पर पाबंदी लगाते हुए जारी किए गए आदेश का हवाला दिया। पूर्वी महाराष्ट्र में गोंडिया, भंडारा, गढ़चिरौली, चंद्रपुर और नागपुर जिले बड़े धान उत्पादक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन जिलों में करीब 700 चावल मिलें चल रही हैं और हजारों लोग अपनी आजीविका के लिए इन मिलों पर आश्रित हैं।

महाराष्ट्र सरकार आम श्रेणी के चावल के लिए 1868 रूपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है और उसने प्रति क्विंटल पर 700 रूपए के बोनस की भी घोषणा की है। इस तरह प्रति क्विंटल चावल का दाम 2,568 रूपए हो जाता है। उसके विपरीत उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश में धान की दर कम है, ऐसे में गोंडिया और उसके आसपास के जिलों के मिल मालिक सस्ते दाम पर इन राज्यों से धान खरीद रहे हैं और मुनाफा कमाने के लिए किसानों के नाम पर खरीद केंद्रों पर उसे बेच दे रहे हैं। इस बीच खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेश के बाद गोंडिया जिले की सीमाओं पर धान से लदे सैंकड़ों ट्रक रोक दिए गए हैं। राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन ने इस पाबंदी आदेश की गलत व्याख्या की है।

## केरल में तीन जंगली हाथियों की मौत

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के तीन क्षेत्रों से तीन जंगली हाथियों की मौत हो जाने की खबर रविवार को सामने आई। उनमें एक शावक हाथी शामिल है। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार दो हाथियों की मौत कथित रूप से दुर्घटनाओं में हुई जबकि शावक हाथी के आसपास बहुत सारे हाथियों के मौजूद रहने के कारण उसका परीक्षण नहीं हो पाया। अधिकारियों के अनुसार रविवार सुबह 20 साल की एक हथिनी की मौत हो गई। कई घंटे पहले उसे कुएं से निकाला गया था। वह तीन दिन पहले कुएं में गिर गई थी। खेत में स्थित कुएं का उपयोग नहीं होता था। कोझिकोड जिले में इस हथिनी को दिन भर की लंबी मशक्कत के बाद शनिवार रात को बाहर निकाला गया था। वन अधिकारियों ने इस काम में खुदाई मशीनों की मदद ली थी। एक वन अधिकारी ने बताया कि जब उसे बाहर निकाला गया तब वह बहुत कमजोर थी। एक अन्य घटना में रविवार सुबह निलाम्बुर में वन से सटे खेत में 20 वर्षीय एक हाथी मरा मिला। एक वन अधिकारी ने कहा, हमें संदेह है कि उसे बिजली का करंट लग गया। वह निलाम्बुर में कालीकावू वनक्षेत्र के चाक्कुकुझी में एक खेत में मरा मिला। एक अन्य घटना में वायनाड वन्यजीव अभयारण्य में एक शावक हाथी मरा मिला। एक वन्यजीव अधिकारी ने बताया कि यह मामला वायनाड जिले के कुरिचियाट वनक्षेत्र का है। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारी मृत शावक हाथी के आसपास हाथियों के झुंड के मौजूद होने की वजह से वहां नहीं पहुंच पाए।

## प्रसार भारती के डिजिटल चैनलों ने 2020 में 100 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती के डिजिटल चैनलों ने 2020 में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है तथा दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी (एआईआर) के लिए पाकिस्तान दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल दर्शक रहा। यह जानकारी सरकार की ओर से रविवार को दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी के चैनलों को वर्ष भर में एक अरब से अधिक बार डिजिटल तरीके से देखा गया और इस दौरान इन्हें डिजिटल तरीके से करीब छह अरब मिनट देखा गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दिलचस्प बात है कि 2020 के दौरान भारत के घरेलू दर्शकों के बाद डीडी और आकाशवाणी की सामग्री के लिए दूसरे सबसे अधिक डिजिटल दर्शक पाकिस्तान के रहे। पाकिस्तान के बाद अमेरिका का स्थान रहा। इसमें कहा गया है कि 2020 के दौरान प्रसार भारती के मोबाइल एप्लिकेशन न्यूजऑनएयर के उपयोगकर्ताओं की संख्या में 25 लाख से अधिक की बढ़ोतरी हुई और इस मंच को 30 करोड़ से अधिक व्यूज मिले। इसमें कहा गया है कि लाइव रेडियो प्रसारण सबसे लोकप्रिय रहा। डीडी नेशनल और डीडी न्यूज के अलावा, प्रसार भारती के शीर्ष 20 डिजिटल चैनलों में डीडी सह्याद्री से मराठी समाचार, डीडी चंदना पर कन्नड़ कार्यक्रम, डीडी बांग्ला से बांग्ला समाचार और डीडी सप्तगिरी पर तेलुगु कार्यक्रम शामिल हैं।

बयान में कहा गया, डीडी स्पोर्ट्स और आकाशवाणी स्पोर्ट्स ने लाइव कमेंट्री के साथ डिजिटल दर्शकों और श्रोताओं की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की है। वहीं प्रसार भारती आर्काईव्स और डीडी किसान ने अच्छा डिजिटल प्रदर्शन किया और वे शीर्ष 10 में शामिल हैं। मंत्रालय ने पूर्वोत्तर से खबरों के लिए पर्याप्त डिजिटल दर्शक संख्या को रेखांकित करते हुए कहा कि आकाशवाणी समाचार की पूर्वोत्तर सेवा भी शीर्ष 10 में शामिल है तथा इसने 1,00,000 सब्सक्राइबर के डिजिटल मील के पत्थर को पार कर लिया है।

बयान में कहा गया है, 2020 के दौरान सबसे लोकप्रिय डिजिटल वीडियो में स्कूली छात्रों के साथ प्रधानमंत्री का संवाद, गणतंत्र दिवस परेड 2020 और डीडी नेशनल आर्काइव्स से शंकुतला देवी का दुर्लभ वीडियो शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि संस्कृत भाषा सामग्री के लिए समर्पित प्रसार भारती यूट्यूब चैनल 2020 में शुरू किया गया था, जिसमें डीडी-एआईआर राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के लिए संस्कृत भाषा में तैयार सामग्री अपलोड की जाती है। बयान में कहा गया है, मन की बात और ट्विटर हैंडल ने 2020 में तेज वृद्धि दर्ज की है, जिसमें मन की बात अपडेट ट्विटर हैंडल के अब 67 हजार से अधिक फॉलोअर हैं। यूट्यूब चैनल में मन की बात के विभिन्न एपिसोड के क्षेत्रीय भाषा संस्करण हैं। इसमें कहा गया है, अब हजारों घंटे की शैक्षिक सामग्री विभिन्न भारतीय भाषाओं में हमारे यूट्यूब चैनलों पर उपलब्ध है।



विशाखापट्टनम में कोरोना महामारी के बीच आरके समुद्र तट की यात्रा के दौरान घुड़सवारी करती हुई महिला।

# शिवराज सिंह ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश** में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा नीत सरकार के मंत्रिमंडल का बहुप्रतिक्षित विस्तार रविवार को किया गया, जिसमें भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक दो विधायकों को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई।

मंत्रिमंडल के इस तीसरे विस्तार में तुलसीराम सिलावट एवं गोविन्द सिंह राजपूत को फिर से मंत्री बनाया गया। ए दोनों चौहान के मंत्रिमंडल में पहले भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंत्रिमंडल विस्तार के लिए यहां राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित संक्षिप्त समारोह में इन दोनों को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन दोनों को पिछले साल 21 अप्रैल को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था, लेकिन तब वे विधायक नहीं थे। कोरोना वायरस

## ● सिंधिया के दो समर्थकों को किया शामिल



महामारी के कारण तीन नवंबर से पहले विधानसभा सीटों के उपचुनाव नहीं हो पाए थे, इसके चलते उन्हें पिछले साल तीन नवंबर में हुए 28 विधानसभा सीटों के उपचुनाव से ठीक पहले संवैधानिक बाध्यता के कारण मंत्री के तौर पर छह माह पूरे होने से एक दिन पहले अक्टूबर में इस्तीफा देना पड़ा था। पिछले साल तीन नवंबर को हुए उपचुनाव में अपनी-अपनी सीट जीतकर अब ए दोनों विधायक बन गए हैं और इसलिए इन्हें फिर से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। इसी के साथ पिछले साल मार्च में कमलनाथ की पूर्व सरकार गिराने वाले 22 बागियों में 11 बागियों को मंत्रिमंडल में जगह मिल गई है। इनमें से अधिकांश सिंधिया का समर्थन करने वाले नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कोविड-19 को लेकर दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान, प्रदेश विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा एवं कई अन्य मंत्री मौजूद थे।

मध्यप्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को हुए उपचुनाव के 11 नवंबर को परिणाम आने के बाद से ही इस मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही थी। कुल 230 सदस्यीय मध्यप्रदेश विधानसभा में मंत्रिपरिषद में कुल 35 सदस्य हो सकते हैं। इन दो मंत्रियों का मंत्रिमंडल में शामिल करने के बाद मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री चौहान सहित कुल 31 सदस्य हो गए हैं। पिछले साल तीन नवंबर को हुए उपचुनाव में भाजपा ने 28 में से 19 सीटें जीती थी, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को मात्र नौ सीटें मिली।

इससे 230 सदस्यों के सदन में भाजपा की सीटें बढ़कर 126 हो गई, जबकि कांग्रेस विधायकों की संख्या 96 पहुंच गई। इनके अलावा, मध्यप्रदेश विधानसभा में बसपा के दो विधायक, सपा का एक और चार निर्दलीय विधायक हैं, जबकि एक सीट खाली है। जिन 28 सीटों पर उपचुनाव हुए थे, इनमें से अधिकांश सीटें कांग्रेस विधायकों द्वारा इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने से खाली हुई थी। इस उपचुनाव में तीन मंत्री एदल सिंह कंषाना, इमरती देवी एवं गिर्राज दंडोतिया चुनाव हार गए, जिसकी वजह से उन्हें अपने मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। ए तीनों भी कांग्रेस विधायकी छोड़कर भाजपा में आए थे। भाजपा के कुछ वरिष्ठ विधायकों एवं सिंधिया खेमे के कुछ अन्य विधायकों को उम्मीद थी, इनके स्थान पर उन्हें भी इस विस्तार में मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

लेकिन, पार्टी में सिंधिया समर्थित विधायकों एवं भाजपा के अन्य विधायकों के बीच चल रहे खींचतान के चलते चौहान ने केवल उन दो को ही मंत्रिमंडल में आज जगह दी, जो पहले भी उनके मंत्रिमंडल में मंत्री रह चुके थे। इससे मंत्री पद की आस में लगे कई वरिष्ठ विधायकों के मंसूबे पर फिलहाल पानी फिर गया। मालूम हो कि चौहान ने 23 मार्च को अकेले मुख्यमंत्री की शपथ ली थी और कोरोना वायरस महामारी और लॉकडाउन के बीच मुख्यमंत्री चौहान ने 29 दिन तक अकेले ही सरकार चलाते रहे। बाद में 21 अप्रैल को और दो जुलाई को चौहान ने अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार किया था।



**भोपाल में रविवार को मध्य प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ नवप्रोन्नत कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट (बाएं) और गोविंद राजपूत (दाएं) ने राजभवन में सामूहिक फोटो खिंचवाई।**

# औरंगाबाद को पहले अन्य नामों से भी पुकारा जाता था: इतिहासकार

भाषा। औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

**औरंगाबाद** का नाम बदलकर संभाजीनगर करने की शिवसेना की मांग को लेकर महाराष्ट्र में एक साल पुरानी महा विकास अघाड़ी सरकार के बीच मतभेद की स्थिति पैदा होने के बीच इतिहासकारों का कहना है कि शहर को अतीत में कई अन्य नामों से भी जाना जाता रहा है।

इतिहासकार डॉ दुलारी कुरैशी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि शहर का अतीत में राज तडाग, खड़की और फतेहनगर नाम भी रहा है। उन्होंने कहा कि कान्हेरी गुफाओं में एक शिलालेख है, जिसमें शहर को राज तडाग (शाही झील) कहे जाने का उल्लेख है। द आइकोनोग्राफ़ी ऑफ़ द बुद्धिस्ट स्कल्प्चर्स ऑफ़ एलोरा नामक पुस्तक में इसके लेखक डॉ. रमेश शंकर गुप्ते ने भी उल्लेख किया है कि इस शहर को पहले राज तडाग कहा जाता था। इस नाम का इस्तेमाल 10वीं शताब्दी तक किया जाता रहा और पहले के व्यापार मार्गों में भी इस नाम का उल्लेख मिलता है।

उज्जैन-टेर व्यापार मार्ग महेश्वर, बुरहानपुर, अजंता, भोकरदन, राज तडाग, प्रतिष्ठान (पैठण) और उस्मानाबाद जिले के टेर से गुजरता था। इतालवी लेखक पिया ब्रांकासियो ने बुद्धिस्ट केव्स ऐट औरंगाबाद: ट्रांसफॉर्मेशन इन आर्ट एंड रिलीजन नामक पुस्तक में कहा है कि 10 वीं शताब्दी में राज तडाग कपास के सामान के लिए प्रसिद्ध था। कुरैशी ने कहा कि शहर को उस समय खड़की के नाम से भी जाना जाता था, जब 400 साल पहले मलिक अंबर सिद्दी सैन्य शासक थे। खड़की नाम इस जगह के चट्टानी इलाके को दर्शाता है। इतिहासकार रफ़त कुरैशी ने कहा कि वर्तमान औरंगाबाद का नाम औरंगज़ेब काल के दौरान खुजस्ता बुनियाद (शुभ नींव) भी रखा गया था लेकिन यह नाम थोड़े समय के लिए ही था। बाद में औरंगज़ेब ने शहर का नाम अपने नाम पर रखा और इसे 1653 से औरंगाबाद के रूप में जाना जाता है।

डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के इतिहास और प्राचीन भारतीय संस्कृति विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. पुष्पा गायकवाड़ ने कहा कि शहर की पहचान को उसका नाम बदलकर नहीं बदला जा सकता। गायकवाड़ ने कहा कि प्रसिद्ध है और लोग नाम बदलने के बाद भी इसे इसी नाम से पहचानेंगे। दुनिया इसे इसके वर्तमान नाम से जानती है।

# सौरव गांगुली की हालत स्थिर

## ● एक और एंजियोप्लास्टी के बारे में जल्द होगा फैसला: चिकित्सक



भाषा। कोलकाता

दिल का हल्का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए बीसीसीआई अध्यक्ष एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का उपचार कर रहे चिकित्सकों ने रविवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य संबंधी मानक सामान्य हैं तथा उनकी हालत स्थिर है। शनिवार को गांगुली की एंजियोप्लास्टी हुई थी। उनके हृदय की तीन धमनियों में अवरोध पाया गया था, जिनमें से एक में स्टेंट लगाया गया था। गांगुली जिस अस्पताल में भर्ती हैं, वहां से जारी बुलेटिन में कहा गया, बीती रात उनकी सामान्य रही और उन्हें बुखार नहीं है। वह अभी सो रहे हैं। इसमें बताया कि गांगुली का रक्तचाप 110170 है तथा उनके शरीर में ऑक्सीजन का स्तर 98 फीसदी है। चिकित्सकों ने कहा कि गांगुली की स्थिति को देखने के बाद उनकी एक और एंजियोप्लास्टी करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। अस्पताल के प्रवक्ता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मेडिकल बोर्ड बायपास सर्जरी के विकल्प के बारे में विचार नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगे के उपचार के बारे में हमारी विशेषज्ञ समिति कल फैसला लेगी। गांगुली का उपचार कर रहे चिकित्सकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा, सुबह उन्होंने नाश्ता किया, अखबार पढ़े और अस्पताल के कर्मियों से बात की।

# भूख, कोविड जैसी तमाम परेशानियों को मात देकर 19 गरीब छात्र डॉक्टर बनने की राह पर अग्रसर

भाषा। भुवनेश्वर

**गरीब** परिवारों में जन्म लेने वाले कुछ छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे लेकिन नियति ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। ओडिशा के ऐसे ही 19 छात्र अब भूख, गरीबी और कोविड जैसी तमाम परेशानियों को मात देकर डॉक्टर बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

इन छात्रों ने एक एनजीओ की सहायता से चिकित्सा क्षेत्र में जाने के लिए जी-तोड़ मेहनत की और अब ए सभी 2020 में नीट परीक्षा पास कर विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पा चुके हैं। ओडिशा के एक धर्मार्थ समूह ने इन 19 गरीब छात्रों के डॉक्टर बनने के सपने को वास्तविकता में तब्दील करने में सहायता उपलब्ध कराई, जिसके सभी अभ्यर्थियों ने गत अक्टूबर में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफलता हासिल की। इन छात्रों में से किसी के अभिभावक दिहाड़ी मजदूर हैं तो किसी के पिता सब्जी विक्रेता, ट्रक चालक, मछुआरे या इडली-वड़ा बेचने वाले हैं। इन सभी मेधावी छात्रों को प्रशिक्षित करने में सबसे अहम भूमिका शिक्षाविद अजय बहादुर सिंह की है जो अपने एनजीओ के माध्यम से जिंदगी कार्यक्रम के जरिए गरीब छात्रों के सपनों को सच कर रहे हैं अजय अपने बचपन में गरीबी एवं अन्य मजबूरियों के चलते डॉक्टर बनने का सपना पूरा नहीं कर सके थे।

बिहार के गणितज्ञ आनंद कुमार के सुपर-30 की तरह ही ओडिशा के अजय की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। आनंद भी आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इंजीनियर बनने में सहायता उपलब्ध कराते हैं। सफलता प्राप्त करने वाले मेडिकल अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन कामयाबी का यह दिन उन्हें देखने को मिलेगा।

वे अजय बहादुर सिंह की दरियादिली का आभार जताते हुए कहते हैं कि उन्होंने ना केवल आर्थिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी कामयाबी के लिए प्रोत्साहित किया। ओडिशा के दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली खिरोदिनी साहू, रोशन पाइक, सत्यजीत साहू और देबाशीष बिस्वाल की कहानी संघर्षों से भरी है, जिनके परिवार दो जून की रोटी के लिए रोजाना जद्दोजहद करते हैं। खेतों में अपने माता-पिता की मदद करने वाली खिरोदिनी साहू ने कहा, मेरा यह जीवन अजय सर के लिए समर्पित है।

# भाजपा को संगठित करने के लिए पूरे कर्नाटक की यात्रा करेंगे एदियुरप्पा

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को कहा भाजपा ने अगले विधानसभा चुनाव में 140 से 150 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है और वह इसे हासिल करने के लिए पार्टी को संगठित करने के वास्ते जल्द ही पूरे राज्य का दौरा करेंगे। भाजपा ने एक विज्ञप्ति में एदियुरप्पा के हवाले से कहा गया है कि अगले विधानसभा चुनाव में 140 -150 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, मैं पार्टी को इसके लिए संगठित करने के वास्ते जल्द ही राज्यव्यापी यात्रा करूंगा। मुख्यमंत्री ने यह बात शिवमोगा में भाजपा की राज्य इकाई की विशेष बैठक में यह बात कही। बैठक में कर्नाटक के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह, राज्य इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और सदानंद गौड़ा और राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। कर्नाटक में अगले विधानसभा चुनाव साल 2023 में होने हैं। साल 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को 104, कांग्रेस को 78 और जद(एस) को 37 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

# जम्मू कश्मीर में बलि का बकरा बन गए हैं मुख्यधारा के राजनीतिक दल: महबूबा

भाषा। श्रीनगर

**केंद्र** सरकार पर जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक दलों को दबाने का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि दु:ख की बात है कि ए दल बलि का बकरा बन गए हैं और हर कोई उन पर ठीकरा फोड़ रहा है। पीडीपी नेता ने कहा कि इन सबके बावजूद वे संविधान के अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए एक लंबी और कठिन राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं जिसे गैरकानूनी तरीके से हटाया गया था।

महबूबा ने कहा, दु:ख की बात है कि मुख्यधारा बलि का बकरा बन गई है और सब उस पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, सच यह है कि हम अपना पूरा राजनीतिक जीवन दिल्ली की तरफ से लग रहे पाकिस्तान समर्थक होने के आरोपों और कश्मीर से भारत विरोधी तथा कश्मीर विरोधी होने के आरोपों से लड़ते हुए बिता देंगे। महबूबा ने यहां पीटीआई भाषा को दिए साक्षात्कार में इस बात पर जोर दिया कि पीडीपी और गुपकर गठबंधन बनाने वाले मुख्यधारा के छह अन्य दलों ने केवल लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीकों से पूर्ववर्ती राज्य के विशेष दर्जे को बहाल कराने के लिए लड़ने का संकल्प लिया था लेकिन भारत सरकार हमें अब भी दबा रही है और असंतोष के स्वरों को अपराध की तरह दिखा रही है।

पीडीपी नेता से जब पूछा गया कि क्या उन्हें वाकई उम्मीद है कि भारत में कोई भी सरकार संसद द्वारा पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने के फैसले को पलट देगी जिस फैसले का पूरे देश में व्यापक तौर पर स्वागत किया गया, तो उन्होंने कहा, कुछ भी पत्थर की लकीर नहीं होता। महबूबा ने कहा, अगर संसद का फैसला ही अंतिम होता तो लाखों लोग सीएए या कृषि विधेयकों जैसे कानूनों के खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरे होते।



उन्होंने कहा, हमसे जो भी असंवैधानिक तरीके से छीना गया है उसे लौटाना होगा, लेकिन यह लंबी और कठिन राजनीतिक लड़ाई होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनावों में 280 सीटों में से 112 पर गुपकर गठबंधन (पीएजीडी) की जीत ने दिखा दिया है कि जनता ने अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने के फैसले को स्पष्ट रूप से नकार दिया है। उन्होंने कहा, डीडीसी चुनाव अचानक से हमारे सामने चुनौती की तरह पेश किए गए और हमें समान अवसर नहीं प्रदान किए गए। हमने सीधी टक्कर ली और एकजुट होकर चुनाव लड़ा ताकि भाजपा और उसके छद्म दलों को कोई लोकतांत्रिक स्थान नहीं मिले तथा हमारे लोगों को कमजोर करने से उन्हें रोका जा सके।

महबूबा ने कहा, लेकिन भाजपा ने चुनाव में अनुच्छेद 370 के मुद्दे को उठाकर इसे एक जनमत संग्रह बना दिया। इसलिए लोगों ने सामूहिक रूप से हमारे गठबंधन के लिए वोट दिया और स्पष्ट कर दिया कि वे पांच अगस्त, 2019 के गैरकानूनी फैसले को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने तथा पूर्ववर्ती राज्य को विभाजित करने के फैसले से जनता पूरी तरह स्तब्ध और ठगा हुआ महसूस कर रही थी। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि इस फैसले ने जम्मू कश्मीर के लोगों का देश से अलगाव और बढ़ा दिया तथा कश्मीर मुद्दे को और अधिक जटिल बना दिया।

# मोहम्मद रफीक ने मप्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली

**भोपाल।** न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक ने रविवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 26वें मुख्य न्यायधीश की शपथ ली। मध्यप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें यहां राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित समारोह में पद की शपथ दिलाई। रफीक को उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से स्थानांतरित कर 31 दिसंबर को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा एवं गृह एवं विधि विधाई मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित कई मंत्री और अधिवक्तागण मौजूद थे।

# अब देश के 25 में से 24 उच्च न्यायालय में है नियमित मुख्य न्यायाधीश

भाषा। नई दिल्ली

**पिछले** सप्ताह चार न्यायाधीशों की पदोन्नति के बाद अब देश के 25 में से 24 उच्च न्यायालय में नियमित मुख्य न्यायाधीश पदस्थ हैं। उच्चतम न्यायालय की कोलेजियम ने हाल ही में पांच न्यायाधीशों को विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि इनमें से चार न्यायाधीशों को पदोन्नत किया जा चुका है जबकि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की फाइल प्रक्रियाधीन है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत करने की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि कुछ उच्च न्यायालय कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के अधीन कार्य कर रहे थे। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस मुरलीधर को ओडिशा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति हिमा कोहली को तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया है जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पंकज मित्तल को केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के साझा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

इसी तरह, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी को मद्रास उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस बीच, उच्चतम न्यायालय और विधि मंत्रालय के चार रिक्त पदों को भरने के लिए अभी भी कोलेजियम की सिफारिश प्राप्त किया जाना बाकी है। उच्चतम न्यायालय में न्यायधीशों की स्वीकृत संख्या 34 के मुकाबले 30 न्यायाधीश ही पदस्थ हैं।

# पेज 1 का शेष

## कोवैक्सीन व...

बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि इससे कोविड मुक्त भारत की मुहिम को बल मिलेगा। मोदी ने ट्वीट किया कि वैश्विक महामारी के खिलाफ भारत की जंग में एक निर्णायक क्षण। सीरम इंस्टिट्यूट और भारत बायोटक के टीकों को डीसीजीआई की मंजूरी से एक स्वस्थ और कोविड मुक्त भारत की मुहिम को बल मिलेगा। इस मुहिम में जी-जान से जुटे वैज्ञानिकों-अन्वेषकों को शुभकामनाएं और देशवासियों को बधाई। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि यह गर्व की बात है कि जिन दो वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल को मंजूरी दी गई है, वे दोनों मेड इन इंडिया हैं। यह आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमारे वैज्ञानिक समुदाय की इच्छाशक्ति को दर्शाता है। आत्मनिर्भर भारत, जिसका आधार है- सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया। मोदी ने वायरस के खिलाफ लड़ाई में देश के अग्रिम मोर्चे के कर्मियों को सलाम किया। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने इसे कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई में निर्णायक क्षण बताया।

## भारत बायोटेक...

से व्यवहार कर रहे हैं जिसकी उनसे उम्मीद की जाती है तथा वे 'स्थायी तौर पर राजनीतिक हाशिए पर जाने की राह पर हैं।' इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श करने वाली गृह मामलों की संसदीय समिति के प्रमुख शर्मा ने कहा कि टीके के उपयोग की मंजूरी के मुद्दे पर बेहद सावधानी बरतना आवश्यक है क्योंकि किसी भी देश ने अनिवार्य चरण तीन परीक्षणों और डेटा सत्यापन के साथ समझौता नहीं किया है। भारत के औषधि नियामक डीसीजीआई ने रविवार को सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके 'कोवैक्सीन' के देश में सीमित आपात इस्तेमाल को रविवार को मंजूरी दे दी, जिससे व्यापक टीकाकरण अभियान का मार्ग प्रशस्त हो गया है। शर्मा ने 'कोवैक्सीन' का उल्लेख करते हुए कहा कि विशेषज्ञ समिति के समक्ष दी गई प्रस्तुति के अनुसार, चरण तीन के परीक्षण पूरे नहीं हुए हैं और इसलिए, सुरक्षा तथा प्रभाव के आंकड़ों की समीक्षा नहीं की गई है, जो एक अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय को इस मामले में अनिवार्य प्रोटोकॉल और जरूरतों के साथ समझौता करने के कारण बताने चाहिए, क्योंकि इसमें कोविड-19 के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले स्वास्थ्य और सुरक्षाकर्मी जुड़े हैं जिन्हें सीमित श्रेणी के तहत टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तीसरे चरण के परीक्षणों के दौर से गुजर रहे भारत बायोटेक के टीके को आपात स्थिति में सीमित उपयोग की अनुमति से वास्तविक चिंताएं उत्पन्न होती हैं।

## अभी और...

तापमान में पांच से नौ डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। आइएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली-एनसीआर के मौसम में यह बदलाव आया है। बारिश होने के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही श्रीवास्तव ने कहा कि हल्की बारिश के बाद दिल्ली-एनसीआर में पारा 6 जनवरी तक बढ़ जाएगा। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 5 जनवरी तक बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है।

## कोरोना का...

वैक्सीन सामने आ चुकी हैं। योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा, इससे पहले, निवेशक उत्तर प्रदेश में जमीन खरीदने में हिचकते थे कि कहीं सपा के गुंडे उस पर कब्जा न कर लें। यही काम बसपा के समय में भी हुए, मगर अब ऐसा सम्भव नहीं है क्योंकि जो लोग पहले डर फैलाते थे, वे खुद खौफ में जी रहे हैं। योगी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास होना, साबित करता है कि मंदिर आंदोलन सकारात्मक था और नकारात्मक सोच रखने वाले लोगों ने ही इस मुहिम को बदनाम किया। उन्होंने कहाकि पिछली सरकारें हरेक विवाद को लटकाना चाहती थीं। जो लोग कहते थे कि राम तो काल्पनिक हैं, अब वो कहने लगे हैं कि राम तो सबके हैं.... यह है परिवर्तन। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जो राम भक्तों पर गोली चलाते थे और कहते थे कि राम का तो अस्तित्व है ही नहीं, आज उनको भी राम भक्तों की ताकत का एहसास हो गया है। अब वे कह रहे हैं कि राम तो सबके हैं। कारसेवा के समय हम यही तो कहते थे कि राम तो सबके हैं, इसलिए राम जन्मभूमि के आंदोलन का विरोध ना करे। अंतत: राम भक्तों ने जो सेवा की, वे विजई हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, पांच अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों होना, इस बात को साबित करता है कि राम जन्मभूमि के लिए चलाया गया आंदोलन एक सकारात्मक आंदोलन था और वह कहीं भी नकारात्मक नहीं था। उस आंदोलन का विरोध करने वाले लोग नकारात्मक सोचते थे और इसलिए उसे बदनाम करते थे। जब वे हरेक क्षेत्र में नाकाम हो चुके हैं तो कह रहे हैं कि राम तो सबके हैं। भगवान करे यह सद्बुद्धि हमेशा बनी रहे।

## प्रथम चरण...

द्विवेदी सहित दूसरे विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स, द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन वर्कर्स एवं तृतीय चरण में वरिष्ठ नागरिक एवं कोमार्बिडिटी से प्रभावित व्यक्तियों को टीकाकरण की कार्ययोजना बनाई गयी है। साथ ही जिले में टीकाकारण के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रथम चरण में लगभग 51,000 हेल्थ वर्कर को टीकाकरण की योजना है। कुल 510 टीकाकरण सेशन होंगे और 40 स्थानों पर कोल्ड चेन प्वाइंट्स बनाये गये हैं। प्रतिदिन एक टीकाकरण टीम द्वारा लगभग 100 लाभार्थियों को टीके लगाये जायेंगे। यही नहीं प्रतिदिन लगभग 170 से 180 टीकाकरण सेशन होंगे, जिसमें प्रतिदिन 340 से 360 तक टीकाकरण टीमें कार्य करेंगी। वहीं, कोल्ड चेन प्वाइंट्स से सेशन साइट तक वैक्सीन को पुलिस सुरक्षा में ले जायेगा। पहले चिन्हित 12 फैसिलिटी केन्द्रों यथा-एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएल हॉस्पिटल, सहारा हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल, लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, राम सागर मिश्रा चिकित्सालय, बीकेटी, एरा मेडिकल कालेज, सीएचसी, इन्दिरा नगर, सीएचसी काकोरी, सीएचसी मलिहाबाद, सीएचसी माल में सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक प्रत्येक पर 2 सेशन में टीकाकरण का ड्राइ रन किया जायेगा, जिसमें ड्राइ रन के लिए टीमों में पुलिस, होमगार्ड कार्मिक के अतिरिक्त चिकित्सा विभाग के वैक्सीनेटर एवं आशा तथा आंगनबाड़ी की टीमें कार्य करेंगी। जिलाधिकारी ने टीमों का गठन करने का आदेश दिया है, साथ ही आवश्यक रिजर्व टीम भी तैयार की जाये, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे कार्य लिया जा सके। प्रथम चरण की ट्रेनिंग पूर्व में दी जा चुकी है। सोमवार को दोपहर एक बजे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर के ज्यूपीटर हॉल में टीम के सभी टीकाकरण टीम कार्मिकों को दक्ष क प्यूटर ऑपरेटर और नोडल पुलिस अधिकारी, नोडल प्रशासनिक अधिकारी एवं नोडल चिकित्सा अधिकारी को परीक्षण दिया जाएगा।

## ट्रायल से...

इस निर्णय से टीके को लेकर आम लोगों में अविश्वास की स्थिति पैदा हो सकती है और इस हालत में केंद्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इस वैक्सीन का बचाव करना बहुत मुश्किल हो सकता है। गुड़गांव के फोर्टिस अस्पताल के निदेशक (इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड डिसऑर्डर एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट) डॉ. राहुल भार्गव ने कहा कि सरकार फेज थ्री ट्रायल से संबंधित प्रोटोकॉल को संशोधित करने का प्रयास कर रही है। फाइजर और सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित वैक्सीन को मंजूरी देना तो उचित था, क्योंकि उन्होंने इसके लिए आवश्यक दिशानिर्देशों का पालन किया है, लेकिन भारत बायोटेक की को-वैक्सीन तो अभी भी तीसरे चरण के ट्रायल से गुजर रही है और ऐसे में वर्तमान डेटा के आधार पर इसे मंजूरी देना हानिकारक हो सकता है। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. गगनदीप कंग ने एक समाचार चेनल से कहा कि वह को-वैक्सीन के प्रभावकारिता डेटा से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं और यह कहना अभी मुनासिब नहीं कि टीका नए स्ट्रेन पर असरकारक होगा। एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि को-वैक्सीन को बैकअप के तौर इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी ओर, कई तरह की चिंता जाहिर करते हुए ऑल इंडिया ड्रग एक्शन नेटवर्क ने तो को-वैक्सीन का दी गई अनुमति को वापस लेने की मांग उठा दी है।

## एलएसी पर...

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे के सभी सिविल काम के लिए निविदाएं दे दी गई हैं और समय पर परियोजना को चालू करने के लिए निर्माण पूरे जोरों पर चल रहा है। इस कॉरिडोर को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। इसमें खरीद प्रक्रिया बैंक और सरकार के दिशानिर्देशों के तहत संचालित हो रही है। एडीबी की खरीद दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक के सभी सदस्य देशों के विक्रेता बिना किसी भेदभाव के बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र हैं।

# पूरी भारतीय टीम एक साथ सिडनी जाएगी

## ● चौथे टेस्ट के ब्रिसबेन में ही खेले जाने की संभावना



भाषा। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एहतियात के तौर पर पृथकवास में रह रहे पांच भारतीय खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के लिए एक साथ चार्टर्ड विमान से सोमवार को मेलबर्न से सिडनी रवाना होगी। भारतीय उपकप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, शुभमन गिल, पृथ्वी साव और नवदीप सैनी के खिलाफ कोरोना वायरस से बचाव के लिए लागू जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन को कथित तौर पर तोड़ने की जांच जारी है लेकिन उन्हें टीम के साथ यात्रा करने से नहीं रोका जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि वे इस मामले की जांच बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर कर रहे हैं। यह मामला तब तूल पकड़ा जब नवलदीप सिंह नाम के एक प्रशंसक ने ट्विटर पर एक वीडियो साझा किया जिसमें ए पांचों एक इनडोर रेस्तरां में खाना खा रहे थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अगर आप क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बयान को ध्यान से पढ़ेंगे तो उन्होंने कभी नहीं कहा कि यह एक उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वे यह निर्धारित करना चाहते हैं कि क्या यह उल्लंघन है। इसलिए टीम के साथ सिडनी जाने वाले इन पांच खिलाड़ियों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। पूरी टीम कल दोपहर उड़ान भर रही है। यह पता चला है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के इस मसले से निपटने के तरीके से भारतीय टीम खुश नहीं है। सूत्र ने कहा, उस प्रशंसक ने अगर सोशल मीडिया पर खिलाड़ी (पंत) को गले लगाने को लेकर झूठ नहीं बोला होता तो यह मामला बड़ा नहीं होता। खिलाड़ी अंदर इसलिए गए क्योंकि वहां बूंदाबांदी हो रही थी। उसने बिना अनुमति के वीडियो बनाया और फिर बिना किसी के कहे ही पब्लिसिटी के लिए बिल का भुगतान कर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। उन्होंने सवाल किया, क्या आप यह कहना चाहते है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ऐसे व्यक्ति के वीडियो के आधार पर निर्णय लेगा, जिसने पहले झूठ बोला और फिर अपने बयान से मुकर गया। इस पूरे मामले के बाद टीम के प्रशासनिक प्रबंधक गिरिश डोंगरे की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। बीसीसीआई के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डोंगरे बीसीसीआई के कार्मचारी है और उन्हें कोविड-19 प्रोटोकॉल को लेकर टीम को संभालने के लिए रखा गया है। खिलाड़ियों के लिए प्रोटोकॉल की हर बात याद रखना जरूरी नहीं है। इस काम के लिए एक पेशेवर टीम है, जिन्हें यह सुनिश्चित करना है कि हर नियम का पालन किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए डोंगरे का कर्तव्य था कि खिलाड़ियों को बताया जाए कि वे एक इनडोर क्षेत्र में नहीं जा सकते। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने रविवार को दावा किया था कि ब्रिसबेन में पृथकवास के कड़े नियमों के कारण भारतीय टीम चौथे टेस्ट के लिए वहां की यात्रा नहीं करना चाहती है। लेकिन यह पता चला है कि श्रृंखला का चौथा और आखिरी टेस्ट अपने तय कार्यक्रम 15 जनवरी से ब्रिसबेन के गाबा मैदान में ही खेला जाएगा।

### सिडनी में नहीं, गाबा में खेलना चाहते हैं अंतिम टेस्ट : वेड

मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने रविवार को कहा कि उनकी टीम नहीं चाहती कि ब्रिसबेन में होने वाला अंतिम टेस्ट मैच भी सिडनी में खेला जाए क्योंकि रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत पृथकवास के कड़े नियमों के कारण गाबा में खेलने के इच्छुक नहीं है। रिपोर्टों के अनुसार भारतीय टीम क्वींसलैंड में पृथकवास के कड़े नियमों के कारण ब्रिसबेन नहीं जाना चाहती है और इसके बजाय सिडनी में लगातार दो मैच खेलने के लिए तैयार है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सिडनी में शुरू होगा। वेड ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने इस बारे में नहीं सुना लेकिन हम निश्चित तौर पर सिडनी में लगातार दो मैच नहीं खेलना चाहेंगे। कार्यक्रम तय हो चुका है और हम उसी अनुसार चलना चाहेंगे। भले ही वह पृथकवास से जुड़ा होटल हो तो फिर मैदान पर जाओ, खेलो और वापस आ जाओ। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गर्मियों के शुरू में जो कार्यक्रम तय किया था वह उस पर अडिग है और इसलिए हमें गाबा में खेलने की पूरी उम्मीद है। यह सच्चाई छिपी नहीं है कि हम गाबा में खेलना पसंद करते है। वहां पृथकवास के कड़े नियम और सख्त जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल होगा लेकिन हम अधिक बलिदान और अधिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### अमेरिका, रूस, कनाडा और फिनलैंड सेमीफाइनल में

एडमंटन। अमेरिका ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए स्लोवाकिया को 5-2 से हराकर विश्व जूनियर आइस हॉकी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका सोमवार को होने वाले सेमीफाइनल में फिनलैंड का सामना करेगा जबकि अन्य सेमीफाइनल कनाडा और रूस के बीच खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के अन्य मैचों में फिनलैंड ने आखिरी क्षणों में गोल करके स्वीडन को 3-2 से हराया जबकि मेजबान कनाडा ने चेक गणराज्य को 3-0 और रूस ने जर्मनी को 2-1 से पराजित किया।

### श्रीलंका ने किए टीम में चार बदलाव

जोहानिसबर्ग। चोटिल खिलाड़ियों से जूझ रहे श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में चार बदलाव किए हैं। श्रीलंका ने रविवार को यहां इस मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। श्रीलंका इस मैच में बल्लेबाज दिनेश चंदीमल, आलराउंडर धनंजय डिसिल्वा तथा तेज गेंदबाज कासुन रजिता और लाहिरू कुमारा के बिना खेलेगा। ये चारों खिलाड़ी पहले मैच में चोटिल हो गए थे जिसे श्रीलंका ने पारी और 45 रन से गंवाया था। लाहिरू तिरिमाने, मिनोद भानुका, दुसमंत चमीरा और असिता फर्नांडो को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। बल्लेबाज भानुका और तेज गेंदबाज फर्नांडो का यह पहला टेस्ट मैच है।

### चयन ट्रायल से पहले भोपाल में अभ्यास करेंगी मनु भाकर

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक के लिए टिकट हासिल करने की दौड़ में शामिल युवा भारतीय निशानेबाज मनु भाकर यहां डाक्टर कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में राइफल और शॉटगन चयन ट्रायल के दौरान भोपाल स्थित मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में अभ्यास करेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों और युवा ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता 18 साल की यह पिस्टल निशानेबाज चार से 10 जनवरी तक भोपाल में अभ्यास करने के लिए रविवार को रवाना हो गई। वह 11 जनवरी को यहां अपने चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए वापस आएंगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गांगुली से बात की, उनके जल्द उबरने की कामना की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से बात की और उनसे हालचाल पूछा। गांगुली की हल्के दिल के दौरे के बाद एंजियोप्लास्टी की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी ने इस पूर्व क्रिकेटर की पत्नी डोना गांगुली से भी बात की। प्रधानमंत्री ने उनके जल्द उबरने की कामना की। डॉक्टरों ने रविवार को बताया था कि गांगुली की हालत स्थिर है और उनका स्वास्थ्य ठीक है। इस दिग्गज क्रिकेटर की तीन धमनियों में अवरोध है।

## जेमीसन की घातक गेंदबाजी, पाक ने पहली पारी में 297 रन बनाए



क्राइस्टचर्च। तेज गेंदबाज काइल जेमीसन के कहर के बीच पाकिस्तान ने अनुभवी अजहर अली की 93 रन की पारी की मदद से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन रविवार को यहां अपनी पहली पारी में 297 रन बनाए। अपना छठा टेस्ट मैच खेल रहे जेमीसन ने अतिरिक्त उछाल और मूवमेंट से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया तथा 69 रन देकर पांच विकेट लिए। न्यूजीलैंड के टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले के बाद जेमीसन ने सुबह के सत्र में तीन ओवर के अंदर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 83 रन कर दिया था। इसके बाद अजहर और कप्तान मोहम्मद रिजवान (61) ने पांचवें विकेट के लिए 88 रन जोड़कर टीम को इन झटकों से उबारा। जेमीसन ने दूसरे सत्र में रिजवान को आउट करके अपना चौथा विकेट लिया जबकि अंतिम सत्र में फहीम अशरफ (48) का विकेट लेकर तीसरी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। अजहर अली ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन वह अपने 18वें शतक से चूक गए। टिम साउथी ने शान मसूद (शून्य) को तीसरे ओवर में आउट कर दिया जिसके बाद अजहर ने क्रीज पर उतरकर पारी संवारने का काम किया और अपने करियर का 32वां अर्धशतक लगाया।

## साइना, प्रणीत और श्रीकांत थाईलैंड रवाना, सिंधू लंदन से वहां पहुंचेंगी

नई दिल्ली। ओलंपिक कोटे के दावेदार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, बी साई प्रणीत और किदांबी श्रीकांत रविवार को थाईलैंड रवाना हो गए जहां वे दो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। कोरोना वायरस के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के रोके जाने के बाद श्रीकांत ने अक्टूबर(2020) में डेनमार्क सुपर 750 में भाग लिया था जबकि बाकी खिलाड़ी लगभग 10 महीने के बाद किसी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में खेलेंगे। ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधू रविवार को लंदन से दोहा होते हुए बैंकाक पहुंचेंगी। कोविड-19 के कारण आई रूकावट के बाद यह उनके लिए भी पहला टूर्नामेंट होगा। पिछले साल मार्च में ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के बाद बीडब्ल्यूएफ को कैलेंडर को रद्द करने पर मजबूर होना पड़ा था। इस दौरान डेनमार्क ओपन के अलावा सारलोरलक्स सुपर 100 टूर्नामेंट का ही आयोजन हो सका था। अब सब की नजरें सुपर 1000 की दो प्रतियोगिताओं पर हैं जिसमें योनेक्स थाईलैंड ओपन (12 से 17 जनवरी) और टोयाटा थाईलैंड ओपन (19 से 24 जनवरी) खेला जाएगा। इन प्रतियोगिताओं से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लंबे ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। भारतीय टीम में इन चारों खिलाड़ियों के अलावा ओलंपिक कोटा लगभग पक्का कर चुके सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी एवं चिराग सेट्टी की पुरूष युगल जोड़ी और अश्विनी पोनप्पा एवं एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी भी शामिल है।


### लक्ष्य थाईलैंड में होने वाली दो प्रतियोगिताओं से हटे

नई दिल्ली। भारत के उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ट्रेनिंग के दौरान पीठ की मांसपेशियो में खिंचाव के कारण थाईलैंड में होने वाली दो प्रतियोगिताओं से हट गए है। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 100 टूर्नामेंट सारलोरलक्स ओपन और डच ओपन सहित 2019 में सीनियर सर्किट में पांच खिताब जीतने वाले 19 साल के लक्ष्य को पीठ की चोट के बाद डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी है। पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने कहा, दुर्भाग्य से लक्ष्य ट्रेनिंग के दौरान पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण थाईलैंड में दो प्रतियोगिताओ में नही खेल पाएगा। थाईलैंड 12-17 जनवरी और 19-24 जनवरी के बीच दो सुपर 1000 प्रतियोगिताओ की मेजबान करेगा।

## रीयाल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग में शीर्ष पर पहुंचा

बार्सिलोना। मौजूदा चैंपियन रीयाल मैड्रिड मार्को एसेनसियो और लुकास वाजक्वेज के गोल की मदद से सेल्टा विगो को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रीयाल मैड्रिड के अब 17 मैचों में 36 अंक हो गए हैं और वह एटलेटिको मैड्रिड से एक अंक आगे हो गया है। एटलेटिको ने हालांकि रीयाल से तीन मैच कम खेल हैं। वह अलावेज के खिलाफ जीत से फिर से अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंच सकता है। वाजक्वेज ने खेल के छठे मिनट में एसेनसियो के क्रास पर रीयाल के लिए पहला गोल किया। वाजक्वेज ने इसके बाद 53वें मिनट में अपने साथी फारवर्ड एसेनसियो के लिए गोल बनाया जिन्होंने उसका पूरा फायदा उठाकर स्कोर 2-0 किया। एक अन्य मैच में सेविला के गोलकीपर यासिनी बोनोउ ने नाबिल फेकियर की पेनल्टी को बचाकर अपनी टीम को रीयाल बेटिस के खिलाफ एक अंक दिलाया। यह मैच।-। से ड्रा छूटा। जीसस सुसो फर्नाडिज ने 48वें मिनट में गोल करके सेविला को बढ़त दिलाई लेकिन सर्जियो केनालेस ने 53वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर बेटिस को बराबरी दिला दी।

## नेतृत्व करने के लिए हुआ है रहाणे का जन्म, वह साहसी और होशियार कप्तान है: चैपल



भाषा। नई दिल्ली

कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे को जन्मजात नेतृत्वकर्ता करार देते हुए आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने मेलबर्न टेस्ट में भारत की जीत का श्रेय बल्ले से उनके उपयोगी योगदान के अलावा चतुराई से भरी साहसिक कप्तानी को दिया। एडीलेड में पहला टेस्ट मैच गंवाने वाली भारतीय टीम ने रहाणे की अगुवाई में मेलबर्न में दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करके शानदार वापसी की। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो में अपने कॉलम में लिखा, इसमें कोई हैरानी नहीं कि अजिंक्य रहाणे ने एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड) पर शानदार तरीके से भारत की अगुवाई की। जिस किसी ने भी 2017 में धर्मशाला में उन्हें कप्तानी करते हुए देखा होगा वह पहचान गया होगा कि उनका जन्म क्रिकेट टीमों का नेतृत्व करने के लिए हुआ है। धर्मशाला में 2017 में खेले गए टेस्ट मैच में भारत ने चौथे टेस्ट मैच में आठ विकेट से जीत हासिल करके चार मैचों की श्रृंखला 2-। से जीती थी। भारत ने तब भी लक्ष्य का पीछा किया था और रहाणे 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे। चैपल ने लिखा, एमसीजी में खेले गए मैच और 2017 के मैच में काफी समानताएं हैं। पहला यह उन्हीं दो बेहद प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच खेला गया था, दूसरा रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में निचले क्रम में उपयोगी योगदान दिया था और तीसरा रहाणे ने कम लक्ष्य के सामने दबाव वाली परिस्थितियों में आक्रामक बल्लेबाजी करके जरूरी रन जुटाए। रहाणे ने धर्मशाला में तब मेरा ध्यान अपनी तरफ खींचा था जब उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को गेंद सौंपी जबकि तब डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ ने शतकीय साझेदारी कर रखी थी। मुझे लगता है कि यह साहसिक कदम था और यह बेहद अच्छा साबित हुआ। यादव ने जल्द ही वार्नर का विकेट लिया जिससे आस्ट्रेलियाई पारी लड़खड़ा गई थी।

### अभ्यास नही कर पाई भारतीय टीम

मेलबर्न। भारतीय टीम बारिश के कारण मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर रविवार को अभ्यास नही कर पाई और खिलाड़ियो को जिम मे जाकर समय बिताना पड़ा। तीसरा टेस्ट मैच सात जनवरी से सिडनी मे शुरू होना है और भारतीय टीम मेलबर्न मे उसकी तैयारी कर रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान मे कहा, भारत का एमसीजी पर आज होने वाला अभ्यास सत्र बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत और आस्ट्रेलिया की टीम सोमवार को सिडनी के लिए रवाना होंगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को कहा था कि उप कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के पांच टेस्ट खिलाड़ियो को पृथकवास पर रखा गया है और यह जांच की जा रही है कि उन्होंने जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो नही किया है। एक प्रशंसक ने ट्विटर पर वीडियो डाली थी जिसमे ए पांचो एक इनडोर रेस्तरां मे खाना खा रहे थे जिसके बाद यह कदम उठाया गया। बीसीसीआई ने पहले अपने स्तर पर जांच से इनकार किया लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बाद मे कहा कि मामले की संयुक्त जांच की जा रही है।

## रामपाल की अगुवाई भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना रवाना

नई दिल्ली। रानी रामपाल की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को अर्जेंटीना के दौरे पर रवाना हो गई जहां टीम कोविड-19 महामारी के कारण लगभग एक साल के विश्राम के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित नहीं की गई और ऐसे में भारतीय टीम को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में अभ्यास करके ही काम चलाना पड़ा। भारतीय टीम को विश्व की नंबर दो टीम अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेलनी है। ए मैच 26, 28, 30 और 31 जनवरी को खेले जाएंगे। इससे पहले भारतीय टीम अर्जेंटीना की जूनियर टीम और बी टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। रानी ने टीम की रवानगी से पहले कहा, फिर से दौरे पर जाना अच्छा लग रहा है। पिछले कुछ महीनों में हमने अपने खेल पर कड़ी मेहनत की है और अब समय आ गया है कि हम अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने कौशल का प्रदर्शन करें। इस समय अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलना थोड़ा भिन्न होगा क्योंकि हमें जैव सुरक्षित वातावरण में रहना होगा। टीम हालांकि मैदान पर लौटने को लेकर उत्साहित है।

## श्रीलंका के 157 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की मजबूत शुरूआत

जोहानिसबर्ग। कई खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशानी का सामना कर रहे श्रीलंका को 157 रन पर ऑल आउट करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में रविवार को यहां शुरूआती दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 148 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्टंप्स के समय सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर 92 और रासी वेन डेर डुसेन 40 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहली पारी के आधार पर दक्षिण अफ्रीका श्रीलंका से सिर्फ नौ रन पीछे है। इससे पहले टॉस गंवाने के बाद गेंदबाजी करते हुए एनरिज नोर्जे (56 रन पर छह विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और वियान मुलदर (25 रन पर तीन विकेट) की शानदार तेज गेंदबाजी का श्रीलंकाई बल्लेबाजो के पास कोई जवाब नही था। श्रीलंका की पूरी टीम महज 40.3 ओवर ही खेल पाई।

## डिजिटल बाजार के मामले में सभी के लिए एक जैसा रुख काम नही करता: सीसीआई

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के चेयरपर्सन अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि डिजिटल बाजार के मामले में सभी के लिए एक समान रुख काम नहीं करता और तथ्यों के आधार पर मामलों का आकलन समय की जरूरत है। डिजिटल खंड में अनुचित व्यापार गतिविधियों की आशंका को लेकर चिंता के बीच उन्होंने यह बात कही है। सीसीआई डिजिटल बाजार पर करीब से नजर रख रहा है और उसने अन्य कदमों समेत ई-वाणिज्य खंड में विस्तृत अध्ययन किया है। गुप्ता ने इस बात को स्वीकार किया कि डिजिटल बाजार की नेटवर्क प्रभाव और डेटा से जुड़ी जो विशेषताएं हैं, उसको देखते हुए गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों की आशंका बढ़ी है।

## किसानों की आय, रोजगार सृजन में लाभकारी है ठेका खेती, पर मोल-तोल शक्ति बढ़ाने की जरूरत

नई दिल्ली। कृषि कानूनों को लेकर किसानों के विरोध के बीच एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ठेका खेती किसानों को नई प्रौद्योगिकी तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही उनकी आय बढ़ाने और रोजगार सृजन में लाभकारी है। हालांकि, इसमें इस बात को लेकर सावधान किया गया है कि कंपनियों के समक्ष किसानों की मोल- तोल की ताकत बढ़ाने की जरूरत है।

ठेका और काश्तकारी खेती: पांच राज्यों से सबक विषय पर जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें कृषि कारोबार से जुड़ी कंपनियों के समक्ष किसानों के व्यक्तिगत रूप से मोल-तोल की शक्ति बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही कंपनियों के साथ बेहतर और समान स्तर पर अनुबंध के लिए कदम उठाने का सुझाव भी दिया गया है। पांच राज्यों ... पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश अैर तेलंगाना के 2014 किसानों और 384 श्रमिकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार ठेका खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ रोजगार सृजन में भी फायदेमंद है।

## भारत के कोविड-19 के खिलाफ अभियान में टीकों को मंजूरी निर्णायक मोड़ : नीति आयोग

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल ने रविवार को देश में कोरोना वायरस से बचाव के लिए दो टीकों के आपात उपायोग की मंजूरी दिए जाने को कोविड-19 के खिलाफ अभियान में एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि इस चुनौती को पूरा करने के लिए वैज्ञानिकों और उद्योग ने जिस गति से साथ मिलकर काम किया, वह आत्मानिर्भर भारत की भावना और क्षमता को दर्शाता है।

भारत के औषधि नियामक डीसीजीआई ने रविवार को देश में सीमित आपात उपयोग के लिए सीरम इस्टीट्यूट द्वारा विनिर्मित ऑक्सफोर्ड कोविड-19 टीका कोविशील्ड तथा स्वदेश विनिर्मित भारत बॉयोटक की कोवैक्सीन को मंजूरी दे दी। इससे बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान का रास्ता साफ हो गया है। नीति आयोग ने पॉल के हवाले से ट्विटर पर लिखा है, भारत के कोविड-19 के खिलाफ जारी अभियान में आज का दिन निर्णायक मोड़ है क्योंकि भारत में बने दोनों टीकों को आपात उपयोग के लिए मंजूरी मिल गई है। पॉल टीका प्रबंधन पर बने राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह के चेयरमैन भी हैं।

# सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बढ़त

## ● देश की 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के पास कुल 75,845 करोड़ रुपए की वृद्धि



भाषा। नई दिल्ली

देश की 10 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों से सात के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 75,845.46 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसमें सर्वाधिक लाभ एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक को हुआ। दोनों एचडीएफसी के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बाजाज फाइनेंस लाभ में रहीं। दूसरी तरफ रिलायंस इंडसट्रीज लि. (आरआईएल), हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. और भारतीय एयरटेल के बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 20,857.99 करोड़ रुपए उछलकर 4,62,586.41 करोड़ रुपए जबकि एचडीएफसी बैंक का एमकैप 15,393.9 करोड़ रुपए बढ़कर 7,84,758.50 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 10,251.38 करोड़ रुपए बढ़कर 5,36,878.45 करोड़ रुपए रहा। जबकि आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 9,609.3 करोड़ रुपए बढ़कर 3,64,199.40 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 7,410.96 करोड़ मजबूत होकर 10,98,773.29 करोड़ रुपए रिकार्ड किया गया। कोटक महिंद्रा बैंक का एमकैप 6,500.94 करोड़ रुपए बढ़कर 3,94,914.98 करोड़ रुपए जबकि बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 5,820.99 करोड़ रुपए मजबूत होकर 3,18,181.18 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। दूसरी तरफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 4,279.13 करोड़ रुपए घटकर 12,59,741.96 करोड़ रुपए तथा एचयूएल का एमकैप 2,948.69 करोड़ कम होकर 5,60,933.06 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण।,063.83 करोड़ रुपए घटकर 2,81,015.76 करोड़ रुपए रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलयंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही।

### एफपीआई का दिसंबर में शेयर बजार में रिकार्ड 62,016 करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय बजारो मे लगातार तीसरे महीने शुद्ध लिवाल रहे और दिसंबर मे 68,558 करोड़ रुपए निवेश किए। वैश्विक निवेशक उभरते बाजारो मे निवेश बढ़ा रहे है और भारत उसमे से बड़ा हिस्सा हासिल करने मे सफल रहा है। डिपोजिटरीज आंकड़े के अनुसार विदेशी निवेशको ने दिसंबर महीने मे शेयरो मे शुद्ध रूप से रिकार्ड 62,016 करोड़ रुपए निवेश किए जबकि बांड मे 6,542 करोड़ रुपए लगाए। नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लि. द्वारा एफपीआई आंकड़ा उपलब्ध कराए जाने के बाद से इक्विटी खंड मे यह सर्वाधिक निवेश है। इससे पहले, एफपीआई ने नवंबर माह मे इक्विटी मे सर्वाधिक 60,358 करोड़ रुपए निवेश किए थे। शुद्ध रूप से कुल निवेश दिसंबर महीने मे 68,558 करोड़ रुपए रहा। आंकड़े के अनुसार एफपीआई अक्टूबर और नवंबर मे शुद्ध रूप से लिवाल रहे थे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशको ने अक्टूबर मे 22,033 करोड़ रुपए तथा नवंबर मे 62,951 करोड़ रुपए निवेश किए।

### कैग ने वित्त मंत्रालय से सरकारी बैंकों में पूंजी डाले जाने के बारे में प्रदर्शन ऑडिट का ब्योरा मांगा

नई दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैको (पीएसबी) मे बड़े स्तर पर पूंजी डालने के अभियान के संदर्भ मे जारी प्रदर्शन ऑडिट को लेकर ब्योरा मांगा है। सूत्रो ने कहा कि कैग 2016-17 के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैको मे डाली गई पूंजी के बारे मे प्रदर्शन ऑडिट को देख रहा है और उसने वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग को पत्र लिखा है। पत्र मे विभिन्न पीएसबी मे पूंजी डालने के औचित्य समेत अन्य जानकारी मांगी गई है।

भारत सरकार ने 2017-18 मे पीएसबी मे 90,000 करोड़ रुपए की पूंजी डाली, जो अगले साल बढ़कर 1.06 लाख करोड़ रुपए हो गई। पिछले वित्त वर्ष मे बांड के जरिए 70,000 करोड़ रुपए की पूंजी डाली गई। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैको मे 20,000 करोड़ रुपए की पूंजी डालने की योजना बनाई है। इसमें से सरकार ने बासेल तीन दिशानिर्देशो के अंतर्गत नियामकीय जरूरतो को पूरा करने के लिए 2020 मे 5,500 करोड़ रुपए पंजाब एंड सिंध बैक मे डाले।

### सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क से 1.20 लाख करोड़ का निर्यात होने का अनुमान

नई दिल्ली। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के अंतर्गत पंजीकृत इकाइयो का सॉफ्टवेयर निर्यात चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही मे करीब 1.20 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही मे 1.07 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले यह 11.7 प्रतिशत अधिक है। एसटीपीआई के आंकड़े के अनुसार इन इकाइयो का निर्यात चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही मे करीब 1.21 लाख करोड़ रुपए का रहा था।

### 'कोवैक्सीन को मंजूरी बड़ी छलांग: भारत बायोटेक

नई दिल्ली। घरेलू दवा निर्माता कंपनी भारत बायोटेक ने रविवार को कहा कि कोविड-19 के उसके टीके कोवैक्सीन को भारतीय औषधि नियामक की मंजूरी मिलना देश मे नए उत्पादो के विकास की दिशा मे एक महत्वपूर्ण छलांग है। भारत के औषधि महानियंत्रक ने ऑक्सफोर्ड और एस्ट्राजेनेका के द्वारा सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ मिलकर तैयार टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक द्वारा विकसित टीके कोवैक्सीन के सीमित आपात उपयोग की मंजूरी दे दी।

### धीमंत बायजू के निदेशक

नई दिल्ली। छात्रो को आनलाइन पढ़ाई कराने वाली शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू ने धीमंत व्यास को मुख्य क्रिएटिव निदेशक नियुक्त किया है।

### खरीदारों को वादा

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और ब्रिटेन की उसकी भागीदार बीपी पीएलसी ने पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 से अगले दौर के उत्पादन मे ग्राहको को तय मात्रा अनुसार प्राकृतिक गैस उपलब्ध नही करा पाने की स्थिति मे नकद भुगतान की प्रतिबद्धता जताई है। गैस बिक्री और खरीद समझौता के मसौदे के अनुसार रिलायंस और बीपी ने केजी-डी6 मे आर-संकुल से उत्पादित बढ़ी हुई गैस की मात्रा के लिए मूल्य खोज बोलियां साझा की है।

## फाइलों को आगे बढ़ाने में देरी का पता लगाने के लिए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करेगा एनएचएआई : गडकरी

नई दिल्ली। देश में राजमार्गों का विस्तार करने वाली संस्था भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण लालफीताशाही पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सॉफ्टवेयर का सहारा लेगी। साफ्टवेयर के जरिए फाइलों के प्रसंस्करण में देरी किस बिंदु पर हो रही है उसका पता लगाया जा सकेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल एनएचएआई में दक्षता व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के विभिन्न उपायों का हिस्सा होगी। एनएचएआई ने पिछले साल जून में कहा था कि वह निर्माण क्षेत्र का पहला संगठन है जोकि क्लाउड आधारित डेटा-लेक-सॉफ्टवेयर के साथ पूरी तरह से डिजिटल बन गया है। लाल फीताशाही को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देरी से निर्णय लेने का परिणाम नुकसान हैं। लाल फीताशाही को मिटाने के लिए हम एक सॉफ्टवेयर लाएंगे, जो विशेष रूप से पता लगाएगा कि किसी फाइल को निपटाने में किस विशेष अधिकारी ने कितना समय लिया।

## विवाद से विश्वास योजना के तहत एक लाख करोड़ के विवादित कर मामलों का निपटान


भाषा। नई दिल्ली



सरकार के साथ कर मुद्दों को लेकर कानूनी मुकदमों में उलझे करीब पांच लाख उद्यमों में से बीस प्रतिशत ने सरकार की विवाद निपटान योजना को चुना है। इससे करीब 83 हजार करोड़ रुपए की विवादित राशि से जुड़े मामलों को सुलटाने में मदद मिली। वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2020- 21 का बजट पेश करते हुए प्रत्यक्ष कर से जुड़े पुराने कानूनी मामलों को सुलटाने के लिए विवाद से विश्वास योजना की घोषणा की थी। योजना के जरिए विभिन्न अपीलीय मंचों में लंबित करीब 4.8 लाख अपीलों के चलते अटके 9.32 लाख करोड़ रुपए के कर- राजस्व को मुक्त करने का प्रयास था। वित्त सचिव अजय भूषण पांडेय ने पीटाआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा, लंबित मामलों में से 96 हजार ने लंबित कानूनी मामले के निपटान की योजना का चयन किया। इन मामलों में करीब 83 हजार करोड़ रुपए का राजस्व अटका पड़ा है। पांडेय ने कहा कि इस योजना के तहत मिल रहे आवेदनों और दिसंबर में आवेदनों में तेजी को देखते हुए सरकार ने इसकी समय सीमा एक महीने बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी थी।

# चीन के नए रक्षा कानून से शी के नेतृत्व वाली सेना की शक्तियां बढ़ी

**भाषा।** बीजिंग



**चीन ने** अपने राष्ट्रीय रक्षा कानून को संशोधित करते हुए राष्ट्रपति शी चिनफिंग के नेतृत्व वाले अपने सशस्त्र बलों की शक्तियों में वृद्धि की है। इस कदम का उद्देश्य देश और विदेशों में चीन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सैन्य एवं असैन्य संसाधन जुटाना है।

हांगकांग से प्रकाशित समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रविवार की एक खबर के मुताबिक नया कानून एक जनवरी से लागू हो गया है। इसने सैन्य नीति निर्माण व केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) में निर्णय लेने की शक्तियों में प्रधानमंत्री ली कियांग नीत मंत्रिमंडल स्टेट कौंसिल की भूमिकाओं को कमतर कर दिया है।शी के नेतृत्व वाला सीएमसी, चीन की 20 लाख कर्मियों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का संपूर्ण आलाकमान है। शी (67), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद इसके सबसे शक्तिशाली नेता के तौर पर उभरे हैं। शी, सीपीसी महासचिव और सेना प्रमुख हैं। इसके अलावा वह राष्ट्रपति हैं और संभवत: आजीवन इस पद पर रह सकते हैं। वह सीएमसी में एकमात्र ऐसे असैन्य नेता हैं, जिस सैन्य अधिकारी भरे हुए हैं। राष्ट्रीय रक्षा कानून में संशोधनों को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति ने पिछले साल 26 दिसंबर को पारित किया था। गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में सीपीसी का अहम सम्मेलन हुआ था जिसमें अमेरिका की तर्ज पर 2027 तक पूरी तरह से आधुनिक सेना बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया था। संशोधित कानून, परंपरागत हथियारों के अलावा साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक्स के क्षेत्र में सरकारी एवं निजी उद्यमों को नई रक्षा प्रौद्योगिकी के अनुसंधान में हिस्सा लेने के लिए लामबंद करने की जरूरत पर विशेष बल देता है। सैन्य एवं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नए कानून का लक्ष्य शी के तहत देश के सैन्य नेतृत्व को मजबूत करना है। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रकाशन स्टडी टाइम्स के पूर्व डिप्टी एडिटर डेंग युवेन ने कहा कि संशोधनों का लक्ष्य देश-विदेश में शासन को नुकसान पहुंचाने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए चीन की राजनीतिक एवं रक्षा प्रणाली की विशिष्ट प्रकृति को लागू करना तथा कानूनी रूप देना है। डेंग ने कहा, चीन की राजनीतिक प्रकृति कई देशों से बिल्कुल ही अलग है...बीजिंग के लिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि सीएमसी के नेतृत्व को उस वक्त मजबूत किया गया है जब पीएलए चीन के राष्ट्रीय हितों की दुनिया भर में हिफाजत करने जा रही है। शंघाई विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक रह चुके चेन दाओईन ने कहा कि कानून में किए गए ए बदलाव यह प्रदर्शित करते हैं कि शासन ने अपने उस पुराने सिद्धांत को औचित्यपूर्ण साबित करने का विश्वास हासिल कर लिया है, जो यह कहता है कि पार्टी का बंदूक पर नियंत्रण है और यह सशस्त्र बलों एवं रिजर्व बलों पर उसके पूर्ण नेतृत्व पर मुहर लगाता है।



बीजिंग में कोविड 19 की वैक्सीन लगने के बाद आधे घंटे तक परीक्षण के लिए रुके लोग

# पाक में मंदिर पर हमले के मामले में 45 और गिरफ्तार

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान के** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी के सदस्यों के नेतृत्व में भीड़ द्वारा एक हिंदू मंदिर में की गई तोड़फोड़ की घटना में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने 45 और लोगों को गिरफ्तार किया है।इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। खैबर पख्तूनख्वा में करक जिले के टेरी गांव में कुछ लोगों ने गत बुधवार को मंदिर के विस्तार कार्य के विरोध में उसमें तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। इस घटना के सिलसिले में दर्ज की गई प्राथमिकी में 350 से अधिक लोग नामजद हैं।गिरफ्तार किए गए लोगों को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) में पेश किया गया और अदालत ने आरोपियों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस मंदिर में एक हिंदू धार्मिक नेता की समाधि थी। मंदिर की दशकों पुरानी इमारत के जीर्णोद्धार के लिए हिंदू समुदाय ने स्थानीय अधिकारियों से अनुमति ली थी।कुछ स्थानीय मौलवियों और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी (फजल उर रहमान समूह) के समर्थकों की अगुवाई में भीड़ ने पुराने ढांचे के साथ-साथ नए निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया था।मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के नेताओं ने मंदिर पर हमले की कड़ी निंदा की है।भारत ने भी मंदिर में तोड़फोड़ की घटना को लेकर पाकिस्तान के समक्ष विरोध दर्ज कराया है और इस घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई किए जाने की मांग की है। सूत्रों ने नई दिल्ली में शुक्रवार को बताया था कि राजनयिक माध्यम से पाकिस्तान के समक्ष विरोध दर्ज कराया गया है।खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने आश्वासन दिया है कि उनकी सरकार क्षतिग्रस्त मंदिर और समाधि का जल्द से जल्द पुनर्निमाण कराएगी।मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शनिवार देर जारी अधिसूचना के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने मंदिर को हुए नुकसान के आकलन के लिए चार सदस्ईय समिति का गठन किया है। साथ ही इसके पुनर्निमाण के लिए हिंदू समुदाय के साथ विचार-विमर्श किया है।समिति से 10 दिन में कार्य पूरा करने को कहा गया है।पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय प्राधिकारियों को पांच जनवरी को पेश होने का आदेश दिया है।हिंदू समुदाय पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू रहते हैं, लेकिन समुदाय का कहना है कि देश में 90 लाख से अधिक हिंदू रह रहे हैं।

# पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियो के दो लाख फर्जी नागरिकता पहचान पत्रों को रद्द किया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान ने** अफगानिस्तान शरणार्थियों द्वारा फर्जी तरीके से बनवाए गए लगभग 2,00,000 कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्रों (सीएनआईसी) को रद्द कर दिया है। गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने शनिवार को अपने गृह नगर रावलपिंडी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हमारे पास 15 लाख अफगान शरणार्थियों का डेटा है, जिनको कानूनी दर्जा मिला हुआ है और देश में लगभग 8,00,000 अफगान अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीजा जारी करने में होने वाले भ्रष्टाचार से निपटा जा रहा है और सरकार 192 देशों के नागरिकों को ऑनलाइन वीजा सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार की आशंकाओं को खत्म करने के लिए हमने ऑनलाइन वीजा सेवा शुरू की है क्योंकि वीजा की मैनुअल प्रोसेसिंग में भ्रष्टाचार की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में ऑनलाइन वीजा के लिए 2,00,000 से अधिक वीजा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस बीच, राशिद ने कहा कि सशस्त्र बलों को निशाना बनाने वाले लोग विदेशों के इशारे पर ऐसा कर रहे हैं और सेना विरोधौ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ 72 घंटों के भीतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहाकि हम अपने देश और सरकारी संस्थानों के खिलाफ इस तरह के दुष्प्रचार को मात दे देंगे।

# शिया हजारा समुदाय के 11 खनिकों की हत्या

**भाषा।** कराची

● **बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री जाम कमाल खान ने भी इस घटना की निंदा की और संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगी**

**पाकिस्तान के** अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने अपहरण करने के बाद अल्पसंख्यक शिया हजारा समुदाय के कम से कम 11 कोयला खनिकों की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी और चार अन्य को घायल कर दिया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पुलिस के हवाले से कहा कि काम करने के लिए माछ कोयला खदान जा रहे खनिकों का अज्ञात बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया और पास की पहाड़ियों पर ले जाकर उन्हें गोली मार दी। पुलिस के अनुसार इनमें से छह खनिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा गंभीर रूप से घायल पांच अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इसमें चार अन्य भी घायल हुए हैं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हमलावरों ने पहले खनिकों के शिया हजारा समुदाय से होने की पहचान की और उसके बाद उन्हें अपने साथ ले गए। घटना के बाद पुलिस, फ्रंटियर कोर के भारी संख्या में कर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने खनिकों की हत्या की निंदा की तथा इस घटना को कायराना एवं आतंकवाद का एक और अमानवीय कृत्य करार दिया। खान ने ट्वीट किया, मृतकों के परिवारों को (सरकार द्वारा) अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। फ्रंटियर कोर से कहा गया है कि वह इन हत्यारों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए पूरी ताकत झोंक दे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री जाम कमाल खान ने भी इस घटना की निंदा की और संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगी।उन्होंने कहा, बेगुनाह खनिकों को निशाना बनाने वाले किसी भी रियायत के हकदार नहीं हैं। किसी भी समूह ने इन हत्याओं की अभी जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन प्रतिबंधित सुन्नी अतिवादी समूह लश्कर-ए-झांगवी पूर्व में बलूचिस्तान में अल्पसंख्यक हजारा समुदाय को निशाना बनाता रहा है।

# अगले महीने मंगल की कक्षा में प्रवेश कर सकता है चीन का यान

**बीजिंग।** चीन के पहले मंगल अन्वेषण यान तियानवेन-1 ने रविवार सुबह तक 40 करोड़ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर ली और इसके अगले महीने मंगल की कक्षा में प्रवेश करने की संभावना है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने बताया कि मंगल पर भेजे गए यान को अंतरिक्ष में अभी तक 163 दिन हो चुके हैं और यह पृथ्वी से 13 करोड़ किलोमीटर दूर और मंगल से करीब 83 लाख किलोमीटर दूर है। सीएनएसए ने बताया कि यान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है और यह संभवत: करीब एक महीने बाद मंगल की कक्षा में प्रवेश करेगा, जिससे पहले इसकी गति धीमी होगी। चीन ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी जुटाने के उद्देश्य से हैनान द्वीप के वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण केंद्र से 23 जुलाई को अपना यान प्रक्षेपित किया था। तियानवेन-। यान का वजन पांच टन है और इसमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर है। तियानवेन-। मंगल ग्रह का चक्कर लगाने, मंगल पर उतरने और वहां रोवर की चहलकदमी के उद्देश्य से प्रक्षेपित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यान मंगल ग्रह की मिट्टी, चट्टानों की संरचना, पर्यावरण, वातावरण और जल के बारे में जानकारी एकत्र करेगा। यान के तीन भाग- ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर मंगल की कक्षा में पहुंचने के बाद अलग हो जाएंगे। ऑर्बिटर लाल ग्रह की कक्षा में चक्कर लगाकर जानकारी जुटाएगा जबकि लैंडर और रोवर मंगल की सतह पर उतरकर वैज्ञानिक अनुसंधान करेंगे। भारत, अमेरिका, रूस और यूरोपीय संघ के बाद चीन भी मंगल पर यान भेजने वाला अगला देश बनना चाहता है।पिछली बार चीन ने 2011 में रूस के साथ मिलकर मंगल ग्रह पर यान भेजने की असफल कोशिश की थी। यह मिशन प्रक्षेपण के कुछ देर बाद ही विफल हो गया था।



ईराक के ताहिर स्कावयर पर पीएमएफ के कमांडर की फोटो के साथ प्रदर्शन करते लोग

## क्विक न्यूज

### ईरान के शीर्ष जनरल कासिम सुलेमानी की मौत के एक वर्ष पूरे होने पर लोगों ने निकाला मातमी जुलूस

**बगदाद।** ईरान के शीर्ष जनरल कासिम सुलेमानी और इराकी मिलिशया के शीर्ष नेता अबु महदी अल मुहंदिस की अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत के एक वर्ष पूरा होने पर इराक में मातमी जुलूस निकाला गया। बगदाद के निकट ड्रोन हमले में सुलेमानी मारे गए थे। शनिवार को बगदाद हवाई अड्डे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हजारों की संख्या में लोगों ने मातमी जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर उनके पोस्टर लगे थे। इसके अलावा जुलूस में शामिल लोगों के भोजन के लिए टेंट लगाए गए थे। घटनास्थल को दरगाह जैसा बना दिया गया था और लाल रंग की रस्सियां लगाई गई थी और बीच में सुलेमान तथा अल मुहंदिस की तस्वीरें रखी गई थी। शोकाकुल लोगों ने यहां मोमबत्तियां जलाईं।हमले के निशान इलाके में अब भी स्पष्ट हैं। गौरतलब है कि सुलेमानी की हत्या के बाद ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था और क्षेत्र में युद्ध के बादल मंडराने लगे थे।

### दिग्गज अमेरिकी प्रस्तोता कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद अस्पताल में भर्ती

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध टॉक शो होस्ट लैरी किंग कोरोनावायरस से संक्रमित पाए गए है और उनका यहां एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट से रविवार को यह जानकारी मिली। वह 87 वर्ष के है। सीएनएन के पूर्व साक्षात्कारकर्ता के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह एक सप्ताह से अधिक समय से सेडार्स-सिनाई मेडिकल सेंटर में है।किंग के प्रतिनिधियो ने सार्वजनिक रूप से उनके अस्पताल में भर्ती होने पर कोई टिप्पणी नही की है, और उनकी वर्तमान हालत के बारे में पूरी जानकारी नही मिल पाई है।एक सूत्र ने सीएनएन को बताया, लैरी पिछले कुछ वर्षों मे कई स्वास्थ्य समस्याओ से लड़े है और वह इससे भी जोरदार तरीके से लड़ रहे है। किंग के अस्पताल मे भर्ती होने की खबर पर कैलिफोर्निया मे आपातकालीन अधिकारियो ने कहा कि अस्पतालो मे बड़ी संख्या मे कोविड-19 रोगियो का इलाज चल रहा है।

### गायिका अशांटी और उनका परिवार कोविड-19 से मुक्त

**लॉस एंजिलिस।** गायिका-गीतकार अशांटी ने कहा कि वह और उनके माता-पिता कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त हो गए है। 40 वर्षीय गायिका फूलिश और हैप्पी जैसे गीतो के लिए मशहूर है। उन्होने शनिवार को इंस्टाग्राम पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। अशांटी ने बताया कि 2021 की शुरुआत कोविड-19 से मुक्ति के साथ हुई। वह और उनके माता-पिता अब संक्रमण से मुक्त है। उन्होंने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। गायिका ने दिसंबर मे संक्रमित होने की पुष्टि की थी। इसके बाद वेबकास्ट सीरिज वेरूज को टालना पड़ गया क्योंकि यहां ग्रैमी-विजेता गायिका और कीशा कोल के बीच मुकाबल होना था। अब इसका प्रसारण नौ जनवरी, 2021 को होने वाला है।

### कोविड-19 संकट के बीच अमेरिकी संसद का सत्र होगा शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के रविवार को शुरू हो रहे नए सत्र मे सांसद ऐसे समय में शपथ ग्रहण करेंगे, जब कुछेक रिपब्लिकन सांसद राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव परिणाम को चुनौती दे रहे है और देश कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है। डेमोक्रेटिक नेता नैंसी पेलोसी को उनकी पार्टी पुनः प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नियुक्त करेगी। प्रतिनिधि सभा मे डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत बरकरार है, लेकिन पिछले 20 साल में पार्टी ने इस बार सबसे कम अंतर से बढ़त हासिल की है। जॉर्जिया से सीनेट की दो सीटो के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव के परिणाम के बाद स्पष्ट होगा कि सीनेट पर किस का नियंत्रण होगा।हालांकि देश के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने चुनाव में फर्जीवाड़े के आरोप लगाए है, लेकिन देशभर के चुनाव अधिकारियो ने इन आरोपो का खंडन किया है। बाइडन को निर्वाचन मंडल के चुनाव मे जीत मिली थी। निर्वाचन मंडल बुधवार को इसकी औपचारिक घोषणा करेगा। रिपब्लिकन नेता निर्वाचन मंडल की बुधवार को होने वाली बैठक में बाइडन की जीत को चुनौती देंगे। रिपब्लिकन नेता टेलर ग्रेने ने कहा, छह जनवरी की चुनौती बाकी है।

### अमेरिका: कोविड-19 का प्रकोप बढ़ा, कैलिफोर्निया में अंत्येष्टि स्थलों पर नहीं बची और शवों के लिए जगह

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका मे कोरोना वायरस के कारण हालात बद से बदतर होते जा रहे है। वायरस का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि अंत्येष्टि स्थलो मे शवो के लिए जगह तक नही बची है। दक्षिण कैलिफोर्निया मे अंतएष्टि स्थलो के एक संगठन की ओर से कहा गया है कि उन्हे शोक संतप्त परिवारो को लौटाना पड़ रहा है क्योंकि यहां शवो के ढेर लग रहे है तथा अब और शवो के लिए जगह नही बची है। लॉस एंजिलिस में कॉन्टीनेंटल फ्यूनरल होम्स की माग्दा मेल्डोनाडो ने कहा, इस क्षेत्र मे मै बीते 40 साल से काम कर रही हूं ।

# कोरोना वायरस: ऑस्ट्रेलियाई राज्यों में फिर से लगाए गए यात्रा प्रतिबंध

**एपी।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया के** न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया राज्यों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के कारण कई राज्यों ने फिर से यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई कैपिटल टैरेटरी ने सिडनी के उत्तरी समुद्री तटों, ग्रेटर सिडनी और अन्य छोटे केंद्रों से यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। तस्मानिया राज्य ने विक्टोरिया में हाल में संक्रमित हुए लोगों से सीधे तौर पर जुड़े हर व्यक्ति के आने पर रोक लगा दी है। तस्मानिया ने ग्रेटर सिडनी और सिडनी के वोलोनगोंग से आने वाले यात्रियों के लिए 14 दिन का पृथक-वास अनिवार्य कर दिया है, जबकि सिडनी के उत्तरी समुद्री तटों के लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। विक्टोरिया में रविवार को संक्रमण के तीन नए मामले सामने आए, जबकि शनिवार को 10 नए मामले सामने आए थे। विक्टोरिया में हाल के दिन में संक्रमण के 21 नए मामले सामने आए हैं, जिनका संबंध न्यू साउथ वेल्स में फैले संक्रमण से है। विक्टोरिया की सीमा को न्यू साउथ वेल्स से आने वाले यात्रियों के लिए बंद कर दिया गया है।न्यू साउथ वेल्स में रविवार को संक्रमण के आठ नए मामले सामने आए। राज्य में इस समय 161 लोग उपचाराधीन हैं और इनमें से अधिकतर मामले सिडनी के उत्तरी तटों से जुड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया में अब तक 28,462 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और 909 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, चीन में घरेलू स्तर पर फैले संक्रमण के कुल आठ मामले सामने आए। संक्रमण के नए मामले सामने आने के मद्देनजर प्राधिकारी अत्यधिक सतर्कता बरत रहे हैं। बीजिंग ने टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। चीन ने अपने देश में बने कोविड-19 के एक टीके को शुक्रवार को मंजूरी दी थी। यह देश में बना पहला टीका है, जिसे चीन ने स्वीकृति दी है। चीन में अब तक कुल 87,117 लोग संक्रमित हो चुके हैं और संक्रमण से 4,634 लोगों की मौत हो चुकी है।

## अमेरिका में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या 3,50,000 के पार

**बाल्टीमोर ( अमेरिका )।** अमेरिका में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण जान गंवाने वालों की संख्या 3,50,000 के पार चली गई है। वहीं, क्रिसमस और नववर्ष उत्सव के दौरान भीड़ एकत्र होने को लेकर विशेषज्ञों ने एक बार फिर संक्रमण के मामलों और मृतकों की संख्या में बढ़ोत्तरी की आशंका जताई है। जॉन हॉप्किंस विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार सुबह तक 3,50,000 लोग इस घातक वायरस के कारण अपनी जान गंवा चुके थे जबकि देश में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर दो करोड़ के पार चली गई।अमेरिका ने स्वास्थ्यकर्मियों और 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के बचाव के लिए कोविड-19 के दो टीकों का उपयोग शुरू किया है।

# ब्रिटेन में लॉकडाउन को और कड़ा किया जा सकता है : जॉनसन

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने रविवार को चेतावनी दी कि कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए वर्तमान प्रतिबंधों को और कड़ा किया जा सकता है क्योंकि देश कोरोना वायरस के नए प्रारूप (स्ट्रेन) से जूझ रहा है।वायरस के नए प्रारूप के तेजी से फैलने के कारण शिक्षक संगठन कुछ हफ्ते के लिए देश भर में सभी स्कूलों को बंद करने की अपील कर रहे हैं।

जॉनसन ने कहा कि अभिभावकों को सोमवार से अपने बच्चों को उन इलाकों के स्कूलों में भेजना चाहिए जहां वे खुले हुए हैं क्योंकि खतरनाक वायरस से बच्चों को खतरा काफी कम है।बहरहाल, उन्होंने कहा कि आगामी हफ्तों में लोगों के लिए कड़े प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं क्योंकि देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में इस सप्ताहांत 57,725 की वृद्धि हुई वहीं मृतकों की कुल संख्या बढ़कर करीब 75,000 हो गई।लॉकडाउन के बारे में पूछे जाने पर जॉनसन ने बीबीसी से कहा, प्रतिबंध और कड़े हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसा हो सकता है कि अगले कुछ हफ्तों में हमें चीजों को और कड़ा करना होगा। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मेरा मानना है कि पूरा देश इससे सहमत है। हमें कई कड़े उपाय करने होंगे। उन्होंने कहा, स्कूल सुरक्षित हैं। बच्चों को बहुत कम खतरा है। कर्मचारियों को बहुत कम खतरा है। शिक्षा के लाभ बहुत



ज्यादा हैं। वर्तमान नियमों के तहत देश के अधिकतर हिस्सों में श्रेणी चार के कड़े उपाय लागू हैं जिसमें अधिकतर व्यावसायिक एवं गैर आवश्यक दुकानें लगभग पूरी तरह बंद हैं। लोगों के अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या ज्यादा बढ़ने के कारण सरकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा काफी दबाव में है।महामारी से निपटने का बचाव करते हुए जॉनसन ने कहा कि उनकी सरकार ने ऐसे सभी उपयुक्त कदम उठाए हैं जो हम सर्दी के महीनों की तैयारी के लिए कर सकते थे। प्रधानमंत्री खुद कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे और उन्हें इससे उबरने में कुछ हफ्ते लग गए थे।

यह जानना जरूरी है कि आपने जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए कौन सी योग्यताएं अनिवार्य हैं। अंकित श्यामसुख ऐसे नुस्खे बताते हैं जो उम्मीदवारों को अपनी मनचाही नौकरी हासिल करने में सहायता करेंगे



# अपनी योग्यताओं को जानें

कंपनियों के सुदूर कामकाज दिशानिर्देशों के बीच काम करने से, तकनीकी व व्यवहारिक योग्यताएं महत्वपूर्ण अनुलाभ बन रही हैं जिन्हें इंटरव्यू लेने वाले इंटरव्यू प्रदाता में तलाश रहे हैं। आनलाइन इंटरव्यू में आप जिस प्रकार खुद को प्रदर्शित करेंगे वह प्रभावी ढंग से आपकी काम करने की योग्यता को काफी कुछ बता देगा।

नियुक्त होने पर, तकनीक मास्टरी के साथ आपको खास प्रावधानों का पालन करना सीखना होगा। इसीलिए, यह पता लगाना आवश्यक हो जाता है कि आपके द्वारा आवेदित नौकरी विशेष के लिए आपको किन साक्षात्कार योग्यताओं की आवश्यकता पड़ सकती है। अनेक शैक्षणिक कंपनियां एवं प्रशिक्षण संस्थान निशुल्क आनलाइन कोर्सेज साझा कर रहे हैं जिनसे आप पुन: अपनी योग्यताएं निखार सकते हैं और जो समय की आवश्यकता हैं।

निम्न कुछ योग्यताएं ऐसी हैं जो आपको अपनी मनचाही नौकरी हासिल करने में सहायता करेंगी।

## स्थिरता या संतुलन

जब चीजें गलत हो जाती हैं तो आपके लिए यह अत्यावश्यक हो जाता है कि आप शांत व स्थिर बने रहें। यह गुण दिखाता है कि आप किसी भी तनावपूर्ण व दबाव वाले हालातों में काम करने में सक्षम होंगे। कोविड-19 के समय में, जब नयी सहजता की चुनौतियों में ढल रहे हैं, तो संकट आना अपरिहार्य है। अपना शांत पक्ष प्रदर्शित करने से न केवल आपके भावी नियोक्ता प्रभावित होंगे बल्कि इससे आपको प्रभावी ढंग से संकट से निपटने में सहायता भी होगी। एक और बात याद रखें, काम में शांतचित्त व्यक्ति हमेशा प्रशंसा प्राप्त करता है।

## उचित शिष्टाचार

बैठक चाहे जितनी भी नीरस या अरूचिकर हो, आपको उत्साह दिखाने की जरूरत है। आपको भागीदार दिखना चाहिए और यह कि आप बातचीत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जब आप आनलाइन मीटिंग में भाग ले रहे हों तो संपर्क से अलग हो जाना बहुत आसान है क्योंकि आपके लैपटाप पर इंटरनेट समस्याओं के साथ बहुत सी अन्य विंडोज खुली रहती हैं। चूंकि आपकी आवाज पहला असर होती है, तो इसे सधा होने की आवश्यकता है। आपको मीटिंग में जिस विषय पर बोलना है या जो कहना है तो उसे बोलने से पहले अपनी बातों के नोट्स बना लें।

म्यूट एवं चैट फीचर्स का इस्तेमाल करें यदि आप किसी तकनीक या अपरिहार्य समस्या का सामना कर रहे हैं। यदि आप प्रत्यक्ष मीटिंग में भाग ले रहे हैं तो कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचे और अपने फोन को साइलेंट अवस्था में डाल दें।

## नयी चीजें आजमाएं

यह देखा गया है कि अनेक लोग हैं जो अपनी मौजूदा नौकरी को लेकर परेशान रहेंगे लेकिन अपनी मनपसंद चीजों को आजमाने की हिम्मत व साहस नहीं रखते हैं। अपनी मनचाही नौकरी हासिल करने के लिए हिम्मत अत्यावश्यक है। जोखिम लेने तथा अपने दिल की सुनने हेतु साहस जुटाने में कुछ भी बुराई नहीं है।

**एक साल पहले, साझा कार्य का अर्थ केवल टीमवर्क था। लेकिन, आज साझा कार्य का अर्थ व्यापक हुआ है और टीमवर्क से बहुत आगे बढ़ गया है। साझा कार्य का अर्थ आनलाइन दस्तावेजों को साझा करना तथा तय समय सीमा के भीतर उन्हें संपादित करना भी होता है।**

## अपनी खोज करें

अपनी मनचाही नौकरी पाने के हिस्से में शामिल होता है कि उस खास नौकरी की खूबियों व खामियों को जान लें। जब आप नयी कंपनी में आवेदन कर रहे हें तो आपको कंपनी संस्थापकों, कार्य प्रक्रिया एवं उसके प्रतिष्ठित उत्पादों के बारे में व्यापक शोध करना चाहिए। कंपनी की वेबसाइट, टिवटर एवं लिक्डइन पेज आपके शोध में आपकी सहायता करेंगे। शोध में अपने गुणों का परीक्षण करना भी शामिल होता है जो रोजगार आवश्यकता से संबंधित हैं। यह पता लगाने में थोड़ा समय लगाएं कि आप क्या चाहते हैं और पदविशेष के लिए किन योग्यताओं की आवश्यकता है।

## कंप्यूटर स्वच्छता

जिस प्रकार काम आज तकनीक पर चलता है, यह महत्वपूर्ण बन जाता है कि आप अपनी कंप्यूटर फाइलों के लिए बैकअप व्यवस्था स्थापित करें। हालांकि, अध्ययन दिखाता है कि एक तिहाई कर्मचारी दस्तावेजों का बैकअप रखने से बचते हैं क्योंकि इसमें काफी समय लगता है। अपने साक्षात्कार में, आपसे तकनीक के उपयोग संबंधी अपने अनुभव को दर्शाने के लिए कहा जा सकता है, आपसे बताने के लिए कहा जा सकता है कि आप किस प्रकार क्लाउड आधारित साझा उपकरणों का उपयोग करते हुए फाइलें सुरक्षित रखते हैं। आप लिंक्स व टेब्स को नजर कैसे रखते हैं? क्या आप ड्रापबाक्स? गूगल डाक्स? कन्यफ्लूएंस? का उपयोग करते हैं? इसलिए पहले से ऐसे प्रश्नों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हों।

## साझा कार्य

एक साल पहले, साझा कार्य का अर्थ केवल टीमवर्क था। लेकिन, आज साझा कार्य का अर्थ व्यापक हुआ है और टीमवर्क से बहुत आगे बढ़ गया है। साझा कार्य का अर्थ आनलाइन दस्तावेजों को साझा करना तथा तय समय सीमा के भीतर उन्हें संपादित करना भी होता है।

## सूक्ष्म चिंतन

आपके पास त्वरित सूक्ष्म चिंतन क्षमता तथा प्रत्येक चुनौतीपूर्ण स्थिति के लिए रचनात्मक समाधान होना चाहिए। अधिकांश कंपनियां आपकी सूक्ष्म चिंतन योग्यताओं को परखने के लिए आपको एक काल्पनिक स्थिति प्रदान करेंगी। सूक्ष्म चिंतन एक व्यक्तिगत योग्यता है और इसे शिक्षा व्यवस्था के जरिए सीखा नहीं जा सकता।

## भविष्य के लिए हों तैयार

विशेषज्ञ मानते हैं कि भविष्य के लिए तैयार कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, जो आसानी से डिजीटल या ईकामर्स, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, डाटा एनालिस्टों, मशीन लर्निंग जैसी शुरूआती योग्यताओं में समायोजन बैठा सकें।

उद्योग के अनुमान मुताबिक अकाऊंट बैंकिंग, फाइनेंस एवं कराधान में नौकरियां लगातार बढ़ने वाली हैं और एचआर को उचित योग्यताओं वाले लोगों की तलाश में है।

**-लेखक आईसीए एडू स्किल्स के सीईओ हैं।**

# कैसे प्राप्त करें उत्तम स्कोर

अनीता किशोर का कहना है कि अनेक लोगों के लिए, गणित ऐसा विषय है जो उन्हें अत्यंत डराता है। हालांकि कुछ बुनियादी तरीकों का पालन करके, व्यक्ति को संख्याओं से लगाव हो जाएगा



Anita Kishor
Teacher & Chief Strategy Officer, BYJU'S

गणित एक उल्लेखनीय महत्वपूर्ण अवधारणा है- वो अवधारणा जिसका हम रोजमर्रा समस्याओं को हल करने में अपरिहार्य व सहज भाव से उपयोग करते हैं। गणित के सिद्धांत हमारे इर्दगिर्द हर चीज को संचालित करते हैं, और उनकी अच्छी समझदारी के बिना, व्यक्ति जीवन में खासी दिक्कतों का सामना कर सकता है। बतौर विषय, छात्रों को इसे लेकर ध्रुवीकृत नजरिया है, हालांकि कुछ लोगों को यह दिलचस्प एवं समझने में आसान लग सकती है, मगर अधिकांश मानते हैं कि वे गणित के सवालों को हल की योग्यता नहीं रखते हैं। यहां पांच नुस्खे हैं जो गणित को पसंद करने तथा इसे सीखने का अपने अनुकूल उत्तम तरीका गढ़ने में छात्रों की सहायता करेंगे।

## अवधारणा समझना

यह समझना महत्वपूर्ण है कि गणित एक अवधारणात्मक विषय है जो तर्क गहरे रोपित है। प्रत्येक एकल गणित अवधारणा को मूल आधारों में विभाजित किया जा सकता है। उन्नत गणितीय प्रक्रियाओं को सीखने में सक्षम होने के लिए, छात्रों को पहले गणित के मूलाधारों की पक्की समझदारी हासिल करनी होती है। मूलाधारों की समझ हासिल करने से सुनिश्चित होगा कि छात्र ज्यादा जटिल समस्याओं पर काम करने के दौरान अंततोगत्वा समय बचा लेंगे और अपने संदेह को उल्लेखनीय स्तर पर घटा लेंगे।

## आनलाइन स्त्रोत तलाशना

शोध ने बार बार दिखाया है कि गणित जैसे कठिन विषय बहुत असरकारी ढंग से आनलाइन सीखे जा सकते हैं। वर्तमान सुदूर-शिक्षण परिदृश्य से, छात्रों को विभिन्न आनलाइन स्त्रोत तलाशने के अपार अवसर मिले हैं जो गणित में ऊंचाई हासिल करने में उनकी सहायता करते हैं। आनलाइन शिक्षण गणित समस्या का आंकलन करने तथा उन्हें हल करते समय अवधारणात्मक समझदारी हासिल करने में छात्रों की सहायता कर सकता है। विभिन्न आनलाइन शिक्षण मंचों पर खेलनुमा कंटेंट एक प्रभावी शिक्षण रणनीति है क्योंकि वे छात्रों को संलिप्त करते हैं और निरंतर अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करते हैं। छात्र गणितीय खेलों से मूल अवधारणाएं सीख सकते हैं जो उन्हें प्रेरित रख सकती हैं।

## अभ्यास एवं और अभ्यास

छात्र गणित में अच्छा प्रदर्शन करें इसे सुनिश्चित करने का एक सबसे महत्वपूर्ण तरीका है कि वे सीधे उसमें भागीदारी करें और , जितना संभव हो सके उतनी ज्यादा बार, विषय का सक्रिय अभ्यास करें। गणित के प्रश्नों को अनेक बार हल करना मूल शिक्षण सहायता है क्योंकि यह चेतन से लेकर अवचेतन स्तर पर समस्या-समाधान करने में सहायता करता है। सीखने का यह तरीका गणित की समस्याओं को समझने के लिए न केवल मन को नए ढंग से साधने में सहायता करेगा बल्कि विषय के प्रति रूचि जगाने में छात्रों की सहायता भी करेगा। एक शिक्षक और गणित प्रेमी के रूप में, मैं आश्वस्त भाव से कह सकता हूं कि गणित में दक्षता सिर्फ उन लोगों तक सीमित नहीं है जिनमें इसके प्रति एक लगाव होता है। नियमित व समझदारीपूर्ण अभ्यास से, कोई भी गणित में अच्छा कर सकता है।

## तर्क पर ध्यान दें

गणित की सुंदरता उसकी विभिन्न अवधारणाओं के पीछे के तर्क में निहित है। हालांकि छात्रों और शिक्षकों द्वारा गणित को सरल बनाने के लिए बार बार शार्टकट और चालों का उपयोग किया गया है, मगर ये तरीके असलियत में छात्रों को अवधारणागत सोच को नजरंदाज करने की स्थिति तक पहुंचा देते हैं। शार्टकट का निरंतर उपयोग छात्रों को दिमाग में परीक्षा के दौरान बहुत सारी चालें रखने के लिए प्रेरित करेगा, और पूछे गए सवाल के बारे में सोचने के लिए तैयार नहीं करेगा। छात्रों को प्रत्येक गणित की समस्या को एक नयी चुनौती के रूप में समझना होगा और विभिन्न तरीकों का पता लगाना होगा जिनसे उन्हें हल किया जा सकता है।

## सहायता मांगें

अधिकांशतया छात्र कम जानकार दिखने के भय के कारण सहायता मांगने से कतराते हैं। एक पारंपरिक क्लासरूप ढांचे में, छात्र खुद को अपने सहपाठियों के साथ उलझा हुआ पाते हैं और अक्सर अपने संदेहों का समाधान नहीं प्राप्त करते हैं। छात्रों को अपनी क्षमता सुधारने हेतु सहायता मांगते हुए, अपने आत्मविश्वास पर काम करना चाहिए। आज असंख्य आनलाइन स्त्रोतों के, छात्रों की सहूलियत अनुसार उपलब्ध होने से, छात्र सीखने का लचीला प्रारूप भी अपना सकते हैं।

# स्कॉलरशिप



युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड, यूके का इंजीनियरिंग विभाग, सितंबर 2021 में आरंभ हो रहे अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स के लिए विदेशी छात्रों को 3000 पाऊंड तक की स्कालरशिप प्रस्तावित करते हुए, अंडरग्रेजुएट छात्रों की अकादमिक मेधा को मान्यता देता है।

यह स्कालरशिप उन विदेशी अंडरग्रेजुएट छात्रों को प्रदान की जाएगी जिन्होंने हमारे मानक यूसीएएस प्रस्ताव की अकादमिक शर्तों में सफलता प्राप्त करते हैं।

जो उम्मीदवार ए एए या उससे बेहतर स्तर का एक लेवल ग्रेड( या अपने देश में समकक्ष योग्यता) प्राप्त करते हैं, वे एक्सीलेंस स्कालरशिप प्राप्त करेंगे।

स्कालरशिप की धनराशि आपकी अकादमिक उपलब्धि पर निर्भर होगी : ए एए: 1000 पौंड, एएए : 2000 पौंड, एएए : 3000 पौंड।

**योग्यता** : 2021 प्रवेश के लिए यूसीएएस आवेदन प्रक्रिया में युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड को पहली पसंद बनाते हों, अंडरग्रेजुएट छात्र हो, ट्यूशन फीस के लिए विदेशी छात्र के रूप में वर्गीकृत हों, अपनी चयनित डिग्री के लिए सभी पूर्व निर्धारित विषय ले रहे हों।

पूर्ण विवरण व नियमों की जानकारी के लिए कृपया देखें : https://www.sheffield.ac.uk/engineering/study/sc holarships-international-excellence

आवेदन की अंतिम तिथि: स्कालरशिप हेतु आवेदन की अंतिम तारीख 30 जून, 2021 है।

सिंगापुर मैनेजमेंट युनिवर्सिटी में बेनेफिशियल साइंस एवं टेक्नोलोजिकल अंडरग्रेजुएट एशियन स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस स्कालरशिप में भारतीय आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता** : उम्मीदवार पूर्णकालिक एसएमयू प्रथम वर्ष अंडरग्रेजुएट छात्र होना चाहिए।

उम्मीदवार ने उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन किया हो तथा वह नेतृत्वकार्य एवं संप्रेषण योग्यताएं प्रदर्शित करता हो।

**संलग्न दस्तावेज** : आवेदकों को जमा करने होंगे : व्यक्तिगत वक्तव्य समेत सीवी, व्यक्तिगत पहचान दस्तावेज, भागीदारी संबंधी प्रत्येक विश्वविद्यालयी पांडुलिपि।

प्रवेश शर्तें: सिंगापुर मैनेजमेंट युनिवर्सिटी में प्रवेश लेने के लिए आवेदक प्रवेश शर्तों को अवश्य जांच लें।

**भाषा शर्त** : आवेदकों को टीओईएफएल या आईईएलटीएस परीक्षा में भाग लेकर अपनी अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करनी होगी।

आवेदक का पाठ्येतर गतिविधि एवं समुदाय सेवा भागीदारी के अच्छे रिकार्ड के साथ अच्छी चरित्र पृष्ठभूमि होनी चाहिए।

**आवेदन कैसे करें** : आवेदक को युनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स में प्रवेश लेना होगा। स्कालरशिप के लिए अलग से कोई आवेदन फार्म नहीं है।

**आवेदन की अंतिम तिथि** : 19 मार्च, 2021।

# डिजिटल तंत्र का शैक्षणिक क्षेत्र में प्रभाव



डिजिटल तंत्रों ने लगभग प्रत्येक शैक्षणिक क्षेत्र में प्रभाव जमाया है और उस तरीके का बदलना शुरू कर दिया है जिसमें छात्र प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। ये तल्लीन, वर्चुअल अनुभव समकालीन शिक्षा जगत के मोर्चे पर हैं। हालांकि खेल शिक्षा का क्षेत्र डिजीटलीकरण को अपनाने में पर्याप्त सुस्त रहा है, लेकिन यह इस बदलाव से बचा नहीं है।

डिजीटल सिर्फ छात्र-रूपांतरण स्पर्श बिन्दुओं से कहीं ज्यादा बढ़कर है। बल्कि, यह पूर्णतया नयी खेलयोजना है जो खेल उद्योग में उन्नति के लिए अप्रतिम अवसरों को सामने लेकर आई है। वे संस्थान, जो खेलों के लिए प्रशिक्षण देते आए हैं, नवीन व संशोधित अनुभवों के जरिए बेहतर संभावनाएं सामने ला सकते हैं। इस डिजीटल हिमशैल की चोटी के भीतर, संगठनों को नयी रणनीति, तकनीकी निवेश व नवोन्मेशन का नजरिया तलाशना चाहिए जो समस्त कामकाजी क्षेत्रों पर डिजीटल नजरिया गढ़ता है।

**लाइव स्पोर्ट्स का सामाजिक प्रवाहन :** डिजीटल क्रांति ने खेल व्यवसाय के लिए खेल को परिवर्तित किया है। एनालिटिक्स, क्लाउड और इंटरनेट सामग्री जैसे प्रामाणिक मॉडलों, जिन पर बमुश्किल शोध किया गया है, पर प्रयोग किए जा रहे हैं और खेल शिक्षा संगठनों को उचित बनाए रखने के लिए मौजूदा रुझानों को अपनाना चाहिए। एक खास दायरा जहां यह प्रत्यक्ष बनकर उभरता है, वो लाइव खेलों में सामाजिक प्रवाहन का क्षेत्र है। भागीदारीपूर्ण सोशल मीडिया मंचों माहिर हुए हैं और वे लाइव खेलों के प्रसारण अधिकार जीतने तथा उन्हें अपने व्यक्तिगत मंचों के जरिए विश्व स्तर पर प्रसारित की स्थिति में पहुंच गए हैं। छात्रों की खेल देखने तक पहुंच बन सकती है जो उन्हें कहीं भी पसंद होता है, जीवनशैली मांग पर हालांकि प्रसारण परिदृश्य पहले से कहीं अधिक बिगड़ जाता है।

**प्रयोजकों को जोड़ना :** आज छात्र आडियो खपत, टीवी दर्शक-सदस्यता होने से पहले से कहीं ज्यादा मीडिया के साथ संवादरत हैं और एप्लीकेशन का उपयोग वर्तमान दौर में दुगुना हुआ है। खेल अवरस्नातकों में धीरे धीरे स्वीकार्यता से व्यक्तिगत भागीदारी की प्रवृत्ति है। लक्षित विज्ञापनों को गैर-लक्षित विज्ञापनों की तुलना में दुगुना असरकारी एवं भागीदारीपूर्ण माना जाता है।

डिजीटल एनालिटिक्स एक असरकारी उपकरण है जिसे बेहतर रियायत पाने के लिए डिजाइन किया गया है जो छात्रों की समझदारी को प्रेरित करती है, प्रायोजकों को समझ प्रदान करती है कि किस प्रकार के विज्ञापन एवं भागीदारीपूर्ण मॉडल्स व्यक्तिगत श्रोता के लिए कारगर होंगे। डिजीटल उपकरण टाइमिंग, कंटेंट निर्धारित करने तथा अधिक प्रभाव क्षमता के लिए संदेश प्रसारण में प्रायोजकों की सहायता कर सकते हैं।

**माइंड इट**

**खेलों में भविष्यसूचक एनालिटिक्स की शुरुआत :** छात्र प्रदर्शन को उन्नत बनाने के निरंतर दबाव ने धीरे धीरे खेल शिक्षा क्षेत्र में प्रभावी होने के लिए भविष्यसूचक एनालिटिक्स जैसे तकनीकों पर पहुंचाया है। इस क्षेत्र में हुई उन्नतियां भविष्यसूचक मार्डल्स बनाने में सहायता करती हैं जो जीत या हार की भविष्यवाणियों के साथ छात्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने तथा कंप्यूटिंग खेल संभावनाओं में सहायता करेंगे।

यह हिस्सा सरल गेम सांख्यिकियों की गणना में सहायता करता है और साथ ही विभिन्न गेम मेट्रिक्स के बीच संख्यात्मक संबंधों को वर्गीकृत करने के लिए सहसंबंध का इस्तेमाल भी करता है। यह निर्धारण में भी सहायता करता है कि कहां, कब और कैसे छात्र खेलों में भाग लें और सफल व असफल शिविरों के बीच वर्गीकरण करें। जो हिट हैं। इस सूचना के आधार पर खेल संगठन सर्वाधिक सक्रिय उत्पाद प्रस्तावों का निर्धारण कर सकते हैं और उसी के अनुसार वैयक्तिक माकेटिंग अभियानों की शुरूआत कर सकते हैं।

**ई-स्पोर्ट्स स्पष्टतया खेलों का भविष्य हैं:** आज के छात्र डिजीटल भागीदारी हेतु शिक्षक माड्यूल्स की उम्मीद करते हैं तथा वर्चुअल भागीदारी प्रदान करने का सबसे प्रभावी तरीका गेमिफिकेशन के जरिए है। ई-स्पोर्ट्स, जिसे देखने को खेलने में रूपांतरण के बतौर सही नाम कहा जा सकता है, एक भविष्य प्रस्तावित कर रहा है जहां वर्चुअल रीयल्टी खेल अनुभव का सृजन ने ई-स्पोर्ट्स को शारीरिक तौर पर सक्रिय अनुभवों में बदल दिया है।

**- लेखक विपुल सोलंकी, नेस्ट ऐकेडमी आफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर हैं।**

सीतापुर में भूमाफिया पर हुई सबसे बड़ी कार्रवाई के बाद

# पुलिस ने जारी किया गैंगेस्टर का आपराधिक ब्यौरा

## ● नौ हेक्टेयर भूमि 22 मकान, आठ ईंट भट्ठों समेत जब्त हुई 75 करोड़ की सम्पत्ति

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-कोतवाली में पुलिस की गिरफ्त में खड़ी मुजीब अहमद की गाड़िया

**सीतापुर में** शनिवार को भूमाफिया के खिलाफ हुई सबसे बड़ी कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन ने गैंगेस्टर मुजीब एंड फैमिली का आपराधिक ब्यौरा जारी किया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए ब्यौरे के मुताबिक मुजीब के परिवारीजनों समेत कुल 75 करोड़ की सम्पत्ति को जब्त करने की कार्रवाई यूपी गैंगेस्टर एक्ट 1886 के अन्तर्गत की गई है। एसपी आरपी सिंह की ओर से जारी किए गए प्रेसनोट में सरकारी जमीनों पर कब्जा, मादक पदार्थों की तस्करी, दुकानों से अवैध वसूली, अवैध वाहन संचालन, धनउगाही जैसे कृत्यों से सम्पत्ति को अर्जित किए जाने की बात कही गई है। गैंग के मुख्य अभियुक्त मुजीब अहमद उर्फ शैफू पुत्र इकबाल अहमद निवासी बट्सगंज द्वारा अपना संगठित गिरोह बनाकर अपराधिक कृत्यों को अंजाम दिया गया है। गैंग लीडर मुजीब अहमद के अलावा अहमद हुसैन उर्फ छन्नू एखलाक उर्फ हसीन इसके सक्रीय सदस्य है। तीनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर भी है। साथ ही पुलिस ने प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद से मुजीब गैंग के सम्बंधो की भी तस्दीक की है। अभियुक्तों आय का श्रोत ज्ञात नहीं था। गैंग द्वारा शहर कोतवाली रामकोट, इमलिया सुल्तानपुर, महोली में अपराध से सम्पत्तियां अर्जित की गई है। जब्तीकरण की कार्रवाई से बचने के लिए अपने जान-पहचान के लोगो के नाम पर ले रखी थी, जिसका उपभोग गैंग द्वारा किया जा रहा था। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर गैंग द्वारा अर्जित सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए वाहनों में एक फार्च्युनर, एक क्रेटा, एक फोर्ड इंडीवर शामिल है। वाहन का प्रशासक सदर तहसीलदार को नियुक्त किया गया है।

### कहां कितनी जब्त हुई सम्पत्ति

- बटसगंज में 7 मकान, महोली में एक पोल्ट्री फार्म, कार्टरगंज में खेत, उमरसा में ईंट भट्टा, पवन बिक्र फील्ड, 4 लग्जरी समेत 8 वाहन।
- संराय भाट में ईंट भट्ठा, गजपतपुर में दो मंजिला मकान, बट्सगंज में हसीन व परिवारीजनों के 14 मकान, बटसगंज में छन्नू के पांच मकान आदि।
- मुजीब के विरूद्ध 22 मुकदमें, हसीन के विरूद्ध 16 मुकदमें व अहमद हुसैन उर्फ छन्नू के विरूद्ध 25 मुकदमें शहर कोतवाली में पंजीकृत है।

### अब किसका नम्बर!

**रमन साहनी** से शुरू हुई भूमाफिया पर कार्रवाई के बाद मुजीब के महल पर कार्रवाई का ग्रहण लगा है। सूत्रों की माने तो जिले के कई नामचीन के विरूद्ध कार्रवाई की तैयारी की गई है। हालांकि मुजीब गैंग पर हुई इस कार्रवाई के बाद भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अपराध से सम्पत्ति अर्जित करने वाले लोग सहमें है। साथ ही कुछ सफेद पोश भी पुलिस की रड़ार पर है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अगला नम्बर किसका है यह जल्द ही सामने आयेगा।

## ललिता देवी का दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने किया दर्शन

**सीतापुर।** बीज विकास निगम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने नैमिषारण्य तीर्थ में दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ललिता देवी मंदिर, चक्रतीर्थ, हनुमान गढ़ी एवं रुद्रावर्त तीर्थ का दर्शन किया। नैमिषारण्य आगमन पर हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह, महामंत्री अभिनव मिश्र मंडल प्रभारी विवेक दीक्षित ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। हिन्दू युवा वाहिनी गोरखपुर संभाग प्रभारी राजेश्वर सिंह ने सबसे पहले ललिता देवी मंदिर में माथा टेका इसके पश्चात चक्रतीर्थ एवं अन्य देवस्थानों पर पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य ऋषियों की तपोभूमि है, जहाँ आज भी पौराणिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा मौजूद है। चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पांडेय ने राज्यमंत्री को तीर्थ का महात्म्य बताया। इस अवसर पर डॉ डीपी सिंह, धन्जय राव, शिवम दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## सचिव के रिश्वत मांगे जाने पर लाभार्थी ने ब्याज पर लेकर दिए रुपए, फिर भी नहीं मिला आवास

संवाददाता। थानगांव सीतापुर

**विकास खंड** रेउसा मे इन दिनों ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है सचिव द्वारा सरकार की योजनाओं को कमाई का जरिया बनाया जा रहा है केंद्र सरकार की मुख्य योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को भी सचिव अगर पलीता लगा रहे हैं और भारी-भरकम रिश्वत कमाने में जुटे हैं सरकार झुग्गी झोपड़ी व गरीब लाभार्थियों को आवाज देने




के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है सरकार का सपना था कि इस योजना के तहत गरीब परिवारों को छत मुहैया हो जाएगी लेकिन शासन की इस मंशा को जिम्मेदार सचिव कमाई का जरिया बना चुके हैं ताजा मामला विकास क्षेत्र रेउसा से सामने आया है कटरा निवासी शिव देवी पत्नी विजय कुमार का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम था जिसकी आईडी 148820310 तथा क्रमांक 16 है अब इन लाभार्थी का पैसा दिलाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी पंकज सागर रावत ने 10000 की मांग की थी अब लाभार्थी मजबूर हो गया था वह करता भी तो क्या कर सकता था आखिरकार सचिव के कहने पर लाभार्थी ने ब्याज पर रुपए 10000 लेकर सचिव को दिए लेकिन आवास रूपये देने के बावजूद आवास ना मिलने से धड़कने बढ गई है मांग के अनुसार पैसे देने के बाद आवास ना मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी को शपथ पत्र देते हुए शिकायत की है यह उदाहरण तो महज बानगी है इसी प्रकार विकास क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है तैनात ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा मनमानी रवैया किया जाता है जिससे लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलता है और सख्त यूपी सरकार की योजनाओंपर पलीता लगाने का काम करते हैं और सरकार की छवि को धूमिल करने में लगे हैं।

त्रिभुवन दत्त विद्यालय में प्रबन्ध समिति का चुनाव सम्पन्न

## वीरेन्द्र मिश्रा फिर बने प्रबंधक


रेउसा-मनोनयन के बाद मौजूद पदाधिकारी

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा के** त्रिभुवन दत्त विद्यालय में प्रबन्ध समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ। वीरेंद्र कुमार मिश्र छन्नू की पुन: बनाये गये प्रबधंक। विद्यालय परिसर में सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी बद्री प्रसाद शुक्ल, पर्वेक्षक कर्मेन्द्र पाल सिंह व विद्यासागर मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। त्रिभुवन दत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेउसा की नवीन प्रबंध समिति में डॉ माधव राम मिश्र को अध्यक्ष, डॉ विद्या सागर मिश्र को उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्र को प्रबंधक व मंत्री, देवेंद्र कुमार शुक्ला को उप प्रबन्धक, जय करन नाथ शास्त्री को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही बद्री प्रसाद शुक्ल, रमेश, पूनम, जनार्दन, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, श्रीकांत मिश्रा को सदस्य और डॉ आदेश रमण त्रिपाठी, बैजनाथ यादव, व शिव शंकर को सर्व सम्मति से पदेन सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर संजीव मिश्र, शौनक अवस्थी, राजेन्द्र कुमार मिश्र, आशुतोष मिश्र, गौरव मिश्र, तन्नू लाल अवस्थी, संजय चित्रांश, बीएन यादव, शिव शंकर मौर्य, सतीश पांडे आदि मौजूद रहे।

लहरपुर क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना

## पांच लाख पर हाथ किया साफ, सीसीटीवी में कैद

### ● ताबड़तोड़ वारदातों से सहमा क्षेत्र, भुक्तभोगियों ने दी तहरीर

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर


लहरपुर-सीसीटीवी में कैद चोर

**एक तरफ** जहां जनपद के पुलिस मुखिया बड़े से बड़े अपराधियों को जेल भेजने में लगे हुए हैं वही लहरपुर कोतवाली पुलिस की लचर शैली के चलते आए दिन चोरी लूट हत्या जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं बताते चलें कि बीती रात बेखौफ चोरों ने नगर के मोहल्ला नई आबादी कटरा आंशिक में चार घरों को अपना निशाना बनाया गौरतलब है सफीक पुत्र वारिस खां के घर में घर से सटी हुई दीवार से चढ़कर आंगन में पड़े हुए तखत पर उतरे और उनके कमरे में प्रवेश कर ग्रह स्वामी व उनकी पत्नी व पुत्री के नींद में होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर में रखे हुए 2 मोबाइल 5000 नगद व लगभग 5 लाख की सोने व चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया चोरों की संख्या 2 बताई जा रही है चोरी करने के बाद जब वह घर के पीछे से कूदकर फरार हो रहे थे उस समय घटना समीपवर्ती हाशिम की परचून की दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई भुक्तभोगी ग्रह स्वामी सफीक खां ने बताया कि चोरों द्वारा रात्रि 3:00 बजे के बाद घर में घुसकर दो मोबाइल फोन जिनके नंबर क्रमश: 6394 644853 व 9170791560 के साथ 5000 की नकदी व उनकी पत्नी शम्मो व पुत्री शन्नो के 5 लाख के जेवरात जिनमें एक सोने का हार एक जोड़ी कंगन एक झूमर एक मांग टीका 1 जोड़ी कान के झुमके 6 अंगूठी 1 छोटा लॉकेट 3 जोड़ी बच्ची के खड़ूवा 1 जोड़ी कान के बुंदे 4 जोड़ी चुटकी 2 नाक के बुंदे (सोने के कुल जेवरो का वजन लगभग 70 ग्राम) व 3 जोड़ी चांदी की पायल (वजन लगभग 400 ग्राम) आदि आभूषणों पर हाथ साफ कर घर के पीछे से दीवार फांद कर फरार हो गए चोरों ने मोहल्ले के अन्य तीन घरों को भी अपना निशाना बनाया जिनमें शहाबुद्दीन के घर से 1 मोबाइल हाफिज जाकिर के घर से 30 रुपए व पड़ोसी मुस्तकीम के घर से 2000 की नकदी जो की पेंट की पिछली जेब में रखी थी उस पर भी हाथ साफ कर दिया चोरों द्वारा अंजाम दी गई इन ताबड़तोड़ वारदातों ने नगर वासियों की नींद व चौन छीन लिया है चोरी की घटना के संबंध में गृह स्वामी सफीक खा ने केवल घटना की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से तो की किंतु शहाबुद्दीन हाफिज जाकिर व मुस्तकीम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देना भी उचित नहीं समझा भुक्तभोगी द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने के पश्चात भी देर शाम तक कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की इस संबंध में नगर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया की घटना की जानकारी सुबह 6:30 बजे फोन द्वारा मिली थी मौके पर जाकर देखा था तहरीर प्राप्त हो गई है कोतवाली जाकर मुकदमा दर्ज करवाता हूं।

## ...तो अब केवल साहबो के कार्यालयों में है कोरोना



सीतापुर-पीएम नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र को साध कर अब जनता उसे अपनी आदत में शुमार कर कोरोना के संग आगे बढ़ रही है। लेकिन सरकारी दफ्तरों में साहबान कोरोना के डर से उबर नहीं पा रहे हैं। उन्हें आज भी कोरोना का डर सता रहा है। शायद यही वजह है कि अभी तक केवल सरकारी दफ्तर ही सैनिटाइज किए जा रहे हैं, बाकी कहीं भी सार्वजनिक स्थल सैनिटाइज कराए नहीं जा रहे हैं। जबकि सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में इनकी बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है, लेकिन उनकी जान के प्रति जिम्मेदार कतई सजग नहीं है। (फोटो-विपिन राजवंशी)

## सेठ ब्रजकिशोर की स्मृति में हुआ कार्यक्रम


सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण

**सीतापुर।** सेठ ब्रजकिशोर टंडन की स्मृति में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. केडी जोषी ने ट्रस्ट संस्थापक के चित्र पर पुश्प अर्पित किया। साथ ही कार्यक्रम में सीएमएस ए.के. अग्रवाल, डा. कनिका अग्रवाल, डा. राजीव कपूर, डा. राजकुमार श्रीवास्तव, सुनील वैश्य को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शोभित टण्डन, उद्योग व्यापार मंडल के कमलेश निहार, राजीव वाधवानी, शकील, प्रतीक जिन्दल, जितेन्द्र रस्तोगी, सचिन्द्र मोहन कपूर, रवि मेहरोत्रा, डा. वी.के. त्रिपाठी, डा. शालू कपूर, भगवती गुप्ता आदि ने कंबल भी वितरित किए।

## कांग्रेस का चलेगा वार्डों में सृजन अभियान



सीतापुर-बैठक करते कांग्रेस पदाधिकारी

### ● नगर अध्यक्ष ने खींचा खाका

संवाददाता। सीतापुर

**शहर कांग्रेस** कमेटी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक करके सृजन अभियान को सफल बनाने पर मंथन किया है। शहर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष संतोश भार्गव ने 5 से 25 जनवरी के बीच शहर सभी वार्डों में सृजन अभियान चलाने का खाका खींचा। इस मौके पर अनुज सिंह चौहान, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, रिजवान खान, धीरेश कश्यप, नोमान अंसारी, पीयूष मिश्रा, इमरान अली आदि मौजूद रहे।

### धीरेश कश्यप बने पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष


धीरेश कश्यप

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं पिछडा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहू की संस्तुति पर पिछडा वर्ग विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव ने जिला सीतापुर कांग्रेस पिछडा वर्ग विभाग के अध्यक्ष पद पर धीरेश कुमार कश्यप मनोनीत किया है। मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर के अध्यक्ष उत्कर्श अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती षमीना षफीक, पूर्व विधायक हरीष बाजपेई, वरिश्ठ कांग्रेस नेता फरहत बेग (सनी), पूर्व षहर अध्यक्ष व वर्तमान जिला उपाध्यक्ष पुश्पा भार्गव सीतापुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोश भार्गव शहर उपाध्यध अनुज सिंह चौहान, सुभाष राजवंशी, सूरज चौधरी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेहाना खातून, हसीना खातून आदि ने बधाई दी एवं हर्श जताया।

स्व. जग्गू प्रधान मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट

## प्रथम व दूसरे मैच में विजयी हुई लालकुर्ती बी टीम


सीतापुर-विजयी टीम


फुटबाल खेलते खिलाड़ी

संवाददाता। सीतापुर

**स्व. जग्गू** प्रधान मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में लालकुर्ती बी टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उसने लालकुर्ती एक टीम को 1-0 से पराजित किया। रोमांचक जीत पर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आए। समापन पर बतौर मुख्य अतिथि, सदर से भाजपा विधायक राकेश राठौर ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की नसीहत भी दी।

सीतापुर के ग्यारहवीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर खेले जा रहे स्व. जग्गू प्रधान मेमोरियल फुटबाल

### ● नगर विधायक ने खिलाड़ियों को पुरस्कार किए वितरित

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच जीतकर लालकुर्ती ए और बी टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल मैच लालकुर्ती ए और बी टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ लालकुर्ती ए और बी टीमों के खिलाड़ियों के परिचय हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार तरीके से अपने खेल का प्रदर्शन किया। लालकुर्ती बी टीम ने एक गोल कर लालकुर्ती ए टीम के खिलाड़ियों को दबाव बना दिया। इसके बाद मैच को बराबरी पर लाने के लिए लालकुर्ती ए टीम के खिलाड़ी सर्द मौसम में पूरे मैच में पसीना बहाते रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हुए। ऐसे में रेफरी ने लालकुर्ती बी टीम को विजेता घोषित कर दिया।

समापन पर सदर से भाजपा विधायक राकेश राठौर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया।

# केंद्रों से गायब रहने वाली 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं बर्खास्त

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**केंद्रों से लगातार** गायब रहने वाली आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आठ सहायिकाओं को बर्खास्त कर दिया गया है। सबसे ज्यादा बर्खास्तगी की कार्रवाई फूलबेहड़ ब्लाक में हुई है। इस कार्रवाई के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं में हड़कम्प मच गया है। डीपीओ ने बताया कि सभी सीडीपीओ से उन आंगनबाड़ी व सहायिकाओं की सूची मांगी गई है जो काम नहीं कर रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कराया गया। कई आंगनवाड़ी केंद्र ऐसे मिले जहां पता चला कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका नहीं आती हैं। इनको नोटिस दी गई लेकिन जवाब या तो नहीं मिला और अगर मिला भी तो संतोषजनक नहीं मिला। इसके बाद इनकी सेवा समाप्त की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि फूलबेहड़ ब्लाक में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्याम दुलारी की सेवा समाप्त की गई है। इसके अलावा शहरी परियोजना में तैनात ममता गौतम, मितौली में तैनात राजेश्वरी व रामश्री की सेवा समाप्त की गई है।उन्होंने बताया कि फूलबेहड़ ब्लाक में तैनात सहायिका बीनू, किरन, लीलावती, अनुपम जायसवाल, ताहिरा, उर्मिला, ऊषा, राबिया की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही फूलबेहड़ की ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री शशिकली और सरला गोस्वामी के सेवाएं समाप्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पसगवा ब्लॉक में तैनात शशिबाला और नकहा में तैनात आरती देवी की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह कार्यकत्रियों और सहायिका लंबे समय से काम नहीं कर रही थी। आंगनबाड़ी केंद्र संचालन न होने की लगातार शिकायतें मिलने पर जांच कराई गई। इसके बाद इनको नोटिस दी गई लेकिन या तो जवाब नहीं दिया या फिर जो जवाब दियाए वह संतोषजनक नहीं मिला। इस पर इनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है।आठ सीडीपीओ को नोटिस जारीजिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आठ सीडीपीओ को नोटिस जारी की गई है। उनको निर्देश दिया गया है कि उन आंगनबाड़ी और सहायिका की पत्रावली कार्यालय में प्रस्तुत करें जो लंबे समय से कार्य नहीं कर रहे हैं। काम न करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त की जाएंगी। इससे इनकी जगह पर बाद में नया चयन हो सके। उन्होंने बताया कि रमियाबेहड़, ईसानगरद्व धौरहरा, बांकेगंज, मितौली, गोला, निघासन और पलिया सीडीपीओ व प्रभारी सीडीपीओ को नोटिस देकर कहा गया है कि उनके ब्लॉक में जो भी कार्यकत्री काम नहीं कर रही हैं उन सभी की पत्रावलियां तुरंत कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे जांच कराने के बाद उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकें।

## एसओ हैदराबाद ने चेकिंग व गश्त कर किसान नेताओं से किया संवाद

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के किसान नेताओं व सरदार फार्मरों से एसओ सुनीत कुमार ने संपर्क कर उनको दिल्ली व सिंधु बार्डर पर किसान बिल के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन में न जाने की बात कही है। तथा अपनी मांगों का मांग पत्र घर पर रहकर ही शासन को हमारे द्वारा भेजकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। एसओ ने करनमीर सिंह, बलविंदर सिंह, अमृत सिंह, सरदार बब्बू सिंह, समार सिंह, सरदार अंग्रेज सिंह, कोटखेरवा के किसान नेता रामसिंह वर्मा, अजान के श्रीकृष्ण वर्मा, सेखवापुर के मलादेव वर्मा, शेरपुर के अंजनी दीक्षित से उनके घर पर ही जाकर वार्ता की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद ने आगामी चार जनवरी को होने वाली किसान वार्ता के चलते वहां जाने वाले लोगों से न जाने का निवेदन कर व कस्बे में पैदल गश्त कर संभावित वाहनों की सड़कों पर चेक किया है। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज शशी शेखर यादव, चौकी इंचार्ज हखवा यशवीर सिंह, सब इंस्पेक्टर महेंद्र यादव व विनोद सिंह सहित तमाम पुलिसबल मौजूद रहा।

# संपूर्णानगर क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। मैलानी-खीरी

**पलिया सहित** आसपास के तमाम थानों में हुए लगातार अपराधिक घटनाओं का खुलासा ना होने से लोगों में डर और भय का माहौल पनपने लगा है क्योंकि अभी पूर्व में हुए पलिया तहसील के थानों में जितनी भी हत्याओं की घटनाएं हुई हैं। उन सभी का खुलासा किसी भी थाने में अभी तक नहीं हुआ है। ऐसी हालात को देखते हुए एक बड़ी घटना फिर हुई। लखीमपुर खीरी जिले में उस वक्त कोहराम मच गया जब पुरानी रंजिश के दौरान एक दबंग युवक ने एक युवक को गोली मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा युवक को सीएचसी लेकर जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल पूरा मामला पलिया के कोतवाली संपूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम सिमरी पुरवा बमनगर का है जहां अपने घर से बमनगर चौराहे पर घूमने के लिए के लिए गए बलवीर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र महेंद्र सिंह की क्षेत्र के ही ग्राम विचित्र नगर निवासी जसविंदर सिंह उर्फ पप्पू ने महेंद्र सिंह के घर वापसी के दौरान गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही मौके पर पहुंचे परिजनों ने आननफानन में 108 एंबुलेंस की सहायता से युवक को पलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वही जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है इन दिनों पलिया, सम्पूर्णानगर, चंदन चौकी व भीरा थानों की पुलिस की लापरवाही लोगों की जान की दुश्मन बनी हुई है। अपराधियों में पुलिस का डर बिल्कुल भी नहीं रह गया। जिसकी वजह से आए दिन हत्या जैसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं।

## गन्ना घटतौली से नाराज किसान करेंगे धरना प्रदर्शन

**मितौली-खीरी।** कुम्भी चीनी मिल के क्रय केंद्र बरुई पर इन दिनों किसानों के साथ मनमाने ढंग से केंद्र प्रभारी के द्वारा घटतौली की जा रही है। जिसकी शिकायत किसानों ने कई बार अधिकारियों से की परन्तु अब तक कोई सुधार नही हुआ। प्रति ट्राली लगभग एक कुंतल यानी दो परसेंट के हिसाब से धर्मकांटे से गन्ना घटता है। जिससे किसानो में आक्रोश व्याप्त है। घटतौली की जानकारी मिलने पर भाकियू अवध के बेहजम ब्लाक अध्यक्ष रवि तिवारी ने चीनी मिल कर्मियों को आगाह किया है कि वह जल्द ही कांटा चेक करवा कर लूट बन्द करवाएं अन्यथा संगठन सेंटर पर ही धरना लगाएगा।

## नव वर्ष में कोरोना से मिलेगी निजात



**मोहम्मदी-खीरी।** स्वास्थ्य अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह ने एक अनौपचारिक मुलाकात में बताया कि जल्द ही कोरोना से छुटकारा पाने के लिए कोरोना वैक्सीन आने वाली है। इसकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैयारी जोरों पर चल रही हैं। इस वैक्सीन को रखने के लिए शीघ्र आईएएसएआर बैकसीज और डीप फ्रीजर आने वाला है। इस वैक्सीन को लगाने के लिए तीन कमरों को व्यवस्थित रूप से सही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम फेस में यह वैक्सीन हेल्थ वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग को लगाई जाएगी। वहीं दूसरे फेस में फ्रंटलाइन वर्कर्स, पुलिस, तहसील विभाग व कोरोना में शिक्षा विभाग के लगे शिक्षकों, मीडिया कर्मियों को तथा तीसरे फेस में आम जनमानस जिसकी उम्र 50 वर्ष से अधिक होगी तथा जो गंभीर रूप से बीमार होंगे उनके लगाई जाएगी। कोरोना से इस नव वर्ष में छुटकारा मिलने की पूरी संभावना है। इसी क्रम में मीडिया के लोगों ने स्वास्थ्य अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेस के सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर संगठन सर्जन कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्यता अभियान की शुरुआत प्रदेश सचिव कुमुद गंगवार ने की। बैठक प्रारंभ होने से पहले सभी नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्षों का माल्यार्पण किया गया। संगठन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमुद गंगवार ने कहा कि 3 जनवरी से 20 जनवरी तक संगठन सदस्यता अभियान सभी ब्लाकों एवं विधानसभा में पूरा होना है। जिसमें सभी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ जुड़ेंगे। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि आज किसान पूरे दिल्ली बॉर्डर पर बैठा हुआ है लेकिन मोदी सरकार चुपचाप बैठ कर किसानों के मरने का इंतजार कर रही है। बहुत किसानों की अभी तक मृत्यु हो चुकी है लेकिन मोदी सरकार ने एक बार भी दुख प्रकट नहीं किया। शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा कि सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता ब्लाक से न्याय पंचायत वार्ड बूथ तक संगठन सजन का कार्य करेंगे। सभी लोग ाजपा की गलत नीतियों को बताएंगे तथा मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीनों काले कृषि बिल के बारे में जनता किसानों को बताएं। बैठक में मुख्य रूप से बबली, शीला कश्यप, मंजू मिश्रा, बुशरा खातून, चंद्रप्रभा, ललित वाल्मीकि, राम प्रसाद, राम कुमार मिश्रा, रमाकांत गुप्ता, प्रेम वर्मा, विनीत मिश्रा, मुबारक अली, प्रशांत मिश्रा, अफसर अली, सुशील शुक्ला, अली बहादुर, मतीन शाह, धीरेंद्र प्रताप भार्गव, राजेंद्र गुप्ता, रवि तिवारी, इरफान मिर्जा, शहजेंद्र दीक्षित, इम्तियाज अली, रवि गोस्वामी, गणेश सहगल, केके मिश्रा, अतुल जयसवाल, सोनू कश्यप, जहीर अहमद, संजय गोस्वामी, पंकज शुक्ला व शाद अहमद आदि मौजूद रहे।

## जलभरवा से रोड पर निकलना हुआ दूभर

**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत भीखमपुर में बनाई गई सीसी रोड पर जलभराव हो रहा है। सीसी रोड के किनारे ग्रामीणों के घरों के गंदे पानी निकास के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया जिसके कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है। ग्राम पंचायत में सीसी रोड के निर्माण के समय सड़क के समीप नाली निर्माण भी कराया जाना सुनिश्चित किया गया था किंतु प्रधान की मनमानी के चलते काफी ऐसे विकास कार्यों का पैसा तो निकाल लिया गया है किंतु जमीनी स्तर पर कार्य नहीं हुए हैं। विकास कार्य केवल कागजों पर ही सीमित हो कर रहे गए हैं। सीसी रोड पर जलभराव के कारण नागरिकों का पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है। थोड़ी सी बरसात में सीसी रोड पर जलभराव होने के कारण रास्ते पर निकलना मुश्किल हो गया है।

## किसान गोष्ठी का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के छात्रों नें ग्राम पंचायत सौठन के उच्च प्राथमिक विद्यालय में किसान गोष्ठी कर किसानों को खेती किसानी की तकनीक के बारे में जानकारी दी। जैविक आर्गेनिक खादों तथा कीटनाशक के बारे में बताया। गन्ना बुआई के बारे में रखने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम राजकीय कृषि फार्म, जमुनाबाद के कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रक्षिक्षण प्राप्त कर रहे बीएससी कृषि सप्तम समेस्टर के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर सौरभ कुमार, बृजेश कुमार नाग, शिवम यादव, आलोक कुमार, नीरज, योगेश, अनुराग, सचिन सर्वमंगला, रोहित, अभिषेक, मंयक, शाकिब, रामचरन, अख्तर व हरी प्रकाश सहित तमाम छात्र व किसान मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष-महासचिव का स्वागत

संवाददाता। फ्तेहपुर

**आचार्यकुलम** की बैठक मोटेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिव चंद शुक्ला ने, संचालन आचार्य विनोद शुक्ला ने किया। बैठक में होने वाले कार्यक्रम को लेकर के विचार विमर्श हुआ। जिसमें तय किया गया कि 6 जून से यज्ञ का प्रारंभ होगा। यज्ञ में यज्ञोपवीत बूटी वितरण तथा श्रीमद् भागवत कथा एवं रामलीला के मंचन पर भी चर्चा हुई। बैठक में नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष जालिम सिंह का एवं महासचिव आशीष गौड़ का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा बार एसो0 के अध्यक्ष ने आचार्यकुलम को होने वाले कार्यक्रमों पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में विकास मंच का प्रतिनिधित्व करते हुए शोभा सिंह ने आचार्यकुलम के किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा जनपद के गणमान्य जन से आचार्यकुलम को सहयोग करने की प्रेरणा दी। पूर्व बार अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने कहा कि आयोजन समिति में निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय लोगों को समाहित किया जाए तथा नए सिरे से इसका गठन कराया जाए। यज्ञ आयोजन समिति विस्तार किए जाने का सुझाव दिया। आचार्यकुलम द्वारा किए जा रहे यज्ञ में मोटे महादेवन शाखा आरएसएस की शाखा स्वयंसेवकों ने सभी आचार्यों सहित नागरिकों को भोजन कराया तथा उन्होंने आचार्यकुलम द्वारा आयोजित सभी यज्ञ में सेवा का दायित्व लेने का अपना संकल्प व्यक्त किया। आचार्यकुलम संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि समाज द्वारा जो आचार्यकुलम को सहयोग के रूप में ऋण स्वरूप उनका भार बढ़ता जा रहा है। वे अपना जीवन समर्पित करके उसको उतारने का प्रयास करेंगें। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कार्यवाह प्रदीप, भाजपा के महामंत्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, आचार्य सत्यानंद शुक्ल, आचार्य राम कृपाल, आचार्य चंद्रिका शुक्ला, राज किशोर द्विवेदी, रमेश, अभिलाष त्रिवेदी अमित तिवारी, अरविंद मिश्रा, व्यापारी नेता समाजसेवी राधेश्याम हयारण, महामन्त्री आचार्यकुलम रमानाथ, पुजारी संघ के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, गंगा समग्र एवं मंत्री भाजपा डॉ0 शिव प्रसाद त्रिपाठी, नगर व्यवस्था प्रमुख देवेंद्र भदौरिया, शाखा कार्यवाह सुनील सिंह, देवनारायण, अमरेंद्र, दीपांजलि आदि मौजूद रहीं।

## व्यापार मण्डल की बैठक में संगठनात्मक चर्चा

**फतेहपुर।** उद्योग व्यापार मण्डल की कोर कमेटी की बैठक पटेल नगर में अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर रणनीति बनाई गई। अध्यक्ष के नेतृत्व में दस जनवरी से प्रदेश दौरा प्रारम्भ करते प्रदेश के अन्य जनपदों में इकाइयों का गठन किया जाएगा। साथ ही अनेक जनपदों में प्रदेश संयोजक कार्यकरणी का निर्माण किया जाएगा। 17 जनवरी से जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा के नेतृत्व में जनपद की समस्त तहसीलों, कस्बों, ग्रामों का दौरा आरम्भ किया जाएगा व समस्त कमेटियों का नवनिर्माण व पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जायेगा। फरवरी माह में नगर इकाई, युवा इकाई, महिला इकाई, का गठन उपरान्त, वार्ड, ट्रेड, फ्रन्टल, ब्लाक इकाइयों का गठन व पुनर्गठन सुनिश्चित होगा। वार्षिक साधारण सदस्यता शुल्क एक सौ पचास रुपये, पदाधिकारी शुल्क पांच सौ रुपये, कमेटी शुल्क ग्यारह सौ रुपये, सहित आजीवन सदस्यता शुल्क इक्यावन सौ रुपये निर्धारित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि संगठन व्यापारी हितों में निष्ठा से कार्यरत है, हितों की आवाज सदैव बुलन्द करता रहेगा। कमेटी की बैठक में राजेश वर्मा, अनिल वर्मा, चन्द्र प्रकाश, बब्लू गुप्ता, मनोज साहू, कृष्ण तिवारी, सेराज अहमद खान, अशरफ अली, प्रेमदत्त उमराव, संजय श्रीवास्तव, गुरुमीत सिंह, अंचल रस्तोगी, मनोज मिश्रा, मो0 असलम, लवकुश गुप्ता टीटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सैनिक का पर्थिव शरीर आने से गांव मे गम का माहौल

**गाजीपुर ( फ्तेहपुर )।** थाना क्षेत्र के खानसेनपुर गांव में सैनिक की मृत्यु की खबर आने से पूरे गांव में हाहाकार मच गया। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र कुमार पाल पुत्र राजाराम पाल उम्र लगभग 40 वर्ष बेस्ट बंगाल के पानागढ़ में 7017 ईएमई बटालियन में तैनात थे। जिनकी मौत की खबर सुनकर सैनिक के परिवार व गांव में मातम का माहौल छा गया। अचानक घटी घटना को जो भी सुना वही परिजनों को ढाढंस बंधाता रहा। सैनिक का पार्थिव शरीर आने के बाद परिजनों में मातम का माहौल रहा। मृतक शैलेंद्र पाल के दो लड़के हैं। पहला लड़का रिशिपाल, उम्र 9 वर्ष दूसरा लड़का कार्तिक पाल, उम्र लगभग डेढ़ वर्ष है। मृतक की पत्नी अंजू देवी मिर्जापुर जिले में एक स्कूल में अध्यापक है। मृतक की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही साथ आये सैनिकों ने भी सैनिक के पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी दी। सलामी के बाद परिजनों ने मृतक सैनिक के पंचतत्व में विलीन शव का अंतिम संस्कार किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्ताननगर बड़े पुल के समीप हाईवे पर शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 25 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थरियांव थान क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी मो0 नूह का पुत्र मो0 अजहर बीती रात लगभग साढ़े नौ बजे ट्रक लेकर शान्तीनगर के आगे डीजल भरवाने गया था। बताते हैं कि बड़े पुल के समीप पेट्रोल पम्प के पास ट्रक खड़ा कर सड़क पार करने लगा। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। देर रात लगभग डेढ़ बजे पुलिस प्रशासन ने मृतक की जेब में मिले मोबाइल के जरिये परिजनों को सूचना दिया।

## क्विक न्यूज

### मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता अभियान का आयोजन

**बरेली ।** को उपनिदेशक महिला कल्याणध्जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं श्री आर0बी0सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर0पी0सिंह ए0आर0टी0ओ0 के द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ऑटोरिक्शा चालकों को जागरूक कर महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा सिद्धिविनायक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं व बच्चों की तस्करी तथा बलपूर्वक भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम के विषय में जानकारी विशेष परामर्शदाताओं द्वारा तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान स्वावलम्बन हेतु विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं पॉक्सो अनाथ परित्यक्त लाबारिश दहेज से पीड़ित महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक थीम पर काउन्सलिंग के सम्बन्ध में एवं बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति हिंसाअपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं 181.महिला हेल्प लाइन नम्बरए 1090.वीमेन पावर लाइनए 1098.चाइल्ड हेल्प लाइनए 112.आपात सेवायें आदि हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। जनपद के स्वैच्छिक सगंठन द्वारा राजकीय महिला शरणालय में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी फ्तेहगंज प0 के द्वारा ब्लॉक परिसर फ्तेहगंज प0 में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**बरेली।** प्राइवेट नौकरी करने वाली एक लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया गया। लड़की ने घटना की शिकायत एसएसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव की ईदजागीर निवासी एक लड़की ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करती है।लगभग 5 सालों से उसके प्रेम प्रसंग कैंट थाना क्षेत्र में नकटिया स्थित चेतना कॉलोनी निवासी राहुल तिवारी पुत्र खस्ती बल्लभ तिवारी से चल रहे थे। राहुल ने उसको आश्वासन दिया था कि वह से विवाह करेगा। इसी के चलते राहुल शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा। लेकिन जब उसने राहुल पर विवह करने का दवा डाला। तो उसने उससे वादा किया कि एक जनवरी को उससे कोर्ट मैरिज कर लेगा। एक जनवरी को राहुल के घर गई। तो उसने उसे घर पर ही रोक लिया और रात में शारीरिक संबंध स्थापित किए। इस दौरान उसने अप्राकृतिक मैथुन भी किया। सुबह होने पर उसने जब राहुल पर अदालत चलकर कोर्ट मैरिज करने का दवा डाला तो उसने इंकार कर दिया।और उसकी मा ने भी गाली गलौज किया। तब आज एसएसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय पहुंची और कार्रवाई की मांग की।

### चोरी के पांच वाहन बरामद, तीन चोर गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक स्थान पर छापा मारकर चोरी किए गए पांच दुपहिया वाहन बरामद किए और तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें आज पुलिस ने जेल भेजा।किला थाना क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित छोटी कर्बला में छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की। पुलिस ने इन्हें बेचने की योजना बना रहे इज्जत नगर थाने के गांव परतापुर चौधरी निवासी परतापुर चौधरी निवासी मोहसिन पुत्र अब्दुल यही।के रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र विद्याराम और सी बी गंज थाने के गांव बिधौलिया निवासी विरासत पुत्र जाहिद को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में गिरफ्तार चोरों के गिरोह का मास्टरमाइंड मोहसिन है। जिस पर प्रेमनगर और इज्जत नगर थाने में पहले से ही 5 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए सभी चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिय

### 21 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद की आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, मलवां एक, हुसैनगंज चार, धाता एक, सुल्तानपुर घोष दो, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी चार, ललौली दो, थरियांव पांच तथा हथगांव थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खखरेरू थाने के उपनिरीक्षक सूरज कुमार कनौजिया आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर रामदास पुत्र भोले निवासी मोहनापुर मजरे जहांगीरनगर गहुरे को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से आठ लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। इसी प्रकार जाफरगंज थाने के उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश ने गश्त करते हुए जागेश्वर पुत्र हनुमान निषाद निवासी समसपुर को दस लीटर शराब के साथ धर दबोचा।

# मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**फ्तेहपुर।** कानपुर नगर के थाना मर्दनपुर गांव पतरसा निवासी नरेश पाल का 18 वर्षीय पुत्र अजय पाल बाइक द्वारा शहर किसी काम से आ रहा था। तभी लोधीगंज के समीप रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा गांव निवासी बाली का 60 वर्षीय पुत्र राजू मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। इसी तरह खागा कोतवाली क्षेत्र के इरातदपुर तेजू गांव निवासी आलोक यादव का 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव गांव के ही सुधीर यादव पुत्र उदयवीर के साथ मोटरसाइकिल से कस्बा किसी काम से आ रहे थे। जैसे ही यह लोग गांव से कुछ दूर रोड पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गये। इसी तरह खखरेरू कस्बा निवासी फूलचन्द्र की 45 वर्षीय पत्नी सुषमा देवी शनिवार की शाम जंगल से घर आ रही थी तभी सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर लग जाने से घायल हो गयी। उधर किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ियन गांव निवासी लल्लू का 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार व मलवां थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी प्रहलाद का 48 वर्षीय पुत्र ननकू सड़क हादसे में घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने अजय पाल की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

## दीवार ढहने से किशोरी व बालक घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गम्हरी में शनिवार की रात दीवार ढह जाने से एक ही परिवार के 17 वर्षीय किशोरी समेत 6 वर्षीय बालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गम्हरी गांव निवासी स्व0 रामनारायण की पुत्री रंजना अपने छह वर्षीय भतीजे सोनू पुत्र प्रकाश के साथ घर में सो रही थी। तभी अर्द्धरात्रि दीवार ढह जाने से दोनों बच्चे मलबे में दब गये। जानकारी होने पर परिजन व गांव वालों ने मिलकर जल्दी जल्दी मलबा हटाया और उन्हें सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। जहां चिकित्सक के अनुसार दोनों की हालत में सुधार है।

# कायस्थ मंच ट्रस्ट के मनोनीत पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

संवाददाता। फ्तेहपुर



**कायस्थ मंच** ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर में हवन, पूजन व आरती का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान के रूप में विनोद कुमार श्रीवास्तव व डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव रहे व पूजन कार्य आचार्य विमलाकान्त त्रिपाठी के द्वारा सम्पन्न कराया गया। तत्पश्चात कायस्थ बन्धुओं दिलीप श्रीवास्तव व रजत श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रांतीय पदाधिकारियों व बार एसो0 में चयनित आदित्य श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव व संदीप श्रीवास्तव एवं जिला संयोजक सत्येंद्र श्रीवास्तव एड0 व जिला सह संयोजक गिरिजाशंकर श्रीवास्तव का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव महामंत्री बीजेपी और आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 संदीप सक्सेना द्वारा तीन विशिष्ट बातों को समाज मे पहुचाने हेतु बल दिया गया। जिसमें नए संसद भवन का नाम राजेन्द्र बाबू सदन, देश के सभी न्यायालयों में ब्रिटिश काल से स्थापित न्याय की मूर्ति के रूप में यूनानी देवी डिकी की मूर्ति जिनकी आंखों में पट्टी बंधी रहती है, को विस्थापित कर सभी के जीवन का लेखा-जोखा रखने वाले अखिल ब्रह्मांड के न्यायाधीश महाराज चित्रगुप्त की मूर्ति की स्थापना तथा मात्र कायस्थ के स्थान पर सम्पूर्ण कायस्थ समाज को आरक्षण का लाभ देने की बात कही। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा वर्तमान में 11 जनपदों में कायस्थ मंच ट्रस्ट संचालित है और शीघ्र ही 21 जनपदों में ट्रस्ट के गठन किया जायेगा। साथ ही इसी महीने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के ऊपर भी शेड निर्माण किया जाएगा। जिस पर सभी कायस्थ बन्धुओं ने अपनी सहमति व हर्ष जताया। प्रांतीय महामंत्री डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात सभी प्रांतीय पदाधिकारियों अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ संदीप सक्सेना, उपाध्यक्ष रामजी सहाय एड0, महामंत्री डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव को माल्यार्पण, अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र श्रीवास्तव एड0 द्वारा किया गया। साथ ही सभी ने भोज का भी आनंद लिया। इस अवसर पर राजीव श्रीवास्तव, शरद, ऋतुराज, अनुराग श्रीवास्तव, जितेंद्र, सौरभ, डॉ0 विकास, आशीष, राजेश्वर, सुरेश, अनिल एड0, अभिनव, अजीत, रीतेश, प्रीतेश, अभिषेक, प्रेम, लक्ष्मीकांत, डीके श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

फर्रुखाबाद जंक्शन पर

# 6 जनवरी से रोज चलेंगी चार ट्रेनें



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**रेलवे** बोर्ड के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर आगामी 06 जनवरी 2021 से चार स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनें प्रतिदिन चलेंगी।

यह जानकारी रविवार को रेल सूत्रों ने दी। उन्होने बताया कि लॉकडाउन के बाद सामान्य रूप से बन्द ट्रेनों का संचालन रेलवे बोर्ड के निर्देश पर स्पेशल ट्रेनों पूजा, त्योहार आदि के रूप में शुरू की गईं। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के कानपुर-फर्रूखाबाद तथा कासगंज रेलखण्डों में पिछले 22 मार्च 2020 से अब तक करीब नौ माह से बन्द सामान्य ट्रेनों के यातायात में पहली बार कानपुर-फर्रूखाबाद-कासगंज के मध्य मण्डल की चार ट्रेनों का संचालन 06 जनवरी 2021 से शुरू होगा।

सूत्रों के अनुसार कासगंज से कानपुर अनवरगंज के लिये प्रतिदिन वाली स्पेशल एक्सप्रेस 05040 फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर प्रातः 10:55 बजे आएगी और 11 बजे फर्रूखाबाद से कानपुर अनवरगंज के लिये रवाना हो जायेगी। इसी क्रम में 05039 कानपुर अनवरगंज से 15:10 बजे रवाना होकर फर्रूखाबाद जंश्क्न स्टेशन पर 18:45 बजे आयेगी और 18:50 बजे यहां से रवाना हो जायेगी। जो कासगंज रात्रि में 21:05 बजे पहुँचेगी। रेल सूत्रों के अनुसार कासगंज से 05038 स्पेशल प्रतिदिन वाली एक्सप्रेस ट्रेन 13:05 बजे रवाना होकर फर्रूखाबाद 15:15 बजे आएगी और 15:20 बजे यहां से रवाना होकर कानपुर अनवरगंज 18:30 बजे पहुँचेगी। इसी क्रम में कानपुर अनवरगंज से 05037 स्पेशल प्रतिदिन वाली एक्सप्रेस 11:10 बजे रवाना होकर कासगंज 16:30 बजे पहुँचेगी। यह सभी ट्रेनें अग्रिम 31 जनवरी 2021 तक चलाये के लिये निर्देशों के साथ ही आवागमन करने वाले सभी रेलयात्रियों को टिकट का रिजर्वेशन कराना होगा।

यहां मिली जानकारी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन से काठगोदाम के मध्य आगामी 06 जनवरी 2021 से 05043 स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन आगामी 31 जनवरी 2021 तथा 05044 स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 07 जनवरी 2021 से 01 फरवरी 2021 तक चलेगी। इसके अलावा प्रतिदिन वाली गोरखपुर जंक्शन से मैलानी के मध्य 05009/05010 आगामी 06 जनवरी से 31 जनवरी 2021 तक चलेगी।

# पुलिस अधीक्षक ने देर रात्रि शिवली कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। कानपुर देहात

**शुक्रवार** की देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना शिवली का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें थाना कार्यालय के अभिलेख चेक किये गये तथा थाना कार्यालयए सीसीटीएनएस कार्यालयए कोविड केयर हैल्प डेस्कए महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। रात्रि मे डियूटी मे लगे पुलिसबल को चैक किया गया तथा भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु एवं स्वयं व आमजनमानस को सोशल डिस्टेंसिग का कडाई से पालन कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# 25 को निकलेगी एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा

● संस्कार भारती करेगी अभियान का आयोजन

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**कला** एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बैठक निर्मल धाम में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा हुई जिसमे संस्कार भारती के 40वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 10 जनवरी को कार्यक्रम महादेव प्रसाद स्ट्रीट स्थित नटराज भवन में होना तय हुआ। भरतमुनि जयन्ती का संयोजक अरविन्द दीक्षित को बनाया गया। 25 जनवरी को एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा की योजना बनी। यात्रा में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार आदि विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में संस्कार भारती के कला साधक,भारत माता, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप महारानी लक्ष्मीबाई आदि के स्वरूपों के साथ चलेंगे। कोरोना को देखते हुए सोशल डिस्टेंस के साथ इस बार यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा में कोरोना से बचाव व जागरूकता की झाँकी एवं अयोध्या राम मन्दिर की झांकी भी होगी। यात्रा में प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, यात्रा संयोजक अखिलेश पाण्डेय, सह संयोजक श्रीमती साधना श्रीवास्तव,अध्यक्ष संजय गर्ग,सचिव आकांक्षा सक्सेना,कोषाध्यक्ष आदेश अवस्थी , सुनीता सक्सेना,अर्पण शाक्य, डॉ समरेंद्र शुक्ल कवि, अनुभव सारस्वत, अरविंद दीक्षित, रामअवतार शर्मा, महेश पाल सिंह उपकारी, दिलीप भारद्वाज, आलोक द्विवेदी, किरण त्रिवेदी, हेमलता श्रीवास्तव, साजन शंकर जौहरी, अजय दीक्षित,डॉ सर्वेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कवि संगम ने अतृप्ति के स्वर व माँई पुस्तक का किया विमोचन

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**राष्ट्रीय** कवि संगम के बैनर तले समर्पण कार्यक्रम का आयोजन विद्या मंदिर श्याम नगर में ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री व हिन्दी साहित्य भारती के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला रहे।

मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने दीप प्रज्जवलित कर व सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम ब्रह्मलीन प्रमोद कुमार त्रिपाठी पत्नी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक अतृप्ति के स्वर का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात भारती मिश्रा द्वारा आंचलिक उपन्यास माँई का लोकार्पण किया गया। दोनों पुस्तकों का पूर्व प्रधानाचार्य श्रीनिवास मिश्रा, भारती मिश्रा, रामबाबू मिश्र रत्नेश, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी ने समीक्षा की। कार्यक्रम में विशालराज सिंह को माँई के आवरण पृष्ठ हेतु सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड में सरहानीय योगदान के लिये आदेश गंगवार एवं बेसिक शिक्षा में सराहनीय कार्य करने वाली मनोरमा कनौजिया को भी सम्मानित किया गया। सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री रविन्द्र शुक्ल ने कहा कि मैं अपना सौभाग्य मानता हूं कि मुझे अतृप्ति के स्वर व माँई जैसे उपन्यास के लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ। फर्रूखाबाद की धरती से मेरा विशेष लगाव है। राजजनक के छोटे भाई कुशध्वज संकिसा थे। काली नदी का नाम पूर्व इक्षाकु नदी था। फर्रूखाबाद की धरती से मेरा विशेष लगाव है। मैंने मंत्री मण्डल का हमला उस समय स्वीकार किया था। किन्तु वंदेमातरम् का आदेश वापस नहीं लिया। जिस वंदेमातरम् को गाकर हजारों की संख्या में लोग फांसी पर चढ़ गए। उस वंदेमातरम् को गाना चाहिए। साहित्य ही समाज को संस्कृति प्रदान करता है। भारत वर्ष ने विश्व को सबसे अधिक सांस्कारिक साहित्य प्रदान किया। किन्तु आज खेत का विषय है कि यहां के लोग विदेशी साहित्य को पढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ0 सुधाकर त्रिपाठी, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कीर्ति त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, वैष्णवी वाणी ने भी भांवजांलि दी। इस मौके पर शरदचंदेल, आलोक बिहारी शुक्ला, महेशपाल सिंह उपकारी, उपकार मणि उपकार, संजय गर्ग, अरूण प्रकाश तिवारी ददुआ, प्रीति तिवारी, नलिन श्रीवास्तव, रूद्रनारायण त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, जवाहर सिंह गंगवार, रामऔतार शर्मा इन्दु सहित कई साहित्यकार मौजूद रहे।

# साहसी बालिका संस्था ने भट्टा मजदूरों को बांटे गरम कपड़े



संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद

**चाहे** व्यक्ति हो या फिर संस्था और उसमें काम करने वाले अच्छी सोच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ऐसे व्यक्ति हमेशा परोपकार की ही भावना से प्रेरित होकर समाज में अपना योगदान देते रहते हैं। जिसका एक उदाहरण आज उस समय सामने आया। जब साहसी बालिका संस्था द्वारा घर -घर जाकर लोगों को समझा कर लगभग एक हजार गर्म कपड़े एकत्र किए थे। इन कपड़ों को संस्था की अध्यक्ष खुशबू मिश्रा ब शिल्पी मिश्रा, अंकुर मिश्रा, शिवानी, निकेता, गरिमा, अंजू, संजना, दिव्या व सायना आदि पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भट्टे पर रहकर अपने परिवार का पोषण करने वाले गरीबों को एक सादे कार्यक्रम में उपलब्ध कराए। कड़ाके की सर्दी में ठिठुरन से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र पाकर भट्टा दिहाड़ी मजदूर परिवार के लोग काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे। वहीं संस्था के इस पुनीत कार्य की लोग प्रशंसा कर कह रहे थे, कि गरीब की सहायता ही समाज में सबसे अच्छी सेवा मानी जाती है। आयोजित कार्यक्रम अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर विनय प्रकाश राय, डॉक्टर जितेंद्र गंगवार एवं भट्टा मालिक राजेश अग्रवाल आदि संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

# अन्नदाता के माथे पर उभरीं चिंता की लकीरें

संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद

● ओलावृष्टि की आशंका से अन्नदाता किसान चिंतित

**पिछले** कई दिनों से पछुआ हवाओं के साथ सूर्य ढलते ही तुषार पात होने के कारण सर्दी अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई थी। लगातार गिरते तापमान से ठिठुरन बढ़ गई थी। किंतु पिछले दिन तापमान में कुछ बढ़ोतरी हुई। इसी के बाद बीती रात आसमान में काले घने बादल घिर आए। रात जैसे ही गहराने को थी। उसी समय सनसनाती हुई तेज हवाओं के साथ ही घुमड़ते बादलों से एकाएक पानी की बौछार गिरी, साथ ही कड़कती आकाशीय बिजली की गर्जना होने लगी। हालांकि यह क्रम कुछ ही समय तक चला इसके बाद पानी की बौछारें रुक गई। किंतु तब से लेकर अब तक और शायद मौसम विभाग की सूचना के अनुसार यहां मैदानी भाग में वर्षा की आशंका अगले दो-तीन दिनों तक व्यक्त की जा रही है। यानी कि 5 जनवरी 2021 तक कभी भी तेज या मध्यम से सामान्य बारिश होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में मेहनतकश अन्नदाता किसान अपनी खेतों में खड़ी लहलाती आलू, सरसों, गेहूं, तंबाकू, मटर, चना आदि की फसलों को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहा है। किसान का कहना है कि महंगा बीज खाद पानी जुताई आदि के लिए उसने कर्ज लेकर जो फसलें बोई थी। वे अब तैयार होने लगी हैं। और इसी समय आकाश में घुमडते बादल और कड़कती बिजली के बीच यदि कहीं ओलावृष्टि हो गई तो उसकी फसलें बर्बाद हो जाएंगी।

# बेसिक शिक्षा की रैंकिंग में हुआ सुधार

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडे के दिशा निर्देशन में जनपद नित्य नवीन ऊंचाइयों को छू रहा है बेसिक शिक्षा की बात करें तो लगातार जनपद अपनी रैंकिंग में सुधार कर रहा है जनपदीय अधिकारियों के दिशा निर्देशन में आयोजित समीक्षा बैठक में जहां नवंबर माह में जनपद 68 वीं रैंकिंग पर था वहीं अब दिसंबर माह में जारी के पी आई में छलांग लगाते हुए जनपद सपोर्टिव सुपरविजनए दीक्षा एप डाउनलोडए एवं रीड एलांग डाउनलोड के साथ साथ शिक्षक संकुल की बैठक आयोजन में प्रदेश स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंच गया साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त एवं प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव के मार्गदर्शन में निष्ठा ट्रेनिंग में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर और अन्य विभागीय क्रियाकलापों रैंकिंग में सुधार कर रहा है इस हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदया सौम्या पांडे ने एसआरजी अनन्त त्रिवेदीए अजय कुमार गुप्ताए एवं संत कुमार दीक्षित के साथ.साथ समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों समस्त ए आर पी एवं शिक्षक संकुलों को उनकी मेहनत के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की। विदित है कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने हेतु ऑपरेशन कायाकल्प एवं मिशन प्रेरणा योजनाएं महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के दिशा निर्देशन में संचालित हैं। जिनकी मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश स्तर पर की परफारमेंस इंडिकेटर्स ;के पी आईद्ध समय.समय पर जारी किए जाते हैं जिनके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए पिछले माह जारी के पी आई में कानपुर देहात जनपद की प्रगति अत्यंत खराब थी। 'जिस कारण मुख्य विकास अधिकारी महोदया सौम्या पांडे की निरंतर समीक्षा से बेसिक शिक्षा विभाग इस पायदान पर पहुंच सका' एवं आज जारी हुए के पी आई में जनपद बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा है ।

### डीएम-सीडीओ ने की बैठक

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बन्ध .निर्देशो के अनुसार जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत की तैयारियां चल रही है। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र नेएमुख्यविकास अधिकारी महोदया सुश्री सौम्या पांडेएजिला पंचायतराज अधिकारी श्री अनिल कुमार सिंह एवम अन्य अधिकारियोध्कर्मचारियों के साथ बैठक की। जो ग्राम पंचायते नवसृजित नगर पंचायतो में शामिल की गयी है उनको पृथक करते हुए आशिंक परिसीमन का कार्य चल रहा है शीघ्र ही ग्राम स्तरएक्षेत्र स्तर एवम जिला पंचायत क्षेत्रो का पुनर्गठन करते हुए आंशिक परिसीमन कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

# प्रोजेक्ट नई किरण में आये उन्नीस मामलों में सिर्फ एक में ही हो सका सुलह-समझौता



संवाददाता। कानपुर देहात

**स्थानीय** पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 19 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है।


इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष अश्वनीपालए म0उ0नि0 रीना सिंहए म0हे0का0 227 संध्या देवी व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती कंचन मिश्राए श्री राम प्रकाश सिंहए व जियाहुलहक आदि सदस्यगण मौजूद रहे तथा इन सभी का विशेष सहयोग रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

● पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है आगे जांच के अनुसार ही कार्रवाई होगी

**फर्रूखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी ने घर के अन्दर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवाब न्यामत खां पूर्व में एक आइस फैक्ट्री के समीप में एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी गुन्नार बानो ने सुबह 10 बजे अपने दुपट्टे से घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# डिवाइडर से टकराया ट्रक, घंटों यातायात बाधित, लोग परेशान



संवाददाता घाटमपुर

**कानपुर-सागर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर के मुख्य चौराहे पर बने पिलर डिवाइडर से टकराने से घंटों आवागमन बाधित रहा। बताया जाता है कि बीती रात कानपुर से हमीरपुर की ओर जा रहा ट्रक कानपुर रोड पर बने पिलर डिवाइडर से टकरा गया, दुर्घटना में यदपि कोई जख्मी नही हुआ लेकिन ट्रक के खराब होने से यातायात घंटों बाधित रहा, सबेरे पीएनसी कर्मी क्रेन लेकर आये और खिसके पिलर डिवाइडरों को सीधा कर आवागमन शुरु कराया। दूकानदारों ने बताया कि आये दिन ट्रको के भिड़ने से पिलर अपनी शक्ल खो चुके है लेकिन पीएनसी उन्हें बदल नही रहा है जबकि टोल प्लाजा के नाम पर वाहन स्वामियों से करोड़ों रुपये प्रति माह टोल टैक्सा के नाम पर वसूल रही है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**घाटमपुर।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव स्योदी ललईपुर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हां गयी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि बांदा जनपद के गांव अलोना थाना पैलानी निवासी महेश के ससुराली जन यहाँ के गांव स्योदी ललईपुर स्थित एक ईट भट्ठे में ईट पथाई का काम करते हैं महेश यहाँ मिलने आया था। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# किसानों की आय बढ़ाने को सरकारें प्रतिबद्ध

● तकनीकी प्रशिक्षण के लिए चित्रकूट के किसानों के दल को राज्यमंत्री चंद्रिका उपाध्याय ने किया रवाना


हरी झंडी दिखाते मंत्री चंद्रिका उपाध्याय।

**चित्रकूट।** किसानो की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत तकनीकी प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण के लिए किसानों का दल फतेहपुर और बांदा जिले के लिए रवाना हुआ। उप्र सरकार के लोनि राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कृषि भवन चित्रकूट से हरी झंडी दिखाकर कृषको के दल को रवाना किया। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रशिक्षण व भ्रमण से जिले के किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकि की जानकारी मिलेगी। पीएम के 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प पूरा होगा।

उप्र सरकार के लोनि राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने मुख्यालय स्थित कृषि भवन से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लिए कृषकों की बस को हरी झंडी दिखाकर कृषि अभिनव नवाचार प्रक्षेत्र औंग, बिंदकी –फतेहपुर एवं कृषि विवि बांदा के लिए बस को रवाना किया। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि पीएम द्वारा 2022 तक कृषकों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य लगातार नई नई योजनाएं बना कर कार्य किया जा रहा है। किसान नवीनतम तकनीकी से कृषि कर साल भर आमदनी प्राप्त करें। कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के साथ रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रभावों को कम करने व मृदा, मानव, पशु–पक्षी आदि को भी स्वस्थ्य रखने की दिशा में प्रयास हो सके। मंत्री उपाध्याय ने बताया कि जैविक खेती द्वारा 'स्वच्छ धरा–खेत हरा' के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों–योजनाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिलाने के उददेश्य से जिले के 150 कृषकों को प्रशिक्षण/ अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है।मंत्री ने कहा कि कृषकों की सुरक्षा एवं लाभ के लिए भारत सरकार तीन कानून पारित किया है। इससे कृषकों की आय दोगुनी करने में मार्ग प्रशस्त करेगा तथा कृषक भ्रमण में नई कृषि तकनीकी से प्रेरणा लेकर खेती करे। उनका आर्थिक एवं खेती पद्धतियों का विकास हो सकें। सीडीओ ने कहा कि कृषक भाई भ्रमण और प्रशिक्षण के दौरान कृषि की नई–नई तकनीकी का ज्ञानवर्धन करते हुये तथा कृषि विशेषज्ञों द्वारा बताये गये वैज्ञानिक विधि से खेती करे। रामसिंह फतेहपुर के यहां मौके पर जाकर उनके द्वारा की जा रही खेती के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। सीडीओ ने बताया कि उनके द्वारा प्रदेश में अधिकतम उपज प्राप्त की गई है। किसान भाई जैसे देखते है फिर विश्वास करते है फिर हल उठाते है। कृषक भाई की सारी दुविधाये दूर हो जायेगी तथा आत्मविश्वास भी बढेगा।उपकृषि निदेशक शाही ने बताया कि कृषि अभिनव नवाचार प्रक्षेत्र–औंग, बिंदकी फतेहपुर (राम सिंह, एचीवर कृषक) एवं कृषि विवि बांदा तथा जैविक खेती की जानकारी के लिए बड़ोखर खुर्द बांदा के जैविक कृषक (असलम) के यहां तकनीकी जानकारी के लिए भेजा जा रहा है। आय में बृद्धि कैसे की जा सके के अन्तर्गत रामसिंह, एचीवर कृषक औंग–फतेहपुर द्वारा लहसुन, प्याज, फूलों की खेती, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, बागवानी, एवं खाद्यान फसलों पर प्रति एकड़ का मॉडल तैयार किया गया है, जो प्रति वर्ष लगभग 8 लाख रू. की आय देते है, तथा कृषि विवि बांदा में फसलों की नवीनतम प्रजातियां, बीज शोधन, बुआई पर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बडोखर खुर्द के जैविक कृषक असलम के यहा जैविक खेती का मॉडल देखेगें। यह तकनीकी प्रषिक्षण–अध्ययन भ्रमण 'सीख कर करने' पर आधारित होगा। जनपद के कृषक कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त कर वर्ष 2022 तक अपनी आय में बृद्धि कर सके।

## पुरवाई से कम हुई गलन की धार, थमी गिरते पारे की रफ्तार

**बांदा।** पिछले कई दिनों से शीत लहर व कड़ाके की सर्दी से परेशान लोगों को पुरवाई हवा ने राहत देने का काम किया है। हवा की बदली दिशा से तापमान में यकायक पांच डिग्री सेल्सियस इजाफा हो गया। हालांकि ज्यादा दिन तक ऐसी स्थिति रही तो फसलों पर इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। नए साल का आगाज कड़ाके की सर्दी के बीच हुआ लेकिन दो दिन बाद एकदम से मौसम पलटी मार गया। जिसके चलते रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। यह इस समय के औसत तापमान से क्रमशरू 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसकी मुख्य वजह वातावरण में नमी बढ़ने के कारण हवा की दिशा में हुए बदलाव को माना जा रहा है। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि मौसम इकाई के प्रभारी डॉण्दिनेश साह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पूर्व की हवा चलने के कारण तापमान में वृद्धि देखी गई है।

## क्विक न्यूज

### करंट की चपेट में आने से किसान की जान गई

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हरसुडीं गांव में निजी नलकूप के स्टार्टर का फ्यूज बांधते समय करंट की चपेट में आने से पैंतीस वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हरसुडीं गांव निवासी राजेश (35) अपनी पैतृक जमीन में खेती-बाड़ी करके अपना परिवार चलाता है। उसके पास निजी नलकूप है। अन्ना जानवरों से रखवाली के लिए पास के तीनों खेतों में किनारे झोपड़ी बनी है। राजेश के भाई वीरेंद्र ने बताया कि रात में नलकूप के स्टार्टर का फ्यूज ठीक करते समय उसका भाई राजेश करंट की चपेट में आ गया और मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी बगल के खेत में बनी झोपड़ी में लेटी उसकी पत्नी दीपक को सुबह हुई। मृतक के चार साल की एक बेटी शिवांगी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग गिरकर घायल हो गये। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी मोहम्मद मजीद बाइक से किसी काम को लेकर जा रहा था। तभी राठ-उरई मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अचानक युवक गश खाकर सड़क पर गिर गया और बेहोश हो गया। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। बाइक से गिरकर से युवक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। वहीं कस्बे के भटियाना मोहल्ला निवासी अंकुर पुत्र गोविंददास और मुस्करा थाना क्षेत्र के मिहुंना गांव निवासी उमाशंकर 32 पुत्र रज्जू पाल मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### शराब व लहन और उपकरण बरामद

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव मवईया के एक खंडहर में कच्ची शराब बनाने की सूचना पर मौदहा पुलिस ने यहाँ छापेमारी कर 65 लीटर अवैध कच्ची शराब महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण सहित मवईया निवासी शशि कुमार निषाद पुत्र बरदानी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसकै साथी जगदेव पुत्र नत्थू तथा रामरतन पुत्र जालिम मौके से भागने में कामयाब रहे हैं। पुलिस ने लगभग 2 क्विंटल लहन महुआ नष्ट कर दिया है।

### लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**मौदहा ( हमीरपुर)।** थाना विवांर क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा में पिछले महीने हुई बड़ी चोरी का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है पीड़ित ने सीओ को शिकायती पत्र देते हुए शीघ्र खुलासे की गुहार लगाई है। ग्राम कुनेहटा में 13 दिसंबर की रात में अज्ञात चोरों ने पीड़ित भानेंद्र कुमार द्विवेदी के यहां से चोरों ने जेवरात व नगदी सहित 10 लाख से ऊपर की चोरी कर ले गए थे चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई थी परंतु 20 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी आज तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है पीड़ित ने सीओ मौदहा से शीघ्र निवारण करने की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में महिलाओं से मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मौरा निवासी सीमा देवी पत्नी सुनील कुमार द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि 29 दिसंबर की शाम 6 बजे वह अपने घर के बाहर ट्रैक्टर से मौरम उतरवा रही थी। तभी पड़ोसी ग्राम इंदुईयागंज निवासी पांच लोग आए और पुरानी रंजिश को लेकर अभद्रता शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी जेठानी छोटी बिटिया पत्नी छोटेलाल को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दबंगों ने पति-पत्नी सहित बच्चों से की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पारिवारिक विवाद को लेकर दबंगों ने पति पत्नी एवं बच्चों के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डिगसरा निवासी विमला देवी पत्नी राकेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि परिवार के ही शोभित पुत्र रामरतन, ज्योति, जयदेवी और रिमझिम ने पारिवारिक वाद विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके पति राकेश, पुत्र मोहित, पुत्री माधुरी को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### निकास को लेकर मारपीट, महिला सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रास्ते के निकास को लेकर दो पक्षों में अभद्रता के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरवा निवासी गुड़िया देवी पत्नी मोहन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गांव के संतोष कुमार पुत्र पातीराम, राखी पुत्री संतोष, नन्ही देवी पत्नी संतोष ने रास्ते के निकास को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता की। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके पति मोहन और जेठ विमल पुत्र वेद प्रकाश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर सभी आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### फौजी के घर से नगदी व जेवरात चोरी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** फौजी के बंद पड़े घर में चोरों ने घुसकर बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी हजारों रुपए की नगदी, जेवरात व जरूरी कागजात चोरी कर लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी नेम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे ससुराल में थे। जबकि वह एक जनवरी को अपने माता पिता को लेकर अपनी ननिहाल चला गया। इसी बीच चोरों ने घर के अंदर बने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ दिया और हजारों रुपए के सोने चांदी के जेवरात, 11 हजार की नकदी और जरूरी कागजात चोरी कर लिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधानाचार्य संतोष सिंह सेंगर को मातृ शोक

**जगम्मनपुर (जालौन)।** राज माता वैश्नी जू देव इंटर कॉलेज जगम्मनपुर के प्रधानाचार्य संतोष सिंह सेंगर की मां का आज दु:खद निधन हो गया। जगम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम छौना (मानपुरा) निवासी अशोक सिंह सेंगर व संतोष सिंह सेंगर प्रधानाचार्य राजमाता बैश्नी जू देव इंटर कॉलेज जगम्मनपुर की वयोवृद्ध मां श्रीमती रामकुंवर देवी उम्र लगभग 90 वर्ष का आज रविवार की सुबह लगभग 6.30 बजे निधन हो गया। उनके निधन की सूचना प्राप्त होते ही श्री सेंगर के रामपुरा स्थित आवास पर एवं उनके पैतृक गांव छौना में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया।

## टूटा गोशाला का घेरा, चट हो गई कई किसानों की फसल



**बांदा।** गोशाला की जाली टूटने से बंद मवेशियों का झुंड खेतों में घुस गया। रातभर किसानों की फसल चरते रहे। कई मवेशियों ने आवश्यकता से अधिक फसल खा ली और बीमार भी हो गए। पशु चिकित्सकों ने इलाज किया। बड़ागांव में राज डेवलपमेंट सोसाइटी ;एनजीओद्ध की गोशाला का शनिवार रात किसी ने जाल तोड़ दिया। इससे बंद एक सैकड़ा मवेशी खेतों में घुस गए। सुबह जब किसानों ने देखा तो एक दूसरे की मदद से मवेशियों को अंदर किया। किसान बृजभूषण ने बताया कि हमारे खेतों के करीब 8.9 बीघा की फसल बर्बाद हो गई है। आधा दर्जन किसानों के खेतों का नुकसान हुआ है। किसानों ने मुआवजा देने की मांग की है। गोशाला संचालक राजेश शुक्ला ने बताया कि जाल तोड़ने की अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अलका ने बताया ठंड से कई गोवंश बीमार हो गए। डाक्टरों की टीम मौके में गई है। बीमार पशुओं का इलाज किया जा रहा है। एसडीएम सचिव सत्येंद्र सिंह प्रभात कुमार पूर्व प्रधान सुरेंद्र आदि ने जायजा लिया। रात्रि में किसी ने तार काट दिया। जिसके चलते जानवर खेतों में चले गए और पूरी फसल चर गए। किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए। यह संचालक की घोर लापरवाही है। ब्रजभूषण बडागांव गोवंश इस कदर भूख से व्याकुल रहते थे कि गोशाला से निकलते ही खेतों में लहलहा रही फसल को रातभर में चट कर डाला।

## गोशालाओं को चाहिए 12 करोड़ मिले एक करोड़ 20 लाख

**बांदा।** बुंदेलखंड की प्रमुख समस्या अन्ना प्रथा के लिए गोशालाओं का निर्माण कराया गया। इन गोशालाओं के संचालन व गोवंशों के भरण.पोषण के लिए शासन से 12 करोड़ की धनराशि की मांग की लेकिन शासन की ओर से एक करोड़ 20 लाख रुपये ही निर्गत किए गए। जबकि अक्टूबर में भी करीब डेढ़ करोड़ की धनराशि जारी की गई थी। इन सब के बाद अब भी गोशालाओं के लिए नौ करोड़ की रुपये की दरकार है। बुंदेलखंड में अन्ना प्रथा एक बड़ी समस्या बन चुकी है। जिससे सर्वाधिक नुकसान कृषि क्षेत्र को पहुंचता है। सड़कों में विचरण से आवागमन भी प्रभावित होता है। सरकारी स्तर से कई योजनाओं का संचालन कर इससे निजात पाने की मुहिम चलायी जा रही है। बांदा में मौजूदा समय कुल 209 गोशाला संचालित हैं। इनमें 13 स्थाई शेष अस्थाई गोशाला हैं। इनमें लगभग 12 हजार गोवंश संरक्षित है और इनके भरण.पोषण में तकरीबन तीन करोड़ रुपये का खर्च प्रतिमाह आ रहा है।

## तीन निरीक्षक, पांच उप निरीक्षक और दो चालकों का स्थानांतरण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**बीती रात** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए 10 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले किए हैं। जिन पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण किये गये उनमें रेंढ़र थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल को एसपी का पीआरओ बनाया गया है। कालपी कोतवाल शिवगोपाल वर्मा को हटाकर प्रभारी निरीक्षक आरटीसी बनाया गया है।

डकोर थानाध्यक्ष रहे रामकरण सिंह को कालपी कोतवाल बनाया गया है जबकि सर्विलांस सेल प्रभारी अजय कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक डकोर की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बंगरा चौकी के प्रभारी राजीव कांत को प्रभारी चौकी हाईवे बनाया गया। हाईवे चौकी प्रभारी अनिल चौहान अब बंगरा के नए चौकी इंचार्ज होंगे। महिला थाने में तैनात उप निरीक्षक रामजी दुबे को कालपी कोतवाली भेजा गया है। क्षेत्राधिकारी सदर के चालक रहे महेंद्र सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया वहीं पुलिस लाइन से चालक साबिर खां को क्षेत्राधिकारी सदर का चालक बनाया गया है।

### दो उप निरीक्षकों को किया निलंबित

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना कोतवाली कालपी के उप निरीक्षक कमल किशोर व चौकी प्रभारी महमूदपुरा उप निरीक्षक योगेश पाठक की नियुक्ति के दौरान पुलिस द्वारा रुपए छीनने में उक्त दोनों उप निरीक्षकों की संलिप्तता व अनुशासनहीनता, जनता के प्रति व्यवहार अच्छा न होने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### दो शातिर अपराधियो को किया जिलाबदर

**उरई।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अभ्यस्त अपराधी जिनके विरूद्ध जनपद के थानों में गंभीर धाराओं जैसे चोरी, लूट, बलवा गुंडा अधि. आदि में अभियोग पंजीकृत हैं को 6 माह की अवधि के लिये जिला बदर कराया गया है। अभियुक्तगण जनपद की सीमा के अंदर पाये जाते हैं तो उनके विरुद्ध गुण्डा नियंत्रण अधि. 1970 की धारा 10 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायगी संबंधित थाना प्रभारी उक्त कार्यवाही से 3 दिवस के अन्दर संबंधित न्यायालय को अवगत करायेंगे। जिन अभ्यस्त अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई अमल में लायी गयी उनमें राघवेन्द्र कुशवाह पुत्र केशराम निवासी ग्राम चिल्ली थाना डकोर, शिशुपाल सिंह पुत्र बृजराज सिंह निवासी ग्राम खुटैला थाना कैलिया शामिल हैं।

## खेत में पांच फिट की ऊंचाई पर झूल रहे हाईटेंशन तारों से किसान परेशान

**जालौन (उरई)।** खेत से निकली हाईटेंशन लाईन के तार जमीन से चार से पांच फीट की ऊंचाई लटकने किसान परेशान है। स्थानीय कार्यालय में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई न होने पर परेशान किसान ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रोशन अहमद ने बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उसका खेत मौजा छिरिया सलेमपुर में स्थित है। उसके खेत से होकर बिजली की हाईटेंशन लाईन निकली है। समय के साथ उक्त लाईन जर्जर हो चुकी है। खेत से निकली हाईटेंशन लाईन के तार ढीले होकर लगभग जमीन को छूने लगे हैं। तारों की ऊंचाई जमीन से मात्र 4 से 5 फीट ही है। खेत में कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर आदि लेकर जाना पड़ता है। साथ ही अन्य कृषि यंत्रों को भी ले जाना पड़ता है।

## टीकाकरण के लिए पंद्रह स्थानों का चयन

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**डीएम** डा. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता में कोविड–19 टीकाकरण अभियान हेतु तैयारियों के आयोजनार्थ जिला स्तरीय टास्क फोर्स इम्मुनाइजेशन (कोविड–19 टीकाकरण) की तृतीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा बताया गया कि टीकाकरण हेतु चयनित स्थल में तीन कमरों का स्थान चयनित किया जाये। कोविड–19 की बैक्सीन के टीकाकरण हेतु 15 स्थानों का चयन किया गया।

चयनित स्थानों में समस्त विकास खण्ड एवं मेडिकल कालेज व कालेजों को टीकाकरण हेतु चयनित किया गया। कोविड–19 बैक्सीन यूएसए से आयात की गयी है इसे ़2वब से ़8वब के तापमान में रखा जाना हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महामारी को खत्म होने में लगभग 2 साल का समय लगता हैं। इस महामारी को लगभग 1 साल हो गया हैं। प्रथम चरण में मेडिकल स्टाफ का टीकाकरण किया जायेगा, द्वितीय चरण में सुरक्षा में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों का। तदोपरान्त आम जनमानस का टीकाकरण किया जायेगा। टीकाकरण टीम में पाँच सदस्य होगे जोकि ट्रेनिंग के दौरान उन्हें सौंपे गये दायित्वों के अनुसार निर्वहन करेंगे।

## बांदा के सरकारी स्कूल जाखी में ड्रेस वितरण में कमीशनखोरी का वीडियो हुआ वायरल

### प्रधानाध्यापक ने कही अधिकारियों के शामिल होने की बात




**बांदा।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय जाखी का एक वीडियो वायरल हो रहा है इस वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस तरह से सरकारी स्कूल में बच्चों के ड्रेस वितरण में कमीशन खोरी का खेल चल रहा है। जिसमें प्रधानाध्यापक प्रति ड्रेस 50 रूपये कमीशन लेने की बात कह रहा हैं जिसमें लोगों ने कमीशन लेने की वजह पूंछी तो अध्यापक ने भृष्टाचार के इस खेल में अधिकारियों के भी शामिल होने की बात कही और बताया कि 20 रूपये प्रति बच्चों के हिसाब से अधिकारी भी लेते हैं और कुछ हम भी ले लेते हैं । इतना ही नहीं जब लोगों ने पूंछा कि इतने में क्या होता है तो अध्यापक यह कह रहा हैं कि पूरे क्षेत्र में कितने विद्यालय है और उन स्कूलों में कितने बच्चे होगें और कितना पैसा आयेगा आप अंदाजा लगा सकते हैं। वहीं लोगों का आरोप है कि अध्यापक विद्यालय में आ रहे सरकारी पैसे का बंदरबांट करने की नियत से मनमानी तरीके से विद्यालय समिति का गठन किया है। वहीं वायरल वीडियो के मामले में अध्यापक ने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया और आफ कैमरे में बताया कि इस वायरल वीडियो के मामले में अधिकारियों ने मुझे किसी को कुछ भी बताने से साफ मना कर रखा है। सूत्र यह भी बताते हैं कि स्कूल में पूर्व की भांति उन्ही डीलरों से लगभग 150 रुपये कीमत के घटिया रेडीमेड कपडो का वितरण किया गया है कपडों की गुणवत्ता को लेकर जब अध्यापक से कहा गया तभी उसने कमीशन की यह बात बताई।

**मान्यता प्राप्त विद्यालयों की आडिट रिपोर्ट**

## धांधली छिपाने के लिए विद्यालयों ने टीम को दिखाए ही नहीं महत्वपूर्ण अभिलेख

**हमीरपुर।** जिले में मान्यता प्राप्त चार जूनियर हाईस्कूलों की आडिट रिपोर्ट में भारी धांधली उजागर हुई है इस मामले की रिपोर्ट शासन को अवगत करा दी गयी है। पिछली आडिट में जो कमिया पायी गयी था उसमे ज्यादातर विद्यालयों ने दूर नही की है, शिक्षको से एनपीएस की कटौती न कर शासनादेश का उल्लंघन किया गया है। जिले में शासकीय मान्यता प्राप्त बीस विद्यालय संचालित है जिनकी प्रबंध कार्यकारिणी होती है, मगर वित्तीय मामलो में बेसिक शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होते है। शासन के आदेश पर आडिट विभाग ने छह साल के आडिट में भारी कमिया पायी गयी है यही नही जो कमिया पिछली आडिट में दर्शायी गयी थी उन पर आज तक कोई सुधार नही किया गया है। मौदहा क्षेत्र के रामनाथ विकास जूनियर हाईस्कूल अरतरा विद्याल के आडिट में शिक्षक, आदित्य, प्रदुम कुमार, ओमसिंह से एनपीएस की कटौती नही की गयी है, आडिट में प्रधानाचार्य ने बजीफा संबंधी कोई अभिलेख प्रस्तुत नही किये है। विद्यालय के खाते में मात्र 1667 रुपये अवशेष है मगर कई सालों से लेनदेन न होने के कारण बची धनराशि से कटौती की जा रही है यही नही पिछले साल जो आडिट में कमिया पायी गयी थी उनमें कोई सुधार नही किया गया है। इसी प्रकार सुभाष चंद्र बोस जूनियर हाईस्कूल इटैलियाबाजा ब्लाक गोहांड के आडिट में पाया गया कि शिक्षक गिरिजा देवी व महिपाल सिंह राजपूत को परिवार नियोजन कार्य भत्ता में 1600 रुपये अधिक दिया गया है। शिक्षक अनिल अहिरवार, पृथ्वीपाल, राजाराम, बीरवर सिंह के बेतन से एनपीएस की कटौती नही की गयी है तीन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका नही दी गयी है यही नही आपत्ति निस्तारित में जो धनराशि जमा की गयी थी वह परिपक्व होने के बाद उठायी नही गयी है, संदान निधि से संबंधी कोई अभिलेख नही दिये गये है, यही नही इससे संबंधित अभिलेख विद्याल में नही है, कृष्ण राज मंदिर जूनियर हाईस्कूल छानी में सात साल के आडिट में पाया गया कि शिक्षक आदर्श कुमार व्यास, राजकुमार शुक्ल, स्वैच्छिक परिवार कल्याण में 5200 रुपये अधिक का भुगतान किया गया है।

जीपीएफकी ब्राडसीट उपलब्ध न होने के कारण जांच नही हो पायी है।विद्यालय में लगी भूमि का मूल्यांकन दो लाख था उसका स्टेटमेंट प्रस्तुत नही किया गया है। 2014–15 में भूमि में आय प्राप्त नही हुई उसका कारण किसी सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाये। संस्था में 11 दुकाने है जिनका प्रत्येक का किराया 240 रुपये है मगर इसका कोई व्यौरा प्रस्तुत नही किया गया जिससे इस मामले में कोई जांच नही हो पायी है। दूसरे विद्याल विश्वेश्वरानंद जूनियर हाई स्कूल पचखुरा ब्लाक सुमेरपुर में पांच साल के आडिट में पाया गया कि शिक्षकों के एनपीएस से कटौती नही की गयी है।

## कोरोना काल में भी विकास और रोजगार को दी रफ्तार

**संवाददाता।** बांदा

**कोरोना** के घेरे में फंसकर जहां जिले के विकास का पहिया ठप सा हो गया था। वहीं कुछ ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिन्होंने अपनी रफ्तार को कम नहीं होने दिया। विकास को आगे बढ़ाने के साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं ताकि गांव के लोगों व बाहर से आए प्रवासियों को रोजीरोटी के लिए भटकना न पड़े और यह प्रयास एक ऐसा कारगर माध्यम बना जो अब भी गांव की खुशहाली की इबारत लिख रहा है। तिदवारी ब्लाक की ग्राम पंचायत बेंदा की निवर्तमान प्रधान हेमलता इस मिशन की एक ऐसी उदाहरण है जिन्हें गांव के विकास व स्वरोजगार बढ़ाने के लिए रोल माडल भी कहा जा रहा है।घूंघट से निकलकर उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी 24 मजरों को विकास की धारा में समाहित करते हुए काम किया है। गांव के विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक शौचालय के साथ जल संरक्षण के माडल इसके उदाहरण है। आप पिछले साल देश के जाने.माने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के राले गांव सिद्धी का भी भ्रमण किया और वहां के जल संरक्षण सहित कई माडल अपने गांव में विकसित करने की मुहिम चलाई। किसानों महिलाओं व युवाओं को रोजगार के लिए भटकना न पड़े इसके लिए बेंदा में 12 बकरी पालन केंद्र बनवाए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 18 महिला समूहों की स्थापना कर करीब 200 महिलाओं को सीधे रोजगार दिया है। महिलाएं छोटे.छोटे कुटीर उद्योगों से रोजी.रोटी चला रही हैं। जनसंख्या नियोजन के प्रयासों में हेमलता ने और भी कई प्रयास किए हैं। गांव में विकास की समग्रता की झलक दिख रही है। गांव सहित मजरों में सात आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया। करीब एक हजार से ज्यादा व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। खड़ंजा व नाली निर्माण के कई कार्य हुए। वृहद पौधरोपण में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### पहले पति फिर स्वयं बनीं प्रधान

बेंदा ग्राम पंचायत में पहले हेमलता के पति वर्ष 2010 में प्रधान चुने गए फिर 2015 के चुनाव में हेमलता प्रधान चुनी गई। उनका कहना है कि हम दोनो लोगों ने मिलकर दस वर्षों तक गांव की सेवा की। विकास के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ाए। उनका कहना है कि विकास की रफ्तार रुक नहीं सकती है।

## विवादों में फंस गई नलकूप की जमीन

**मौदहा ( हमीरपुर)।** कस्बे के कुम्हरौडा मोहल्ले में बीते कई वर्षों से चल रही पानी की गंभीर समस्या को लेकर जल संस्थान ने नलकूप द्वारा समस्या का हल निकालते हुए कुम्हरौडा मोहल्ला में एक सरकारी जमीन निर्धारित करते हुए उसमे नलकूप लगाने की योजना है जिसके द्वारा कुम्हरौडा के निवासियों को पर्याप्त पानी मिल सके परंतु प्रशासन द्वारा जिस जगह पर नलकूप खोदा जा रहा है उस जगह को लेकर कुछ दबंग व्यक्तियों अपना दावा ठोक रहे हैं और कह रहे हैं जो जमीन प्रशासन ने निर्धारित की है वह जगह हमारे पूर्वजों की है जो नलकूप की जमीन पर लगातार कई महीनों से विवाद बना हुआ है जिस जमीन को प्रशासन द्वारा नलकूप के लिए निर्धारित की गई है उस जमीन पर अवैध मकान स्थापित है और वही कई लोग जमीन पर अपना पुश्तैनी अधिकार होने का दावा ठोक रहे हैं।



इस जमीन को लेकर को कुम्हरौडा वासियों ने 15 दिसंबर को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुषों सहित पानी की मांग को लेकर समस्या के समाधान के लिए नगर में जुलूश निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया तभी विवादों को बढ़ता देख उपजिलाधिकारी अजीत परेश ने 5 सदस्य टीम निर्धारित की थी जिन्होंने जांच के बाद गाटा संख्या 19 78 (घ) जमीन को नलकूप के लिए निर्धारित की गई थी लेकिन जब 31 दिसंबर को नलकूप की मशीन आई तो बोर का काम गाटा संख्या 1978 (घ) में न चालू करके गाटा संख्या 1970 में चालू कर दिया जो मालिकाना तौर पर नेशनल नेशनल इंटर कॉलेज अपने प्रबंधन समित की साबित कर रहा है जानकारी होने पर नेशनल इंटर कॉलेज मौदहा के प्रबंधक ने उपजिलाधिकारी से कहा है कि नलकूप उसी जगह पर किया जाए जहां जांच की टीम के द्वारा निर्धारित की है तो उप जिलाधिकारी ने नलकूप के अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि निर्धारित जगह पर बोर किया जाए न कि दबंग के दबाव में आकर गलत जगह पर लगाया जाए फिर जब शनिवार को पुन: निर्धारित जगह पर नलकूप का कार्य शुरु होने की आशा हुई तभी कुम्हरौडा वासियों को पता चला कि उस निर्धारित जगह को अपनी जमीन बता कर अवैध रूप से घर बनाये हुये है इस तरह शासन की योजना का धन जनहित में पेयजल की समस्या का हल सालों लटकता नजर आ रहा है।

# सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता। खीरों, रायबरेली



**सेमरी-देवपुर** मार्ग पर शनिवार की सुबह सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों सुजीत (17) और सूरज (16) की मौत हो गई थी । घटना के दूसरे दिन परिवारजनों ने लगभग 5 सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के साथ सेमरी चौराहा पहुँचकर सड़क जामकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया । सूचना पर पहुँचे एसडीएम व सीओ ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया । किन्तु सभी लोग पुलिस चौकी सेमरी प्रभारी रावेन्द्र सिंह व अन्य दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उन्हें निलम्बित करने की माँग पर अड़े रहे । लगभग साढ़े तीन घण्टे के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ । पूरेलालसाहब मजरे गहिरी निवासी मृतक सूरज के बड़े भाई उत्तम कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई सूरज और चचेरा भाई सुजीत शनिवार की सुबह उसके पिता कल्लू प्रसाद की दवा लेने बाइक से सेमरी चौराहा गए थे । रास्ते में बिन्दाखेड़ा मजरे बकुलिहा के पास देवली मजरे मानपुर निवासी सौरभ सिंह की ट्रैक्टर ट्राली के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही के साथ ट्रैक्टर चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी । जिससे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए थे । लेकिन पुलिस चौकी प्रभारी सेमरी रावेन्द्र सिंह द्वारा उक्त घटना को छिपाकर यह बताया गया था कि बिन्दाखेड़ा गाँव की मोड़ पर अनियन्त्रित होकर बाइक सड़क के किनारे खड़े यूकेलिप्ट्स के पेंड़ से टकरा गई थी । साथ ही सुबह 7 बजे की घटना के बाद लगभग 2 घण्टे तक पुलिस एम्बुलेंस का इंतजार करती रही । घटना की सूचना परिवारजनों को भी नहीं दी । दोनों घायलों के मोबाइल कब्जे में लेने के बाद परिवारजनों के फोन करने के बावजूद भी उन्होंने परिवारजनों को घटना से अवगत नहीं कराया । जब परिवारजन पुलिस चौकी सेमरी पहुँचे तो चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह ने परिवारजनों से अभद्रता करते हुए वहाँ से भगा दिया था । जब परिवारजन सीएचसी पहुँचे तो उसके पहले ही डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था । पुलिस ने परिवारजनों को दोनों शवों के पास जाने से रोकते हुए आनन फानन में दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । जब पोस्टमार्टम करवाकर कर शव परिवारजनों को सुपुर्द कर दिया गया तो घटना के दूसरे दिन रविवार की सुबह 9 बजे पुलिस के व्यवहार से आक्रोशित परिवारजन लगभग पाँच सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के साथ दोनों शवों को सेमरी चौराहे पर रखकर प्रदर्शन करने लगे । सभी प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पुलिस घटना को नया मोड़ देने ट्रैक्टर ट्राली को बचाने में लगी रही । दो घण्टे तक दोनों घायल घटनास्थल पर तड़पते रहे । यदि पुलिस समय रहते उन्हें किसी वाहन से अस्पताल पहुंचा देती तो शायद दोनों की जान बच सकती थी । लेकिन पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर चालक व भट्ठा मालिक को बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़कर तैयार कर दी । इसके अलावा बच्चों के मोबाइल सेमरी चौकी प्रभारी ने जब्त कर लिए । किसी परिवार के व्यक्ति से बात नहीं की और बच्चों के शव देखने नहीं दिया । आनन फानन में उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । प्रदर्शनकारी दोषी पुलिस चौकी सेमरी प्रभारी रावेन्द्र सिंह व अन्य के विरुद्ध कार्यवाही कर निलम्बन की माँग को लेकर सेमरी चौराहे पर लगभग साढ़े तीन घण्टे तक प्रदर्शन करते रहे । लालगंज, सरेनी, गुरुबक्सगंज व खीरों सहित पूरे लालगंज सर्किल का फोर्स लेकर मौके पहुँचे सीओ लालगंज इन्द्रपाल सिंह व एसडीएम जीतलाल सैनी ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर कार्यवाही का आश्वासन दिया । मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया ।

## भाजपा कर रही किसानों का शोषणः रामलाल अकेला

**बछरावां** रायबरेली। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए किसान अध्यादेश के विरोध में किसानों के लगातार प्रदर्शन को लेकर किसानों के समर्थन में रविवार को बछरावां ब्लॉक के क्षेत्र में समाजवादी पार्टी द्वारा अखिलेश यादव संदेश यात्रा निकाली गई यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि आज देश का अन्नदाता हमारा किसान परेशान है प्रदेश और देश की सरकार किसानों की खून पसीने की कमाई पर खुलेआम डकैती डालने पर आमादा है किसानों का शोषण हो रहा है यही नहीं समाज का हर वर्ग पीड़ित है नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह से चौपट हो चुकी है मिट्टी का तेल बाजार से गायब दिख रहा है गरीबों की बस्ती अंधेरे में डूब चुकी है गरीब न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है इसका समाजवादी पार्टी विरोध करती है और अंतिम संघर्ष तक किसानों के साथ रहेगी।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश हुए गिरफ्तार

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज थानाक्षेत्र में स्थानीय पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीमों द्वारा बदमाशों से हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक यूपी 44एम 3621 नंबर की प्लेटिना बाइक व एक राइफल समेत दो 315 बोर के तमंचे व छह जिंदा कारतूस बरामद किया। बताते चलें कि बीती रात करीब 1 बजे करनैलगंज थानाक्षेत्र के कदियापुर निवासी शातिर बदमाश पवन पासी उर्फ गुड्डू पुत्र निर्मोही पासी अपने दो अन्य साथियों परसपुर थानाक्षेत्र के विशुनपुर निवासी राकेश सिंह पुत्र अयोध्या सिंह व धर्मपाल सिंह पुत्र विनायक सिंह के साथ थानाक्षेत्र के बालेश्वरगंज.दुर्जनपुर मार्ग पर वृहद बालेश्वरगंज गाँव के पास कथित रूप से संदिग्ध अवस्था में किसी तरह की अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में जा रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर पहले से ही इन्हें तलाश रही जिले की स्वाट टीम ने वजीरगंज पुलिस की मदद से वहाँ पहुँच कर इन्हें घेर लिया। इस दौरान बदमाश वहां से फायरिंग करते हुए भागने लगे तो पुलिस ने भी जबाबी कार्यवाही में गोली चला दी। जिसमें एक बदमाश पवन पासी उर्फ गुड्डू के दायें पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। बताते चलें कि पवन पासी कुछ दिन पूर्व तरबगंज थानाक्षेत्र के एक गाँव में अपने मड़हे में सो रहे एक बुजुर्ग को गोली मारकर फरार हुआ था।

### गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

**सुलतानपुर।** गोमती मित्र मंडल का स्वच्छता साप्ताहिक श्रमदान नवें वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस वर्ष का पहला सप्ताहिक श्रमदान रविवार को सीता कुंड धाम पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से कहाकि गोमती मित्र अटल संकल्प के साथ जुटे हुए हैं श्रमदान संत कुमार प्रधान,राम क्किंचल मौर्या, राजेश पाठक, डॉ. कुँवर दिनकर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं 50 लाख से अधिक परियोजनाओं की 37.2 बिन्दुओं पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में विभागवार समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं में प्रगति लाये तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें एवं 50 लाख से अधिक लागत से निर्माणाधीन परियोजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से प्रारूप वार प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने प्रारूपों पर पुर्न समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसी प्रकार उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर बैठक में प्रतिभाग करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य चिकित्साधिकारी डी0के0 त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, उप निदेशक कृषि शैलेन्द्र कुमार शाही, आनन्देश्वर प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारीध् जिला सूचना अधिकारी पन्ना लाल, जिला कृषि अधिकारी विनय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 रमाशंकर सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी , जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0ओ0 (डूडा) सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिला ने लेखपाल पर लगाया रिश्वत का आरोप

● लम्भुआ तहसील के खड़ुवान गांव का मामला

संवाददाता। सुलतानपुर

**प्रधानमंत्री** आवास की लाभार्थी एक महिला ने हल्का लेखपाल पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते जांच कराए जाने की मांग की है। महिला का कहना है कि लेखपाल जर्जर हो चुके कच्चे मकान के भूखंड पर नया निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। निर्माण के बदले दस हजार रूपये की डिमांड कर रहे हैं। मामला लम्भुआ विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत खड़ुआन गांव का है। गांव निवासी सरोजा देवी निर्बल एवं गरीब है। वह जाबकार्ड धारक एवं अंत्योदय कार्ड धारक है। मेहनत मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रही है। प्रार्थिनी का कहना है कि उसका जर्जर एवं कच्चा मकान गिरा हुआ है। पात्र होने की वजह से उसे प्रधानमंत्री आवास का आवंटन हुआ है। गिरे हुए मकान की जगह जब वह आवास का निर्माण करवाने लगी तो हल्का लेखपाल ओमप्रकाश ने नवीन परती की भूमि बताते हुए कार्य पर रोकवा दिया। आरोप है कि निर्माण करवाने के लिए लेखपाल ने दस हजार रूपये की मांग की, महिला ने पांच रूपया भी दे दिया है। शेष रकम न पाने से लेखपाल निर्माण नहीं करवाने दे रहे हैं। पीडिता ने उपजिलाधिकारी से जांच करवाकर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उधर, हल्का लेखपाल ओमप्रकाश का कहना है कि महिला का जो पुराना मकान है, उसके पीछे नवीन परती है। नवीन परती में नया निर्माण कराया जा रहा था, इसलिए रोक दिया गया है। रिश्वतखोरी का आरोप निराधार है।

## एक्सीलेंट एनसीसी आफिसर का अवॉर्ड

**करनैलगंज गोंडा।** नगर के कन्हैयालाल इंटर कॉलेज के एनसीसी आफिसर मेजर राजाराम को गोरखपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर जेएस राजपुरोहित द्वारा एक्सीलेंट एनसीसी आफिसर का अवॉर्ड दिया गया है। जिसका प्रशस्ति पत्र 48वीं एनसीसी बटालियन गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनीत सिंह शौर्यचक्र ने मेजर राजाराम को प्रदान कर सम्मानित किया। मेजर राजाराम के साथ ही साथ उनके चार कैडेटों को भी एक्सीलेंट कैडेट का अवॉर्ड मिला है। यह सम्मान अमित अवस्थीए राशी सिंहए श्री कृष्णा व मोहम्मद जैद खान को मिला। इन छात्रों ने भी एनसीसी में उत्कृष्ठ योगदान दिया है। अवॉर्ड विद्यालय की एनसीसी कम्पनी एवं उनके कैडेटों तथा उनके कमांडर मेजर राजाराम के लगातार दो वर्ष तक एनसीसी गतविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। विगत दो वर्ष से उनके एवं उनके कैडेटों के अच्छा स्थान प्राप्त किया गया था।

## सावित्री बाई फुले की जयंती पर विभूतियों का हुआ सम्मान

संवाददाता। सुलतानपुर

**भारत** की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारिका मराठी कवियत्री सावित्री बाई फुले की जयंती रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। गांव-गांव में निश्शुल्क पाठशाला खोलकर ग्रामीणांचलों में शिक्षा का उजाला फैलाने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर बल दिया।

मोस्ट कल्याण संस्थान के बैनर तले तिकोनिया पार्क में आयोजित जयंती समारोह में संस्थान निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ने कहाकि सावित्री बाई फुले महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पिछड़े क्षेत्रों में पठन-पाठन की अनुकूल परिस्थितियां बनाने की ओर संस्थान अग्रसर है। राजकुमार गौतम ने कहाकि मोस्ट कल्याण संस्थान द्वारा आगामी 4 जनवरी से 31 जनवरी तक सभी नि:शुल्क मोस्ट पाठशालाओं में माता सावित्री बाई फुले की जयंती कार्यक्रम के माध्यम से पिछड़े क्षेत्रों में विशेषकर महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने काम किया जाएगा। जिला संयोजक जीशान अहमद ने कहाकि जनपद के बाकी क्षेत्रों में भी नि:शुल्क पाठशालाओं को खोलवाने और चलवाने का प्रयास और प्रोत्साहन जारी रहेगा। पीस पार्टी के सुलतानपुर विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट आरिफहाशमी ने भी शिक्षा पर बल दिया। कार्यक्रम को मौलाना उस्मान काजमी, फेकू यादव, से.नि. शिक्षक खेमई प्रसाद निषाद, से.नि. शिक्षक राजबहादुर बिंद, पूर्व विधायक सफ्दर रजा, बाल रोग विशेषज्ञ डा.दिनेश गौतम, डा.विनीता गौतम, चंद्रावती बौद्ध, विद्यावती निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल निषाद, नीलम कोरी, श्यामलाल बौद्ध आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.कमालुद्दीन व संचालन मोस्ट के सचिव रविकांत निषाद ने किया।

### 44 नि:शुल्क कोचिंग सेंटर संचालकों का हुआ सम्मान

**मोस्ट** कल्याण संस्थान द्वारा चलाई जा रही 44 नि:शुल्क कोचिंग सेंटरों के संचालकों को सम्मानित किया गया। इनमें अमृतलाल निषाद, अयोध्या प्रसाद, राजकुमार निषाद, मुकेश कुमार गौतम, अरविंद कुमार, सुभाष गौतम, विक्रम परदेशी (नेताजी), प्रदीप यादव, राम नयन निषाद आदि शामिल हैं।

## खेत में दिखा दुर्लभ प्रजाति का सांप

**श्रावस्ती।** जमुनहा मल्हीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अशरफनगर में ग्रामीणों ने खेत में एक दुर्लभ प्रजाति का साप दिखने से हड़कंप मच गया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। वही वन विभाग को सूचित करने के बाद भी वन विभाग की टीम वहां नहीं पहुंची है।मिली जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर के अशरफ नगर क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति का सांप मिलने से हड़कंप मच गया। जिसको देखने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। जानकारों के अनुसार दुर्लभ प्रजाति का यह रसल वाइपर सांप भारत के सभी सांपो में सबसे विषैले सांपो में से एक है। इसके डसने से पांच मिनट के अंदर मौत हो सकती है। इसके काटने से खून की नलियां जगह.जगह पंक्चर हो जाती है। सबसे पहले इसका असर नाजूक अंगों किडनीए हार्ट व फेफड़े की खून की नलियों पर पड़ता है। ग्रामीणों ने दुर्लभ प्रजाति के इस सांप की सूचना वन विभाग को दी।

## बाल श्रम उन्मूलन व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती

**ब्रिटिश** हाई कमीशन के सहयोग से एक्शनएड द्वारा संचालित स्टार परियोजना.3 के अन्तर्गत बाल श्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी की रोक थाम हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रेरक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार भिनगा में एएचटीयू प्रभारी प्रदीप शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे परियोजना के जिला समन्वयक तारिक़ अहमद ने बताया कि कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों से 25 प्रेरको ने प्रतिभाग किया। सभी को मास्क व सेनेटाइजर वितरित करते हुए कार्यशाला का सुभारम्भ किया गया। उन्होने आगे बताया कि जनपद के 25 गाँव को बालश्रम मुक्त बनाने का पहल किया जा रहा है। प्रभारी प्रदीप शुक्ला ने प्रेरको को बालश्रम व मानव तस्करी पर बने धाराओं व कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए अपने अनुभव को साझा किया। पंचायती राज के सह प्रबंधक राकेश रंजन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालश्रम हमारे जिले ही नही बल्कि पूरे देश के लिए अभिशाप है। इसको खत्म करना हम सभी का कर्तव्य हैए हम सभी को मिलकर इस कुप्रथा को मिटाना है। साथ ही नई पहल की जिला समन्वयिका गुलिस्ता ने सभी को 25 प्रेरको से कहा कि अपने.अपने गांव में बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनके माता पिता का श्रमिक पंजीयन कराए। ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में अमन जयसवाल राकेश रंजन वेद प्रकाश गुलिस्ता जहां तारिक़ अहमद आदि उपस्थित रहे।

### युवक घायल

**श्रावस्ती।** जमुनहा. जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बनगई साप्ताहिक बाजार मे दैनिक उपयोग का सामान खरीदने आया युवक एसएसबी के वाहन की चपेट मे आने से बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी मे भर्ती कराया। जहां पर हालत गंभीर देखकर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरथा के मजरा मोहनपुर निवासी 45 वर्षीय युवक छोटेलाल पुत्र मनोरथ मौर्य गांव के ही रहमत पुत्र सैय्यद अली की बाइक से उसी के साथ साप्ताहिक बाजार बनगई मे दैनिक उपयोग का सामान खरीदने आया था। वही सशस्त्र सीमा बल;एसएसबीद्ध 62वी वाहिनी डी कम्पनी ककरदरी आउट पोस्ट के जवान भी अपने वाहन से सामान खरीदने आये थे। बाइक सवार दोनो सड़क की पूरब पटरी पर खड़े बात कर रहे थे। तभी एसएसबी ने अपना वाहन स्टार्ट करना चाहा। लेकिन स्टार्ट न होने से अन्य जवान धक्का देने लगे। तभी सड़क ढाल होने से वाहन अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक व उसपर सवार छोटेलाल वाहन के नीचे आ गये।

## गांव के बाहर निकला अजगर ग्रामीणों में दहशत

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के 'ग्रामसभा नन्दौली' में गांव के बाहर खेल मैदान के बगल अजगर दिखाई देने से ग्रामीण परेशान हैं ग्रामीणों का कहना है कि एक सीमेंटेड पुलिया के अंदर एक या दो अजगर मौजूद है वो कभी बाहर निकल आता है फिर उसी पुलिया में पुन: वापस चला जाता है ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारी को दी। वन विभाग की टीम ग्रामसभा नन्दौली पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ने में सफल हुई और उसे बोरे में भरकर वन विभाग की टीम लेकर चली गई। ग्रामीणों का कहना है कि अभी एक अजगर और पुलिया में मौजूद है अभी भी लोगों में दहशत है। वन विभाग वालों ने कहा कि एक दो दिन में उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** मार्ग निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाकर किसान नेता सड़क पर ही धरने में बैठ गए। लालगंज से सरेनी तक 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण लोकनिर्माण विभाग 29 करोड़ से अधिक की लागत से करा रहा है। हरीपुर गांव तक डामर रोड़ का निर्माण हो चुका है। हरीपुर गांव के सामने सड़क पर डामर डाला जा रहा है। किसान नेता रमेश सिंह इसी सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सड़क पर धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि डामर डालने के नाम पर केवल खानापूरी की जा रही है। जानकारी होने पर कस्बा इंचार्ज महेश यादव समेत लोकनिर्माण विभाग-दो के सहायक अभियंता शिवलाल यादव वहां पर पहुंचे। सहायक अभियंता का कहना था कि सड़क पर डामर के रूप में जो टैग कोड डाला जा रहा है वह स्टीमेट में ही नही है। इसे ठेकेदार अपनी सुविधा के लिए डाल रहा है तो इसे कम डालने का कोई प्रश्न ही नही उठता। उन्होंने रमेश सिंह को मौके पर ही सड़क का स्टीमेट व कई जगह पर गिट्टी खुदवाकर उसकी गुणवत्ता की जांच भी कराई। सहायक अभियंता द्वारा गुणवत्ता पूर्ण सड़क का निर्माण कराए जाने के आश्वासन पर रमेश सिंह ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला भी मौजूद रहे।

### विधायक ने किया भूमि पूजन

**लालगंज,रायबरेली।** सेमरपहा गांव के सामने लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनवाए जा रहे नाले को लेकर सरेनी विधायक ने भूमि पूजन किया। मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नेशनल हाईवे द्वारा लम्बे समय तक सेमरपहा गांव के सामने सड़क निर्माण नही कराया गया था। जिसके चलते उस गांव के सामने की सड़क व नाला निर्माण का धन एनएचएआई से लोकनिर्माण विभाग को हस्तानांतरित करा दिया गया था। इसमें दो करोड़ की लागत से सड़क व नाला बनना था। सड़क निर्माण के बाद नाला निर्माण कराया जा रहा है। नाले की खुदाई का काम काफी हद तक हो चुका है। नाला बन जाने के बाद ग्रामीणों को जलभराव से मुक्ति मिल जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ छेड़छाड़ का मुकदमा

**खीरों, रायबरेली।** एक महिला ने अपने ही गाँव के एक युवक पर अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है । पुलिस ने घटना के लगभग 8 महीने बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है । महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गत 24 अप्रैल को उसकी 14 वर्षीय गाँव से बाहर तालाब के किनारे किसी काम से गई थी । वहीं पर उसके गाँव के खालिक के बेटे महमूद ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया । उसकी बेटी के शोर मचाने पर महमूद भाग गया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । जाँच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।

### ऊंचाहार के दो घरों से हजारों की चोरी

**ऊँचाहार,रायबरेली।** नगर के मोहल्ला तकिया नूरशाह में शनिवार की बीती रात चोरों ने दो घरों में दस्तक देकर जहाँ हजारों रुपये की नकदी समेत मोबाइल पार कर दिया तो वहीं पुलिस कार्य शैली को तार तार कर अपनी छाप छोड़ दी। मामला कोतवाली से महज कुछ ही दूरी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 08 तकिया नूरशाह का है। मोहल्ला निवासी शमशेर अहमद के घर से शनिवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने दो एंड्रॉइड मोबाइल व इक्कीस हजार नकद उठा ले गये तो वहीं दूसरी ओर उसी रात पड़ोसी गुड्डू के घर से आठ हजार की नकदी भी चोरों ने पार कर दिया। इस सम्बंध में पीड़ित के पुत्र इरफान ने बताया की हम सभी शानिवर की रात खाना पीना करके सोकर उठे तो मोबाइल गायब था पता करने पर मालूम हुआ हुआ कि उसके पिता का भी मोबाइल नही था जब और खोजबीन की गई तो घर इक्कीस हजार एक सौ रुपये की नकदी भी गायब थी। चोरी हुआ मोबाइल हजारों रुपये की कीमत का है। एक ही रात हुई कुल चोरी की कीमत लगभग पचास हजार आंका जा रहा है।

### रामचरितमानस का पाठ, प्रसाद वितरण

**बछरावां रायबरेली** विकासखंड क्षेत्र के स्थित मैंनाहर कटरा मजरे की सौद पुर बेहटा स्थित शशि इंडियन गैस सर्विस संस्थान में शनिवार को रामचरितमानस का पाठ का शुभारंभ किया गया व रविवार दोपहर रामचरितमानस पाठ पूर्ण होने पर संस्थान की उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गई व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया संस्थान के संचालक शशि श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान में पूजा अर्चना की गई व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया मुख्य रूप से रिटायर्ड आईजी डीपी श्रीवास्तव युवा सहयोगी रजनी त्रिवेदी व मनोज कुमार के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

### साइक्लोथोन रन प्रतियोगिता आयोजित

**लालगंज,रायबरेली।** आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज के आवासीय परिसर स्थित शापिंग काम्प्लेक्स में साइक्लोथोन रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। दो आयुवर्ग 6 से 10 वर्ष तथा 11 से 14 वर्ष बालक बालिका के साथ ही 14 से 20 वर्ष तथा 20 से अधिक आयु की महिला वर्ग तथा 14 से अधिक आयु के पुरूष वर्ग में बंटी प्रतियोगिता में 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को महाप्रबंधक समेत महिला कल्यांण संगठन की अध्यक्षा प्रीति श्रीवास्तव ने पुरूस्कृत किया। इस मौके पर खेल संघ अध्यक्ष पीएन पांडेय, एसके कटियार आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रक बना आग का गोला

**लालगंज,रायबरेली।** आधी रात ट्रक में लगी आग से ट्रक आग का गोला बन गया।जहांगीराबाद गांव निवासी आशीष तिवारी का बालू लदा ट्रक डिहवा के निकट बाईपास सड़क के किनारे खड़े ट्रक में रात लगभग एक बजे अचानक आग लग गई।आग की लपटें देख मामले की जानकारी पीआरवी पुलिस समेत अग्निशमन दल व कोतवाली पुलिस को दी गई। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमनदल ने आग पर काबू पाया।

### विधायक का हुआ जोरदार स्वागत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कादीपुर विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव के आवास पर रविवार को पहुंचे पूर्व मंत्री स्व.पारसनाथ यादव के सुपुत्र एवं मल्हनी विधायक लकी यादव का जोरदार स्वागत किया गया। कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, विधानसभा महासचिव आलम राज एडवोकेट, डॉ.राजकरण गौतम महासचिव, नंदलाल गौतम एडवोकेट, सेक्टर अध्यक्ष शाहिद अहमद, यूथ बिग्रेड विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार यादव एडवोकेट, शिवम अग्रहरी, सौरभ गौतम, नौशाद कुरैशी, संदीप कुमार गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अलियाबाद को हरा बालापार बना विजेता

**बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के गौराबरामऊ में जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अलियाबाद और बालापार के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में अलियाबाद ने 105 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बालापार की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए यह मैच आसानी से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन पर बृजेश को मैन ऑफदि मैच व मैच ऑफसीरीज का खिताब मिला। विजेता व रनर टीम को सामाजिक कार्यकर्ता अफसर खान ने पुरस्कार दिया। इस मौके पर मुखतार अली प्रधान, सुरेश कुमार, शिवम सिंह, मोहसिन खान, हम्माद रहमान, फैशल खान, गंगा इरफान खान आदि ग्रामवासी व क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

### बूथों पर पहुंचे बीएलओ, बनाए नए वोटर

**धम्मौर, सुलतानपुर।** पंचायत चुनाव निर्वाचन नामावली के लिए रविवार को मतदाता बढाने का अंतिम दिन था। बीएलओ अपने अपने बूथ पर पहुंचकर नवनिर्वाचित नामावली संशोधन करने के लिए उपस्थित हुए। हाल ही में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र के युवा बुजुर्ग और समाजसेवी पूरी तरह से संलिप्त हैं। सभी अपनी अपनी किस्मत आजमाने के लिए क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार कर रहे हैं। ऐसे में आज रविवार को निर्वाचक नामावली संशोधन का आखरी दिन था जिसमें संशोधन में छूट गए लोगों को फिर से जोड़ा गया है सभी अपने अपने वोटरों के लिए पुन: नाम देने के लिए बीएलओ के पास पहुंचे।

### नमो नमो मोर्चा ने की बैठक

**करनैलगंज गोंडा।** करनैलगंज विधान सभा क्षेत्र में नमो नमो मोर्चा के पदाकिारियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अवध क्षेत्र के अध्यक्ष आनंद कुमार ने प्रधानमंत्री के अनेक योजनाओं को विस्तार पूर्वक सभी लोगों को बताया तथा उस योजनाओं का लाभ सभी को मिल सके। इसके लिए नमो नमो मोर्चा के सभी सदस्यों को आगे आकर सभी ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे आगामी चुनाव 2022 में इसका लाभ मिल सके। इस योजनाओं में आवास शौचालयए वृद्धा पेंशन आदि का लाभ सभी को मिल सके। इसके लिए सभी कार्यकर्ता को आगे आकर संबंधित अधिकारियों से मिलकर अधिक से अधिक लाभ दिलाएं।

### कैंप लगा कर होगी बकाया बिल की वसूली

**करनैलगंज गोंडा।** कैंप लगा कर बकाया बिजली बिल की वसूली होगी। बिल न जमा होने पर कनेक्शन को काटने की कार्रवाई होगी। करनैलगंज विद्युत वितरण खण्ड तृतीय के उपखण्ड कार्यालय प्रथम के ग्रामीण विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा खान चौराहाए बरबटपुरए छतौरा चौराहाए पहाड़ापुर गांवए चकरौतए फत्तेपुर कोटहनाए गौरवा खुर्दए नगवा कलाए हीरापुर कमियार व बरदहा चौराहा आदि गांवों में कैम्प लगाकर विद्युत बिल का बकाया वसूली करते हुए यदि बिलों में कोई गड़बड़ी है तो उसका समाधान किया जायेगा। ये जानकारी देते हुए अवर अभियंता अनय कुमार साहनी ने बताया कि पांच हजार से अधिक बकायेदारों का कनेक्शन भी काटा जाएगा।

# मतदाता सूची पर उठे सवाल

## तहसीलों में पहुंचने लगे आपत्तियों के गठ्ठर

**संवाददाता।** बस्ती

**मतदाता** सूची बनाने में हुए खेल के चलते अनन्तिम सूची प्रकाषन के बाद सूची की पारदर्षिता पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। अनन्तिम सूची प्रकाशन में खामियों को लेकर बबाल मचा हुआ है। खामियों को दुरूस्त कराने के लिए ग्राम प्रधानी और ब्लाक प्रमुख चुनाव लड़ने की मंषा पाले संभावित प्रत्याषी तहसीलों का चक्कर काट रहे हैं। मतदाता सूची को लेकर आपत्तियां दाखिल करने वालों की संख्या सर्वाधिक है। मतदाता सूची का बंडल लेकर तहसीलों का चक्कर काट रहे लोगों में सूची को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत से बाहर के लोगों को मतदाता बना दिया गया, लेकिन जो वास्तविक मतदाता है उन्हें बाहर कर दिया गया। इतना ही नहीं गैर जनपद के लोगों को भी मतदाता बना दिया गया। यदि मतदाता सूची में की गई हेरफेर दुरूस्त नहीं की गई, और वास्तविक मतदाताओं की जगह दूसरे क्षेत्र के लोगो को सूची से बाहर नहीं किया गया तो वे कोर्ट की शरण लेंगे। अन्तिम मतदाता सूची प्रकाशन उपरांत बीएलओ की मनमानी खुलकर सामने आ रही है। अपनों को लाभ पहुंचाने या निर्वतमान प्रधान के दबाव प्रभाव में बीएलओ ने मतदाता सूची बनाने में जमकर खेल खेला। कहीं खुद या परिवार के किसी सदस्य के चुनाव लड़ने की मंषा से मतदाता सूची में हेरफेर की गई, कहीं निर्वतमान प्रधान के दबाव प्रभाव, प्रलोभन के चलते वास्तविक मतदाताओं के नाम गायब कर दिए गए। कहीं वर्तमान ग्राम प्रधान के पूरे परिवार का नाम ही मतदाता सूची से गायब हो गया। मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा का खेल वैसे तो जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में हुआ, लेकिन फर्जीवाड़ा के खेल में हर्रैया तहसील क्षेत्र पहले पायदान पर है। जिले की सभी तहसील क्षेत्र का ब्लाक मतदाता सूची फर्जीवाड़ा में कमोवेश एक जैसा है। लोग अपना कामकाज छोड़कर आपत्तियां दाखिल करने में जुटे है। भारी भरकम मतदाता सूची का गट्ठर लिए आपत्ति दाखिल करने के लिए तहसीलों का चक्कर काट रहे लोगों के चेहरे पर आक्रोष साफझलक रहा है। मतदाता सूची की गड़बड़ियों का जिन्न जैसे- जैसे बाहर आ रहा है,खामियों को लेकर आपत्तियां आना शुरू हो गई है।

'पायनियर' पूर्व में ही मतदाता सूची की खामियों को उजागर करता आ रहा है। इस बात की भी आशंका जताया था कि बीएलओ की मनमानी पंचायत चुनाव में हिंसा की पटकथा लिख सकती है। पंचायत चुनाव में हारजीत के फैसले की पटकथा बीएलओ ने तैयार किया। बाकायदा हारजीत की बोली लगाई गई, फर्जी मतदातओं का रेट निर्धारित किया गया। एक-एक फर्जी वोटर की कीमत हजारों में वसूली गई। किसे जिताना और किसे हराना है इसका खाका तैयार किया गया। फर्जी मतदाता बनाने के फेर में चुनाव आयोग के मानकों की अनदेखी की गई। प्रधान और ब्लाक प्रमुख पद हासिल करने के लिए खूब जोड़ तोड़ किए गए।

ग्राम पंचायत से इतर आसपास के गांव के लोगों का नाम भी सूची में डाल दिया गया। मानक दस प्रतिषत मतदाता बढ़ाने का और बढ़ा दिए गए 37 से 70 प्रतिषत वोटर। विक्रमजोत, हर्रैया, रुधौली, रामनगर, बनकटी, गौर,बहादुरपुर, बस्ती सदर, परसरामपुर, ब्लाक क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतों में फर्जी मतदाता बनाने का खेल खेला गया। हालत यह है कि जितनी आबादी उससे अधिक मतदाता बना दिए गए।

## नवागत जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया

**मीरजापुर।** नवागत जिलाधिकारी प्रवीन कुमार लक्षकार ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने मां विन्ध्यवासिनी देवी के मंदिर में पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्ट्रेट में अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गरीबों के दरवाजे तक षासन की योजनाओं को पहुॅचना तथा उसका लाभ उन्हें समय पर दिलाना उनकी प्राथमिकता में होगी। प्राथमिकता के बारे जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि विन्ध्याचल में चल रहे प्रोजेक्ट विन्ध्य कारीडोर में तेजी लाकर समय से पूरा कराना तथा जनपद में चल रहे जल निगम की योजनाओं को सक्रिय समय पूरा कराना तथा जन समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण कराना उनकी प्राथमिकता में होगी। उन्होंने कहा कि जनपद की जनपद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुये यहा की जो भी समस्यायें आयेगी उनका त्वरित ढंग से निस्तारण होगा।

# आयुष्मान कार्ड के लिए बायोमैट्रिक जरूरी नहीं

## 11 स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियुक्त आरोग्य मित्र

## आरोग्य मित्र की मदद से बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**संवाददाता।** मीरजापुर

**केन्द्र** और प्रदेश की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में कोई भी व्यक्ति गोल्डन कार्ड वंचित न रहे। इसके लिए जिले के 11 केन्द्रों पर बिना बायोमैट्रिक से भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए शासन स्तर से जिले में 11 आरोग्य मित्र की भी नियुक्ति की गई है।जो आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद करेंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुबोध सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार आयुष्मान भारत योजना में विभाग की ओर से एक पहल की गई है। इसके तहत अधिकाधिक गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु जिले के 11 केन्द्रों पर तैनात आरोग्य मित्र गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य करेंगे । इसके लिए जिले के लाभार्थी प्रधानमंत्री पत्रए मुख्यमंत्री पत्रए आधार कार्ड व निर्वाचन पहचान पत्र ले जाकर निःशुल्क कार्ड बनवा सकते है। इसके अलावा जिन लाभार्थियों का बायोमैट्रिक उपकरण से नहीं बन रहा उन्हे भी कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राहुल मिश्र ने बताया कि यह योजना गरीब परिवार के लिए एक संजीवनी बूंटी की तरह काम कर रहा है। यह कार्ड कोरोना जैसी महामारी के दौर में भी इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए पूरी तरह उपयोगी सिद्ध हुआ है। इस योजना के तहत कई लाभार्थियों को एक नया जीवनदान भी मिला है। अब कोई भी चिन्हित व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे इसके लिए जिले में आरोग्य मित्र की नियुक्ति की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमालपुर में अभिषेक विश्वकर्मा, मंडलीय चिकित्सालय में शुभम जयसवाल, महिला चिकित्सालय में निशांत त्रिवेदी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोन में नीलेश कुमार गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूसण्डी में संजय कुमार यादव व विन्ध्याचल में भागीरथ राज तिवारी, सामुदायिक स्वास्थ्य कछवा में पवन कुमार व सीखड़ में सुरेश शुक्ला आदि हैं।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने डूडा के पीओ पर लगाया धन उगाही का आरोप

**संवाददाता।** बस्ती

**पहले** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश ने डूडा के शहरी मिशन प्रबंधक आरिफ जफर पर धन उगाही का आरोप लगा, जिसकी जांच हो रही है। अब डूडा के परियोजना अधिकारी पर वही आरोप लगा है। इस बार आरोप और कोई नहीं बल्कि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भानुप्रकाश मिश्र ने लगाते हुए इन्हें त्वरित जिले से कार्यमुक्त करने की मांग जिले के प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री, प्रमुख सचिव नगरीय, सूडा के निदेशक और डीएम बस्ती से की है। डीएम ने सीडीओ एवं डूडा के परियोजना निदेषक को कार्रवाई करने को लिखा है। धीरे-धीरे डूडा धन उगाही का केंद्र बनता जा रहा है, कम से कम षिकायतें और जांच से यह बात साबित होती जा रही है। यह उस विभाग का हाल है, जिसके परियोजना निदेषक खुद सीडीओ हो। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है, लोगों की माने तो इस विभाग के अधिकारी एक ईमानदार पीडी को बदनाम करने में लगे हुए है। यही कारण है कि डूडा के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सीडीओ से कार्रवाई करने की मांग हो रही है। मंत्रियों और अधिकारियों को लिखे पत्र में भालपा के जिला उपाध्यक्ष ने डूडा के पीओ पर आरोप लगाया है कि यह धन उगाही करने के लिए बस्ती आते है।

इनका जिले में रहने का कोई भी लाभ न तो विभाग को और न गरीबों को मिल रहा है। जबकि जिले में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। जिसका अधिकाश लाभ पीओ की लापरवाही के चलते बिचौलियों को मिल रहा है।

## कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के जिला व शहर अध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**कांग्रेस** पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष जय शंकर शर्मा एवं शहर अध्यक्ष सत्य प्रकाश गांधी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मिर्जापुर मंडल के प्रभारी मकसूद खान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मिर्जापुर की प्रभारी देवेंद्र प्रताप, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव सेतराम केसरी एआईसीसी के सदस्य सुधाकर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस पीसीसी सदस्य शिव शंकर चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह कैलाश नाथ, उपाधियां स्वरूप सिंह इंटक के नेता शशि भूषण दुबे, पूर्व शहर अध्यक्ष बृज देव पांडे, गुलाब पांडे, सेवादल के प्रदेश उपाध्यक यूथ व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा आदि ने बधाई दी।

# राम दरबार की निकाली गई शोभायात्रा



**संवाददाता।** सोनभद्र

**राबर्ट्सगंज** के आरटीएस क्लब मैदान में नौ दिन से चल रहे श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ हवन परायण होने के बाद राम दरबार की दिव्य आरती उतारी और अगले वर्ष पांडाल में आगमन की ह्रदय से प्रार्थना किया। स्थानीय जयप्रभा मंडप में भंडारे का आयोजन समिति की ओर से किया गया। जहां सोशल डिस्टेंसिंग मास्क सेनीटाइजर का प्रयोग करते हुए भक्तजनों को चंदन चौबे महेश चंद द्विवेदी मन्नू पांडे, शुभम शुक्ला विमलेश पटेल सुधाकर द्विवेदी ऋषभ सिंह सत्यम शुक्ला आदि समिति के सदस्यों ने प्रसाद वितरित किया। अपराहन नवा पाठ महायज्ञ के मुख्य व्यास विंध्य रत्न, आचार्य सूर्य लाल मिश्र, समिति के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल गर्ग डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव ओम प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मां गायत्री जागरण ग्रुप के संयोजक एवं सुप्रसिद्ध गायक सूरज गुप्ता छोटू शुक्ला नागेंद्र दुबे सचिन आकाश गुप्ता के गायन वादन में भक्तिमय धुन पर भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई और इस शोभायात्रा में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए नगर भ्रमण किया तत्पश्चात समिति के सदस्य हरि किशोर केडिया के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर मुख्य आचार्य मंच आचार्यगण भूदेवो ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर परपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी अशोक मिश्रा विशिष्टजन भक्तगण सम्मिलित रहे।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कराएं:डीएम

**संवाददाता।** बस्ती

**चिकित्सा** एवं स्वास्थ्य विभाग में निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण समय से पूरा करने के लिए डीएम आशुतोष निरंजन ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया है। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि किसी भी हालत में निर्माण कार्य रूकना नही चाहिए। जो निर्माण कार्य विलम्ब से शुरू है वहां दिन रात कार्य कराएं ताकि समय से कार्य पूरा हो सके। वर्ष 2018-19 में स्वीकृत सल्टौआ, साऊंघाट, कप्तानगंज, मरवटिया में 30 स्वास्थ्य उपकेन्द्र पूर्ण होकर विभाग को हस्तगत होने पर संतोष व्यक्त किया। एसीएमओ डा0 सीके वर्मा को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्र संचालित कराएं, आवश्यक कर्मचारी एवं संसाधन उपलबध कराएं। वर्ष 2019-20 में स्वीकृत 78 आरोग्य केन्द्र की प्रगति की समीक्षा की। अन्तिम चरण में पहुंचे 41 केन्द्रो को 15 जनवरी तक पूरा कर विभाग को हैण्डओवर करने, 33 पूर्ण आरोग्य केन्द्र में से 14 अवशेष का थर्ड पार्टी एसेसमेण्ट कराकर विभाग को हस्तगत करने, सभी 78 आरोग्य केन्द्र पर सीएचओ की तैनाती के लिए महानिदेशालय को डिमाण्ड भेजने के लिए निर्देशित किया।

हर्रैया, रूधौली, कप्तानगंज, परसरामपुर, भानपुर स्वास्थ्य केन्द्रों में निर्माणाधीन प्रसव केन्द्र का सुदृढीकरण 10 दिन के भीतर पूरा करने, महिला चिकित्सालय, जिला अस्पताल में बायोबेस्ट मैनेजमेण्ट कक्ष का निर्माण,रूधौली में रोके गये कार्य को तत्काल शुरू कराने, शेष 8 स्वास्थ्य केन्द्रों पर निर्माणाधीन बायोबेस्ट मैनेजमेण्ट कक्ष एक माह के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, सीएमओ डा. एके गुप्ता, एसीएमओ डा. सीके वर्मा, डा. सीएल कन्नौजिया, डा. फखरेयार हुसैन, डा. रोचस्पति पाण्डेय, डा. एके वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सपा युवजन सभा के विधानसभा व ब्लाक कार्यकारिणी का गठन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय पर समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद उर्फ रामा यादव द्वारा युवजन सभा के जिला कार्यकारिणी, विधानसभा कार्यकारिणी व ब्लाक कार्यकारिणी की घोषणा किए। घोषित पदाधिकारियों का स्वागत जिलाध्यक्ष गौहर अली खां, पूर्व विधायक धनघटा अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व विधायक एवं मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, सुरेन्द्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ चौरसिया, जिला सचिव लाल बहादुर यादव, रामनिवास यादव, जिलाध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग राम सुरेश चौरसिया, अध्यक्ष शिक्षक सभा लाल जी प्रसाद, हनुमान कन्नौजिया, अविनाश कन्नौजिया, अमरेन्द्र यादव सहित तमाम समाजवादी नेता गण एवं कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे। सभी लोगों ने घोषित कमेटी के पदाधिकारी अनुशासन में रहते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने का काम करेंगे।

घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का नाम इस प्रकार हैं। जिला उपाध्यक्ष विश्वा यादव, गोविंद चौहान, चंद्रभान निषाद, मकसूद खान, शशांक गोस्वामी, जिला महासचिव शमशाद अहमद खान, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला सचिव धर्मराज यादव, अंगद चौहान, कौशल चौधरी, प्रभुनाथ यादव, विवेक चौहान, रामबालक निषाद, सचिन यादव, बृजेश चौधरी भोला, विनोद यादव, अभिषेक मिश्रा, देवेंद्र विश्वकर्मा, मनीष आर्य, नकुल यादव, श्रीप्रकाश यादव, अमन दुबे, जिला कार्यकारिणी सदस्य गणेश गौड़, संजय चौधरी, प्रिंस अग्रहरी, संजय गौतम, योगेश यादव, मोहम्मद शोएब, गुलाम सरवर, धीरज गुप्ता, विकास गिरी, नित्यानंद यादव, सुनील शुक्ला, प्रदीप चौहान, विधानसभा अध्यक्ष मेहदावल धर्मेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष खलीलाबाद अकरम खान, विधानसभा अध्यक्ष धनघटा हरिशचन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खलीलाबाद रामबहोर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सेमरियावा सलमान, ब्लॉक अध्यक्ष बघौली अब्दुल हई आदि बनाए गए हैं।

## लक्ष्मणपुर प्रीमियम लीग क्रिकेट का शुभारम्भ

**संवाददाता।** घोरावल (सोनभद्र)

**लक्ष्मणपुर** प्रीमियम लीग का आगाज रविवार को हुआ। उदघाटन मैच पुरना व भगाही की टीम के बीच खेला गया। इससे पूर्व मैदान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण पांडेय व जिला मंत्री कैलाश सिंह ने गेंद खेलकर मैच का शुभारंभ किया। पहले खेलते हुए भगाही की टीम ने 15 ओवरों में आठ विकेट पर 129 रन बनाया। जिसका पीछा करते हुए पुरना की टीम ने 13.3 ओवरों में 108 रन ही बना सकी। मैन आफ द मैच राजन को घोषित किया गया।

जिन्होंने अपनी टीम के भगाही के लिए 62 रन और एक विकेट भी लिया। मैच के अंपायर केशव प्रसाद व विनोद दुबे रहे। बताते चलें कि सीरीज विजेता को 10 हजार व उप विजेता को सात हजार रुपये का इनाम रखा गया है। सीरीज में कुल 32 टीमों ने प्रतिभाग किया है।

# भाजपा ने पंचायत चुनाव को लेकर की बैठक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**पंचायत** चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सेमरियावां विकास खण्ड की बैठक पंचदेवरी शिवमन्दिर पर रविवार को मण्डल अध्यक्ष अनुराग तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसका संचालन अनिल पांडेय ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष और पंचायत चुनावों के जिला प्रभारी राम ललित चौधरी ने कहा कि पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी गम्भीर है, पंचायत चुनावों में जनपद में भारतीय जनता पार्टी अधिक से अधिक सीटें जीत सके पार्टी का लक्ष्य है।

जिला पंचायत सदस्य की अधिक से अधिक सीटें जीत कर पुन: जिला पंचायत अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी का ही बने। क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान पद भी अधिक से अधिक संख्या में जीते जिसमें अहम भूमिका पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओं की होगी। पंचायत चुनावों में पार्टी के कार्यकर्ता ही चुनाव लडेगें। पंचायत चुनावों के सेमरियावां ब्लाक प्रभारी आनन्द त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी कार्यकर्ताओं को मेहनत और लगन से पंचायत चुनावों के प्रति गंभीर होना चाहिए। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष सेमरियावां रामसागर चौधरी, गोविन्द जयसवाल, अनिल सोनी, रामपुरूषोत्म गुप्ता, संतराम वरूण, अजय तिवारी, विजय सिंह, चन्द्रशेखर प्रजापति, पुन्यात्मा जयसवाल, कन्हैया यादव, राम नयन शर्मा, अभिमन्यु चौहान, राम उग्रह निषाद सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

घोरावल **(सोनभद्र)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक घोरावल नगर में पत्रकार विजय कुमार अग्रहरि के आवास पर आहूत की गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष इनामुलहक अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार की धर्मपत्नी के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई कि मृतक की आत्मा को शांति मिले और परिवार के लोगों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। शोक सभा के अंत में दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर राजेंद्र कुमार मानव,डा. परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव करुणाकर पाठक वीरेंद्र गुप्ता अमरेश चंद्र अनुराग पांडेय, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

बीजपुर **(सोनभद्र)।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में बुधवार की सायं मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक कोविड-19 के कारण ऑनलाइन सम्पन्न की गयी। बैठक का शुभारंभ महाप्रबंधक ओएंडएम के एन रेड्डी ने किया। मुख्य अतिथि श्री रेड्डी ने बैठक में भाग लेने वाले सभी से आग्रह किया कि वे कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें साथ ही साथ आम बोलचाल में भी हिन्दी भाषा का प्रयोग करें उन्होने कहा कि हिन्दी भाषा बोलने में सरल एवं लिखने में भी आसान है। हिन्दी के संवर्धन हेतु आयोजित की गयी इस बैठक का संचालन कर रहे वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन नीरज कुमार ने लोगों के समक्ष हिन्दी के विकास हेतु पिछले माहों में किए गए कार्यों को रखा।

# अंकुर साहित्यिक सामाजिक व साहित्यिक संस्था की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**अंकुर** संस्था की एक आवश्यक बैठक साहित्यिक कार्यक्रम समन्वयक डॉ सूर्यनाथ पाण्डेय के आवास पर रविवार को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था के संरक्षक एवं कार्यकारी अध्यक्ष वी के मणि त्रिपाठी ने संस्था के स्थापना काल 1989 से अद्यतन संस्था के विविध कार्यो एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ सूर्यनाथ पाण्डेय, समन्वयक साहित्यिक समिति ने नववर्ष पर केंद्रित अपनी कविता द्वारा संस्था के नवीन सदस्यों का स्वागत किया। डॉ पाण्डेय ने वर्ष 2020 की विसंगतियों को छोड़ 2021 की मंगलकामनाएँ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ अंशिका वर्मा एवं प्रियंका पाण्डेय के भजन से होता हैं। स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा सुप्रिया दुबे ने अपनी स्वरचित रचना का पाठ किया। शिव कुमार सिंह पूर्व कार्यालय अध्यक्ष हीरालाल पीजी कालेज ने मानस की पंक्तियों का पाठ किया। कार्यक्रम में डॉ अमरनाथ पाण्डेय, डॉ प्रमोद कुमार त्रिपाठी, अवधेश पाण्डेय, अरुण सिंह, राजेश यादव, डॉ मनोज शुक्ला, डीसी पाण्डेय, सत्येंद्र मिश्रा, शिवाजी गुप्ता, अजय पाण्डेय आदि ने अपनी अपनी काव्य रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंकुर संस्था की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें डॉ नितेन्द्र शुक्ला को अध्यक्ष, किशोर वर्मा, डॉ अखण्ड प्रताप सिंह एवं दिनेश नायक को उपाध्यक्ष, डॉ सूर्यनाथ पाण्डेय को कार्यक्रम समन्वयक, कोषाध्यक्ष घनश्याम गुप्ता को एवं मंत्री शिवाजी गुप्ता को मनोनीत किया गया। संस्था के संरक्षक मंडल में अवधेश पाण्डेय, बलराम त्रिपाठी, हीरालाल त्रिपाठी, इन्द्रदेव पाठक एवं सुभाष चन्द्र को रखा गया। संस्था के सदस्यों में डॉ प्रमोद त्रिपाठी, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ अमरनाथ पाण्डेय, डॉ सुधांशु मिश्रा, बृजबिहारी मिश्रा, डॉ अजय कुमार पाण्डेय, राजेश यादव, सुप्रिया दूबे, अरुण सिंह को चुना गया।

# दो साल में भी विभाग लागू नहीं कर पाया डोर स्टेप डिलीवरी योजना

## कोटेदारों को घटतौली से बचाने की योजना धरी की धरी रही

## पायलट प्रोजेक्ट रुप में कप्तानगंज ब्लॉक में चालू हुआ सिंगल डोर डिलीवरी योजना

**संवाददाता।** बस्ती

**18.21** लाख निर्धन और अतिनिर्धन का पेट भरने वाली पीडीएस यानि सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजाक का पुरसाहाल नहीं है। यह योजना जिले में मजाक बन कर रह गया है। इस योजना का अधिकाषं हिस्सा राशन माफियाऔर व्यवस्था से जुड़े लोंगों की जेबों में चला जा रहा है, जबकि गरीबों को उनके हक का राशन दिलाने के दावे भी खूब किए गए, योजनाएं भी खूब बनी। मगर धरातल पर सारी योजनाएं फेल रही। हालत यह है कि मार्केटिगं गोदाम से मिले कम अनाज की भरपाई कोटेदार गरीबों से कर रहे है। लगभग दो साल पहले बनाई गई डोर स्टेप डिलीवरी से आस बंधी थी कि चलो अब गरीबों का शोषण नहीं होगा, मगर योजना कागजों में ही रह गई, विभाग के लोगों पर ही योजना को सफल नहीं होने देने का आरोप लगा। सरकार ने अब सिंगल डोर डिलीवरी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना में सीधे एफसीआई के गोदाम से कोटेदारों के घर तक अनाज पहुंचाने का प्रावधान है। पायलेट प्रोजेक्ट के रुप में कप्तानगंज ब्लॉक को चुना गया है। गरीबों के अनाज पर विभाग के लोग और राषन माफिआओं ने कोठियां तक खड़ी कर ली, बैंक बैलेंस बढा लिया, मगर गरीब कार्डधारकों को उनके हिस्से का पूरा राषन आज भी नहीं मिल रहा है। जब कि देखा जाए तो पीडीएस का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए मार्केटिगं और आपूर्ति विभाग के साथ पूरा शासन एवं प्रषासन लगा हुआ है। इतने सारे सरकारी तंत्र मिलकर भी गरीबों को उनका पूरा हक नहीं दिला पा रही है, जिसके चलते सरकार को बार-बार योजना बनानी पड़ रही है। सिंगल डोर डिलीवरी से हर साल होगा एक करोड़ का बचत डीएसओ रमन मिश्र और डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ ने बताया कि सिंगल डोर डिलीवरी योजना को पायलेट प्रोजेक्ट के रुप में कप्तानगंज ब्लॉक को लिया गया। इस योजना के तहत एफसीआई के बफर गोदाम से सीधे कोटेदार के घर तक राषन पहुंचाने की व्यवस्था है। इस योजना का 68 कोटेदार लाभ उठा रहे है। अब उन्हें राशन लेने के लिए ब्लॉक के मार्केटिगं गोदाम तक नहीं आना पड़ेगा। पहले एफसीआई के गोदाम से मार्केटिगं के गोदाम से और फिर वहां से कोटोदारों को अपने दुकानों तक ले जाना पड़ता था। जिससे उनका व्यय बढ़ जाता था। घटतौली की शिकायतें होती थी। इस योजना के लागू हो जाने से गोदाम किराया, लोडिगं अनलोडिगं पर होने वाला खर्च बच जाएगा।

करीब एक करोड़ की बचत जिले को हर साल होगी। अब गोदाम के स्थान पर एक छोटा सा कार्यालय होगा, जहां पर कोटेदारों का चालान सहित अन्य अभिलेख जमा होंगे। बताया कि एफसीआई से कोटेदार के घर तक चले वाहनों पर जीपीएस लगा रहेगा।

## केराकत में बाइक चोरी की घटनाओं की आयी बाढ़

**केराकत, जौनपुर।** उत्तर प्रदेश से लेकर केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा जहां कानून व्यवस्था सहित अपने मातहतों को चोरीए डकैतीए मारपीट सहित अन्य आपराधिक वारदातों को लेकर गम्भीर रहने को सजग करता रहता हैए वहीं उसके ही मातहत विशेषकर पुलिस विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आता है। इसी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश विशेषकर जौनपुर की पुलिसिंग जनपदवासियों की समझ से परे है। लोगों की मानें तो इस समय जनपद में चोरीए डकैतीए मारपीट सहित अन्य आपराधिक घटनाओं का ग्राफकाफी तेजी बढ रहा है। केराकत की स्थिति तो और बदतर हो चली है जिसको लेकर लोगों ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। बता दें कि पिछले एक पखवारे के अन्दर दर्जनों मोटरसाइकिलें घर व दुकान के बाहर से चोरी चली गयी है।

## शोक सभा का आयोजन

**डुमरियागंज,सिद्धार्थ नगर।** रविवार को डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ऑफिस पर पत्रकार साथियों द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार दैनिक जागरण हिंदी दैनिक पेपर के तहसील प्रभारी पप्पू रिजवी की पत्नी का निधन शनिवार को लखनऊ यह प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। इसी क्रम में रविवार को डुमरियागंज स्थित इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ऑफिस पर जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रताप उर्फ बब्बू सिंह की अगुवाई में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

## जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मण्डल ने एडीएम बनने पर दी बधाई

**जौनपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट सहदेव मिश्र जी को उनके कार्यों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पदोन्नति करते हुए एडीएम वित्त बुलंदशहर बनाने पर बधाई के साथ नववर्ष की शुभकामना दी गयी। श्री जायसवाल ने बताया कि पिछले 9 महीने के कार्यकाल के दौरान व्यापारियों के साथ बिना भेदभाव के सदैव सामंजस बैठाकर चर्चाध्परिचर्चा करते हुए व्यापारियों की समस्याओं का निवारण करते रहने के लिए व्यापारी वर्ग हमेशा नगर मजिस्ट्रेट को याद रखेगा।
कोरोना काल में आपने सदैव पूरे नगर में भ्रमण करते हुए हर पल कानून व्यवस्था सुचारू रूप से पालन करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। वहीं सहदेव मिश्रा ने कहा कि जौनपुरवासियों से मेरा दिल से जुड़ाव हो गया है। मैं जहां भी रहूंगाए यहां के विकास के लिए कुछ न कुछ अवश्य करूंगा। जौनपुर नगर को एक रिंग रोड की अति आवश्यकता है जो मैंने महसूस किया।

# पूर्व सीएम अखिलेश का पुतला फूंका

### भाजयुमो ने लगाया वैक्सीन पर राजनीति करने का आरोप



संवाददाता। देवरिया

**पूर्व** मुख्यमंत्रीएसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा कोरोना वैक्सीन पर जनता को गुमराह करने के लिये दिये गये बयान से गुस्साये भाजयुमो देवरिया के कार्यकर्ताओं ने आज सुभाष चौक पर अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे के साथ पुतला जला विरोध उनके बयान पर विरोध जताया।इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि अखिलेश यादव को कोरोना के वैक्सीन पर भरोसा नहीं है और उत्तर प्रदेश वासियों को अखिलेश यादव पर भरोसा नहीं है।अखिलेश यादव का वैक्सीन पर सवाल उठानाए हमारे देश के चिकित्सकों एवं वैज्ञानिकों का अपमान है जिसके लिए उन्हें देशवासियों सेएचिकित्सकों से और वैज्ञानिकों से माफ़ी मांगनी चाहिए।उनको शायद नही पता है कि वैक्सीन भाजपा ने नही बनाई है बल्कि देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के अथक प्रयास से बनी हैएहां ये जरूर है कि केंद्र में अगर भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नही होती तो शायद इतनी जल्दी कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन नही देश को मिल पाती।जब तक वैक्सीन नही आयी थी तब तक वैक्सीन कब आयेगी की शोर मचा रहे थेएअब वैक्सीन आ गयी तो उसमें भाजपा दिखने लगा।
मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि अखिलेश यादव का वैक्सीन पर बयान बचकाना है।वैक्सीन वैज्ञानिक बनाते है ऍभ्व् की निगरानी होती है।ट्रायल होते है चरणबद्ध तरीके से एफ्रि आती है वैक्सीन । अखिलेश यादव और सपा के लोग देश के वैज्ञानिको का सम्मान करना सीखें। मूर्खतापूर्ण बातें करना बन्द करे।इतनी बड़ी महामारी जिससे पूरा विश्व परेशान है उसकी स्वदेशी वैक्सीन इतनी जल्दी आना देश के लिये गौरव का विषय है।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को शायद रात्रि में सोते एदिन में जागतेए पत्रकारोंएदोस्तों से बात करते समय भाजपा और कमल का फूल तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिखाई दे रहे थे तभी अब उनको कोरोना वैक्सीन में भी भाजपा दिख रही है । इस दौरान रूपम पाण्डेय, सूर्यान्श कुशवाहा, प्रदीप तिवारी,रूप सिंह,रवि पाण्डेय, अमन गुप्ता,विशाल गुप्ता,दीपक खरवार,अमन शुक्ला, राज दीक्षित,रोहित मिश्रा, अमित सिंह,दीपू गोंड, प्रद्युमन सिंह, सिम्पू आदि रहे।

## एनएसएस गाजीपुर की छात्राएं हुईं पुरस्कृत

**जौनपुर।** स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप.2019 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा चयनित दो टीमों को विजेता घोषित किया गया। इसमें प्राची यादव की टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 30 हजार और नगमा की टीम को द्वितीय 20 हजार की पुरस्कार राशि दी गई। उक्त धनराशि विजेता छात्राओं के बैंक खाते में प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 निर्मला एस मौर्य ने विजेता टीम को बधाई दी है।

## समाजसेवी अजीत की मेहनत लायी रंग

**केराकत, जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के डोभी ब्लॉक अंतर्गत मढ़ी मठिया गांव में जिलाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक दिनेश चौधरी के नेतृत्व में विशाल जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें डोभी ब्लॉक के लगभग सभी गांवों से आये हुए लोगो ने अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक दिनेश चौधरी के समक्ष रखा।

## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**देवरिया** । पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा के जिला पदाधिकारी गण एवं पंचायत चुनाव के लिए ब्लॉक एवं वार्ड में बनाए गए संयोजकों की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत चुनाव के संबंध में पूरी तैयारी कर लेने एवं गांव.गांव व वार्डों में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने के लिए था। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 अंतर्यामी सिंह ने कहा कि पार्टी पूर्ण रूप से अब पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी मोड में आ चुकी है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि अपना देश कृषि प्रधान देश हैए उसकी सुगंध गांव की मिट्टी से होकर पूरे देश में फैलती है। और इस देश का संपूर्ण विकास तभी हो सकेगा जब प्रत्येक गांव में विकास का नेतृत्व करने वाला अपना जनप्रतिनिधि हो और इसके लिए प्रत्येक गांव मेंए प्रत्येक वार्ड मेंए ब्लॉक में अपने जनप्रतिनिधियों का होना




अति आवश्यक है। तभी केंद्र में एवं प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार की जो भी गांवए गरीबए किसान हेतु महत्वाकांक्षी योजनाएं हैंएवह धरातल पर उतर पाएंगी। अभी गांव गांवए नगर नगर विकास का पहिया गतिमान होगा। इसके लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी और जिम्मेदार व्यक्तिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से इस चुनावी अभियान में अभी से जुट जाएं। सभी ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर पार्टी द्वारा लगाए गए पदाधिकारी एवं जिम्मेदार व्यक्ति ब्लॉक एवं वार्डों मेंए सेक्टरों में प्रवास करेंगे।। वार्ड के प्रत्येक गांव में संयोजक बनाए गए हैंए वह वार्ड संयोजक से सम्पर्क स्थापित करे। प्रत्येक गांव में 5.5 ऐसे लोगों को चिन्हित करेंए जो सक्रिय हो सके। विपक्ष की ओछी गतिविधियों पर ध्यान दे सकें। सभी वार्ड में तत्काल प्रभाव से बैठकें कर लिए जाय। सामाजिक वर्ग समीकरण टोली बना करए लोगों से स्वस्थ सम्बन्ध स्थापित हों। उन सभी से संवादध्सम्बन्ध बने। प्रत्येक गांव में कार्यकर्ताओं द्वारा निरीक्षण किया जाए जहां पर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं अभी नहीं पहुंच पाई हैंए उन्हें तत्काल प्रभाव से लिखित रूप से व समस्याओं को प्रशासन व जिले की इकाई को अवगत कराएं।

## बढ़नी की समस्याओं को जल्द निपटारा : एसडीएम

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थानांतर्गत के बढ़नी चौकी परिसर में एसडीएम शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह की अध्यक्षता में व्यापारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बॉर्डर से आवागमन को सुगम बनाने सहित कस्बे में जामए गंदगी की समस्याओं पर लोगों से चर्चा की गई।
ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी पुलिस चौकी के नवागत इंचार्ज विक्रम अजीत राय से लोगों का परिचय कराने को लेकर सम्पन्न हुई बैठक में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के चेयरमैनए अधिशासी अधिकारीए जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत लोगों के साथ जल्द ही एक बैठक कर नेपाल जाने वाले ट्रकों से लगने वाले जामए कस्बे में फैली गंदगी आदि समस्याओं के समाधान की पहल की जाएगी।एसएसबी सहायक सेनानायक सुमित हरित ने कहा कि पड़ोसी नेपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर को बंद रखा गया है। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए मुख्य बॉर्डर से आम आवागमन में कुछ छूट दी गई है इसलिए सीमावर्ती लोगों को चाहिए कि वे सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग करते हुए अवैध रास्तों से आवाजाही न करें।

## बीएलओ की मनमानी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**सकलडीहा,चन्दौली।** आगामी दिनों होने वाली त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में सरगर्मी तेज होगयी है। लेकिन गांवों में तैनात बीएलओ की मनमानी को लेकर ग्रामीणों मेंआक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि छूटे लोगों का नाम बीएलओ द्वारा सूची में शामिल करने के लिये टालमटोल किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों से शिकायत कर नाम जोड़ने व संशोधन व समय बढ़ाने की मांग उठाया है। 28 दिसम्बर से 3 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम शामिल व संशोधन के लिये दावा आपत्ति लिये जाने का निर्देश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा दो दो पहचान पत्र के साथ प्रारूप भरकर दिये जाने के बाद भी प्रमाणित करने के लिये टालमटोल किया जा रहा है। जिसके कारण सैकड़ों लोगों का नाम मतदाता सूची में छूट गया है। रानेपुरए पौरा सहित कई गांव के ग्रामीणों ने बीएलओ की मनमानी के खिलाफकार्रवाई की मांग करते हुए पात्र लोगों का नाम जोड़ने व समय बढ़ाने की मांग उठाया है। इस बाबत निर्वाचन कार्यालय प्रभारी चन्द्रभूषण ने बताया कि जिस परिवार का संशोधन या नाम बढ़ाना है।

## पाइप क्षतिग्रस्त होने पर तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

**सकलडीहा,चन्दौली।** ओवर लोड वाहनों के आवागन से सकलडीहा अलीनगर तिराहा पर जल निगम की पाईप तीन दिनों से क्षतिग्रस्त है। जिसके कारण कस्बा सहित आसपास के दर्जनों गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित है। जलनिगम कर्मियों के युद्ध स्तर प्रयास के बाद भी पेयजल आपूर्ति बहाल नही हो पाया। जिसे लेकर ग्रामीणों में पेयजल के लिये हाहाकार मचा है।पुलिस प्रशासन की लाख कवायद के बाद भी नो इंट्री में ओवर लोड वाहनों के आवागमन से जगह जगह मार्ग क्षतिग्रस्त होगया है। जिससे सकलडीहा अलीनगर तिराहा पर पिछले एक सप्ताह से जलनिगम की पाईप क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित है। तीन दिनो से लगातार मरम्मत के बाद भी दर्जनों गांव में पेयजल के लिये हाहाकार मचा है। पच्चास से सौ रूपया कंडाल पानी लेने के लिये लोग मजबूर है। कस्बा के गोपाल चौरसियाए शंभु चौरसियाए पिंटू पासवानए अमित आदि ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग उठाया है।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के सदस्यों की कार्यशाला हुई संपन्न



संवाददाता। देवरिया

**श्रीराम** जन्मभूमि मन्दिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के सदस्यों के कार्यशाला का आयोजन आज रुद्रपुर मोड़ के पास संम्बध लान स्थित केन्द्रीय कार्यालय पर हुआ।
कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के मामले में जो कोर्ट ने निर्णय दिया वह किसी के पक्ष में नहींए किसी विपक्ष में नहीं। यह भारत की प्राचीन संस्कृति के पक्ष का निर्णय है। तभी से श्री राम मंदिर निर्माण समिति ने यह तय किया था कि मंदिर सरकार के पैसे से नहीं बल्कि हिंदू समाज के पैसे से बनेगा। इसी क्रम में श्री राम मंदिर निर्माण समिति अपने सभी सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर अधिक से अधिक लोगो से सम्पर्क कर मंदिर के निर्माण के लिये समर्पण राशि एकत्रित करेगी।492 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हमारा सौभाग्य है कि भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण में वर्तमान पीढ़ी को अपनी सहभागिता निभाने का मौका मिल रहा है। आने वाले वर्षों में हमें यह कहते हुए गौरव का अनुभव होगा कि भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हमारे सामने और सहभागिता से हुआ है। इससे भी अधिक गौरव की बात यह है कि यहां के विश्वविख्यात सेंड स्टोन का उपयोग राम मंदिर के निर्माण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मुक्ति आंदोलन में भारत के प्रत्येक जन.जन की भावना भगवान श्री राम एवं उसके आस्था केंद्र से जुड़ी हुई थी।उसी प्रकार इसके निर्माण का दायित्व भी प्रत्येक हिंदू का है। इसलिए सब लोग मिलकर इसके निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं तथा जन.जन के आदर्श भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण में प्रत्येक हिंदू घर से धन संग्रह हो। प्रत्येक व्यक्ति से सामर्थ्य अनुसार ही धनराशि लेने की योजना है। समिति का निर्माण न्याय पंचायत स्तर तक हो चुका है इसलिये 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में गांव.गांवए ढाणी. ढाणी कार्यकर्ता धन संग्रह के लिए टोली बना कर जाएं। पूरे भाव के साथ विषय को समझाकर हिंदू आस्था के प्रतीक श्री राम मंदिर के निर्माण में अधिक से अधिक धन संग्रह की योजना बनायी जाये।समर्पण राशि को जुटाने के लिए 10ए100 और 1000 रुपए के कूपन बनाए गये हैं। वहीं 20000 से ऊपर दान करने पर रसीद दी जाएगी। यह राशि नियमों के तहत चेक द्वारा ही ली जाएगी। कार्यशाला में प्रमुख रूप से महन्थ परमात्मा दास, तारकेश्वर शाही,वंशराज पाण्डेय, वीरेन्द्र जी,दीपेन्द्र,पूर्व एमएलसी महेन्द्र यादव,नपाध्यक्ष अलका सिंह,डॉ अजय मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।



## सावित्री बाई ने जलाई शिक्षा की अलख :दिनेश

संवाददाता। पड़ाव

**समाज** में शिक्षा की अलख जगाने का काम सावित्री बाई ने किया। समाज के नीचे तबके के लोगों को शिक्षित कर मुख्यधारा से जोड़ने की शुरुआत उनके द्वारा की गई। सावित्री बाई फूले अपने जीवन के बहुत सारी यातनाएं झेलकर समाज के वंचितों, शोषितों, रूढ़ीवादी परंपराओं के विरुद्ध आवाज उठाकर बालिका शिक्षा पर जोर देकर समाज को सुसंस्कृत बनाने का प्रयास किया एवं इनके नेक कार्य में उनके जीवन साथी महात्मा फूले का भरपूर सहयोग मिला। उक्त बातें सेमरा गांव में समाज सुधारक सावित्री बाई फूले की जयंती पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति की ओर से आयोजित गोष्ठी में सामाजिक चिंतन व वरिष्ठ राज्य भाषा अधिकारी दिनेश चंद्र ने कही। शिक्षा से ही समाज का उचित परिवर्तन होता है। इस बात अपने जेहन में रखते हुए ही देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले ने आज से लगभग 150 वर्ष पहले देश में महिला शिक्षा की ज्योति जलाई। महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कियाए इसलिए उन्हें महिला शिक्षा का अग्रदूत कहा जाए तो अति भियोक्ती नहीं होगी। आज सावित्रीबाई से प्रेरणा लेकर अपनी बच्चियों को शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयास करना हमारा दायित्व हैए जिस परिवार में महिलाएं शिक्षित नहीं होती, वह परिवार गरीब दिन पर दिन हो जाता है। इसलिए हमें अपनी महिलाओं को शिक्षा देने का पूरा प्रयास करना चाहिए। कहा कि जो करें नारी का सम्मान वही देश होगा महा। हाजी वसीम साहब, जलीलपुर चौकी प्रभारी धर्मनाथ सिंह,सूरेश कुमार अकेला मौजूद रहे।

## नपा अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का किया लोकार्पण



संवाददाता। मऊ

**नगर** पालिका क्षेत्र स्थित वार्ड नम्बर 18 मुहल्ला पठान टोला में लगभग 3़68 लाख रुपये की लागत से निर्मित नोटिफाईड भूमि के बाउण्ड्रीवाल तथा वार्ड नम्बर 14 मुहल्ला हकीकतपुर में मऊ.आज़मगढ मुख्य मार्ग पर स्थित फैयाज़ प्लाई के हाता से साजिद का हाता होते हुए जामिया मदरसा इस्लामिया तक लगभग 10़91 लाख रुपये की लागत से निर्मित मिट्टी भराई व खड़ंजा कार्य का लोकार्पण क्षेत्रीय सभासद कमरुल इस्लाम व सभासद प्रतिनिधि अब्दुस्सलाम की उपस्थिति में पालिकाध्यक्ष तैय्यब पालकी द्वारा किया गया। लोकार्पण अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका द्वारा सरकारी भूमि को चिन्हित कर माफियाओं से मुक्त कराने का अभियान चलाया गया है। इस अभियान के क्रम में पालिका द्वारा अब तक लगभग 40 से अधिक स्थानों पर भू.माफ़्यिाओं द्वारा किये गये अनाधिकृत कब्जे से सरकारी जमीन को छुड़ा कर चहारदीवारी के माध्यम से सुरक्षित एवं संरक्षित कर लिया गया है जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने भूमाफियाओं के कब्जे से सरकारी भूमि को छुड़ाने के अभियान में लगी पालिका टीम की प्रशंसा भी की। उन्होंने पालिका की भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बहुत जल्द ही पालिका ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन कूड़ा निस्तारण हेतुद्ध भूमि क्रय कर लेगी इसके लिये सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

## अनाज व्यापार संघ ने जिला महामंत्री बनने पर रामकुमार साहू का किया स्वागत

जौनपुर। समाजसेवी व प्रमुख व्यवसाई रामकुमार साहू को जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल का जिला महामंत्री बनाए जाने पर अनाज व्यापार संघ के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष संजय केडिया ने किया तथा मुख्य अतिथि जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन पूर्व चेयरमैन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्री योगेश साहू ने ईश वंदना से किया जिसके बाद संघ के समस्त पदाधिकारियों द्वारा रामकुमार साहू का माल्यार्पण करने के साथ स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर रामकुमार साहू ने कहा कि मेरे जैसे छोटे व्यापारी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर जो विश्वास उद्योग व्यापार मंडल ने जताया हैए उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और व्यापारी हित में सदैव संघर्ष करूंगा मुख्य अतिथि दिनेश टंडन ने कहा कि रामकुमार साहू शालीन व मृदुभाषी होने के साथ व्यापारी हित में कार्य किए हैं।

## जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे डा जय प्रकाश

**धनियामउह, जौनपुर।** पीएससी बरबसपुर ब्लॉक बक्सा जय प्रकाश गौतम निवास स्थान बराड़ी सराय हरखू को जान से मारने की गई कोशिश। बीते 2 जनवरी की शाम सीएमओ की मीटिंग सीएससी बक्सा ब्लॉक और नौपेड़वा पर सीएमओ द्वारा मीटिंग से वापस लौटते समय राहुल ढाबा से 200 मीटर की दूरी पर पीछे से दो बाइक सवारों ने हाकी-डंडे से चलती गाड़ी पर ही वार किया जिससे घायल होकर के डा जय प्रकाश गौतम गिर गए जो बरबसपुर पीएचसी हॉस्पिटल पर कार्यरत हैं।

# फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण

संवाददाता। जौनपुर

जिले के थाना शाहगंज क्षेत्र में अपहरण की एक घटना ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। जी हां शाहगंज नगर के अयोध्या मार्ग स्थित गोशाला के पास के निवासी पैथोलाजी संचालक के सात वर्षीय बालक का अपहरण उसके घर से थोड़ी दूर रह रहे शिक्षक के पास ट्यूशन के लिए जाते समय आज शनिवार को सुबह करीब दस बजे कर लिया गया है। दोपहर बाद के लगभग तीन बजे एक मैसेज करके अपहरणकर्ताओं ने बच्चे के पिता से सात लाख रुपये की फिरौती मांगी है । अयोध्या मार्ग स्थित गोशाला के समीप दीपचंद यादव रहते हैं और बीबीगंज में पैथोलाजी का संचालन करते हैं। उनका पुत्र अभिषेक ;7द्ध इसी मार्ग पर स्थित साउथ इंडियन स्कूल में यूकेजी का छात्र है। लाकडाउन में विद्यालय बंद होने की वजह से पढ़ाई के लिए अभिषेक समीप के यादव कालोनी में रह रहे एक शिक्षक के पास ट्यूशन के लिए प्रतिदिन जाया करता है। नित्य की भांति शनिवार की सुबह करीब 10 बजे अभिषेक अपने घर से शिक्षक के घर के लिए निकलाए लेकिन वहां नहीं पहुंच पाया। इसी बीच रास्ते में ही अज्ञात बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया।

# कृषि मंत्री ने नवसृजित थाना महुआडीह का किया उद्घाटन

### इस थाना क्षेत्र में 74 गांव होगें सम्मिलित



संवाददाता। देवरिया

**नवसृजित** थाना महुआडीह का उद्घाटन विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा अर्चना के साथ शिलालेख अनावरण एवं फीता काटकर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया गया। कृषि मंत्री श्री शाही ने इस अवसर पर सम्बोधन में कहा कि कानून व्यवस्थाए शान्ति सद्भाव महिलाओं की सुरक्षा के साथ.साथ अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिये नवसृजित थाने का गठन किया गया। यह सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण पर कार्य कर रही है। सलेमपुर व रुद्रपुर में नये फायर स्टेशन स्थापित किये गये हैं तथा बरियारपुर में भी नये थाने की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री की यह अपेक्षा हे कि आम जनता के साथ पुलिस विभाग द्वारा सद्व्यवहार होना चाहियें। अपराधियों के साथ सख्ती का व्यवहार अपनाया जाना चाहिये। उन्होने पुलिस विभाग से अपेक्षा करते हुए कहा कि इस थाने को अपने कार्य प्रणाली से मॉडल का रुप दें। अपराध हो तो उस पर कडाई बरतें तथा समयबद्धता के साथ उसका निस्तारण होना चाहिये। कृषि मंत्री ने कहा कि बंन्जरिया में आईटीआई का शिलान्यास किया गया है बरवांमीर में भी एक आईटीआई प्रस्तावित है। 5 नये नगर निकाय भी प्रस्तावित किये गये है। उन्होने कृषक हित में संचालित योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपलब्धियों को रखा और कहा कि हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन के कार्य किये जा रहे हैए उसी की एक कडी में आज महुआडीह थाने का सृजन किया गया।
उन्होने बताया कि इस थाने में रामपुर कारखाना के 64 तथा गौरी बाजार थाना क्षेत्र के 10 गांव सहित कुल 74 गांव सम्मिलित किये गये है। उन्होने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सृजन की पहल एवं प्रयासो की सराहना की।
जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि आम जनमानसएगरीब व्यक्तियों की सुनवायी हो उसका त्वरित समाधान होए यह शासन की मंशा हैए जिसके अनुरुप हर समस्याओं के समाधान के लिये कदम उठाये गये हैं

## जरुरतमंदों की सेवा पुनीत कार्यः नागेन्द्र

संवाददाता। जौनपुर

**करंजाकला** विकास खंड के पारापट्टी गांव में पूर्व प्रधान नागेन्द्र राय की तरफ से विगत कई वर्षों से ठंड के मौसम में कंबल वितरण का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को जरुरतमंदों के बीच ठंड से बचने के लिए वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक नागेन्द्र राय ने 251 गरीबों में कंबल का वितरण करते हुए कहा कि जरुरतमंदों की सेवा पुनीत कार्य होता है और ऐसे कार्य में सभी लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे ठंड में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। कंबल पाकर जरुरतमंदों के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। इस मौके पर पत्रकार विद्याधर राय ष्विद्यार्थीष्ए पीयूष रायए लालजी त्रिपाठीए निगम रायए चन्द्रभुवन रायए डब्लू श्रीवास्तवए उमाकांत श्रीवास्तवए राममजीत यादवए ऋषभ रायए मुन्ना यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संस्थान ने जरूरतमंदों को दिए कम्बल व जूते

**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के सरैयां गांव में रविवार को भारत विकास परिषद व जिला अपराध निरोधक कमेटी संस्थान द्वारा जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया। बता दें कि क्षेत्र के सरैयां गांव के समाजसेवी पंकज राय के आवास पर जिले के भारत विकास परिषद व जिला अपराध निरोधक कमेटी द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गांव के सौ गरीब व असहाय जरूरतमंदों में कम्बल व जूते वितरण किया गया। असहायों के चेहरे पर इस भीषण ठंड के मौसम में कम्बल और जूते पाकर उनका चेहरा खिल उठा। भारत विकास परिषद संस्थान के अध्यक्ष अतुल जायसवाल ने कहा कि हमारे संस्थान का यह प्रयास है कि इस भीषण ठंड में गांव का कोई भी असहाय ठंड़ के बचाव के लिए कम्बल व जूते के बिना न रह पाए। इस तरह का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय कार्य होता हैए प्रत्येक लोगों को इसमें बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आयोजनकर्ता समाजसेवी पंकज राय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्थान ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजसेवी पंकज राय मंटू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित निगम,नीरज श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल मौजूद रहे।

## मासूम अभिषेक का कातिल निकला ट्यूशन देने वाला गुरु

संवाददाता। शाहगंज, जौनपुर

**जहां** हमारे समाज में शिक्षक को भगवान से बड़ा माना गया है। वहीं ट्यूशन टीचर ने सात साल के मासूम अभिषेक की ट्यूशन पढ़ने जाते समय रास्ते से उठाकर ले गया। उसके बाद फोन से मैसेज कर परिजनों से सात लाख रूपये की फिरौती की मांग किया। बच्चे के चिल्लाने पर मोफलर से गला घोंटकर मासूम की हत्या कर दी गयी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पैथोलॉजी संचालक दीपचंद यादव के 7 वर्षीय अभिषेक जो शनिवार की सुबह नित्य की भांति करीब 10 बजे अपने घर से कुछ ही दूरी पर ट्यूशन पढ़ने के लिये निकला था लेकिन रास्ते में ही पूर्व में पढ़ाने वाले ट्यूशन गुरू ने मासूम को अपने बाइक पर बैठा लिया। अभिषेक उसको जानता था इसलिए वह बाइक पर बैठ गया। हत्यारोपी टीचर ने उक्त छात्र को जमुनिया के पानी टँकी पर ले गया। जब वह शोर शराबा करने लगा तो वहां पर दो बदमाशों ने गला घोंटकर मासूम अभिषेक की हत्या कर दी।

# पोते ने जमीन के लालच में बाबा को उतारा मौत के घाट

## छह माह से लापता बुजुर्ग का बक्से में मिला शव



**संवाददाता**। सिद्धौर ( बाराबंकी )

**जैदपुर** थाना क्षेत्र के गंजरिया में छह माह पूर्व अपने बाबा को जमीन की लालच में मौत के घाट उतार दिया था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। जिसको लेकर जैदपुर पुलिस लगातार खोजबीन में लगी रही है।

अंततः रविवार को जैदपुर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया जिसको सुनकर हर कोई दंग रह गया। दरअसल गंजरिया गांव के निवासी सहदेव करीब 30 वर्षीय ने करीब छह माह पहले कोतवाली जैदपुर में अपने बाबा राधेश्याम करीब 65 वर्षीय की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहदेव अपने फूफा पर राधेश्याम का अपहरण करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद जैदपुर पुलिस की लंबे समय तक जांच पड़ताल के बाद खुलासा के करीब तीन दिन पहले पुलिस ने सहदेव से कड़ी पूछताछ किया। सहदेव को निर्दोष साबित करने के लिए गांव के दर्जनों लोग ट्राली ट्रैक्टर से कोतवाली जैदपुर पहुंचे। जिन्हें समझा बुझाकर पुलिस ने वापस भेज दिया। जिसके बाद रविवार को पुलिस की पूछताछ के बाद सहदेव ने जुर्म कबूल किया। और फिर निशानदेही स्थान पर पुलिस ने जब खोजबीन किया तो लोग दंग रह गए। गांव के निकट तालाब में एक टीन के बक्सा पाया गया। जिसको खोलने के बाद नर कंकाल मिले, जिसमें विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम ने सैम्पल लिया। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि हत्यारोपी पोते सहदेव को गिरफ्तार करके पूंछताछ की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। शव मिलने के बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पंहुकर जांच पड़ताल करके साक्ष्य एकत्र किया है। वहीं इस तरह से सगे पोते के द्वारा अपने दादा की हत्या महज छोटी सी जमीन के टुकड़े के लिये कर देना भी सभी को हैरान कर रहा है सभी स्तब्ध है।

# वैक्सीनेशन के पूर्वाभ्यास में लगेंगे 42 हेल्थ वर्कर

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**कोरोना** वैक्सीनेशन का रिहर्सल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 42 हेल्थ वर्कर चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा 12 अफसर रिहर्सल की निगरानी करने के लिए नामित किए गए हैं। रविवार को अवकाश होने के बावजूद सीएमओ ने सभी अफसर व हेल्थ वर्करों को कार्यालय बुलाकर तैयारियों की समीक्षा की और उनका टेस्ट लिया। कोरोना वैक्सीनेशन की सभी तैयारियां बेल्हा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरी कर ली गई हैं।

शनिवार को शासन स्तर से इसकी समीक्षा के बाद वैक्सीनेशन का रिहर्सल करने के लिए पांच जनवरी की तिथि निर्धारित कर दी गई। रिहर्सल के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से छह स्थल चिह्नित किए गए हैं। मंगलवार को इन स्थलों पर वैक्सीनेशन की सारी प्रक्रिया का रिहर्सल किया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए नामित किए गए सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेश कुमार सिंह ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए चिह्नित किए गए हेल्थ वर्करों में से 42 हेल्थ वर्कर रिहर्सल के लिए नामित किए गए हैं।

इसके अलावा रिहर्सल की मॉनीटरिंग करने के लिए 12 अफसर नामित किए गए हैं। रिहर्सल में किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए रविवार को सीएमओ डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सभी हेल्थ वर्कर व अफसरों को कार्यालय में बुलाकर समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमओ ने रिहर्सल के लिए नामित हेल्थ वर्करों से वैक्सीनेशन से जुड़े सवाल भी पूछे। सीएमओ ने बताया कि मंगलवार को होने वाले वैक्सीनेशन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह नौ बजे से पांच बजे तक रिहर्सल कराया जाएगा।

# व्यापारी लूट कांड का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**संवाददाता**। मुसाफिरखाना (अमेठी)

**गत** दिनों कस्बे में आभूषण व्यवसाई के साथ हुई लूट की घटना के कुछ ही घंटों में खुलासा करने के लिए स्थानीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने एसपी, एएसपी सीओ सहित पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गत दिनों स्थानीय कस्बा स्थित इसौली रोड पर फैसल ज्वेलर्स के संचालक फैसल के साथ घर से चन्द कदम दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने मिर्च झोंक कर करीब साठ लाख रुपये के आभूषण व नकदी लूट कर फरार हो गए थे।

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज के कुशल पर्यवेक्षण व सीओ मनोज यादव के नेतृत्व में एस ओ जी के साथ ही कई थानों की पुलिस लगा दी गई थी सीओ मनोज यादव के नेतृत्व में जगदीशपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मोहन गंज के प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव शिवरतन गंज के प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह कमरौली के थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय व मुसाफिरखाना के उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना के कुछ ही घंटो बाद कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद स्थित जंगल में मुठभेड़ में घटना में शामिल तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट का माल व नकदी बरामद करने में सफलता हासिल की थी।

मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी विनोद यादव के साथ ही दो बदमाशों गोली लगने से घायल हो गए थे।लूट की घटना के खुलासे के बाद स्थानीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कस्बा स्थित राम लीला मैदान परिसर में पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज सीओ मनोज यादव व अन्य पुलिस कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

पदाधिकारियों ने खुलासे में शामिल एस ओ जी प्रभारी विनोद यादव मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा, जगदीशपुर थानाध्यक्ष राजेश सिंह, थानाध्यक्ष शिवरतनगंज धीरेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक मोहन गंज विश्वनाथ यादव व थानाध्यक्ष कमरौली शिवाकांत पांडेय के साथ ही कां नरेंद्र प्रताप, जशवंत यादव, पिंटू चौधरी, सौरभ मिश्र, सुरेश मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह, सोनू यादव, दिनेश यादव, सहित अन्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की जान गई

**संवाददाता**। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**संदिग्ध** परिस्थितियों में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गयी। हालांकि मृतका के मायके पक्ष ने दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली के पूरे नेवाजी अजगरा गांव के पवन शुक्ला की पत्नी प्रियांशू (25 वर्ष) की अचानक पहली जनवरी को तबीयत खराब हो गयी। ससुरालीजन इलाज के लिए उसे जिला चिकित्सालय ले गये। इलाज के दौरान रविवार की सुबह प्रियांशू की मौत हो गयी। मृतका के ससुर राधेश्याम शुक्ला ने पुलिस को अस्पताल में बहू के निधन की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए मर्चरी भेजवाया। पवन का प्रियांशू के साथ विवाह बीते 2015 मे अंतू थाना के हनुमान पाण्डेय का पुरवा चंदिकन मे हुआ था। हालांकि प्रियांशू के कोई संतान नही थी। इधर मृतका के पिता राकेश तिवारी का आरोप है कि उसकी बेटी को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए मार डाला। हालांकि स्थानीय कोतवाली मे अभी तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही दी गई है। पवन का कहना है उसकी पत्नी मे खून की कमी को लेकर चिकित्सकों की सलाह पर वह जिला अस्पताल मे उसका इलाज करा रहा था।

# कुएं में गिरकर बुजुर्ग की मौत

**संवाददाता**। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने से वृद्ध की कुएं मे गिरकर आकस्मिक मौत हो गई। सांगीपुर थाना के रैचनपुर निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्र (85 वर्ष) शनिवार की रात घर से अचानक लापता हो गया। रविवार की सुबह से परिजन दुर्गा प्रसाद की तलाश मे जुटे थे। तभी गांव के एक कुंए मे दुर्गा प्रसाद का शव उतराया दिखा।

सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। परिजनों के मुताबिक मृतक दुर्गा प्रसाद का मानसिक संतुलन ठीक नही था।

# दबंगों ने दुकानदार की पिटाई कर नकदी लूटी



**संवाददाता**। सिद्धौर (बाराबंकी )

**थाना** क्षेत्र मेंशनिवार की शाम दबंगों ने एक पान मसाला विक्रेता की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह लहुलूहान हो गया। दबंग उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गये। पीड़ित के परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा, लेकिन पुलिस ने शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का महौल है। मिली जानकारी के अनुसार नौबस्ता निवासी शिवकुमार गांव के बाहर पान मसाला कीगुमटी रखकर परिवार का जीवोपार्जन करता है। बीती शाम उसके मोबाइल पर एक फोन आया जिस पर कहा गया कि वह मसाला लेकर आ जाए। इस पर जब उक्त व्यक्ति मसाला लेकर बताए हुए स्थान पर पहुंचा, तो पहले से मौजूद चार लोगों ने उसे पकड़ कर जमकर मारा पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया गंभीर अवस्था में दबंग उसकी जेब में रखे 1100 रुपये की नकदी भी निकाल ली और फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है वही पीड़ित के भाई जयकरण ने बताया कि भाई की पिटाई करने वाले युवकों में एक की शिनाख्त हो गई है जो मंगरवल का रहने वाला प्रकाश बताया जा रहा है। तहरीर देकर आरोपी दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है लेकिन पुलिस अभी तक कार्रवाई करना तो दूर मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रहे हैं जिससे परिजनों में आक्रोश है वही सरे शाम हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

## एक गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**। निंदूरा (बाराबंकी)

**मजदूरी** करने जा रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा दिया । हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए में भर्ती कराया। घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी रंजीत गौतम (20 वर्ष) व इसी गांव के अंकित यादव (22 वर्ष) उमरा औधोगिक क्षेत्र में मजदूरी करते हैं । रविवार सुबह दोनों बाइक से मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। टिकैतगंज-बाबागंज मार्ग पर मौहसंड गांव निकट मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को समाने से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गएए बाईक सवार ट्रक के नीचे आ गए। हादसे रंजीत गौतम की मौके पर ही दर्द नाक मौत हो गई ।जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया।

# भारतीय किसान यूनियन ने कृषि सुधार बिल के विरुद्ध छह सूत्रीय ज्ञापन दिया

**संवाददाता**। जगदीशपुर ( अमेठी )

**भारतीय** किसान यूनियन हरपाल गुट के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कृषि सुधार बिल के विरुद्ध छह सूत्रीय ज्ञापन मुसाफिर खाना तहसीलदार श्रद्धा सिंह को सौंपा। जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत हसनपुर चौराहे पर किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें किसान यूनियन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसानों ने अपनी समस्याओ को लेकर कृषि बिल के विरुद्ध अपनी मांगो का ज्ञापन शासन को दिया ।बैठक की अध्यक्षता सविता देवी महिला मण्डल अध्यक्ष अयोध्या द्वारा तथा बैठक का संचालन भारतीय किसान यूनियन के विधान सभा अध्यक्ष दूधनाथ पाठक के द्वारा किया गया। जहां कृषि सुधार बिल किसानों के हित के विरुद्ध है इसलिए सरकार इस बिल को वापस ले तथा किसानों के हित में सुधार किया जाए ।एमएसपी का स्थाई कानून बनाया जाए तथा मण्डी समितियो को न हटाया जाए ।किसानों का धान व गेहूं को बिचौलियों के माध्यम से न खरीदा जाए । एमएसपी रेट से नीचे खरीदने वाले बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए ।

किसानों की बिजली बिल माफ किया जाए तथा बिल का भुगतान दिल्ली सरकार के अनुरूप किया जाए। विधवा व वृद्धा पेंशन की धनराशि 5000 रुपये किया जाए तथा शासन में दिए गए फार्मों को तत्काल प्रभाव से मंजूर किया जाए एवं जिन पात्रों की पेंशन काट दी गई है उन्हे तत्काल बहाल किया जाए ।देवकली रजबहा में हेड से टेल तक पर्याप्त पानी छोड़ा जाए जिससे किसानों को सिचाई करने में सहूलियत मिले।

गडरियाडीह ग्राम पंचायत में नाली व खडंजे का निर्माण कार्य आशा के अनुरूप नहीं किया गया है जिसके समबन्ध में जांच करते हुए पुनरूबनवाया जाए ।गडरियाडीह ग्राम पंचायत के अंतर्गत काफी संख्या मे पात्रो का राशन कार्ड काट दिया गया है तथा जो राशन कार्ड बने हुए हैं उनकी यूनिट कम कर दी गई है जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए बनवाए जाएं ।

इस मौके पर सपा विधानसभा प्रभारी डीडीसी विलमेश सरोज, जगजीवन धोबी, जय करन सिंह, पृथ्वी पाल यादव, पूर्वी दीन राम, लखन मौर्य, पवन कुमार, शीतला देवी, जनक पति देवी सहित तमाम किसान व यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हल्का इन्चार्ज अखिलेश प्रजापति उपनिरीक्षक इन्द्रेश कुमार यादव सहित कई थानों की पुलिस मुस्तैद रही ।

# तो फिर किसान मजदूर बनकर रह जाएगाः तिलक

**ललितपुर**। कृषि संशोधन बिल को वापस लिये जाने एमएसपी की गारण्टी और भण्डारण क्षमता निर्धारण करने की मांग को लेकर देश में चल रहे किसान आंदोलन अब मुखर होता नजर आ रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के आहवान पर जनपद के ग्रामीण अंचलों में किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत तालबेहट के ग्राम कंधारीखुर्द में किसान चौपाल का आयोजन जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड की अध्यक्षता में किया गया। चौपाल में जिलाध्यक्ष ने कृषि बिल के खिलाफ किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि किसानों को अब आवश्यकता है तो सिर्फ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर संघर्ष करने की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी आवाज मुखर नहीं करेगा तो ऐसे काले कानून के प्रभावी होने से वह अपने ही खेतों में मजदूर बनकर रह जायेगा।

# रामपुरखास के विकास व मान सम्मान पर नहीं आने देंगे कोई आंचः मोना

## सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ विधायक ने रांकी के ग्रामीणों को सौंपी करोड़ों की सौगात



**संवाददाता**। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**क्षेत्रीय** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने रविवार को उदयपुर क्षेत्र के रांकी गांव मे ग्रामीण विकास से जुडी करोड़ों की योजनाओं की सौगात सौंपी। पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ गांव पहुंची विधायक मोना ने सड़क तथा विद्युतीकरण एवं पेयजल से जुडी कई विकास योजनाओं की आधारशिला व लोकार्पण मे शामिल हुई। प्राथमिक विद्यालय के समीप खुले खचाखच भरे मैदान मे कोविड प्रोटोकाल के तहत आयोजित एक बडी जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुरखास की जनता के मान सम्मान तथा यहां जारी बहुमुखी विकास पर कभी कोई भी ताकत आंच नहीं ला सकती। उन्होने कहा कि जनता के स्वावलंबन तथा मजबूत पीढ़ी के निर्माण के लिए वह क्षेत्र मे बुनियादी विकास से जुडे हर संसाधन मुहैया कराए जाने का मिशन जारी रखेगीं। उन्होनें कोरोनाकाल मे भी रामपुरखास के लोगों की एकता की शक्ति के बदौलत विकास के लगातार जारी रहने को क्षेत्र की एक बड़ी सफलता ठहराया। विधायक ने रांकी मे स्वच्छ पेयजल के घर गांव की देहरी तक पहुंचने के लिए शासन स्तर पर लगातार जारी स्वयं तथा प्रमोद तिवारी के प्रयासों का भी सिलसिलेवार ब्यौरा पेश किया। जनसभा में उमड़ी हजारों हजार की भीड़ से जबरदस्त उत्साह मे दिखी विधायक मोना ने कहा कि गरीब के अधिकार और उसके सम्मान से किसी ने जरा भी प्रभावित करने की कोशिश की तो वह जनता की ताकत से उसका कानून के बल पर मुंहतोड़ जबाब देगी। वहीं रांकी मे मौजूद बडी तादात मे लोगों के चेहरे भी कई पुरवों के विद्युतीकरण कराए जाने तथा खडण्जा व सीसी आदि मार्ग को लेकर विधायक की घोषणाओं से गदगद दिखे। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के विकास की जो मजबूत पृष्ठभूमि उनके द्वारा रखी गई है उसे वह विधायक मोना के जरिए और ताकतवर बनाते रहेगें। प्रमोद तिवारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र तथा राज्य स्तर की हर वह योजना रामपुरखास की प्राथमिकता नजर आयेगी।

# चार परिवारों को बिखरने से बचाया




**संवाददाता**। ललितपुर

**पुलिस** लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में दस परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे जिसमें चार मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद चारो परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। सभी परिवार खुशी दृ खुशी साथ दृसाथ रहने को तैयार हो गये व अन्य मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है इस पुनीत कार्य में प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया श्रीमती सुधा कुशवाहा डॉ दीपक चौबे डा संजीव कुमार शर्मा, महिला थानाध्यक्ष नीतू सिंह, महिला कांस्टेबल अर्चना राजपूत, दिव्या विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मधुमक्खियों के हमले में कई जख्मी

**संवाददाता**। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**सांगीपुर** क्षेत्र के भगतपुर गांव असांव के संपर्क मार्ग पर अचानक रविवार को मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। सार्वजनिक मार्ग पर मधुमक्खियों के हमले से दर्जनो राहगीर व आस-पास के ग्रामीण मधुमक्खियों की चपेट मे आ गये। असांव गांव के काजल (16 वर्ष), रमेश (27 वर्ष), दीपक (23 वर्ष), सीताराम (28 वर्ष), विनय (42 वर्ष), कमलेश (27 वर्ष) मधुमक्खियों के काटने से जख्मी हो गये। बाइक सवार वेदप्रकाश मुन्ना को भी मधुमक्खियों ने चपेट मे ले लिया जिससे वह बाइक समेत खडड में गिर गये।

वेदप्रकाश को गिरने से गंभीर चोटें आयी है। अचानक मधुमक्खियों के समूह के द्वारा हमले से घण्टो इलाके मे अफरातफरी का माहौल दिखा।

# सर्वे में शिथिलता बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाईः डीएम

**संवाददाता**। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि आज 1247 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल छह धनात्मक केस पाया गया है साथ ही पांच मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3221 तथा कुल 56 एक्टिव केस हैं। जनपद में अब तक कुल 249187सैम्पल लिए गए हैं, जिनमे से 1270 रिजेक्ट हुए हैं। अब तक कुल 246760 रिपोर्ट प्राप्त हुईं, जिनमे 243538 ऋणात्मक 3222 धनात्मक 101 जनपद के बाहर की लैब से प्राप्त कुल धनात्मक मरीज 3323, 46 मृतक तथा 1157 परिणाम लंबित हैं।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें तथा मरीजों को समय से भोजन पानी एवं दवाएं उपलब्ध करायें। कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी करें। डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सर्वे में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाये। बैठक में बताया गया कि जनपद में चौबीस घन्टे में कुल 60 वाहनों के चालान तथा एक वाहन सीज कर 43000 रु0 की धनराशि वसूली गई। साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई अभियान संचालित कर लोगों को कोविड के प्रति जागरुक करें।

# अग्निकांड में पांच घरों की गृहस्थी हुई राख

**संवाददाता**। मुसाफिरखाना (अमेठी)

**कोतवाली** क्षेत्र के खौदिया गांव में बीती शाम अज्ञात कारणों से लगी आग से पांच घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया।

शनिवार की देर शाम स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत खौदिया गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई । आग की चपेट में आने से पांच घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई । सूचना पर राजस्व अधिकारियों ने मौके पर आग से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुणा सिंह के प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर प्रभावित परिवारों की मदद की।

# पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी डंडा व धारदार हथियार चलने से कई लोग घायल हुए। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। गौरतलब हो कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवगढ़ मजरे सिशौना निवासी जितेंद्र पुत्र स्वर्गीय जयशंकर व मुकेश पुत्र रवि के मध्य पुराने विवाद के चलते वाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट होने से कई लोग घायल हुए जिनका उपचार नजदीक के सीएचसी मे कराने के पश्चात जिला मुख्यालय के लिए चिकित्सकों द्वारा रिफर किया गया है तथा कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।